SUNDAY
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
रायपुर, रविवार, 13 जुलाई 2025
वर्ष - 67 | अंक -88 | पृष्ठ - 12 |
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 06072/59
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

मड़ई
सरग के भोग–बोरे बासी पृष्ठ 6

लॉर्ड्स टेस्ट : केएल राहुल का शतक
शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी पृष्ठ 8

देश विदेश
बांग्लादेश : अब चुनाव में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी
बांग्लादेश में छात्र की हत्या से भड़का जन-आक्रोश
अजित डोभाल के बयान से बौखलाया पाकिस्तान
पृष्ठ 7




## विमान हादसे की प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा

# उड़ान के बाद दोनों इंजन बंद हो गए थे

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। एयर इंडिया के बोइंग 787–8 विमान के इंजन के फ्यूल कंट्रोल स्विच टेकऑफ के तीन सेकंड बाद 'रन' से 'कटऑफ' की स्थिति में चले गए, जिसके कारण विमान उड़ान भरने के बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शनिवार को विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की शुरुआती जांच रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। एयर इंडिया फ्लाइट 171 के इंजनों को ईंधन आपूर्ति करने वाले दोनों ईंधन नियंत्रण स्विच एक के बाद एक 'रन' से 'कटऑफ' पोजिशन में चले गए, जिससे दोनों इंजन बंद हो गए। जांच रिपोर्ट के अनुसार, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर में एक पायलट को दूसरे से पूछते हुए सुना गया कि उसने ईंधन बंद क्यों किया, जिसके जवाब में दूसरा पायलट कहता है कि उसने ऐसा नहीं किया।

- एएआईबी की शुरुआती जांच रिपोर्ट आई सामने
- ईंधन आपूर्ति करने वाले दोनों स्विच बंद हो गए थे
- विमान उड़ान भरने के बाद ही हो गया था दुर्घटनाग्रस्त



**पायलटों में भ्रम की स्थिति का संकेत**

रिपोर्ट के अनुसार, इंजन 1 और 2 के ईंधन स्विच कुछ ही सेकंड में 'रन' स्थिति में आ गए। दोनों इंजनों के ईजीटी बढ़ गए, जो बताता है कि पुन: रिलाइट प्रक्रिया शुरू हो गई। कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डिंग से पता चलता है कि पायलटों में भ्रम की स्थिति थी। एक पायलट ने पूछा, आपने कट क्यों किया? दूसरे ने जवाब दिया, मैंने ऐसा नहीं किया, जिससे संभवत: गलतफहमी का संकेत मिलता है। इस उड़ान में सह–पायलट क्लाइव कुंदर विमान उड़ा रहे थे, जबकि मुख्य पायलट सुमीत सभरवाल उड़ान की निगरानी कर रहे थे।

**1,100 घंटे से अधिक का अनुभव**

सभरवाल के पास बोइंग 787 पर करीब 8,600 घंटे का अनुभव था, जबकि कुंदर के पास 1,100 घंटे से अधिक का अनुभव था। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों पायलटों को उड़ान से पहले पर्याप्त आराम मिला था। 15 पेज की रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान शुरू होने से लेकर दुर्घटना तक लगभग 30 सेकंड तक चली। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिलहाल जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला है जिसके आधार पर बोइंग 787–8 विमान और जीई जेनएक्स–1बी इंजन बनाने वाली कंपनी के लिए कोई चेतावनी जारी करनी पड़े।

**270 लोगों की मौत हो गई थी**

12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

**पायलट्स एसोसिएशन का दावा**
**पायलट की गलती साबित करने की हड़बड़ी**

12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के एआई 171 पर विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट पर एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए–आई) ने कई सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप भी लगाए हैं। एसोसिएशन ने कहा, 'जांच का लहजा और जांच की दिशा पायलट की गलती की ओर झुकाव का संकेत दे रही है। हम इस धारणा को पूरी तरह से खारिज करते हैं। हम निष्पक्ष और तथ्य–आधारित जांच पर जोर देते हैं।' बयान में आरोप लगाया गया कि एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया को लीक की गई। एसोसिएशन को इस बात की चिंता है कि प्रारंभिक एएआईबी रिपोर्ट बिना किसी जिम्मेदार अधिकारी के हस्ताक्षर या जानकारी के मीडिया के साथ साझा की गई।

**जांच में पारदर्शिता के अभाव का आरोप**

एसोसिएशन ने जांच में पारदर्शिता के अभाव का भी आरोप लगाया। कहा गया कि जांच पूरी तरह से गोपनीय रही। इससे विश्वसनीयता पर असर हुआ और जनता भी इससे पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है। इसके अलावा योग्य, अनुभवी कर्मियों विशेष रूप से लाइन पायलटों को अभी भी जांच दल में शामिल नहीं किया जा रहा है।

# रायपुर सहित सात नगरीय निकायों को स्वच्छता अवार्ड

## 17 जुलाई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी सम्मानित

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। नई दिल्ली में आगामी 17 जुलाई को आयोजित होने वाले स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राज्य के सात नगरीय निकायों को स्वच्छता के मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु इन पुरस्कारों को प्रदान करेंगी। इस अवसर पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों को प्रेसिडेंट्स अवार्ड प्रदान करेंगी। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बिलासपुर नगर निगम को तीन लाख से दस लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी में, कुम्हारी नगर पालिका को 20 हजार से 50 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में तथा बिल्हा नगर पंचायत को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में यह सम्मान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, रायपुर नगर निगम को स्वच्छता के क्षेत्र में राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कार्यों के लिए केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा मिनिस्ट्रियल अवार्ड प्रदान किया जाएगा।

- मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री साव ने चयनित नगरीय निकायों को दी बधाई

स्वच्छता के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले शहरों को पहचान देने हेतु इस वर्ष सुपर स्वच्छता लीग (एसएसएल) नामक एक विशेष श्रेणी की शुरुआत की गई है। इस लीग में वे शहर शामिल किए गए हैं, जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में स्थान प्राप्त कर चुके हैं तथा वर्तमान वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 200 में बने हुए हैं। इस ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

*छत्तीसगढ़ के सात नगरीय निकायों का स्वच्छ सर्वेक्षण–2024 में राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। यह हमारे नगरीय प्रशासन, स्थानीय निकायों और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। बिलासपुर, कुम्हारी, बिल्हा, रायपुर, अंबिकापुर, पाटन और बिश्रामपुर जैसे शहरों ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह अन्य निकायों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। मैं सभी विजेता नगरीय निकायों को बधाई देता हूँ और विश्वास जताता हूं कि छत्तीसगढ़ स्वच्छता के इस अभियान में देश का अग्रणी राज्य बना रहेगा।*

– **विष्णु देव साय** (मुख्यमंत्री)

## सार संक्षेप

### वोट कटने से चुनाव की निष्पक्षता होगी प्रभावित : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को यहां संवादाताओं से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाताओं से मांगे गए दस्तावेजों के अभाव में यदि बड़ी संख्या में मतदाता वोट डालने से वंचित कर दिए गए तो चुनाव की निष्पक्षता कैसे रह पाएगी? उन्होंने कहा कि दस्तावेजों के अभाव में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम कटने से चुनाव में अपने प्रतिनिधि चुनने का समान अवसर सबको कैसे दिया जा सकेगा?

### पीएम मोदी ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 16वें रोजगार मेले के तहत देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 51,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में पीएम मोदी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का सिपाही बताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति 'बिना पर्ची, बिना खर्चे' की पारदर्शी प्रक्रिया का हिस्सा है।

### आईआईएम कलकत्ता में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कलकत्ता में शनिवार को एक स्टूडेंट से बलात्कार का मामला सामने आया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया पर दोनों की जान-पहचान हुई थी। स्टूडेंट किसी निजी मामले में सलाह के लिए आरोपी से मिलने आईआईएम आई थी। इसके बाद उसे बॉयज हॉस्टल ले जाया गया, जहां उससे रेप हुआ।

### साइबर फ्रॉड केस : कई शहरों में ईडी ने छापे मारे

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई जोन ऑफिस ने शनिवार को अहमदाबाद, जयपुर, जबलपुर और पुणे स्थित कई कैंपसों में छापेमारी की।

# आंगनबाड़ियों में घटिया सामान की आपूर्ति, 6 सप्लाई एजेंसियां ब्लैक लिस्टेड

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं के लिए भेजी गई सामग्रियों की गुणवत्ता पर उठे सवालों पर महिला एवं बाल विकास विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए छह सप्लायरों को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया है। जांच के लिए राज्य स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया था, जिसमें संयुक्त संचालक (वित्त), सीएसआईडीसी और जीईसी रायपुर के तकनीकी प्रतिनिधि, संबंधित जिलों के जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक (आईसीडीएस) और दो तकनीकी निरीक्षण एजेंसियों एस जी एस इंडिया और सिस्टम्स के विशेषज्ञ शामिल थे।

समिति ने सभी जिलों में सामग्री की गुणवत्ता का भौतिक परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट संचालनालय को सौंपी।

- राज्य स्तरीय जांच समिति ने सौंपी जांच रिपोर्ट

रिपोर्ट के आधार पर दोषी प्रदायकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए छह सप्लायरों मेसर्स नमो इंटरप्राईजेस, मेसर्स आयुष मेटल, मेसर्स अर्बन सप्लायर्स, मेसर्स मनीधारी सेल्स, मेसर्स ओरिएंटल सेल्स, मेसर्स और सोनचिरिया कॉर्पोरेशन एजेंसियों को जेम पोर्टल से ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है।

भविष्य में ये एजेंसिया किसी भी प्रकार की सामग्रियों की शासकीय सप्लाई भी नही कर पाएगी। विभाग द्वारा इन सभी से घटिया सामग्रियों को वापस मंगाकर मानकों के अनुरूप सामग्री की आपूर्ति कराई गई है।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने वर्ष 2024–25 में कुल 23.44 करोड़ रुपये की सामग्री जेम पोर्टल के माध्यम से खरीदी की थी। जिसमें गुणवत्ता हीन सामग्रियों का मामला सामने आया था।

राज्य स्तरीय जांच समिति द्वारा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जशपुर, सरगुजा और जांजगीर–चांपा जिलों में जाकर प्रदाय की गई सामग्रियों का गहन निरीक्षण किया गया।

# 1.18 करोड़ के इनामी नक्सली सहित 23 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिला सुकमा में एसपी किरण चव्हाण के निर्देशन में छत्तीसगढ़ शासन की "छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण

- पूर्व कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण करने वाला भी शामिल

पुनर्वास नीति" एवं "नियद नेल्ला नार" योजना से प्रभावित होकर तथा अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय 09 महिला सहित 23नक्सलियों के द्वारा नक्सल संगठन को छोड़कर



समाज की मुख्यधारा में जुड़ने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सुकमा में आनंद सिंह राजपुरोहित, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) रेंज सुकमा, सैयद मोहम्मद हबीब असगर, उप पुलिस महानिरीक्षक (परि.) रेंज जगदलपुर, किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, गोपाल कुमार गुप्ता, कमांडेंट 227 वाहिनी सीआरपीएफ, कमलेश कुमार कमांडेंट 02 वाहिनी सीआरपीएफ, सुरेश सिंह पायल द्वितीय कमान अधिकारी डीआईजी ऑफिस सुकमा, नवीन कुमार यादव, द्वितीय कमान अधिकारी, 227 वाहिनीं सीआरपीएफ, अभिषेक वर्मा, अति. पुलिस अधीक्षक, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## राधिका यादव हत्याकांड

# आरोपी पिता को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**गुरुग्राम,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। नेशनल टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार आरोपी पिता दीपक यादव को शनिवार को गुरुग्राम कोर्ट में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। आरोपी पिता दीपक को भोंडसी जेल में रखा जाएगा।

इससे पहले दीपक यादव ने अपनी बेटी राधिका की हत्या करने का जुर्म कबूल किया था, जिसके बाद गुरुग्राम पुलिस ने कोर्ट से एक दिन की रिमांड की अनुमति ली। घटनास्थल से गुरुवार को पुलिस ने राधिका के पिता को पकड़ा था। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद शनिवार को आरोपी दीपक को दोबारा कोर्ट में पेश किया गया।

गुरुग्राम के सेक्टर–57 स्थित सुशांत लोक फेज–2 में 25 वर्षीय बेटी राधिका यादव की हत्या हुई थी, जिसमें उनके पिता को आरोपी पाया गया। पुलिस की प्राथमिक जांच में पता चला कि बेटी राधिका यादव के टेनिस एकेडमी चलाने से उनके पिता दीपक यादव नाराज थे। कथित तौर पर दीपक ने कई बार टेनिस अकादमी बंद करने के लिए कहा, लेकिन बेटी राधिका यादव नहीं मानी।

# तालाब में डूबने से भाई–बहन सहित चार मासूमों की मौत

**जांजगीर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के बलौदा थाना अंतर्गत ग्राम भैंसतरा में शनिवार को एक हृदयविदारक हादसे में चार मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतकों में एक भाई और बहन सहित तीन बच्चियां व एक लड़का शामिल हैं। सभी की उम्र 5 से 8 वर्ष के बीच थी। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर फैल गई है और परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।



- स्कूल से लौटने के बाद घर पर अपना बैग रखकर तालाब की ओर गए थे बच्चे

जानकारी के अनुसार, मृत बच्चों की पहचान 8 वर्षीय पुष्पांजली श्रीवास, 5 वर्षीय तुषार श्रीवास (दोनों भाई–बहन), 6 वर्षीय ख्याति केंवट और 6 वर्षीय अंबिका यादव के रूप में हुई है। चारों बच्चे अलग–अलग तीन परिवारों से ताल्लुक रखते थे। शनिवार दोपहर लगभग 12 से 1 बजे के बीच ये सभी बच्चे स्कूल से लौटने के बाद घर पर अपना बैग रखकर नजदीकी तालाब की ओर चले गए। यह तालाब गांव में स्थित है और अक्सर गर्मी के दिनों में बच्चे यहां नहाने जाया करते थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। कुछ समय ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# कांवड़ मार्ग पर 'क्यूआर कोड' के निर्देश को चुनौती

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें कांवड़ यात्रा मार्ग पर दुकानदारों को मालिकों की जानकारी हासिल करने के लिए कथित तौर पर 'क्यूआर कोड' प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस वर्ष 'कांवड़ यात्रा' 11 जुलाई से नौ अगस्त के बीच निर्धारित है।

प्रो. अपूर्वानंद झा की ओर से दायर इस रिट याचिका में दलील देते हुए कहा गया है कि निर्देश शीर्ष अदालत के 2024 के एक आदेश के खिलाफ है। अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर विक्रेताओं को अपनी पहचान उजागर करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। ऐसा निर्देश संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 17, 19 और 21 का उल्लंघन है। उन्होंने अपनी याचिका में कुछ मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों को क्यूआर कोड प्रदर्शित करना अनिवार्य है जो ग्राहकों को स्वामित्व संबंधी जानकारी हासिल करने की अनुमति देते हैं। प्रो. झा की याचिका में तर्क दिया गया है कि क्यूआर कोड संबंधी निर्देश डिजिटल माध्यमों से असंवैधानिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए जानबूझकर शीर्ष अदालत के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं। याचिका में कहा, जब तक यह अदालत प्रतिवादियों को इस अप्रत्यक्ष कार्यान्वयन को जारी रखने से रोकने के लिए तत्काल निर्देश जारी नहीं करती, तब तक प्रभावित विक्रेताओं, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों के मौलिक अधिकारों को अपूरणीय क्षति पहुंचने का गंभीर और खतरा मंडराता रहेगा।

## ग्लोबल वार्मिंग

### इस बार भी श्राइन बोर्ड को नहीं मिली कामयाबी

# हिमलिंग को पिघलने से बचाने के उपाय धरे रह गए

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 12 जुलाई (देशबन्धु)। इस बार भी अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड के सारे अनुमान धरे रह गए हैं। जिस लोहे व शीशे की ग्रिल का सहारा हिमलिंग को बचाने के लिए लिया गया था वह भी उसे पिघलने से इसलिए नहीं बचा पाई क्योंकि इस बार 22 फुट का हिमलिंग पिघल कर अब अंतर्ध्यान हो चुका है।**

*ऐसा भक्तों की सांसों की गर्मी के साथ साथ ग्लोबल वार्मिंग के कारण भी हुआ है। अब इससे निपटने का तरीका अत्याधुनिक तकनीक का ही सहारा है। पर श्राइन बोर्ड फिलहाल तकनीक का सहारा क्यों नहीं ले पा रहा है इसके पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हैं। श्राइन बोर्ड के अधिकारियों के बकौल, अमरनाथ की गुफा को तकनीक के सहारे ठंडा और वातानुकूलित बनाने की योजना श्राइन बोर्ड ने उसी समय तैयार की थी जब वह अस्तित्व में आया था।*

*लेकिन यह मामला कई साल तक कोर्ट में रहा जिस कारण श्राइन बोर्ड इस संबंध में कोई कदम उठाने से परहेज कर रहा है। वे कहते हैं कि गुफा को पूरी तरह से वातानुकूलित करने, आइस स्केटिंग रिंक तकनीक का इस्तेमाल करने की योजना है। इसी के तहत कई अन्य प्रस्तावों पर भी विचार किया गया था जिनमें एयर कर्टन, रेडियंटस कूलिंग पैनलस और फ्रोजन ब्राइन टेऊका इस्तेमाल भी था।*

*उनका कहना था कि इनमें से कई तकनीकों का सफल प्रयोग मुंबई, श्रीनगर तथा गुलमर्ग में कर लिया गया था लेकिन अमरनाथ गुफा में इनका प्रयोग करने से पूर्व ही माननीय कोर्ट ने इन सब पर रोक उस समय कुछ साल पहले लगा दी थी जब गुफा में कथित तौर पर कृत्रिम हिमलिंग बनाने का मामला उठा था। हालांकि वे कहते थे कि श्राइन बोर्ड के अधिकारियों को रेडियंट कूलिंग पेनलस का विकल्प बहुत ही जायज लगा था, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा इस पर रोक लगा दिए जाने के कारण मामला अंतिम चरण में जाकर रूक गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक अमरनाथ ग्लेशियरों से घिरा है। ऐसे में ज्यादा लोगों के वहां पहुंचने से तापमान के बढ़ने की आशंका होगी। इससे ग्लेशियर जल्दी पिघलेंगे।*

***ज्यादा भीड़ के कारण पिघल गया था***– *साल 2016 में भी भक्तों की ज्यादा भीड़ के अमरनाथ पहुंचने से हिमलिंग तेजी से पिघल गया था। आंकड़ों के मुताबिक उस वर्ष यात्रा के महज 10 दिन में ही हिमलिंग पिघलकर डेढ़ फीट के रह गए थे।*

# देश

उवाच

हिंदी या हिंदी भाषियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। मुंबई और महाराष्ट्र में हिंदी फिल्म और टेलीविजन उद्योग फल-फूल रहा है, जहां दूसरे राज्यों से आए लोग अवसरों का लाभ उठाते हैं। कुछ लोग मराठी भाषा का अपमान कर रहे हैं, जो गलत है।

–प्रियंका चतुर्वेदी,शिवसेना ( यूबीटी ) नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# अब तकनीकी स्तर पर लड़ा जाएगा संप्रभुता की रक्षा का संघर्ष : धनखड़

## भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कोटा के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित

**कोटा,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देश के लिए भारतीय सिस्टम बनाकर उन्हें वैश्विक स्तर पर ले जाने की जरूरत बताते हुए कहा है कि अब देश किसी सैन्य आक्रमण से नहीं बल्कि विदेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे पर निर्भरता से कमजोर और पराधीन होंगे और संप्रभुता की रक्षा का संघर्ष अब तकनीकी स्तर पर लड़ा जाएगा। धनखड़ शनिवार को यहां भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान कोटा के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

**युवाओं से स्थानीय समाधान को वैश्विक स्तर तक ले जाने का किया आह्वान**

उन्होंने युवाओं से स्थानीय समाधान को वैश्विक स्तर तक ले जाने का आह्वान करते हुए कहा भारत के युवाओं को टेक्नोलॉजी की दुनिया के सजग संरक्षक बनना चाहिए। हमें भारत के लिए भारतीय प्रणालियां बनानी होंगी और उन्हें वैश्विक बनाना होगा।

### तकनीकी नेतृत्व नई राष्ट्रभक्ति का आधार

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने तकनीकी नेतृत्व को नई राष्ट्रभक्ति का आधार बताते हुए कहा कि हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं, एक नए राष्ट्रवाद के युग में। तकनीकी नेतृत्व अब देशभक्ति की नई सीमा रेखा है। हमें तकनीकी नेतृत्व में वैश्विक अगुवा बनना होगा। उन्होंने रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात-निर्भरता पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि हम रक्षा के क्षेत्र में बाहर से तकनीकी उपकरण प्राप्त करते हैं, तो वह देश हमें ठहराव की स्थिति में ला सकता है। डिजिटल युग में बदलती वैश्विक शक्ति संरचनाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का युद्धक्षेत्र अब भूमि या समुद्र नहीं है। पारंपरिक युद्ध अब अतीत की बात हो गई है। आज हमारी शक्ति और प्रभाव 'कोड, क्लाउड और साइबर' से तय होते हैं। डिजिटल क्षेत्र की चर्चा करते हुए धनखड़ ने कहा कि एक स्मार्ट ऐप जो ग्रामीण भारत में काम नहीं करता, वह पर्याप्त स्मार्ट नहीं है।

एक एआई मॉडल जो क्षेत्रीय भाषाओं को नहीं समझता, वह अधूरा है। एक डिजिटल उपकरण जो दिव्यांगों को शामिल नहीं करता, वह अन्यायपूर्ण है। धनखड़ ने डिजिटल आत्मनिर्भरता में भारत को अग्रणी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपनी डिजिटल नियति के निर्माता बनना होगा और अन्य देशों की नियति को भी प्रभावित करना होगा। हमारे कोडर, डेटा वैज्ञानिक, ब्लॉकचेन इनोवेटर और एआई इंजीनियर आज के राष्ट्र निर्माता हैं। भारत जो कभी वैश्विक अग्रणी था, अब केवल उधार की तकनीक का उपयोगकर्ता बनकर नहीं रह सकता। पहले हमें तकनीक के लिए वर्षों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। अब यह समय सप्ताहों में सिमट गया है। हमें तकनीक का निर्यातक बनना चाहिए।



भारत के युवाओं को टेक्नोलॉजी की दुनिया के सजग संरक्षक बनना चाहिए : जगदीप धनखड़

### कोचिंग सेंटर अब बन गए हैं पोचिंग सेंटर : उपराष्ट्रपति

**कोटा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कोचिंग सेंटरों को पोचिंग सेंटर एवं सुदृढ़ सांचों में प्रतिभा को जकड़ने वाले काले छिद्र बताते हुए कहा है कि अनियंत्रित रूप से फैल रहे ये कोचिंग सेन्टर युवाओं के लिए एक गंभीर संकट बनते जा रहे है और इस चिंताजनक बुराई से निपटना ही होगा और हम अपनी शिक्षा को इस तरह कलंकित और दूषित नहीं होने दे सकते। धनखड़ ने कहा कि हम गुरुकुल की बात कैसे न करें, हमारे संविधान की 22 दृश्य-प्रतिमाओं में एक गुरुकुल की छवि भी है। हम सदैव ज्ञानदान में विश्वास रखते आए हैं। कोचिंग सेंटर को अपने ढांचे का उपयोग कौशल केंद्रों में परिवर्तित करने के लिए करना चाहिए।

### मोहन चरण माझी ने मोदी से की मुलाकात

■ विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। मोदी से मुख्यमंत्री माझी की यह मुलाकात ओडिशा में



विकास कार्यों को गति देने और केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्यमंत्री माझी ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री का आभार जताया। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं ओडिशा के विकास के लिए उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं। बैठक में ओडिशा के विकास के रोडमैप, भविष्य की योजनाओं और केंद्र-राज्य के बीच बेहतर तालमेल पर चर्चा हुई। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर एक समृद्ध ओडिशा और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। बैठक में ओडिशा में चल रही और प्रस्तावित परियोजनाओं पर जोर दिया गया।

# एमआरपीएल में जहरीली गैस रिसाव से दो कर्मचारियों की मौत



**मंगलुरु,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंगलुरु जिले के सूरतकल में स्थित मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) में शनिवार को जहरीली गैस के रिसाव से दो कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य कर्मचारी की हालत गंभीर बनी हुई है। यह हादसा एमआरपीएल के ऑयल मूवमेंट सेक्शन (ओएमएस) में हुआ। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के दीप चंद्र भारती और केरल के बिजली प्रसाद के रूप में हुई है। उनके सहयोगी, गदग के विनायक मायागेरी, जो गैस की चपेट में आने के बाद बेहोश हो गए थे, को मंगलुरु के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह घटना ओएमएस डिवीजन के टैंक (एफआईबीआई7029) में खराबी की जांच के दौरान हुई। दीप चंद्र और बिजली प्रसाद टैंक के ऊपरी हिस्से पर निरीक्षण के लिए गए थे। इसी दौरान हादसा हुआ। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन दोनों को बचाया नहीं जा सका। दोनों को बचाने की कोशिश कर रहे एक अन्य कर्मचारी विनायक मायागेरी भी जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए।

**हादसे की जांच को समूह महाप्रबंधकों की उच्च-स्तरीय समिति गठित**

### कर्नाटक में हाल के महीनों में यह तीसरी बड़ी दुर्घटना

यह कर्नाटक में हाल के महीनों में जहरीली गैस रिसाव से जुड़ी तीसरी बड़ी दुर्घटना है। जनवरी 2025 में, कोप्पल जिले में एक औद्योगिक इकाई में जहरीली गैस के रिसाव से मजदूर मारुति कोरागल की मौत हो गई थी और दस अन्य कर्मचारी बीमार पड़ गए थे। मई 2024 में, मैसूर के यारागनहल्ली में एक परिवार के चार सदस्य (कुमारस्वामी, उनकी पत्नी मंजुला और बेटियां अर्चना व स्वाति) घर में जहरीली गैस की चपेट में आने से मृत पाए गए थे।

## सार संक्षेप

### एस महेंद्र देव ने की रेवंत रेड्डी से मुलाकात

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर एस महेंद्र देव ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत. रेड्डी से मुलाकात की। यहां जुबली हिल्स स्थित मुख्यमंत्री के आवास पर हुई यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिसमें तेलंगाना के विकास को गति देने और सहकारी संघवाद को मज़बूत करने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने संघीय ढांचे में केंद्र और राज्यों के बीच परस्पर सम्मान और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।

### पटना में सड़क हादसे में परिवार के तीन लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में पटना जिले के रानीतालाब थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन लोगें की मौत तथा दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कार पर सवार लोग पांच लोग जा रहे थे। इस दौरान सरैया गांव के समीप नहर रोड पर कार अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। इस घटना में कार पर सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को विक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया।

### वरिष्ठ भाकपा नेता डोड्डा नारायण राव का निधन

**हैदराबाद।** वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता डोड्डा नारायण राव का शुक्रवार रात हैदराबाद स्थित उनके आवास पर निधन हो गया है। वह 96 वर्ष थे। वरिष्ठ भाकपा नेता डॉ. के. नारायण ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए राव को एक सिद्धांतवादी नेता बताया जो जीवन भर अपनी विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध रहे। उन्होंने याद किया कि वयोवृद्ध राव ने 1940 के दशक में निज़ाम शासन के विरुद्ध लड़ते हुए स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभायी थी।

### श्रीलंकाई पुलिस अधिकारियों का अध्ययन दौरा संपन्न

**गांधीनगर।** श्रीलंकाई पुलिस अधिकारियों ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की पहल पर भारत का अध्ययन दौरा संपन्न किया। आरआरयू की ओर से बताया गया कि उप महानिरीक्षक और उससे ऊपर के पदों वाले 20 उच्च पदस्थ श्रीलंकाई पुलिस अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 11 जुलाई को भारत में पांच दिवसीय अध्ययन दौरा संपन्न किया। सात जुलाई से 11 जुलाई तक आयोजित यह दौरा, गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित एक कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था।

## झारखंड के चयनित 172 में से 25 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

**रांची,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने रोजगार मेला के माध्यम से देश के 51 हजार नवचयनित केंद्रीय कर्मचारियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑडियो विजुअल माध्यम से नियुक्ति पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर नौकरी पाने वाले युवाओं को सम्बोधित किया और उन्हें बधाई दी। केंद्र सरकार की ओर से रांची समेत देश के 47 स्थानों पर आज रोजगार मेला आयोजित हुआ। इस अवसर पर रांची सीसीएल सभागार, दरभंगा हाउस मे भी एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने झारखंड के चयनित 172 में से 25 युवाओं को मौके पर नियुक्ति पत्र दिया। इनका चयन रेलवे, गृह मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय और भारतीय डाक सेवा के लिए हुआ है। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा देश के युवाओं को आगे रखना चाहते हैं। इस मौके पर दक्षिण पूर्व रेल मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक जसमित सिंह बिंद्रा ने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की उस नीति का प्रमाण है जिसमें मिशन विकसित भारत के लिए युवाओं को बेहतर मंच देने की प्रतिबद्धता है। वहीं अपने ऑनलाइन संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस तरह के अभियान से राष्ट्र निर्माण में युवाओं की बड़ी भूमिका होती जा रही है। उन्होंने नौकरी पाने वाले युवाओं से कहा कि इसको राष्ट्र सेवा के बड़े मंच के रूप में देखें। उन्होंने अपने हाल ही में समाप्त हुए पांच देशों की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि इसके तहत जितने भी द्विपक्षीय समझौते हुए हैं उससे भारत के नौजवानों को फायदा होगा ,खासकर सेवा और उत्पादन क्षेत्र में।



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी बधाई

# बिहार में कानून व्यवस्था परी तरह चरमराई : कांग्रेस

## पटना में एक और व्यापारी की हत्या पर नीतीश सरकार को घेरा

**पटना,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार की कड़ी आलोचना की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। आम जनता का जीना दूभर हो चुका है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के स्वास्थ्य पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जैसे सीएम का स्वास्थ्य खराब चल रहा है, वैसे ही राज्य की कानून-व्यवस्था भी बिगड़ रही है। उन्होंने पटना में एक और व्यापारी की हत्या का जिक्र करते हुए सरकार से जवाब मांगा और कहा कि प्रदेश में अपराधियों के बीच कानून व्यवस्था को लेकर बिल्कुल भी डर नहीं है। उन्होंने केंद्र और राज्य की भाजपा-जेडीयू की 'डबल इंजन' सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में डबल मर्डर और बिहार में लगातार हत्याओं से आम लोग, व्यापारी, नेता और बेटियां असुरक्षित हैं। कांग्रेस नेता ने बिहार को खौफ और डर के साए में बताया और कहा कि मौजूदा सरकार को सुरक्षित और खुशहाल बिहार के लिए जल्द ही हट जाना चाहिए। उन्होंने बिहार में इंडिया ब्लॉक के बिहार बंद का जिक्र किया, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी ने किया। यह बंद बिहार में चुनाव आयोग द्वारा वोटर लिस्ट पुनरीक्षण कराए जाने के विरोध में था। अलका लांबा ने कहा कि पहले आयोग कागजात मांगता था। लेकिन, अब कहता है कि कागजात की जरूरत नहीं। कोर्ट ने आयोग को आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र मानने का आदेश दिया है। लेकिन, आयोग जवाब देने से बच रहा है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को दबाव मुक्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है।



### मोदी व अमित शाह रिमोट कंट्रोल से चला रहे बिहार सरकार : अल्लावरू

**पटना।** बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर शनिवार को हमला बोला और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिल्ली से ही बिहार की सरकार को नियंत्रित कर रहे हैं। अल्लावरु ने शनिवार को यहां कहा कि बिहार की सरकार अब दिल्ली से संचालित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह रिमोट कंट्रोल से बिहार की सरकार चला रहे हैं। बिहार में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि मोदी और शाह ने बिहार को देश की अपराध की राजधानी बना दिया है। बिहार कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब पूरी सजगता से सत्ता संभाल रहे थे तब कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अब कुमार प्रभावी ढंग से सरकार को चलाने की स्थिति में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब से मोदी और शाह का प्रभाव बिहार में बढ़ा है, यहां गुंडाराज हो गया है। अल्लावरू ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मिली जान से मारने की धमकी के संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि यह घटना बताती है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहद खराब हो गई है।



# जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही भाजपा सरकार : अखिलेश यादव

## बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी का लगाया आरोप

**लखनऊ,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि बिजली के निजीकरण पर उतारू भाजपा सरकार जानबूझ कर बिजली व्यवस्था को खराब कर रही है। यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर बिजली व्यवस्था खराब कर रही है। सरकार बिजली विभाग को निजी हाथों में बेचने की तैयारी कर रही हैं। भाजपा की दिल्ली की सरकार हो या उत्तर प्रदेश की सरकार दोनों सब कुछ बेचने पर उतारू है। भाजपा ने बिजली मंत्री इसीलिए बनाया है, जिससे विभाग अपने करीबियों को बेचना आसान हो जाए। भाजपा सरकार ने बिजली व्यवस्था सुधारने और उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली की खराब स्थिति का ठीकरा कर्मचारियों के सिरफोड़ कर निजीकरण करने की जमीन तैयार कर चुकी है। उत्तर प्रदेश में आज जनता को जो भी बिजली मिल रही है। वह समाजवादी सरकार में लगाए गए पावर प्लांटों से मिल रही है। समाजवादी सरकार में एटा, कानपुर देहात, ललितपुर, पनकी, समेत कई जिलों में पावर प्लांट लगाए लेकिन भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन और आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया।



### उप्र में बिजली को लेकर हाहाकार

सपा अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बिजली को लेकर हाहाकार है। प्रदेश भर में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। धान की रोपाई का समय चल रहा है। लेकिन किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। छोटे शहरों और गांवों में बिजली की स्थिति बेहद खराब है। भाजपा सरकार नौ साल के कार्यकाल में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया है। केवल बिजली का बिल बढ़ाया है।

## मंत्री विजयवर्गीय के बयान पर मप्र कांग्रेस का हमला

**भोपाल/इंदौर,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में वन विभाग को लेकर दिए गए एक बयान पर कांग्रेस ने सरकार को घेर लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने विजयवर्गीय के बयान को सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए कहा, मायूस मंत्रीजी कह रहे हैं, जंगलराज का वन विभाग बेलगाम है! यह भी सरकारी अराजकता का पैगाम है। वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस बयान को लेकर कहा कि नेता ही नहीं, अब मंत्री भी बेबस हैं। वन विभाग न मंत्री की सुनता है, न मुख्यमंत्री की। मंत्री खुद ही मंच से कह रहे हैं कि वन विभाग से पौधे तक समय पर नहीं मिलते। उन्होंने सवाल किया कि प्रदेश में सरकार चल रही है या अफसरों की मनमानी। मुख्यमंत्री और मंत्रियों की बात ठुकराना अब वन विभाग के अधिकारियों की आदत बन चुकी है। दरअसल पौधारोपण से जुड़े एक समारोह के दौरान विजयवर्गीय ने मंच से वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को संबोधित करते हुए कहा, वन विभाग का जितना सहयोग मिलना चाहिए, उतना मिला नहीं।



# केरल में निपाह को रोकने के लिए कई रणनीतियां तैयार : खोबरागड़े

**तिरुवनंतपुरम,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। केरल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजन खोबरागड़े ने कहा कि निपाह के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने रोकथाम के लिए कई रणनीतियां तैयार की हैं और उन्हें लागू किया है। डॉ. खोबरागड़े ने यहां आयोजित निपाह और अन्य जूनोटिक स्पिलओवर-रोकथाम के लिए स्वास्थ्य रणनीतियों का एकीकरण विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह टिप्पणियां कीं और सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। जंगली जानवरों से मनुष्यों में रोगजनकों के संचरण को 'जूनोटिक स्पिलओवर' कहा जाता है। उन्होंने 2019 से राज्य को प्रभावित करने वाली महामारियों का पता लगाने एवं उनकी रोकथाम करने के राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर बल देते हुए वर्तमान परिदृश्य में 'वन हेल्थ' अवधारणा के महत्व पर प्रकाश डाला और राज्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए उन्नत वायरोलॉजी संस्थान जैसे संस्थानों से सहयोग मांगा। यह सम्मेलन संक्रामक रोग विभाग, सरकारी मेडिकल कॉलेज, तिरुवनंतपुरम और केरल वन हेल्थ सेंटर फॉर निपाह रिसर्च एंड रेजिलिएंस के सहयोग से आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र की संयुक्त निदेशक डॉ. सिम्मी तिवारी ने उन्नत विषाणु विज्ञान संस्थान (आईएवी) की स्थापना के लिए केरल सरकार को बधाई दी और कहा कि संस्थान ने पहले ही विषाणु विज्ञान के क्षेत्र में अपनी पहचान बना ली है।




**राजन ने सहयोग की आवश्यकता पर दिया बल**

सुरक्षा | अमरनाथ तीर्थयात्रियों की सुरक्षा व कल्याण सुनिश्चित करने में जुटा सीमा सुरक्षा बल

# विशेष चिकित्सा दलों को तैनात कर बचाव अभियान किया तेज

**जम्मू,12 जुलाई (देशबन्धु)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), कश्मीर ने चल रही अमरनाथ यात्रा 2025 के दौरान ऊंचाई पर होने वाली बीमारियों, निर्जलीकरण और थकावट से पीड़ित दर्जनों तीर्थयात्रियों को बचाया है। बीएसएफ के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। बीएसएफ बचाव और राहत दल को समय पर जीवनरक्षक चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए चुनौतीपूर्ण पहलगाम और बालटाल मार्गों पर रणनीतिक रूप से तैनात किया गया है।**

यह दल हिमालय में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर जाने वाले तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। तीन जुलाई से शुरू हुई वार्षिक अमरनाथ यात्रा देश भर से हजारों श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। हालांकि, इस तीर्थयात्रा मार्ग में खतरनाक पहाड़ी इलाकों, अप्रत्याशित मौसम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों से गुजरना पड़ता है, जिसके कारण अक्सर चिकित्सा आपात स्थिति उत्पन्न हो जाती है। हाल के दिनों में, कई यात्रियों ने चक्कर आना, सांस लेने में कठिनाई और थकान जैसे लक्षणों का अनुभव किया है, जिसके लिए तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि बल ने प्रशिक्षित पैरामेडिक्स और विशेष चिकित्सा दलों को तैनात करके अपने बचाव अभियान को तेज कर दिया है। प्रवक्ता का कहना था कि हमारी टीमें हर यात्री की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करते हुए हाई अलर्ट पर हैं। हम अमरनाथ यात्रा को सुरक्षित और निर्बाध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बीएसएफ की चिकित्सा टीमें 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम-चंदनवाड़ी मार्ग और 14 किलोमीटर लंबे बालटाल-दोमेल मार्ग पर प्रमुख स्थानों पर तैनात हैं। प्राथमिक चिकित्सा किट, ऑक्सीजन सिलेंडर और आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति से लैस, इन टीमों ने तीव्र पर्वतीय बीमारी के कई मामलों में महत्वपूर्ण ऑक्सीजन सहायता प्रदान की है, जिससे गंभीर जटिलताओं को रोका जा सका है और ज़रूरत पड़ने पर सुरक्षित निकासी संभव हुई है। चिकित्सा सहायता के अलावा, बीएसएफ ग्रामीण स्वच्छता निदेशालय (डीआरएस) के सहयोग से तीर्थयात्रा मार्गों पर स्वच्छता प्रयासों में भी सहायता कर रहा है। तीर्थयात्रियों के लिए स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल शौचालय, अपशिष्ट पृथक्करण इकाइयां और खाद बनाने की प्रणालियां स्थापित की गई हैं। उत्तर प्रदेश की एक तीर्थयात्री सुनीता देवी ने बताया कि चढ़ाई बहुत खड़ी और थका देने वाली थी। मैंने कई लोगों को सांस लेने में तकलीफ के कारण गिरते देखा। बीएसएफ के जवान वहीं तैनात थे, बिना किसी हिचकिचाहट के सबकी देखभाल कर रहे थे।

वे ईश्वर का काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतनी ऊंचाई पर मैं बीमार पड़ जाऊंगी। मुझे कंपकंपी होने लगी और मैं ठीक से सांस नहीं ले पा रही थी। बीएसएफ वाले समय पर ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुंच गए।



■ बीएसएफ की चिकित्सा टीमें प्रमुख स्थानों पर तैनात

कहानी

# एस आर हरनोट : हिमाचली लोक जीवन के अनूठे गायक

■ अह

राकेशरेणु



दिएस.आर. हरनोट का नाम हिन्दी के महत्वपूर्ण कथाकारों में शामिल है । उन्होंने हिमाचल के ग्रामीण जीवन, लोक संस्कृति, परंपराओं, मान्यताओं को अपनी कहानी तथा उपन्यास का विषय बनाया है । हिमाचल के पहाड़ी जनजीवन की जटिलताओं, संबंधों में पैबस्त स्वार्थ व कुटिलता और हितों के टकराव की कथा आख्यानों में पिरोकर कहने का कौशल जैसा हरनोट में है वैसा हिमाचल के किसी अन्य कथाकार में नहीं। किंवदंतियाँ, लोक कथाएँ और आख्यान न केवल उनकी कथा रचना को शक्ति और परिप्रेक्ष्य देते हैं बल्कि उसमें सहजता, प्रवाह व ज़रूरी तनाव भी भरते हैं। कथा साहित्य, ख़ास तौर पर औपन्यासिक कृति में ये तीनों तत्व गतिशीलता और पठनीयता के लिए ज़रूरी हैं। इसके साथ ही, उपन्यास में आरंभिक पृष्ठों का रचाव और कसाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है।

हरनोट से पहले हिमाचल प्रदेश में जन्मे अथवा वहाँ रह कर लेखन करने वाले नामचीन कथाकारों की एक लंबी श्रृंखला है जिसकी शुरूआत चंद्रधर शर्मा गुलेरी से हुई मानी जाती है। हिन्दी जगत को उसकी पहली कहानी 'उसने कहा था' देने का श्रेय गुलेरी जी को ही प्राप्त है । उनके बाद यशपाल का नाम उल्लेखनीय रूप से लिया जाता है। निर्मल वर्मा और रस्किन बांड आदि का संबंध भी हिमाचल प्रदेश से रहा है, भले ही वे दिल्ली अथवा देहरादून जैसी जगहों पर बसकर लेखन करते रहे। मोहन राकेश भी थोड़े समय तक शिमला मे रहकर अध्यापन और लेखन किया। लेकिन इनमें से किसी ने भी अपने लेखन में हिमाचल के ग्रामीण व लोक जीवन में प्रवेश करने की कोशिश नहीं की । उन्हें अपने उपन्यासों का विषय नहीं बनाया ।

हरनोट इस मानी में विशिष्ट हैं । उनके पास हिमाचल के पहाड़ी जीवन की अछूती और अनूठी कथाओं का समृद्ध ख़ज़ाना है। हरनोट हिमाचल के एक गाँव से आते हैं । उनका संबंध संघर्षशील दलित समाज से है। उन्हें पहाड़ी जीवन की दूभरताओं और दृढ़ताओं की गहरी जानकारी है। सामाजिक पदानुक्रम में नीचे रखे गए तबकों की पीड़ाओं और उनके साथ होने वाले अमानवीय व्यवहार की भी गहरी जानकारी उन्हें है । हिमाचल की परंपराओं, किंवदंतियों और मिथकीय कथाओं के बीच उनका जीवन गुज़रा है। अपनी कहानियों और उपन्यासों में हरनोट जी ने हिमाचल के इसी पहाड़ी जीवन के संघर्ष, सुख-दु:ख, आपसी खींचतान और जिजीविषा को अभिव्यक्ति दी है। उनके उपन्यास जहाँ एक ओर परम्परा से चले आ रहे भेदभाव और शोषण की प्रविधियों का दस्तावेज़ प्रस्तुत करते हैं वहीं दूसरी तरफ़ आधुनिकता और विकास के नाम पर पहाड़ी संसाधनों और दलित-वंचित तबकों के दोहन-शोषण के नए-नए तरीक़ों की जानकारी विस्तार से रखते हैं। इन पंक्तियों के लेखक की सीमित जानकारी में हिमाचल का कोई दूसरा ऐसा उपन्यासकार नहीं है जो एस आर हरनोट की तरह अपने उपन्यासों में हिमाचल के सुदूर पर्वतीय जीवन और उनकी विडंबनाओं की दारुण किंतु विश्वसनीय जानकारी दे सके। उपन्यास और कहानियों में जो काम हरनोट में किया है, आधुनिक हिन्दी कविता में वह सुरेश सेन निशान्त और उनके बाद अब अजेय कुमार, आत्मारंजन और गणेश गनी जैसे कवि कर रहे हैं ।

हरनोट ने विपुल लेखन किया है - दर्जन भर कहानी संग्रहों के बीच उनके अब तक 'हिडिम्ब' और 'नदी रंग जैसी लड़की' नाम से दो उपन्यास प्रकाशित हैं। दोनों उपन्यासों के केन्द्र में हिमाचल के गाँव हैं। पहले उपन्यास हिडिम्ब का शीर्षक पौराणिक आख्यानों के एक खल पात्र के नाम को इंगित करता है जिसे महाभारत की कथा के अनुसार भीम ने मार गिराया था । लेकिन वह मारा कहाँ गया ? वह आज भी हज़ार-हज़ार रूपों में हमारे बीच उपस्थित है। हिमाचल के पर्वतों में ही उसका वास था । और, यदि वह आज भी जीवित है, जो कि है, तो हिमाचल के खल पात्रों में जीवित है जो पहाड़ के लोगों के जीवन की सरलता व छोटे-छोटे सुखों पर गिद्ध दृष्टि जमाए है । वह येन-केन-प्रकारेण किसानों की ज़मीन, लड़कियों का कौमार्य, स्त्रियों का शील और कृषि श्रमिकों का श्रम और आत्म सम्मान छीन लेना चाहता है । हिमाचल ही क्यों, वह समूचे देश में मौजूद है । पूरे देश में उसका आचरण एक-सा है - उतना ही विध्वंसक और अधोगामी । राक्षसी प्रवृत्ति वाले ऐसे पात्रों को इंगित करने के लिए हिडिम्ब से बेहतर कोई शीर्षक हो भी नहीं सकता था । अपने आत्मकथ्य में इस बात को और स्पष्ट करते हुए हरनोट लिखते हैं- 'प्राचीन काल से ही दो तरह की शक्तियाँ काम कर रही हैं - दैवी और आसुरी । प्रागैतिहासिक मिथक पुराण कथाएँ इसी बात को प्रमाणित करती हैं । लोकोत्तर अंध आस्था ने मगर इसे प्राय: भौतिक और स्थूल स्तर पर ग्रहण किया है और इन संदर्भों को उत्सव के रूप में मनाया है । जैसे कि होलिकादहन, दशहरे पर रावण का पुतला जलाना आदि । लोक यह दावा करता है कि दहन के साथ-साथ वे बुराइयों को भी जला रहे हैं । पर ऐसा हुआ कहाँ है ! उपन्यास का शीर्षक 'हिडिम्ब' इसी प्रवृत्ति से उपजा है ।'

जाहिरा तौर पर यह उपन्यास मिथकीय हिडिम्ब मात्र की कथा नहीं है बल्कि उस प्रवृत्ति और मानसिकता का प्रतीक है जो भले ही समाज में मनुष्यता के आरंभ से रहा हो लेकिन आज के उपभोक्तावादी दौर में वह हर तरफ़ दिखाई पड़ता है। इसके बहुतेरे चेहरे हैं जिनके शिकार आमतौर पर समाज के सबसे कमज़ोरतबके ही होते हैं।

अलग-अलग होने के बावजूद हरनोट के दोनों ही उपन्यासों की कथाभूमि में कुछ साम्य देखे जा हैं - पहला, वे हिमाचल के पहाड़ी गाँव के खेतिहर परिवारों के जीवन संघर्ष की जीवंत और यथार्थवादी कथा कहते हैं। दूसरे, दोनों ही उपन्यासों में मुख्य कथा को सूत्रबद्ध करने वाली एक-एक नदी है जो एक छोटी-सी लड़की के रूप में उपस्थित है - सरल, निर्मल, उच्छल, अतल और उज्ज्वल। हरनोट के उपन्यासों में नदी प्रकृति के पवित्रतम स्वरूप का प्रतीक है जो छोटी सी बालिका विपु और शतु के रूप में उपस्थित होती है । हिडिम्ब में यह बालिका विपु घाटी के प्रत्येक ईमानदार और सरल आदमी के साथ है । उनका हित चाहती है । किंतु नदी और प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ करने, उन्हें गंदा करने वालों को समूल नष्ट करने के लिए संकल्पबद्ध भी प्रतीत होती है । और, आखिरकार ऐसा ही होता है । हिडिम्ब के अंत में घनघोर आँधी-तूफ़ान, ओला वृष्टि के बाद हुए विनाश के उपरांत शावणू को अपने आंगन से नदी की ओर जाकर उसमें विलीन होते पैरों के छोटे-छोटे निशान दिखाई देते हैं जो उसी संकल्पबद्ध बालिका के हैं । वह बालिका नदी है, पर्वत, वन और पहाड़ी स्त्रियों की प्रतीक भी । वह प्रकृति है । वही संहारक है वही सर्जक । वह पहाड़ की उदात्तता का प्रतीक है । लेकिन जब उसे अवरुद्ध करने की कोशिश होती है अथवा मैला करने की, तो वह उसका प्रतिकार करती है । विध्वंस मचाती है । यह गंदगी को साफ़ कर नवीन सृजन करने के लिए ज़रूरी है ।

'नदी रंग जैसी लड़की' का आरम्भ ही एक क़िस्म की यूटोपियन संकल्पना से होता है - नदी के लड़की बन जाने की संकल्पना से । उपन्यास में कथा नायिका सुनमा जो कालांतर में वय के साथ दादी सुनमा में बदल जाती है, की अंतरंग दोस्त बालिका शतु है। हरनोट शतु नामक जिस छोटी सी ख़ूबसूरत लड़की का रूपक रचते हैं, उपन्यास में उसका आगमन कथा-फ़लक का विस्तार करता है। रूपक की यह बालिका बीच-बीच में अंतर्ध्यान हो जाती है । फिर अचानक उपस्थित होती है । हर बार कथानक को व्यापक अर्थ संदर्भ देती हुई। आखि़र का चौथाई हिस्सा उसी के वृत्तांत में लीन हो गया लगता है । वह सरकारी मुलाजिम और कंपनी मालिक जैसे विध्वंसकर्ता शक्तियों से मुक्त समाज की कल्पना करती है - 'बस हम और तुम हों और हमारी मछलियाँ हों और लोकगीत गाते मज़दूर और किसान हों।' यह उपन्यास कई स्तरों पर घटित होता है। कई बार प्रतीत होता है कि वृद्ध हो चुकी दादी सुनमा उम्र के असर से जागते हुए तरह-तरह के सपने देखती है। उसकी बड़बड़ाहट से कहानी आगे बढ़ती है और बहुधा एक क़िस्म का जादुई यथार्थ रचती है । उपन्यास का अंत उसी मार्मिक जादुई यथार्थ का मर्मस्पर्शी विस्तार है जिसकी चर्चा मैंने ऊपर की । एक भरपूर जीवन जीने के बाद दादी सुनमा उसी नदी में समा गई जिससे वह जीवनपर्यंत प्रेरणा पाती रही। उपन्यास का अंत सुनमा दादी के नदी कन्याओं के संग, शतु के संग काग़ज़ की नाव में जाने का रूपक रचता है जो वस्तुत: उसके नदी की भाँति जीने, उसमें ही समा जाने और अमर हो जाने का रूपक है । कहना न होगा कि विपु विपाशा और शतु शतद्रु नामक नदियों के ही संक्षिप्त बालरूप हैं । दोनों उपन्यासों की सभी महत्वपूर्ण घटनाएँ इन्हीं नदियों के इर्दगिर्द और साथ-साथ घटित होती हैं ।

हरनोट के उपन्यासों को पढ़ते हुए फणीश्वरनाथ रेणु की याद आती है । 'मैला आँचल' याद आता है । वैसी ही चित्रमय, संगीतमय भाषा । मानो आप उपन्यास न पढ़ रहे हों, कोई फ़िल्म देख रहे हों । पहाड़ी नदी के पानी-सी पारदर्शी भाषा ।पहाड़ का जैसा जीवन वैसी ही भाषा । हिमाचली लोक की भाषा । रेणु की तरह हरनोट ने भी आंचलिक शब्दों का रोचक और प्रभावपूर्ण प्रयोग किया है । इनमें से अनेक शब्द पारिभाषिक हैं और उनके पीछे कोई कथा या किंवदंतियाँ छिपी हैं । पाठ से अलग करके देखने पर भले वे कठिन लगें लेकिन पाठ के साथ सहज ही इन शब्दों के अर्थ खुलते जाते हैं और हिंदी का शब्द परिवार समृद्ध होता चलता है । ये लेखक के जीवन जगत के शब्द हैं । इसलिए इनके अर्थ खुलने में बाधा नहीं आती ।

तीसरा सादृश्य दोनों उपन्यासों के स्त्री पात्रों के चित्रण में देखा जा सकता है । हरनोट दोनों ही उपन्यासों में परिवार में रमी किंतु मज़बूत आत्मबल की धनी स्त्री पात्रों की रचना करते हैं । एक में वे 'दारोश' सरीखी कहानी लिख कर स्त्री विरोधी प्रथा के ख़िलाफ़ अपनी असहमति और विरोध जता चुके हैं । वहीं से उनके स्त्री संबंधी विचार मज़बूती से प्रकट होते हैं । हिडिम्ब में जब मंत्री के गुंडे शावणू परिवार को डराने-धमकाने, प्रताड़ित और अपमानित करने के मक़सद से उनके घर पहुँच जाते हैं तो शावणू की अर्द्धांगिनी सुरमा देई डरने की बजाए हाथ में दरात उठाकर उन्हें खदेड़ देती है । उसके पराक्रम पर स्वयं शावणू को भी भरोसा नहीं होता । बिलकुल घरेलू सी उसकी पत्नी इस संकट की घड़ी में शक्ति का रूप धर लेती है । बेटे की मृत्यु के बाद विक्षिप्तावस्था में भटकती सुरमा देई के सम्मुख ठेकेदार के आ जाने पर हाथ में दरात लिए वह उसका पीछा करती है, खदेड़ती हुई रेस्ट हाउस में पहुँच जाती है और अंतत: उसके गुप्तांग काट लेती है । स्त्री शक्ति का यह आक्रोश अनायास नहीं है । हरनोट के लिए यह एक संकेत है । समाज में हिडिम्बों की बढ़ते दुराचार के असह्य हो जाने का प्रकट विरोध है ।

दूसरी तरफ़ नदी रंग जैसी लड़की में सुनमा देई (दोनों उपन्यासों की नायिका के नामों में बस एक हर्फ़ का अंतर है । वही हर्फ़ बराबर अंतर उनके कार्य व्यवहार और व्यक्तित्व में भी है) का चरित्र पितृसत्ता को चुनौती देने वाला और स्त्रियों की स्वतंत्र इयत्ता का ख़ूबसूरत आख्यान रचने वाला है । यह समकालीन स्त्री चेतना के अनुकूल भी है । सुनमा देई का जीवन सामान्य नहीं है । उसे असामान्य बनाने में तथाकथित विकास की बड़ी गहरी भूमिका रही है । सुनमा पर्वत, नदी , पर्यावरण और आम जन के विरोध में अमानवीय व विध्वंसक व्यवस्था का साथ देने वाली सभी ताक़तों से लोहा लेती है । वह दुर्धर्ष आत्मबल की धनी है । पति की अकाल मृत्यु के बाद परंपराओं को धता बताती वह सुहाग चिन्हों को पहले की ही तरह धारण करती रहती है । धीरे-धीरे समाज उसकी संवेदनाओं को समझने लगता है।

प्रकृति और पर्यावरण हरनोट की चिंता के केन्द्र में हैं । उनकी दृष्टि में इनका कितना अधिक महत्व है इसे नदी रंग जैसी लड़की की एक पंक्ति 'ज्नदी का मरना उसे भगवान के मरने जैसा लगता' से समझा जा सकता है । इन सबके के बावजूद दोनों उपन्यासों को केवल पर्यावरण केंद्रित मान लेना उन्हें सीमित करना होगा । अपने बुनियादी चरित्र में ये दोनों ही उपन्यास राजनीतिक हैं क्योंकि दोनों ही उपन्यासों में एक क़िस्म का वर्ग संघर्ष है - साधन संपन्न तबके का वंचितों से संघर्ष, अपनी भूख मिटाने के लिए सब कुछ हड़प लेने की इच्छा से जीवन की छोटी-छोटी ख़ुशियाँ और संसाधन बचा लेने का संघर्ष । हिडिम्ब में यह संघर्ष कहीं अधिक तीखा है। इस वर्ग संघर्ष का अगुआ शावणू और उनका परिवार है जिसे दलित होने की वजह से प्रताड़ित होना पड़ता है और जो बेटे और पत्नी को गँवा कर भी अपनी ज़मीन की रक्षा के लिए तन कर खड़ा होता है, मंत्री और उसके गुर्गों को चुनौती देता रहता है । अंत तक नहीं झुकता ।

नदी रंग जैसी लड़की में यद्यपि दलित संघर्ष नहीं है किंतु यहाँ वर्ग संघर्ष दूसरे रूप में मौजूद है, किसानों और सत्ताधारियों के बीच संघर्ष के रूप में ।अपने गाँवों को और पहाड़, प्रकृति, पर्यावरण और लोक संस्कृति में जो अच्छा है, उसे बचा लेने के लिए संकल्पबद्ध सुनमा देई के रूप में है। एक स्तर पर इस उपन्यास में हिमाचल प्रदेश का ठोस इतिहास भी साथ-साथ चलता है । सुनमा देई के स्वाधीनता संग्रामी पिता मास्टर भागदत्त और श्वसुर देवीदत्त वज़ीर की कथा उसे आगे बढ़ाती है । स्वाधीन भारत में जिस मंत्री-संतरी वाले तंत्र को देश के आम लोगों, मजलूमों की रक्षा के लिए खड़ा होना चाहिए था । किंतु वही उनके लूट और विनाश का कारण बन गए हैं ।

हरनोट के उपन्यासों को पढ़ते हुए फणीश्वरनाथ रेणु की याद आती है । 'मैला आँचल' याद आता है । वैसी ही चित्रमय, संगीतमय भाषा । मानो आप उपन्यास न पढ़ रहे हों, कोई फ़िल्म देख रहे हों । पहाड़ी नदी के पानी-सी पारदर्शी भाषा ।पहाड़ का जैसा जीवन वैसी ही भाषा । हिमाचली लोक की भाषा । रेणु की तरह हरनोट ने भी आंचलिक शब्दों का रोचक और प्रभावपूर्ण प्रयोग किया है । इनमें से अनेक शब्द पारिभाषिक हैं और उनके पीछे कोई कथा या किंवदंतियाँ छिपी हैं । पाठ से अलग करके देखने पर भले वे कठिन लगें लेकिन पाठ के साथ सहज ही इन शब्दों के अर्थ खुलते जाते हैं और हिंदी का शब्द परिवार समृद्ध होता चलता है । ये लेखक के जीवन जगत के शब्द हैं । इसलिए इनके अर्थ खुलने में बाधा नहीं आती । काहिका, गुर, बुक्कल, कूहल, क्यार, पूड़, घासणी, बजंतर, पुरांदू, कूजो और दूसरे पर्वतीय फूलों के नाम आदि जैसे शब्द हिन्दी की वर्धमान गतिशीलता को बनाए रखते हैं । यही काम उपन्यास में प्रयुक्त हिमाचली लोकगीत और लोक कथाएँ करती हैं ।

हरनोट उम्मीद, सरलता और संभावना के गायक उपन्यासकार हैं। कई बार कविता जैसी तरल और प्रतीक भाषा में वे अपना रूपक गढ़ते हैं । हरनोट की वैचारिकी हर तरह के भेदभाव मिटाकर सम समाज की रचना की वैचारिकी है ।वह प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने और उसके सहज प्रवाह में प्रवाहित होने रहने की वैचारिकी है । वह वैज्ञानिक और जनधर्मी वैचारिकी है । वह दलितों और स्त्रियों को परिवार और समाज में उनके हक़ व समान आदर दिलाने वाली वैचारिकी है । वह 'सार-सार को गही रहे थोथा देय उड़ाए' की वैचारिकी है ।

■ फ़ैज़ अहमद फ़ैज़

बहुत मिला न मिला ज़िन्दगी से ग़म क्या है
मता-ए-दर्द बहम है तो बेश-ओ-कम क्या है

हम एक उम्र से वाक़िफ़ हैं अब न समझाओ
के लुत्फ़ क्या है मेरे मेहरबाँ सितम क्या है

करे न जग में अलाव तो शेर किस मक़सद
करे न शहर में जल-थल तो चश्म-ए-नम क्या है

अजल के हाथ कोई आ रहा है परवाना
न जाने आज की फ़ेहरिस्त में रक़म क्या है

सजाओ बज़्म ग़ज़ल गाओ जाम ताज़ा करो
बहुत सही ग़म-ए-गेती शराब कम क्या है

लिहाज़ में कोई कुछ दूर साथ चलता है
वरना दहर में अब ख़िज़्र का भरम क्या है

---

बात बस से निकल चली है

दिल की हालत सँभल चली है

अब जुनूँ हद से बढ़ चला है

अब तबीअत बहल चली है

अश्क ख़ूँनाब हो चले हैं

ग़म की रंगत बदल चली है

लाख पैग़ाम हो गये हैं

जब सबा इक पल चली है

जाओ, अब सो रहो सितारो

दर्द की रात ढल चली है

## शांतिप्रिय नेवला

■ जेम्स थर्बर

सांपों के देश में एक ऐसा नेवला पैदा हो गया, जो सांपों से ही क्या, किसी भी जानवर से लड़ना नहीं चाहता था. सारे नेवलों में यह बात फैल गयी. वे कहने लगे, अगर वह किसी और जानवर से लड़ना नहीं चाहे, तो कोई बात नहीं, मगर सांपों से लड़ना और उनका खात्मा करना तो हर नेवले का फर्ज है.

'फर्ज क्यों?' शांतिप्रिय नेवले ने पूछा.



उसका यह पूछना था कि चारों ओर यह चर्चा फैल गयी कि वह न केवल सांपों का हिमायती और नेवलों का दुश्मन है, बल्कि नये ढंग से सोचने वाला और नेवला-जाति की परम्पराओं एवं आदर्शों का विरोधी भी है.

'वह पागल है.' उसके पिता ने कहा.

'वह बीमार है.' उसकी मां ने कहा.

'वह बुजदिल है.' उसके भाइयों ने कहा.

तब तो जिन नेवलों ने कभी उसे देखा नहीं था, उन्होंने भी कहना शुरू कर दिया कि वह सांपों की तरह रेंगता है, और नेवला-जाति को नष्ट कर देना चाहता है.

शांतिप्रिय नेवले ने प्रतिवाद किया- 'मैं तो शांतिपूर्वक सोचने-समझने की कोशिश कर रहा हूं.'

'सोचना गद्दारी की निशानी है!' एक नेवला बोल उठा.

'सोचना तो हमारे दुश्मनों का काम है' दूसरा नेवला चिल्लाया.

फिर तो यह भी अफवाह फैल गयी कि सांपों की तरह उस नेवले के भी जहर के दांत हैं. तब उस पर मुकद्दमा चला और बहुमत से उसे देशनिकाले की सजा दे दी गयी.

शिक्षा- जो दुश्मन के हाथों न मारा जाये, वह अपने ही लोगों के हाथों मारा जा सकता है.

■ फ़ैज़ अहमद फ़ैज़

याद की राहगुज़र जिसपे इसी सूरत से
मुद्दतें बीत गयीं हैं तुम्हें चलते-चलते
खत्म हो जाय जो दो-चार कदम और चलो
मोड़ पड़ता है जहाँ दश्त-ए-फ़रामोशी का
जिसके आगे न कोई मैं हूँ, न कोई तुम हो

साँस थामें हैं निग़ाहें, कि न जाने किस दम
तुम पलट आओ, गुज़र जाओ, या मुड़ के देखो
गरचे वाकिफ़ हैं निगाहें, के ये सब धोखा है
गर कहीं तुमसे हम-आग़ोश हुई फिर से नज़र
फूट निकलेगी वहाँ और कोई राहगुज़र
फिर इसी तरह जहां होगा मुकाबिल पैहम
साया-ए-ज़ुल्फ़ का और
जुंबिश-ए-बाज़ू का सफ़र

दूसरी बात भी झूठी है, कि दिल जानता है
यहाँ कोई मोड़, कोई दश्त, कोई राह नहीं
जिसके परदे में मेरा माह-ए-रवां डूब सके
तुमसे चलती रहे ये राह, यूँ ही अच्छा है
तुमने मुड़ कर भी न देखा तो कोई बात नहीं!



## निदान

■ डॉ श्यामबाबू शर्मा

इंसान बनने के लिए
भेज दिए जाते हैं
बच्चे
बड़ी आशा विश्वास से
धीरे धीरे सीखते हैं
सबक सऊर संस्कार
और संविधान
बच्चे बड़े हो जाते हैं
करने लग जाते हैं
सवाल
समाज पर
संस्कृति पर
अर्थ अनर्थ अर्थ पर
वैधानिक बंटाधार पर
और अपनी योग्यता के
अधिकार पर
बच्चों में होता है पौरूष
आंदोलन का
आह्वान का
बच्चे नहीं रुकते
नहीं डरते आंधियों से
आग की तपिश से
इतने पढ़े लिखे शिक्षित
रोजगार के लिए लड़ते बच्चे
बच्चे भविष्य की नीव हैं
हर क्षेत्र की जरूरत हैं
राजनीति रैली
जय-जयकार के
कहां से आयेंगे बच्चे
अकुरी से फंसाये जाते हैं
फिर हांके जाते हैं
बेरोज़गार बच्चे
मजहबी बियाबान में
धीरे-धीरे निपटाए जाते हैं
बधिया करके
वैचारिकी के इंतकाल से
छटपटाते तड़पते
जिंदा लाशों से दिन काटते
बच्चों में भर दिया जाता है
नफरती फितूर
राष्ट्रवाद के विसिख से
सूखते बच्चे
समाज ने नहीं सोचा
तरकश तूणीर और
विसिख संधान पर
सौंप दिया देश
इतने बच्चे और इतने सवाल
वे क्या करते!
विचारों समझ को गढ़ने वाले
इंसान बनाने वाले
स्कूलों का निदान जरूरी था।



## हाना

गांव म रहय त भूतानाग,
शहर म रहय त देवानाग। गांव म रेहे ले भूतानाग मतलब बूताकाम म लगे रहिथे त बने ढंग ले उंखर रहन-सहन अलगे रहिथे। शहर म रेहे सभ्य ढंग ले पढ़े-लिखे बने व्यवहार करथे तेकर सेती ये हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदइया–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# सितारे ज़मींन पर भावनापूर्ण फिल्म

सितारे ज़मीन पर ' भारतीय हिंदी भाषा के स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा फिल्म आये। ये फिल्म के निर्देशन आर. एस. प्रसन्ना के हावय। निर्माता आमिर खान अउ अपर्णा पुरोहित हावंय। येला 2007 के फिल्म च्तारे ज़मीन पर च्च के अगला कड़ी के रुप म समझथें। ये गलत आये ये ह स्पेनिश फिल्म 'चैंपियंस' जेन 2018 म बने रहिस हे तेखर ऊपर आधारित हावय। ये फिल्म म आमिर खान अउ जेनेलिया देशमुख मुख्य भूमिका म हावंय।

'सितारे ज़मीन पर' के कहानी गुलशन अरोड़ा नाम के एक गुस्सैल बास्केटबॉल कोच ऊपर आधारित हावय। मुख्य कोच ले झगड़ा होय के बाद शराब पी के कार चलाथे अउ पुलिस के गाड़ी ल टक्कर मार देथे। थाना म भी पुलिस संग उलझ जथे। नौकरी ले सस्पेंड हो जथे। ओला सजा के तौर पर तीन महिना कम्युनिटी सर्विस के रुप म बौद्धिक विकलांगता वाले लइकामन ल ट्रेनिंग देय के जिमेदारी मिलथे।

इंहा ले शुरु होथे कहानी। लइकामन ल देख के काम करना नइ चाहय। हर तरह के विकलांग लइकामन ल देखाय गे हावय। बॉल ल बास्केट तक ले जाना अउ ओमा डालना येला सिखाये म जेन मेहनत दिखाये गे हावय। ये ह सच म बहुत ही प्रेरणादायक हावय। गुलशन के भाव कइसे बदलथे। लइकामन के बारे म जाने के बाद गुलशन याने आमिर खान के सोच कइसे बदलथे। फिल्म ह गुलशन के एक भावनात्मक अउ प्रेरणादायक यात्रा ल दर्शाथे।

यह फिल्म म वास्तव म जेन दस वयस्क पात्र लेय गे हावय ओ मन वास्तव म डाउन सिंड्रोम वाला आयें। येखर ले अभिनय कराना भी बहुत कठिन काम रहिस होही। सितारा समूह कई मैच जीते के बाद फाइनल म मुम्बई जाना रहिस हे। जाना बहुत कठिन रहिस हे, काबर के पइसा खतम होगे रहिस हे। बस म सामान्य मन संग बइठ के जाना कठिन रहिस हे। बस म अलग-अलग सोच अउ व्यवहार के कारण सब ल बस से उतार देय गे रहिस हे।

गुलशन आखिर म अपन पत्नी तीर जाके कुछ अलग तरह से पइसा के इंतजाम करथे। गुलशन के पत्नी घलो संग म जाथे। गुलशन के अलग सोच ले ऐखर पत्नी घलो अलग रहिथे। बहुत ही बढ़िया पारिवारिक स्थिति ल बताये हावय। अंत म जेन जोश के साथ लइकामन खेलथें अउ जेन जोश अरोड़ा देवाथे ओ ह देखे के लइक हावय। मैच हारे के बाद भी सितारे समूह दूसर समूह के जीत के खुशी म साथ देथे गला मिलथे। येला देख के गुलशन भावुक हो जथे। सब लइका कहीं न कहीं काम घलो करत रहिन हें। ये फिल्म बहुत अच्छा संदेश देवत हावय। अधिक उम्र म जीवन साथी चुनना, पति पत्नी के बीच के सम्बन्ध ल कइसे सुधारना, मानसिक विकलांग लइका से कइसे व्यवहार करना ? ये फिल्म म हास्य घलो हावय गुलशन के मां अउ ओखर साथी संग गुलशन के हमेशा नोकझोंक चलय। विवाह म अपन मां ल झप्पी देथें साथी ल नहीं। एक सितारा कभी नहाये नइ रहिस हे। डूब जहूं सोचय ओला कइसे नहाये के प्रेरणा देथे ओखर मन ले डूबे के डर ल निकाल देथे।

दिव्य निधि शर्मा के लेखन अउ आर.एस. प्रसन्ना के निर्देशन बहुत ही बढ़िया हावय। हर लइका के अभिनय भावुक कर देथे। ये लइकामन ल सिखाना भी एक बहुत कठिन काम होथे। ये फिल्म सब ल सीख देथे के अइसना लइकामन से कइसना व्यवहार करना चाहिये। येला कइसे सम्हालना चाही। सच में ये अनोखा लइकामन आसमान के सितारा आयें जेन धरती म उतर के अपन रोशनी बगरावत हावंय।

**सुधा वर्मा**

# सरग के भोग–बोरे बासी

**एक झन बबा ह कहिथे-सुन बाबू हमन ह हमर धरती दाई के कोरा के सेवा बजावत हन जी,खेत के डिपरा ल खन के डबरा ल पाटत हन बाबू,खेत ह बरोबर रही न त अनाज ह घलोक बने होही जी,समझे न! अऊ तेहा पूछत रेहेस न कि तुंहर ताकत के का राज हे ? त वोकर तोला सौंहत दरसन करा देथों..। अतका कहि के वो सियांन मन ह माटी के हंडिया के बासी ल देखा के कहिथे-बेटा इही बासी ह हमर जिनगी के आधार हरे जी।**

कहिनी

मोहित आज पहिली बार अपन पुरखा के गांव जावत रहिस हे, मन म कई किसिम के सवाल आत- जात रिहिस हे,मन ह कल्पना के तरिया म लहरा मारत रिहिस,काबर कि,वोहा आज तक नई देखे रिहिस हे कि गाँव कइसना होथे, वोकर जनम-करम ह तो शहर के चकाचौंध म होय रिहिस हावय। हां, अपन बाबूजी जी ले घेरी-बेरी ये बात ल जरूर सुने रहिस हे कि गांव ह सरग बरोबर होथे कहिके,आज उहि सरग बरोबर गांव के दरसन करे बर निकले हे पहिली बार—

शहर के लाम-लाम अऊ चमचमावत सड़क ल छोड़े के पाछु मोहित के कार ह जइसे- जइसे गांव के कच्चा-पक्का अऊ धुर्रा माटी से सने रसदा म आघु बढ़े ल धरिस, मोहित मनेमन म सोचे ल धर लिस- का बाबूजी के सरग के रसदा ह अइसने रहीथे का ? अऊ मने-मन म हाँसे ल धर लिस। देखत-देखत धान अऊ उन्हारी के लहलहावत फसल ह आगे, जैन ल देख के वोकर मन ह खुस होगे,अवैया-जवैया मनखे मन के रूप,रंग,पहिनावा,ओढ़ावा ल देख के वोकर मन के कौतूहल ह अऊ उछाल मारे ल धर लिस।

लगभग दू घंटा के बाद मोहित के कार ह एक चौगड्डा म पहुंचिस,त वोहा सोच म पड़गिस कि कोन रसदा म जावंव ? कहिके, कोन ल पता पूछवं कहिके सोचत रिहिस, तभे का देखथे कि दू झन सियान मन ह जेन मन ह लगभग साठ साल के रिहिस होही,वोमन ह खेत ल कोड़- कोड़ के माटी ल मेड़ म फेकत राहय, मोहित सोच म पड़ गे कि ये उम्मर म अतेक भारी काम कोनो मनखे ह कइसे कर सकत हे,वोकर से रहे नई गिस,अऊ गांव के पता पूछे के पहिली इही बात ल पूछीस कि- बबा हो तुमन ह ये का बुता करत हो ?अऊ साठ-पैसठ साल के ये उम्मर मे भी अतका ताकत कहां ले अऊ कैसे मिलथे, थोरिक बताहू का ?

मोहित के गोठ ल सुन के बबा मन ह कठल के हाँसे ल धर लिस,फेर थोकिन थिरा के एक झन सियान ह कीहिस- अइसे लागथे तेहा कोनो सहरिया बाबू हरस,जे सेती अइसने गोठ करत हस।

एक झन बबा ह कहिथे-सुन बाबू हमन ह हमर धरती दाई के कोरा के सेवा बजावत हन जी,खेत के डिपरा ल खन के डबरा ल पाटत हन बाबू,खेत ह बरोबर रही न त अनाज ह घलोक बने होही जी,समझे न! अऊ तेहा पूछत रेहेस न कि तुंहर ताकत के का राज हे ? त वोकर तोला सौंहत दरसन करा देथों..। अतका कहि के वो सियांन मन ह माटी के हंडिया के बासी ल देखा के कहिथे-बेटा इही बासी ह हमर जिनगी के आधार हरे जी, एकर बर न साग लागे न पान,मिर्चा के बुकनी,या आमा के अथान ह काफी हे। इहू ह नइहे त,फकत गोंदली ह नून-मिर्चा के झोझो (रसा) म काम चल जथे

मोहित के आश्चर्य के ठिकाना नई रिहिस। ये खाना म ये बोराय बासी म अतेक मजा ? सियान मन कहे ल धरलीस- हहो बाबू ये 'बोराय बासी' म जेन मजा हे,वो कोनो छप्पन भोग म नई हे। बासी के अतेक मान बड़ाई सुन के मोहित ह अपन आप ल रोकनी सकिस अऊ कहिथे- बबा हो का महूं ल एको खोंची 'बोरे बासी' खाय बर देहू का ?

सियान मन के हव काहत देरी रिहिस मोहित ह बटकी म बासी,अऊ चुटकी म नून, आमा के अथान अऊ गोंदली ल खाय के शुरू करीस ते खाते रहीगे। सियान मन ह आज सहरिया बाबू के ये रुप ल देख गदगद होगे,मोहित ह बासी ल खाय के बाद, गांव के पता पूछीस अऊ अपन डगर म धीरे-धीरे चल दिस।

कार चलावत-चलावत मन म सोचे कि बाबू ह मोला बताय रिहिस हे, कि गांव म सरग हे कहिके- फेर सरग के भोग-'बोरे बासी' म कतका जादू हे। आज खाय के बाद पता चलीस- अब तो मेंहा घर म जा के अपन दाई ल मोरो बर रोज दिन 'सरग के भोग-बोरे बासी' बनाबे कहिके कइहूं। इही विचार करत गांव के धुर्रा म सनावत वोहा अपन गांव के डगर म आगू बढ़गे।

**-श्रवण कुमार साहू, 'प्रखर'**
**शिक्षक/साहित्यकार, राजिम- गरियाबंद**

## नान्हे कहिनी

# चेहरा

बनेच पढ़े-लिखे नर्स हर्षिता हा मेडिकल स्टोर मा काम करइया महेंद्र ले प्रेम बिहाव करे हे। महतारी-बाप मन अपन जिनगी के अनुभव के हवाला देके अउ ये समझा के, के हमर संस्कार म अइसन बिहाव हा टिकय नहीं। संगे संग महेंद्र के बिगड़े आदत ल बता के बरजे रहिन फेर महेंद्र के सुंदर चेहरा अउ मंदरस कस बहुतेच मीठ-मीठ बोली म मोंहाये, प्रेम जाल म फंसे हर्षिता ह नइ माने रहिस। कइसे माननतिस—प्रेग रोग म तो अंधरी होगे रहिस।

उही कहूं साले भर ऊंकर दाम्पत्य जीवन हा ठीक ठाक रहिस तहां ले खटर-पटर चालू होगे। महेंद्र के शक करे के बीमारी ह एक झन बच्चा होये के पाछू तो अउ जादा बाढ़गे। बात-बात मा दारू पीके मारपीट करना, जीव ले देहूं कइके घेंच ल मस के ल धर लेना, मोबाइल म ककरो ले यहां तक के दाई-ददा, भाई -बहिनी सखी सहेली मन सो तको बात नइ करन देना ओकर आदत बनगे। हर्षिता हा अपन तरफ ले भरसक कोशिश करिस। समझाइस, सफाई देइस के महेंद्र सुधर जाय। फेर उल्टा दिनोंदिन वोकर जिनगी नरक लहुटे ल धरलिस। थक-हार के छै महिना ले अपन मइके म बइठे हे।

ये बीच म महेंद्र ह कई पइत मना के लेगे बर आइस फेर वोहा नइ गइस। काबर के जानत हे —स्वारथ के पूरा होवत ले दू-चार दिन ठीक रइही तहां ले फेर, मारपीट अउ मानसिक प्रताड़ना चालू हो जही। वोला समझ आगे हे. के कुकुर के टेड़गा पूछी कभू सीधा नइ होवय।

महेंद्र आजो आये हे अउ लइका के हवाला देके संग चले बर केलौली करत हे। तभो ले हर्षिता टस ले मस नइ होवत ये। दाल नइ गलिस त वोहा बच्चा ल छीन के रेंगे ल धरिस तइसने हर्षिता ह चिल्ला के मोहल्ला के मन ल बलालिस अउ अपन बच्चा ल छीन के रिपोट करे बर थाना कोती रेंगत महेंद्र ल कहिस— दुबारा तैं झन दिखबे काबर के, तैंहा मोर मन म घेरी-बेरी अतका पथरा मारे हस के वोहा दर्पन सहीं कई टुकड़ा होगे हे जेमा तोर कई ठन राक्षस कस चेहरा दिखथे।

महेंद्र ह मुड़ धरे अपन वो चेहरा मन ल बारी-बारी देखे ल धरलिस।

**चोवा राम वर्मा 'बादल', हथबंद,**

# नकलची बेंदरा

तइहा तइहा के बात आय। नवापारा ले भेंडरी जाय के रसता म महानदी म पुलिया नी बने रहय। पानी बादर के दिन म डोंगा ह ये पार ले ओ पार नाहके के साधन रहय। भेंडरी अऊ बुड़ेनी के बहुत मनखे मन अपन बुता काम के सिलसिला म रोज रोज नवापारा आय।

पानी बादर के मौसम म .. एक दिन के बात आय , डोंगा म चघत बेर सिटिर सिटिर पानी गिरे लगिस। उपर डहर अऊ अंधियारे लगिस। केंवट ह मौका ल ताड़त डोंगा रेंगाना उचित समझिस। हवा धुँकत रहय। थोकिन आगू जाय के पाछू ... हवा के सरसराना ह बाढ़गे। पानी बने गिर लगिस। डोंगा म बइठे मनखे मन भीजे लगिस। कुछ मन छत्ता धरे रहय। ओमन अपन अपन छत्ता निकाल लिन। केंवट ह छत्ता ताने बर मना करिस। छत्ता के सेती हवा के बहाव कोति डोंगा खिंचाय लगिस। डोंगा सम्हलत नी रहय। कुछ मानिन कुछ मन मानबेच नी करिन। डोंगा डगमगाय लगिस। लोगन डर्राय लगिन। प्राण बचाय बर एती ले ओती हड़बड़ाय लगिन। डोंगा म न पानी भराय रहय .. न तूफान आय रहय ... मनखे मन काबर हड़बड़ाथे ... केंवटा सोंचे बर मजबूर होगे।

दिन बुड़त रहय। बैपारी, कर्मचारी, कमइया खवइया सबो अपन अपन घर लहुटत रहय। रझरझ रझरझ पानी गिरे लगिस। ओमा बइठे मन पानी ले बाँचे बर अपन अपन तिर म धराय साधन ल हेरे लगिन। कन्हो मनकापड़ .. कन्हो मोरा .. कन्हो छत्ता .. त कन्हो खुमरी ल .. अपन मुड़ म मढ़ा के अपन आप ल भीजे ले बँचाय के उदिम करे लगिन। डोंगा म बिसरू गौरिया अऊ रमतू देवार घला बइठे रहँय। इँकर तिर बाँचे बर कुछु नी रहय बल्कि इँकर संग म रमतू देवार के बेंदरा हा भीजत काँपे लगिस। ओहा कभू अपन मालिक तिर लुकाय .. कभू छाता वाले मनला ताकय। आखिर म बेंदरा ल घला अपन मुड़ बँचाय के साधन मिलगे। बेंदरा के इही उपलब्धि के सेती डोंगा डगमग डइया होवत रिहिस

असल म बेंदरा ह अपन मुड़ ल ढाँके बर जे छतरी ल अपन हाथ म धरिस ओ छतरी ह गौरिया के बाँस के झपोली ( साँप धरे के पेटारा ) के ढक्कन रिहिस। बेंदरा ह जइसे झपोली के ढक्कन ल अपन मुड़ म मढ़इस ... साँप बाहिर निकल अइस। जब तक गौरिया ह साँप ल धरतिस तब तक साँप ह खुदे घबराय कस डोंगा म एती वोती सरके लगिस ... येकरे सेती डोंगा म हड़कम्प माते रिहिस।

पानी बंद होगे। सब अपन अपन खुमरी छाता ल समेट लिन। बेंदरा ह घला अपन मुड़ उपर धरे झपोली के ढकना ल गौरिया कोति फटिक दिस। गौरिया ह तब तक साँप ल अपन आकुस म करके झापोली म डार डरिस। साँप के झपोली के ढकना के मुंदात ले डोंगा म सवार मनखे मन थरथरातेच रहिन।

डोंगा ह दूसर खड़ म अमर गिस। लोगन पार हो गिन। सब सोंचे लगिन- बेंदरा ल घला मुड़ ढाके बर कहिं दे देतेन ते अइसन घटना नी होतिस। नकलची बेंदरा के सेती होय घटना ल पाछू सुरता करके .. मनखे मन एक दूसर संग ... एक पइत जरूर गोठियाय .. जब जब डोंगा म बइठे के समे आय।

**गजानंद प्रसाद देवांगन , छुरा**

# चेंदरू - 9

लइका मन के सबले पसंदीदा खेल गुल्ली-डंडा रहय। ओमन कभू किन्नस रुख तिर त कभू दूसर छोर म खइरखा डाड़ ले लगे बड़े जिनीस चातर भुंइयां म गुल्ली-डंडा के खेल खेलय।

एक दिन के बात आय- मंझनी-मंझना लइका मन गुल्ली डंडा खेलत रिहिन। परोसी बबा हा अपन भर्री ले अपन घर वापिस आवत रिहिस। ओहा देख नी पइस.. गुल्ली सीधा ओकर माथ म आके लगिस। झन्नाटेदार शाट सहि नी सकिस। पट ले गिर गिस। छटपटाय लगिस। लइका मन डर के मारे भाग गिन।

बांच गिस केवल चेंदरू ..। ओकर संगवारी खोरवा, सूरदास अऊ पोसहा कुकुर। पानी लान के थोप डरिन। ओहा उठबेच नी करिस। ओला हला-डोला के देखिस। ओहा न हूंकय न भूंकय। बारह-तेरह बछर के लइका मन म कतेक अक्कल ? ओमन ला कुछु समझ नी आत रिहिस। चेंदरू हा ओकर मुंह म बूंद-बूंद पानी डारे लगिस। परोसी हा दांत ओंठ ला बइठारे ला धरलिस। ओकर मन के बुध पतरागे। खोरवा अऊ सूरदास घला बबा ला उही तिर छोंड़ के जाय के बात कहय। चेंदरू हा बबा ला अइसन हालत म छोंड़ के जाय से मना कर दिस। खोरवा अऊ सूरदास हा ओकर पक्का संगवारी रिहिस .. यहू मन संग म रहि गिन।

बबा.. बबा.. बबा... कइसे करथस गो.. चल उठ। घर जाबो। जोर-जोर से चेंदरू ह चिचियावत केहे लगिस। बबा के छाती ला जोर-जोर से मारे लगिस। बबा के देंहे म छटपटाहट दिखिस। लम्भा-लम्भा सांस लेय लगिस बबा हा। कोन्हो हव, कोन्हो आवत हव का? एती आव। बबा कइसे करत हे। चिल्ला-चिल्ला के खोरवा अऊ सूरदास हा हांक पारे लगिस। चेंदरू अऊ ओकर संगवारी मन ओकर हथेली ल सुक्खा घसरे लगिन। ओकर पांवतरी ल गरम करे लगिन .. बबा के देंहे म थोकिन गरमाहट आय लगिस, फेर ओकर मुंह ले बोली नी निकलत रहय।

पल-पल पहाड़ कस बीते लगिस। कोन्हो नी दिखत रहय। बेरा ढरकत रहय। गांव के मन कमा के वापिस आत दिखही तहन बताबो सोंचत रिहिन..। फेर देरी झन होय सोंच सूरदास संग उचा डरिस अऊ लेगे लगिन। कुछ धूरिहा म गांव के मनखे दिखिन। सब दऊड़िन। सियान के माथा हा डोडोक ले फूलगे रहय। ओकर आंखी लिबिर-लिबिर करत रहय। ओकर जिंदा रेहे के आभास होइस। सबो मिल के चिंगिर-चांगर उचइन। गांव तक उइसने लेगिन।



गांव म देखो-देखो होगे। जेन लइका के मारे गुल्ली ह ओकर माथ म परे रहय। तेकर घर के मन ले बबा के घर के दुश्मनी रहय। चेंदरू ल पूछिन कोन मारिस ? काकर मारे गुल्ली म लगिस ? चेंदरू हा अपन नाव लिस। अपन संगवारी मन ल घला चेता दे रिहिस। खोरवा अऊ सूरदास घला ओकरे नाव लेहे लगिस। सबो झन सूरदास ला पूछय – तैं थोरेन देखे हस तेमा ? सूरदास कहय-जतका झन खेलत रिहिन तेमन बतावत रिहिन। उही ला सुन के कहत हंव। हमला दिखहि थोरेन ? पूरा इल्जाम ला अपन माथ म ले लिस चेंदरू ह।

घर म बइद आइस। नाड़ी छुये ले ओकर जिये के एहसास आभास होइस। लकर-धकर दवई दिस। ओकर छाती ल मसकत मालिश करे कस करिस।. बबा के लम्भा होवत सांस हा बने होइस। बबा पानी मांगिस। थोरिक बेर म बबा उचके बइठिस।

बबा बतइस- छाती पिरावत रिहिस। तेकर सेती बुता ला आधा छोंड़ के लकर-धकर आवत लइका मनला नी देख पायेंव। गुल्ली आके परिस तेला भर जानथंव। तहन ओ पार ल नी जानव।

चेंदरू के खोरवा संगवारी बतइस- बबा के गिरे के पाछू दऊड़ेन तहन चेंदरू हा डर के मारे बबा.. बबा.. कइसे करथस कहत ओकर छाती ला जोर-जोर से पीटे लगिस। हमन मना नी कर सकेन। गऊकिन काहिं हो जतिस ते ? हमरे मन के नाव हो जतिस।

बइद बतइस- छाती ला जोर-जोर से मार के चपके के प्रयास हा ओला जिंदा कर दिस। ओकर छाती ल नी चपकतिस ते ? ओकर बंद होत सांस हा चालू नी होतिस। चेंदरू ल मालूम नी रिहिस फेर ओकर काम ले बबा के जीवन बांचगे। गांव म ओला बहुत अशीष मिलिस।

**हरिशंकर प्रसाद देवांगन, छुरा**

# बेटा बचाव

बियंग

**लेड़गा पूछथे बेटी पढ़हाव बेटी बचाव के का हो ही भइया? मैं केहेंव अब तो 'बेटा बचाव' अभियान चलाय ल पड़ही जी लेड़गा। पहिली के दाई-ददा मन ल दमाद कइसे मिलही कहिके संसो राहय अब तो बहू कईसे मिलही कहिके संसो रहिथे। अब वो सीरियल नंदागे सास भी कभी बहू थी। अब तो उल्टा चलत हे डायन भी कभी बहू थी। कतनो झन कम पढ़हे लिखे मरद मन अपन सुवारी ल खुब पढ़हाईस पद पा के वहू मन ठेंगा देखा दिस।**

लेड़गा गावत राहय 'काला बतावव मै नारी महिमा देवता घलो नई पावे पार... काला। में पूछेंव का होगे जी लेड़गा ?

तब लेड़गा कथे- भइया नारी के महिमा ल कोनो पार नई पा सके। कथे नारी ले दुनिया हारी। एक समे राहय नारी अपन सुहाग ल बचाय बर देवता यमराज ले घलो जोम दे देय (भिड़ जाय)रहिसे। सावित्री ह अपन पति सत्यवान के काया म जब तक जान नी आईस तब तक पाछू नई छोड़िस। माता अनुसुइया ह देवता ब्रम्हा, विष्णु,महेश ल छै महीना के लईका बना देय रिहीस। माता सीता ह घलो अपन पति के सुख-दुख म संग देय बर 14 बछर के बनवास काटे बर ओकर संग ल नई छोंड़िस अऊ अपन सरी सुख ल तियाग दिस।

तैं सही काहत हस जी लेड़गा! तेखरे सेती तो नारी ल शक्ति के रुप माने गेहे। फेर तब अऊ अब म बड़ फरक हे। अब के तिरिया चरितर ल सुनके पोटा कांप जथे। अब तो शेर मन कम अऊ शेरनी मन जादा शिकार करत हे।

लेड़गा कथे-बने फोर के बता न भइया, का कथस समझ नहीं आवत हे ? मैं केहेंव यहू मन अभिव्यक्ति के आजादी के नाम म उच्छंद हो गेहे रे लेड़गा। इंकर ब्युटी पार्लर वाले रुप ल देखबे ते भस्मासुर कस तहूं मोहा जबे। इंकर नाम म घलो बड़ जादू रहिथे जइसे- मुस्कान,सोनम, निधि। पहली के सियान मन कहे बेटा एक कुल ल तारथे,बेटी मन दू कुल ल तारथे, फेर अब तो कतनो बेटी मन दू कुल ल मारत हे। इंकर डर (दहशत )अइसन हो गेहे के नीला रंग के डराम वाले के धंधा चौपट (ठप्प) हो गेहे।

लेड़गा कथे-अब के शक्ति ल नई बताय हस भइया।

मै केहेंव-एक झन ह अपन मरद ल कुटी-कुटी काट के नीला डराम म डार के सीरमेंट म छाब दिस, एक झन घुमे के नाम म जंगल में लेग के मरवा दिस। एक झन ह जान बूझके एक्सीडेंट करवा के मरवा दिस। ऐ ह अब के नारी शक्ति आय जी लेड़गा। पाछू पांच बछर म कमसलहा (लगभग)785 मरद मन ल ओकर सुवारी मन यमराज ल मिले के अपाइंटमेंट देवा दिस। ये हरे अब के शक्ति। वइसे ये मन ल कलयुग के विष कन्या भी केहे जा सकथे।

लेड़गा पूछथे बेटी पढ़हाव बेटी बचाव के का हो ही भइया? मैं केहेंव अब तो 'बेटा बचाव' अभियान चलाय ल पड़ही जी लेड़गा। पहिली के दाई-ददा मन ल दमाद कइसे मिलही कहिके संसो राहय अब तो बहू कईसे मिलही कहिके संसो रहिथे। अब वो सीरियल नंदागे सास भी कभी बहू थी। अब तो उल्टा चलत हे डायन भी कभी बहू थी। कतनो झन कम पढ़हे लिखे मरद मन अपन सुवारी ल खुब पढ़हाईस पद पा के वहू मन ठेंगा देखा दिस। ऐला कथे 'धन जाय अऊ धरम घलो जाय'। एक ठन अऊ हाना हे 'नकटी के नाक कटे सवा हांथ बाढ़े।' ये इक्कीसवीं सदी आय रे लेड़गा...। अब गुन,गण, नाड़ी मिलाय ल छोड़ के मोबाइल के डेटा निकलवा के,नारको टेस्ट करवा के बहू बिहाय ल पड़ही। अब यहू मन 'मेड इन चाइना' कस हो गेहे।

अभिनेच कुन एक झन दूल्हा ह विज्ञापन म छपवाय राहय –

मै फलानी से विवाह करने जा रहा हूं किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचित करें। लेड़गा कथे पहिली पढ़ें रेहेन–

बुंदेलों हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी,
खुब लड़ी मरदानी वह तो झांसी वाली रानी थी।

फेर अब तो ...।

मैं लेड़गा ल केहेंव कहूं घुमना हे तो लड़का मन ल बाडी गॉर्ड लेके घुमे ल पड़ही। एकर ले गॉर्ड मन ल घलो रोजगार मिलही। तहूं एक ठन पोगरही गॉर्ड के आफिस खोल लेबे,जेमा लिखवाबे नवविवाहितों को (विशेष पुरुषों को) सुरक्षा दिया जाता है। बिलकुल कम दामों में।

**जान है तो जहान है- प्रोपाइटर –लेड़गा**

**-फकीर प्रसाद साहू , 'फक्कड़' ग्राम -सुरगी, राजनांदगांव**

## मया के खातिर

मोर हाथ के लकीर म मया हि नईहे
मैंय मया के राह म आंव कईसे
मैंहा जेन दिन मया के सिरिफ नांव ले हव
मैंय परसान हौव ओ दिन ले ओला बताव कईसे

मैंय हालत ले लड़के भी हार मानेव
अब मया के सपना सजाव कईसे
मोर मजबुरी के आज घलोक ए पीरा हे
ओ रोवाथे मोला ऐला बताव कईसे

बात बात म एक बात तहुं पुछबे
मया का होथे तेन ल बतातेव अईसे
जिनगि के बेरा बहुतेच कमति हे
तोला हरेक बात ल फोरके बताव कईसे!!

**– सोनु नेताम 'माया'**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# देश विदेश

## रूस के शीर्ष राजनयिक द्विपक्षीय वार्ता के लिए पहुंचे उत्तर कोरिया

**वाशिंगटन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उत्तर कोरिया पहुंचे हैं, जहां वे उत्तर कोरियाई विदेश मंत्री के साथ बातचीत करेंगे। एक रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार, यह दौरा दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी का एक और संकेत है। योनहाप ने रूसी समाचार एजेंसी तास के हवाले से बताया कि उनका विमान पूर्वी तटीय शहर वॉनसन पहुंचा, जहां प्योंगयांग ने 1 जुलाई को अपने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक तटीय पर्यटन क्षेत्र खोला था। लावरोव की उत्तर कोरिया यात्रा रविवार तक चलेगी, जिसके बाद वह शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों की विदेश मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए चीन जाएंगे।

### बांग्लादेश में चुनाव से पहले सुधार की दलील को बीएनपी ने खारिज किया, कहा

# अब चुनाव में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी

**ढाका,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने नोबेल विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के तर्क पहले न्याय और सुधार, फिर चुनाव को सख्ती से खारिज कर दिया है। पार्टी ने स्पष्ट कहा है कि अब किसी भी सूरत में चुनाव में देरी स्वीकार नहीं की जाएगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शनिवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के दौरान बीएनपी की स्थायी समिति के सदस्य डॉ. अब्दुल मोईन खान ने कहा कि अब सबसे अहम मुद्दा जनता को मताधिकार का अधिकार देना है और इसके लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव जल्द से जल्द कराए जाने चाहिए। डॉ. खान ने कहा कि बीएनपी अब पहले सुधार, फिर चुनाव जैसी दलील नहीं मानेगी। सुधार और न्याय एक सतत प्रक्रिया है। अंतरिम सरकार का मुख्य कर्तव्य लोकतंत्र की पुनर्स्थापना है, और इसके लिए सत्ता को जल्द से जल्द जनता को लौटाया जाना चाहिए।

उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संयम बरतने की सलाह देते हुए कहा कि उनका आचरण लोकतांत्रिक होना चाहिए, न कि सत्तारूढ़ अवामी लीग की तरह। इससे एक



दिन पहले, बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने भी यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि सुधार कोई स्थिर प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक

**अब सबसे अहम मुद्दा जनता को मताधिकार का अधिकार देना है और इसके लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव जल्द से जल्द कराए जाने चाहिए : डॉ. अब्दुल मोईन खान**

गतिशील प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि सुधार कोई थाईलैंड की पहाड़ी श्रृंखला की तरह स्थिर नहीं है। रिजवी ने यह भी कहा कि सुधार जरूरी हैं, लेकिन उन्हें चुनाव टालने के बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। जनता को गुमराह करने की कोशिश क्यों की जा रही है? चुनाव टालने की जो कोशिश की जा रही है, वह लोकतंत्र के खिलाफ है। सबसे जरूरी काम सत्ता को जनता के हाथों में लौटाना है। बीएनपी की यह कड़ी प्रतिक्रिया उस वक्त आई है, जब एनसीपी के संयोजक नाहिद इस्लाम ने कहा था कि देश की जनता न्यायिक और राजनीतिक सुधारों के बिना आम चुनाव नहीं होने देगी।

## बांग्लादेश में डेंगू बना चुनौती, स्कूल-कॉलेज के छात्र ज्यादा संक्रमित



**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू के मामलों में तेजी से वृद्धि जारी है। कई स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस साल कुल संक्रमितों की संख्या 14,069 तक पहुंच गई है और 54 लोगों की मौत हो चुकी है। मच्छर की वजह से पैदा होने वाली इस बीमारी ने देश के स्वास्थ्य सेवा ढांचे में गंभीर कमियों को उजागर किया है, जिससे जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों में चिंता बढ़ गई है, क्योंकि कई गंभीर रूप से बीमार मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। कोमिला जिले में चिंता बढ़ती जा रही है, जहां शनिवार को प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, एक ही दिन में 72 नए मामले सामने आए।

## बांग्लादेश में छात्र की हत्या से भडका जन-आक्रोश

### बीएनपी कार्यकर्ताओं पर लिंचिंग का आरोप



**ढाका।** बांग्लादेश में छात्र और स्क्रैप का काम करने वाले लाल चंद उर्फ सोहाग की हत्या के बाद जनाक्रोश फूट पड़ा है। दो दिन पहले ढाका में उसकी हत्या हुई थी। न्याय की मांग करते हुए ढाका में लोग सड़क पर उतर आए हैं।

ढाका में सर सलीमुल्लाह मेडिकल कॉलेज (मिटफोर्ड) अस्पताल के बाहर दिनदहाड़े लाल चंद उर्फ सोहाग की हत्या हुई थी। कथित तौर पर बुधवार शाम करीब 6 बजे अस्पताल के तीसरे गेट के पास कई लोगों ने मिलकर लोहे और सीमेंट के टुकड़ों से सोहाग को बेरहमी से मारा। ईंटों-पत्थरों से उसका सिर कुचल दिया। इसके बाद हमलावर उसके बेजान शरीर को घसीटकर सड़क पर ले गए, जहां सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उन्होंने अपनी क्रूरता जारी रखी।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कथित तौर पर जबरन वसूली इसकी मुख्य वजह थी। बांग्लादेश के प्रमुख अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की युवा शाखा, जुबो दल के सदस्यों पर इस लिंचिंग में शामिल होने और जबरन वसूली के विवाद में हमला करने का आरोप है। लाल चंद उर्फ सोहाग के साथ क्रूरता का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया था। बाद में घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुआ, जिससे आक्रोश की लहर दौड़ पड़ी।

## सुडोकू 6972

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | 1 | | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 5 | | 6 | 2 | 4 | 7 | | |
| 2 | | 7 | | 8 | | | | |
| 3 | 4 | | | | | | 5 | 8 |
| | | | | 4 | | 1 | | 7 |
| | | 8 | 4 | 5 | 1 | | 7 | |
| | | | | | | 5 | | |
| | 6 | | | | 2 | | | 9 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 13 जुलाई , 2025 श्रावण कृष्ण पक्ष 3

### राशिफल

मेष - आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। ऑफिस के कामकाज के लिए बाहर जाना होगा। कार्यभार बढ़ेगा।

वृषभ - विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्रों का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा। नए आयोजन हाथ में ले सकेंगे। लंबी दूरी की यात्रा होगी, तीर्थ यात्रा होगी।

मिथुन - किसी भी प्रकार के अनिष्ट से बचने के लिए आज क्रोध की भावनाओं को नियंत्रण में रखने की जरूरत है। नई दवाई या चिकित्सा शुरू करने के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। खर्च बढ़ जाने से आर्थिक तंगी अनुभव होगी।

कर्क - आज का दिन दोस्तों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का भी आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में भी लाभ होने की संभावना अधिक है। भागीदारों से भी लाभ होगा।

सिंह - आज आपके परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर आप आनंदपूर्वक समय व्यतीत करेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश, कीर्ति और आनंद की प्राप्ति होगी।

कन्या - आज आपको किसी न किसी कारणवश से मन में चिंता रहेगी। विशेष रूप से संतान और स्वास्थ्य के बारे में आप अधिक चिंतित होंगे। पेट संबंधी बीमारियों की शिकायत रहेगी। विद्यार्थियों की पढ़ाई में कठिनाइयां आएंगी।

तुला - आज आप शारीरिक रुप से शिथिलता और मानसिक रुप से चिंता का अनुभव करेंगे। माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति से संबंधित कामों में सावधानी बरतें।

वृश्चिक - आज का दिन खुशी से व्यतीत करेंगे। नए काम की शुरुआत करेंगे। घर में भाई-बहनों के साथ मेल-मिलाप रहेगा। स्वजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी। किसी छोटी यात्रा के योग हैं।

धनु - आज का दिन मध्यम फलदायी हैं। निरर्थक व्यय होगा। मन में ग्लानि रहेगी। परिजनों के साथ गलतफहमी के कारण मनमुटाव हो सकते हैं। कामों में मनवांछित सफलता नहीं मिल पाएगी। दुविधायुक्त मनोदशा के कारण निर्णय नहीं ले पाएंगे।

मकर - आज निर्धारित कार्य सफलता से पूरे होंगे। ऑफिस या व्यवसायिक स्थल पर आपका वर्चस्व बढ़ेगा। गृहस्थ जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

कुंभ - आज किसी का पक्ष ना लें। पैसे की लेन-देन से परहेज करें। खर्च में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिजनों के साथ वाद-विवाद से बचें। किसी के साथ गलतफहमी होने से झगड़ा होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखना पड़ेगा।

मीन - आज आपके लिए लाभदायक दिन है। नौकरी व्यवसाय में आय वृद्धि होगी। बुजुर्ग और मित्रों की तरफ से आपको लाभ होगा। नए मित्र बनेंगे। इनसे मित्रता भविष्य के लिए लाभदायक साबित होगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अफ्रीका में हैजा व एमपॉक्स का प्रकोप, इस साल 4,200 से ज्यादा की मौत

**अदीस अबाबा,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। अफ्रीका में 2025 में हैजा और एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) जैसी बीमारियों के कारण अब तक 4,200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



यह जानकारी अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने दी है। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, अफ्रीका सीडीसी में एमपॉक्स के डिप्टी इन्सिडेंट मैनेजर, याप बूम द्वितीय ने बताया कि हैजा और एमपॉक्स को इस साल की सबसे बड़ी बीमारी माना जा रहा है, जिसकी वजह से कुल 4,275 लोगों की मौत हो चुकी है। अफ्रीकी संघ की एक खास स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस साल की शुरुआत से अब तक अफ्रीका के 21 देशों में लगभग 1,76,136 लोग हैजा से बीमार हुए हैं, और 3,697 लोगों की मौतें हुई हैं। अफ्रीका में बार-बार हैजा फैलने की सबसे बड़ी वजह साफ पानी की कमी है। इसके अलावा, अफ्रीका की बदहाल स्वास्थ्य सेवाएं हैं, जिनकी स्थिति और दयनीय हो गई है। अफ्रीका सीडीसी के अनुसार, 2025 की शुरुआत से अब तक, अफ्रीका के 23 देशों में एमपॉक्स के 79,024 मामले सामने आए हैं।

# अजित डोभाल के बयान से बौखलाया पाकिस्तान

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर दिए गए बयान से पाकिस्तान तिलमिला उठा है। डोभाल ने शुक्रवार को पहली बार पाकिस्तान की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर मौजूद नौ आतंकी ठिकानों को बेहद सटीक तरीके से निशाना बनाया और इस दौरान एक भी चूक नहीं हुई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मात्र 23 मिनट में पूरा हुआ और इसका आधार पूरी तरह खुफिया जानकारी थी। अब पाकिस्तान के हुक्मरान भारतीय एनएसए के इस खुलासे पर बौखला गए हैं।

दरअसल, डोभाल ने विदेशी मीडिया को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर भारत को नुकसान पहुंचा है, तो एक भी फोटो, एक भी सैटेलाइट इमेज दिखा दें। यहां तक कि एक शीशा भी टूटा हो तो बताएं। हम जानते थे कौन कहां है और हमने उसी जगह को निशाना बनाया। हमसे कोई चूक नहीं



■ **पाकिस्तान ने भारत पर संप्रभुता के उल्लंघन व अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाने का लगाया आरोप**

हुई। डोभाल के इस बयान के बाद पाकिस्तान में खलबली मच गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर डोभाल के बयान को तोड़फोड़ और झूठ से भरा हुआ करार दिया। इसके साथ ही पाकिस्तान ने भारत पर संप्रभुता के उल्लंघन और अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया।

## वर्ग पहेली 6972



**बायें से दायें:-**

१. कलाकार, गुणवान, निपुम (उर्दू)
४. झंडा, ध्वज (उर्दू)
६. गति, चाल वेग (उर्दू)
७. विफल(उर्दू)
८. बातचीत
१०. प्रार्थना करना
११. गुत्थी, फंसाव कठिनाई, चिंता
१३. नाइंसाफी
१४. हर्ष, पुलक
१५. एक बंददार, मर्दाना पहनावा
१७. लोभी
१९. विपदा,विरक्ति
२१. धनी, अमीर (उर्दू)
२२. चुभना, गड़ना, अनुचित जान पड़ना
२४. पछताना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**

१. आज्ञा पत्र (उर्दू)
२. उदारमना (उर्दू)
३. बीच, मध्य (उर्दू)
४. पतंगा, लिखित आज्ञा पत्र(उर्दू)
५. गाज, बिजली
९. समानार्थी
११. श्रम, उद्यम उत्पादक, जीवन के लिए आवश्यक सामग्री उत्पन्न करने का धंधा
१२. छोटी खिड़की, गवाक्ष
१३. पृथ्वी
१४. रोकने वाला
१५. बदलना (अंतरिम)
१६. बचा-खुचा
१८. गहरी इच्छा, लालसा
१९. युद्ध
२०. एड़ी के ऊपर की हड्डी की गांठ
२३. अनेक

### वर्ग पहेली-6971



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# लाल सागर में नागरिक जहाजों पर फिर से हूती विद्रोहियों का हमला

### संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस ने की कड़ी निंदा



**सभी पक्षों को हर समय अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना चाहिए : एंटोनियो गुटेरेस**

**संयुक्त राष्ट्र,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। यमन में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में नागरिक जहाजों पर फिर से हमले शुरू कर दिए हैं, जिसकी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कड़ी निंदा की है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने एक बयान में कहा कि दो कमर्शियल जहाजों का डूबना, कम से कम चार क्रू मेंबर्स की मौत और अन्य के घायल होने की घटनाएं इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में एक खतरनाक रूप ले रही हैं। प्रवक्ता ने बताया कि कम से कम 15 चालक दल के सदस्यों के लापता होने की खबर है। महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने हूती विद्रोहियों से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी कदम को न उठाएं जो लापता क्रू मेंबर्स की तलाश और बचाव अभियान में बाधा पहुंचाए।

## पाकिस्तान में बाढ़ को लेकर अलर्ट, 17 जुलाई तक सतर्क रहने की चेतावनी

**इस्लामाबाद,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान में मानसून की बारिश के बीच अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कई जगह तेज बारिश से नदियों का पानी बढ़ सकता है। कुछ कमजोर इलाकों में बाढ़ आने की भी आशंका जताई गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और पंजाब की प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने लोगों से सावधान रहने और पानी भरे हुए इलाकों में जाने से बचने की अपील की है।



खासकर 17 जुलाई तक अलर्ट रहने के कारण लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है। अरब सागर से आई नमी की वजह से पंजाब में मॉनसून एक्टिव है। लाहौर में रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे नमी (ह्यूमिडिटी) बढ़ गई है।

## आज का इतिहास

1534- ऑटोमन सेना ने उत्तर पश्चिमी फारस में ताबरिज पर कब्जा किया।
1645- अलेक्सेई रोमानोव अपने पिता माइकल की जगह रूस के शासक बने।
1830- राजा राम मोहन राय और अलेक्जेंडर डफ ने कलकत्ता में स्कॉटिश चर्च कॉलेज की स्थापना की।
1882- रूस में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 200 लोगों की मौत।
1929- क्रांतिकारी जतिंद्रनाथ ने अपनी ऐतिहासिक भूख हड़ताल शुरू की।
1931- डोगरा सैनिकों ने श्रीनगर में अदालत के बाहर इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की जिसमें 22 कश्मीरी मारे गए। इसे जम्मू-कश्मीर में शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है।
1974- भारत ने अपना पहला एकदिवसीय अंतर्राष्टीय क्रिकेट मैच इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले में खेला।
1977- जनता पार्टी की सरकार ने भारत रत्न और अन्य नागरिक सम्मानों को वापस लेने की घोषणा की, लेकिन 1980 में कांग्रेस सरकार ने इसे फिर से शुरू किया।
1995- बंगाली लेखिका आशापूर्णा देवी का निधन।
1998- भारत के लिएंडर पेस ने हॉल आफ़ फ़ेम टेनिस चैंपियनशिप में अपने जीवन का प्रथम ए.टी.पी. ख़िताब जीता।
2000- फिजी में महेन्द्र चौधरी समेत 18 बंधक रिहा।
2006- परमाणु बम निर्माण संबंधी ईरान मसला संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के हवाले।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**रायपुर सहित सात नगरीय निकायों...**

नवीन श्रेणी में छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों का चयन हुआ है। अंबिकापुर नगर निगम (50 हजार से तीन लाख आबादी वाले शहरों की श्रेणी), पाटन नगर पंचायत तथा बिश्रामपुर नगर पंचायत (20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी) को एसएसएल के लिए चयनित किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने स्वच्छ सर्वेक्षण में राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए चयनित सातों नगरीय निकायों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा स्थानीय निकायों द्वारा सतत किए जा रहे प्रयासों का यह उत्कृष्ट परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि आने वाले समय में राज्य के और भी अधिक नगरीय निकाय स्वच्छता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होंगे। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शहरी सरकारों से लेकर राज्य और केंद्र सरकार तक, सभी मिलकर शहरों को स्वच्छ, सुंदर और सुविधासंपन्न बनाने हेतु अनेक नवाचारों के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**1.18 करोड़ के इनामी नक्सली...**

सुकमा, अमरजीत गुप्ता, उप कमांडेंट डीआईजी ऑफिस जगदलपुर , टी. सैमसन राजू, उप कमांडेंट, 02 वाहिनी सीआरपीएफ, मनीष रात्रे , उप पुलिस अधीक्षक, नक्सल ऑप्स सुकमा, हर्षिल सहायक कमांडेंट 02 वाहिनी सीआरपीएफ एवं निरीक्षक मोहम्मद सुहैल सिद्दीकी , आरएटी जगदलपुर समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।

आत्मसमर्पण करने वाले में पूर्व कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन का अपहरण करने वाले लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा (दक्षिण सब जोनल ब्यूरो सप्लाई टीम कमांडर/डीव्हीसीएम ईनाम 8 लाख), टेकलगुड़ा मुठभेड़ में शामिल रमेश उर्फ कलमू केसा (पीएलजीए बटालियन नंबर 01, हेडक्वार्टर कम्पनी नंबर 03, प्लाटून नंबर 02, सेक्शन ''बी''/सीसीएम माड़वी हिड़मा का गार्ड कमाण्डर (पीपीसीएम) ईनाम 8 लाख), बुर्कापाल मुठभेड़ में शामिल कवासी मासा (पीएलजीए बटालियन नं. 01, कम्पनी नं0 02 प्लाटून नं0 02, सेक्शन ''बी'' का पार्टी सदस्य/पीपीसीएमईनाम 8 लाख), प्रवीण उर्फ संजीव उर्फ मड़कम हुंगा (उत्तर/पश्चिम सब जोनल ब्यूरो स्टॉप टीम/पीपीसीएम। ईनाम 8 लाख), करेगुट्टा पहाड़ी की घटना में शामिल नुप्पो गंगी (पीएलजीए बटालियन नं. 01 कम्पनी नं.-02, प्लाटून नं. 01, सेक्शन ''ए'' की पार्टी सदस्या/पीपीसीएम ईनाम 8 लाख), ताड़मेटला मुठभेड़ में शामिल पुनेम देवे (पीएलजीए बटा. नं. 01, कम्पनी नं. 01, प्लाटून नम्बर 03, सेक्शन ''बी'' की पीपीसीएम ईनाम 08 लाख ), परस्की पाण्डे (पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 हेड चार्टर सप्लाई की पार्टी सदस्या ईनाम 08 लाख), माड़वी जोगा पिता (पीएलजीए बटालियन हेर्ड चाटर पार्टी सदस्य/बीएनपीसी राजे उर्फ राजक्का का गार्ड ईनाम 08 लाख), नुप्पो लच्छु उर्फ लक्ष्मण (पीएलजीए बटालियन हेर्ड चाटर/एसजेडसीएम सन्नु दादा का गार्ड ईनाम 08 लाख), पोड़ियाम सुखराम (पीएलजीए बटालियन नं. 01 कम्पनी नं. 03, प्लाटून नं. 03, सेक्शन ''ए'' का पार्टी सदस्य ईनाम 08 लाख), मिनपा मुठभेड़ में शामिल दूधी भीमा ( प्लाटून नंबर 04 का डिप्टी कमाण्डर पीपीसीएम ईनाम 08 लाख), मुचाकी रनौती उर्फ हिड़मे (पामेड़ एरिया टेलर टीम पार्टी कमाण्डर/एसीएम ईनाम 05 लाख), कलमू दूला (दक्षिण बस्तर डिवीजन कृषि टीम कमाण्डर/एसीएम ईनाम 05 लाख ), दूधी मंगली (कोंटा एरिया कृषि शाखा अध्यक्ष/एसीएम ईनाम 05 लाख), सिद्धार्थ उर्फ माड़वी इंदा (कालाहाण्डी, कंदमल डिवीजन अन्तर्गत पूर्वी ब्यूरो एलजीएस कमाण्डर/एसीएम ईनाम 05 लाख), हेमला रामा (दक्षिण सब जोनल ब्यूरो टी0डी0 टीम पार्टी सदस्य ईनाम 03 लाख), सोड़ी हिड़मे (पामेड़ एरिया मेडिकल टीम कमाण्डर/पार्टी सदस्या ईनाम 01 लाख), कवासी जोगा, रूपा उर्फ भीमे मड़कमी, गगन उर्फ करटम दुड़वा, कवासी हुंगी, कारम भीमा, मड़कम नंदे शामिल है।

आत्मसमर्पण करने वाले तीन नक्सल दंपति लोकेश उर्फ पोडियम भीमा - मुचाकी रनौती उर्फ हिडमें, दूधी भीमा - पोडियम मंगली, कारम भीमा - मड़कम नंदे है।

उपरोक्त सभी आत्मसमर्पित नक्सलियों को शासन के नवीन पुनर्वास नीति ''छत्तीसगढ़ नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति -2025 '' के तहत् प्रत्येक को 50-50 हजार रूपये के मान से प्रोत्साहन राशि एवं अन्य सुविधायें प्रदान करायें जायेंगे। आत्मसमर्पित नक्सली मे पूर्व कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण मे शामिल रहे। अब तक का सबसे बड़ी रक़म ईनामी नक्सलियों के समर्पण से संघठन लगभग ख़ात्मे की ओर अग्रसर है।

**तालाब में डूबने से...**

बाद जब बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। तालाब के किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पल देखे गए, जिससे अनहोनी की आशंका और प्रबल हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल पानी में तलाश शुरू की और कुछ ही देर में चारों बच्चों के शव बाहर निकाले गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बलौदा लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद चारों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही बलौदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। गांव में एक साथ चार बच्चों की मौत की खबर ने पूरे क्षेत्र को गहरे शोक में डुबो दिया है। चारों परिवारों में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीण स्तब्ध हैं कि ऐसा भीषण हादसा कैसे हो गया।

**विधायक ने घटना को बताया अत्यंत दुखद, परिजनों से मिलकर जताई संवेदना**

ग्राम भैसतरा में चार मासूम बच्चों की तालाब में डूबने से हुई दर्दनाक मौत की खबर मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह तत्काल बलौदा मरचुरी पहुंचे। वहाँ उन्होंने शोकसंतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। विधायक ने इस हृदयविदारक घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने प्रशासन को आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही विधायक श्री सिंह ने जनता से अपील की कि वर्तमान में वर्षा के कारण खेतों और तालाबों में जलभराव की स्थिति बन गई है। ऐसी परिस्थिति में बच्चों को अकेला न छोड़ें और उनकी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दें, ताकि इस प्रकार की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

**पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई**

बलौदा थाना पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिवत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है, हालांकि अब तक किसी अपराधिक तत्व की पुष्टि नहीं हुई है।

## दुनिया को जानें

### नासा करेगा एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। नासा ने घोषणा की है कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से एक्सियम मिशन-4 के प्रस्थान और पृथ्वी पर वापसी का सीधा प्रसारण करेगा। यह मिशन एक निजी अंतरिक्ष यात्री मिशन है, जिसमें भारत के शुभांशु शुक्ला समेत 4 अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। प्रस्थान 14 जुलाई, सोमवार को सुबह 7:05 बजे अंतरिक्ष स्टेशन के हॉर्मनी मॉड्यूल के स्पेस-फेसिंग पोर्ट से स्पेसएक्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिए होने की संभावना है। पृथ्वी वापसी के बाद यह यान कैलिफोर्निया तट के पास सागर में लैंड करेगा।

नासा की कवरेज सुबह 4:30 बजे हैच क्लोजिंग के साथ शुरू होगी और इसे नासा+ सहित कई सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर देखा जा सकेगा। 4:55 बजे चालक दल ड्रैगन यान में प्रवेश करेगा और हैच बंद की जाएगी। इसके बाद 6:45 बजे अंडॉकिंग कवरेज शुरू होगी और 7:05 बजे यान अंतरिक्ष स्टेशन से अलग होगा। प्रसारण यान के अलग होने के 30 मिनट बाद तक जारी रहेगी, जिसके बाद एक्सिओम स्पेस अपने प्लेटफॉर्म पर ड्रैगन की पृथ्वी वापसी और स्प्लैशडाउन का प्रसारण करेगा।

# खेल जगत

## ढब मोनाको डायमंड लीग स्टीपलचेज से हुए बाहर

**मोनाको,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। एशियाई खेलों के चैंपियन और दो बार के ओलंपियन अविनाश साबले को शनिवार को मोनाको डायमंड लीग 2025 में पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज दौड़ के शुरुआती दौर में गिरने के बाद दौड़ से हटना पड़ा। स्टेड लुइस द्वितीय स्टेडियम में प्रतिस्पर्धा कर रहे 30 वर्षीय भारतीय एथलीट ने दौड़ शुरू करने के एक मिनट से थोड़ा ज्यादा समय बाद ही पानी में कूदते समय एक अन्य प्रतियोगी का पैर फिसल जाने के कारण लड़खड़ाकर गिर पड़े। इस घटना के कारण सेबल को घायल अवस्था में ट्रैक से बाहर निकलना पड़ा और वह लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दौड़ पूरी नहीं करने (डीएनएफ) का सामना करना पड़ा। उन्हें सहारा देकर स्थानीय चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। चोट की गंभीरता का पता नहीं चल पाया है।




# लॉर्ड्स टेस्ट : केएल राहुल का शतक, भारत 254 पर चार

**लॉर्ड्स,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के प्रथम सत्र की समाप्ति पर भारतीय टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 248 रन बना लिए हैं। केएल राहुल ने धैर्यपूर्वक बल्लेबाजी करते हुए अपना शतक लगा दिया है।



भारतीय टीम ने तीसरे दिन का खेल तीन विकेट पर 145 रन से शुरू किया। राहुल और पंत ने पहला सत्र बेहतरीन तरीके से खेला। दोनों ने रन भी बनाए और विकेट भी बचाया। लेकिन सत्र के आखिरी ओवर में दोनों बल्लेबाजों के बीच गलतफहमी हो गई, जिसका खामियाजा पंत को रन आउट के रूप में भुगतना पड़ा। अंगुली की चोट से जूझ रहे पंत ने इस बार भी बढ़िया पारी खेली। उन्होंने 112 गेंद में 2 छक्के और 8 चौके की मदद से 74 रन बनाए। पंत ने चौथे विकेट के लिए राहुल के साथ 141 रन की अहम साझेदारी की। लंच तक केएल राहुल 171 गेंद पर 98 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने दूसरे सेशन की शुरुआत में आर्चर की गेंद पर अपना शतक पूरा किया। राहुल ने 176 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से यह पारी खेली। यह टेस्ट क्रिकेट में राहुल का 10वां और इस दौरे का दूसरा शतक है। राहुल दूसरे दिन के आखिरी सत्र से बल्लेबाजी कर रहे हैं। अपनी बल्लेबाजी के दौरान राहुल ने धैर्य और संयम का परिचय दिया है और एक छोर को मजबूती से संभालकर रखा है। भारत को अगर पहली पारी में इंग्लैंड पर बढ़त बनानी है, तो राहुल बड़ी शतकीय पारी खेलनी होगी। खबर लिखे जाने तक रवींद्र जडेजा चार रन के निजी स्कोर पर राहुल का साथ दे रहे थे। इससे पहले, भारतीय टीम ने दूसरे दिन स्टंप्स तक तीन विकेट पर 145 रन बना लिए थे। दूसरे दिन के आखिरी सत्र में यशस्वी जायसवाल 13, करुण नायर 40 और शुभमन गिल 16 रन बनाकर आउट हुए थे। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 387 रन बनाए थे। जो रूट ने 104 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा जेमी स्मिथ ने 51 और ब्रायडन कार्स ने 56 रन बनाए थे।

## नियंत्रण में दिखे केएल राहुल रवैया बेहद सटीक था : कुंबले

**लंदन।** भारत के दिग्गज स्पिनर अनिल कुंबले ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच में शानदार बल्लेबाजी के लिए सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के 'बेहतरीन रवैये' को सराहा है। जोफ्रा आर्चर की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ केएल राहुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए दूसरे दिन के खेल तक नाबाद अर्धशतक जड़ा। अनिल कुंबले ने जियो-हॉटस्टार के 'मैच सेंटर लाइव' पर कहा कि यह शानदार था। केएल राहुल की एक खास पारी, जिसमें उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। जोफ्रा आर्चर ने जबरदस्त गेंदबाजी की। खासकर पहला स्पैल, जहां उन्होंने 150 किमी प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार के साथ गेंदबाजी की। अनिल कुंबले ने आगे कहा कि केएल राहुल ने आर्चर का बखूबी सामना किया। उनका अंदाज बेहद सटीक था। केएल राहुल नियंत्रण में नजर आए। यह एक बहुत ही अनुशासित और परिपक्व पारी थी। मुझे यकीन है कि केएल राहुल अपने खेल से संतुष्ट होंगे। अनिल कुंबले के अलावा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज जोनाथन ट्रॉट ने भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में केएल राहुल की सोच-समझकर खेली गई पारी को सराहा है। जोनाथन ट्रॉट ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि आप इस पिच पर गेंदबाजों को अपने अनुसार खेल सकते हैं।

# शुभमन गिल ने बदली हुई ड्यूक्स गेंद से जताई नाराजगी

**लंदन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड में एक बार फिर ड्यूक्स गेंद चर्चाओं के केंद्र में बनी हुई है, एक बार फिर भारत के दूसरी गेंद लेने के बस 10.3 ओवर बाद ही गेंद ने अपना शेप खो दिया था। जिसके बाद दूसरे दिन सुबह उसे फिर बदला गया।





■ क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है

बदली हुई गेंद से अंतर साफ दिख रहा था, दूसरी नई गेंद से जसप्रीत बुमराह ने कहर बरपाते हुए 14 गेंदों के अंदर तीन विकेट ले लिए थे, लेकिन इसके बाद पूरे सत्र में फिर भारत को विकेट नहीं मिली थी।

दूसरी नई गेंद 1.869 डिग्री पर स्विंग हो रही थी जबकि औसतन वह गेंद 0.594 डिग्री पर सीम हो रही थी। लेकिन जब दूसरी नई गेंद को बदला गया तो वह 0.855 डिग्री पर स्विंग हो रही थी और औसतन 0.594 डिग्री ही सीम कर रही थी। जाहिर है इसके बाद भारतीय टीम और कप्तान का गुस्सा बढ़ता जा रहा था। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने ब्रॉडकास्ट चैनल के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी गेंद को लेकर अपनी नाराजगी ज़ाहिर की। ब्रॉड के मुताबिक बदली हुई गेंद देखने में 18-20 ओवर पुरानी दिख रही थी। क्रिकेट गेंद बिल्कुल एक विकेटकीपर की तरह होती है जिसकी चर्चा बहुत ही कम की जाती है। लेकिन यहां हम गेंद की लगातार बात कर रहे हैं कि क्योंकि ये एक समस्या बनती जा रही है और हर पारी में करीब-करीब बदली जा रही है। जो कहीं से भी जायज नहीं है, मुझे लगता है पांच सालों से मैं देख रहा हूं कि ड्यूक्स गेंद में समस्या है। जिसे सही करने की जरूरत है, एक गेंद को 80 ओवर चलना चाहिए न कि सिर्फ 10 ओवर। एक और पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने भी कहा कि ड्यूक्स गेंद के साथ गंभीर समस्या है। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा कि गेंदबाज चाहते हैं कि गेंद बिल्कुल परफेक्ट हो और तभी बार-बार गेंद बदल दी जाती है। ये भी देखिए कि पहला घंटा बुमराह को खेल पाना बेहद कठिन था। और तभी मैंने देखा कि वे लोग गेंद बदल रहे हैं, मैं ये देखकर हैरान था कि गेंद से जब इतनी मदद मिल रही है तो फिर बदलने की क्या जरूरत। भले ही वह देखने में कैसी लग रही है, शेप कैसा है, इससे क्या मतलब जब गेंदबाज को मदद मिल रही हो ? मुझे लगता है उस समय गेंद को बदलने की मांग करना ही हैरान करने वाला फैसला था।

## भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने फ्रांस को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की

**आइंडहोवन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने यूरोप दौरे पर अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अपने तीसरे मुकाबले में फ्रांस को 3-2 से हराकर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। आइंडहोवन के हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में खेले गये मुकाबले में आज भारत ए पुरुष हॉकी टीम के लिए फॉरवर्ड आदित्य अर्जुन लालगे ने दो गोल किए, उनके साथी बॉबी सिंह धामी ने भी गोल किया। आदित्य अर्जुन लालगे ने पहला गोल किया, जिसके बाद उन्होंने एक पेनल्टी कॉर्नर को भी गोल में बदला। बॉबी सिंह धामी ने भारत के लिए तीसरा गोल किया और जीत हासिल की।



वहीं, फ्रांस के लिए दोनों गोल क्लेमेंट की ओर किये गये। जीत के बाद भारत ए टीम के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा कि भारत ए पुरुष हॉकी टीम इस दौरे की तैयारी में पर्दे के पीछे कड़ी मेहनत कर रही है और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि मैदान पर भी सब कुछ ठीक चल रहा है। इस दौरे पर हमें कुछ और मैच खेलने हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि टीम अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी और अपनी लय बनाए रखेगी। भारत ए पुरुष हॉकी टीम रविवार को फ्रांस से भिड़ेगी। भारत ए पुरुष हॉकी टीम को अपने यूरोप दौरे में कुल पांच मैच और खेलने हैं।

# टेलर फ्रिट्ज को हराकर फाइनल में पहुंचे कार्लोस अल्काराज

■ हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूटा

**लंदन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को चार सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन के कार्लोस अल्काराज को पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी फ्रिट्ज ने कड़ी टक्कर दी। लेकिन, अंत में अल्काराज ने मैच अपने नाम कर लिया। हार के साथ ही फ्रिट्ज का विंबलडन फाइनल खेलने का सपना टूट गया। 2009 में एंडी रोडिक आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी थे, जो इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराया। यह उनकी लगातार 24वीं जीत है। पहला सेट अल्काराज ने जीता, और दूसरा सेट फ्रिट्ज ने




## वीनस विलियम्स ने वाशिंगटन का निमंत्रण स्वीकार किया

**वाशिंगटन।** सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस विलियम्स ने वाशिंगटन ओपन के लिए वाइल्डकार्ड स्वीकार कर लिया है जो 16 महीनों में उनका पहला प्रतिस्पर्धी मैच होगा। 45 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च 2024 में मियामी ओपन के बाद से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं की है और उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2023 में सिनसिनाटी ओपन में एक मैच जीता था। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी वर्तमान में डब्ल्यूटीए वेबसाइट पर 'निष्क्रिय' के रूप में सूचीबद्ध हैं, जिसका अर्थ है कि उनकी कोई रैंकिंग नहीं है। विलियम्स ने एक बयान में कहा कि डीसी के बारे में कुछ खास है - ऊर्जा, प्रशंसक, इतिहास।इस शहर ने हमेशा मुझे बहुत प्यार दिया है और मैं वहां फिर से प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक हूं।वाशिंगटन ओपन - एक डब्ल्यूटीए 500 इवेंट - 21 जुलाई से शुरू हो रहा है।

## अल्काराज की कभी हार न मानने वाली मानसिकता, सच्चे चैम्पियन की पहचान : सचिन तेंदुलकर



**लंदन।** इंग्लैंड पर इस समय पूरी दुनिया की नजर है। भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के साथ-साथ, वहां विंबलडन भी जारी है। विंबलडन का आनंद लेने के लिए तमाम दिग्गज क्रिकेटर्स टेनिस कोर्ट पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भी कार्लोस अल्काराज और टेलर फ्रिट्ज के बीच खेला गया सेमीफाइनल मैच देखा। मैच के बाद सचिन ने जियोहॉटस्टार से बात करते हुए कहा कि मैं जॉन मैकेनरो का प्रशंसक रहा हूं। मुझे याद है, मेरे सभी दोस्त ब्योर्न बोर्ग का समर्थन करते थे, लेकिन किसी वजह से, मैं हमेशा मैकेनरो का समर्थन करता था। मैं उनकी तरह हेडबैंड भी पहनता था, इस उम्मीद में कि जब मैं अपने दोस्तों के साथ रहूंगा तो लोग मुझे मैकेनरो कहेंगे। उन्होंने कहा कि बाद के वर्षों में मुझे रोजर फेडरर ने बहुत प्रभावित किया।

## सार संक्षेप

### एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप 2024-25 तीन अगस्त से

**नई दिल्ली।** एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप 2024-25, तीन से 18 अगस्त तक उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित श्री मनोज सरकार स्टेडियम - शिवालिक हॉल में आयोजित की जाएगी।देश के सर्वोच्च स्तर के फुटसल टूर्नामेंट के चौथे संस्करण में 17 क्लब ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।टीमों को चार समूहों में बांटा गया है - तीन में चार टीमें और एक में पांच टीमें। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। उत्तराखंड की टीम कॉर्बेट एफसी गत विजेता है, जिसने वडोदरा में 2023-24 के फाइनल में गोलाजो एफसी को 3-2 से हराया था। उनका लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर खिताब बरकरार रखना और एक से ज्यादा बार टूर्नामेंट जीतने वाला पहला क्लब बनना होगा। दिल्ली एफसी ने 2021-22 में पहला संस्करण जीता था, उसके बाद मिनर्वा अकादमी एफसी ने 2022-23 में खिताब जीता था।

### लिवरपूल ने जोटा की 'जर्सी नंबर 20' को रिटायर किया

**लिवरपूल।** लिवरपूल ने डियोगो जोटा के सम्मान में सभी स्तरों पर 'जर्सी नंबर 20' को रिटायर करने का ऐलान किया है। 28 वर्षीय डियोगो जोटा ने तीन जुलाई को कार दुर्घटना में अपनी जान गंवाई थी। प्रीमियर लीग चैम्पियन ने बयान में कहा, इस जर्सी नंबर को उन्होंने गर्व के साथ पहनकर हमें अनगिनत जीत दिलाईं। डियोगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब के 'नंबर 20' रहेंगे। यह कदम न केवल बीते पांच वर्षों में रेड्स की मैदान पर सफलताओं में पुर्तगाल के हमारे इस खिलाड़ी के अथाह योगदान को दर्शाता है, बल्कि साथियों, सहकर्मियों और समर्थकों पर उनके गहरे प्रभाव को भी साबित करता है। स्पेन के जमोरा प्रांत में हुए कार हादसे में जोटा के साथ उनके भाई आंद्रे सिल्वा भी अपनी जान गंवा बैठे थे। स्पेनिश पुलिस के अनुसार, तेज गति से गाड़ी चलाते समय जोटा की कार सड़क से उतर गई और टायर फटने के बाद गाड़ी में आग लग गई।

### ओडिशा और झारखंड के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

**रांची।** 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 के शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में ओडिशा और झारखंड ने जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। झारखंड के रांची स्थित मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में ओडिशा ने हरियाणा को 1-0 से हराया।

# पिछले 15 साल में तीनों फॉर्मेट में कोहली जैसा खिलाड़ी नहीं आया : केन विलियमसन

**लंदन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने विराट कोहली की जमकर तारीफ की है। विलियमसन ने कहा कि पिछले 15 साल में तीनों फॉर्मेट में विराट कोहली जैसा महान खिलाड़ी नहीं आया। विलियमसन ने कहा कि विराट शायद पिछले 15 सालों में सभी प्रारूपों में सबसे महान खिलाड़ी हैं। भारत जैसे क्रिकेट के दीवाने देश में करोड़ों लोगों की उम्मीदों की चुनौतियों का सामना करते हुए, जिस तरह उन्होंने बल्लेबाजी की है, वह उन्हें बल्लेबाजों की सूची में सबसे ऊपर रखता है। स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए विलियमसन ने विराट कोहली के साथ अपनी दोस्ती स्वीकारी। उन्होंने कहा कि मिडलसेक्स के साथ अपने करार की वजह से मैं इंग्लैंड में हूं। कोहली भी परिवार के साथ यहीं रहते हैं, हमारी मुलाकात हुई है। उन्होंने कहा कि हमने न केवल साथ क्रिकेट खेला है, बल्कि अपने जीवन के एक बड़े हिस्से को किसी न किसी तरह से समानांतर तरीके से जिया है। एक ही समय पर पिता बनना हो या उम्र बढ़ने के साथ अलग-अलग चीजों का अनुभव करना हो। हम अलग-अलग स्तर पर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। विराट कोहली, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ और जो रूट आधुनिक समय के बेहतरीन बल्लेबाज माने जाते हैं। चारों ने एक दशक से अधिक समय तक क्रिकेट की दुनिया पर राज किया। विराट अब टी20 और टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं, तो ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ वनडे क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।



भारत जैसे क्रिकेट के दीवाने देश में करोड़ों लोगों की उम्मीदों की चुनौतियों का सामना करते हुए, जिस तरह उन्होंने बल्लेबाजी की है, वह उन्हें बल्लेबाजों की सूची में सबसे ऊपर रखता है : केन विलियमसन

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से बाहर पैट कमिंस

**किंग्स्टन,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के कप्तान पैट कमिंस अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज में नहीं खेलेंगे। तेज गेंदबाज का फोकस इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज की तैयारी पर है। पैट कमिंस को पहले ही मिचेल स्टार्क और ट्रेविस हेड के साथ वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में आराम दिया गया था। कमिंस गर्मियों में घरेलू मुकाबलों की तैयारी के लिए फिटनेस पर फोकस करेंगे। वहीं, जोश हेजलवुड पहले टीम में शामिल थे, लेकिन अब वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद वह स्वदेश लौटेंगे। उनकी जगह जेवियर बार्टलेट को टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, जोश हेजलवुड अगस्त में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं। दोनों देश 10-24 अगस्त के बीच तीन टी20 और इतने ही मुकाबलों की वनडे सीरीज खेलेंगे। यह मैच डार्विन, केर्न्स और मैके में आयोजित होंगे।

## भारत की अंडर-20 महिला टीम आज उज्बेकिस्तान के साथ पहला मैत्री मुकाबला खेलेगी

**ताशकंद,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की अंडर-20 महिला फुटबॉल टीम रविवार को उज्बेकिस्तान के साथ अपना पहला मैत्री मुकाबला खेलेगी। भारतीय टीम यहां उज्बेकस्तान के साथ दो मैत्री मैच खेलेंगी। पहला मैच 13 जुलाई को डू' स्टलिक स्टेडियम में भारतीय समयानुसार साढ़े आठ बजे से खेला जाएगा। बेंगलुरु के पादुकोण-द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण के बाद भारतीय टीम शुक्रवार सुबह उज्बेकिस्तान की राजधानी पहुंची और शाम को जिम में अभ्यास किया। कल होने वाले मैच से पहले आज शाम टीम ने अभ्यास किया। भारतीय टीम इन मैत्री मैचों का उपयोग अगले महीने होने वाले एएफसी अंडर-20 महिला एशिया कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए कर रही है। क्वालीफायर में भारतीय टीम का मुकाबला इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान और मेजबान म्यांमार से होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेडरसन ने कहा कि हम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करना चाहते थे ताकि हमें अंदाजा हो सके कि एशियाई क्वालीफायर में हमारा क्या अभ्यास है। हम यह भी आकलन करना चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी ऐसे मैचों में अपनी भूमिका कैसे निभाते हैं, खासकर जब हम क्वालीफायर के लिए टीम को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच रहे हैं। यह हमें न केवल मैदान पर बल्कि यात्रा करने और विभिन्न परिस्थितियों के अनुकूल होने का भी बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि ताशकंद का मौसम अभी तक बेंगलुरु जैसा ही है, इसलिए इस मोर्चे पर कोई समस्या नहीं है।



■ क्वालीफायर में भारतीय टीम का मुकाबला इंडोनेशिया, तुर्कमेनिस्तान और मेजबान म्यांमार से होगा

# ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज : सम्मान बचाने उतरेगी कैरेबियाई टीम

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच शनिवार देर रात तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत होने जा रही है। ऑस्ट्रेलिया तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना चुका है। ऐसे में जमैका में खेला जाने वाला सीरीज का यह अंतिम टेस्ट मैच मेजबान टीम के लिए सम्मान की लड़ाई होगा। यह 'पिंक बॉल टेस्ट' मैच है, जो भारतीय समयानुसार शनिवार देर रात शुरू होगा। गुलाबी गेंद टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा है। ऐसे में कैरेबियाई टीम के सामने बड़ी चुनौती है। इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बारबाडोस में खेले गए पहले टेस्ट को 159 रन से अपने नाम किया था। ग्रेनेडा में खेले गए दूसरे मुकाबले को 133 रन से जीतकर सीरीज पर कब्जा कर लिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से इस सीरीज में ट्रेविस हेड ने चमक बिखेरी है, जिन्होंने चार पारियों में 47 की औसत के साथ 188 रन बनाए हैं। हेड सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। हेड के अलावा एलेक्स कैरी, उस्मान ख्वाजा और बीयू वेबस्टर वेस्टइंडीज के गेंदबाजों को परेशान कर सकते हैं। इनके अलावा पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन टीम की गेंदबाजी को मजबूती देते हैं। वहीं, वेस्टइंडीज के खेमे को देखें, तो ब्रैंडन किंग, शमर जोसेफ, रोस्टन चेज और शाई होप के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को विशेष रणनीति के साथ उतरना होगा। गेंदबाजी में मेजबान टीम के पास शमार जोसेफ जैसे तेज गेंदबाज हैं, जिन्होंने सीरीज में अब तक 14 विकेट चटकाए हैं। इनके अलावा जायडेन सील्स और अल्जारी जोसेफ भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खतरा बन सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच साल 1930 से अब तक कुल 122 टेस्ट मैच खेले गए हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी रहा है। इस टीम ने 63 मुकाबले अपने नाम किए, जबकि वेस्टइंडीज ने 33 मैच जीते हैं। दोनों देशों के बीच 25 टेस्ट ड्रॉ, जबकि एक मैच टाई रहा है। सबीना पार्क की पिच स्लो रह सकती है। यहां गेंदें नीची रहेंगी, जिससे बल्लेबाजों को मदद मिलेगी। इस मैच के दौरान सबसे बड़ी चुनौती नई ड्यूक्स गेंद से निपटना होगा। यहां मुकाबले की शुरुआत में तेज गेंदबाज सीम मूवमेंट और स्विंग हासिल कर सकते हैं।




■ हेड सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 टीम में किए बदलाव

**किंग्स्टन।** ऑस्ट्रेलिया ने 21 जुलाई से वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अपनी 16 सदस्यीय टीम में बदलाव करते हुए स्पेंसर जॉनसन और जोश हेजलवुड की जगह क्रमशः सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट को शामिल किया है। राष्ट्रीय अनुबंध से चूकने के बाद, फ्रेजर-मैकगर्क अपनी शानदार फॉर्म को पीछे छोड़कर कैरेबियाई सरजमीं पर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी करना चाहेंगे। हेजलवुड अगले महीने दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला की तैयारी के लिए स्वदेश लौटेंगे, जबकि जॉनसन अभी अपनी पीठ की चोट से उबर नहीं पाए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपने पिछले 14 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 12 जीते हैं और अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप से पहले अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की उम्मीद करेगा। शानदार फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलिया के टी-20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान मिशेल मार्श टीम की अगुवाई करेंगे, क्योंकि पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और ट्रैविस हेड जैसे प्रमुख खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। दो मैच किंग्स्टन में और शेष मैच बैसेटेरे में होंगे। बदलाव के बाद ऑस्ट्रेलिया टी-20:- मिशेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, बेन ड्वार्शुइस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, जोश इंगलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मैट कुहनेमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मिच ओवेन, मैथ्यू शॉर्ट और एडम जम्पा।

### सुडोकू 6972 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 5 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 3 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 2 | 5 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 9 | 3 | 8 | 4 | 5 | 1 | 6 | 7 | 2 |
| 4 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 8 | 4 | 9 |

देशबन्धु

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| हिंद यूनिलीवर | 4.61 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.79 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.56 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.37 प्रतिशत |
| इटर्नल | 0.19 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टीसीएस | 3.46 प्रतिशत |
| एमएंडएम | 2.75 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 2.20 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.73 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,511 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,10,290 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7789-7818 |
| मसूर काली | 8006-8032 |
| उड़द दाल | 10556-10561 |
| मूंग दाल | 10133-10146 |
| अरहर दाल | 11130-11132 |

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## वित्त वर्ष 2026 में ग्रामीण उपभोग को मिलेगा समर्थन

■ **अनुकूल कृषि उत्पादन व महंगाई में हो रही कमी**

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। आयकर के बोझ में हालिया कमी, मुद्रास्फीति में नरमी, कम ब्याज दरें और कृषि उत्पादन के लिए अनुकूल परिदृश्य से भारत में ग्रामीण आय और समग्र उपभोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

निजी अंतिम उपभोग व्यय भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 60 प्रतिशत है, इसलिए इसका भारत के समग्र विकास परिदृश्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। निजी क्षेत्र के पूंजीगत व्यय में वृद्धि के लिए उपभोग में निरंतर सुधार भी महत्वपूर्ण है।

केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि हमें वित्त वर्ष 2026 में निजी उपभोग में 6.2 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है, जबकि पिछले तीन वर्षों में यह औसतन 6.7 प्रतिशत रही है। दीर्घावधि में, निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए घरेलू आय को प्रभावित करने वाले कारकों पर नजर रखना महत्वपूर्ण होगा। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में समग्र उपभोग वृद्धि स्वस्थ रही है, लेकिन




हाल के संकेतक शहरी मांग में उभरते दबावों का संकेत देते हैं, जबकि ग्रामीण मांग स्थिर बनी हुई है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि वित्त वर्ष 26 में अनुकूल कृषि उत्पादन और मुद्रास्फीति में कमी से ग्रामीण उपभोग को समर्थन मिलने की उम्मीद है।

आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती, करों के बोझ में कमी और मुद्रास्फीति के दबाव में कमी के रूप में हालिया नीतिगत समर्थन से निकट भविष्य में शहरी उपभोग को कुछ राहत और समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि इस वर्ष अच्छे मानसून की संभावना से ग्रामीण उपभोग को बढ़ावा मिल सकता है। ऐसे समय में जब आय वृद्धि कमजोर रही है, हाउसहोल्ड लेवरेज में वृद्धि देखी गई है। वित्त वर्ष 2024 तक, घरेलू ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 41 प्रतिशत और शुद्ध घरेलू प्रयोज्य आय का 55 प्रतिशत था। हालांकि, भारतीय परिवार कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं, जैसे थाईलैंड (जीडीपी का 87 प्रतिशत), मलेशिया (67 प्रतिशत) और चीन (62 प्रतिशत) की तुलना में कम ऋणग्रस्त हैं।

### भारत का स्वर्ण भंडार 34.2 करोड़ डॉलर बढ़ा, विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर पर : आरबीआई

**नई दिल्ली।** आरबीआई द्वारा जारी नवीनतम साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार सप्ताह के दौरान 34.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 84.846 अरब डॉलर पर पहुंच गया। सोने के साथ-साथ, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 3.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.868 अरब डॉलर हो गए। इसके अतिरिक्त, आंकड़ों के अनुसार, आईएमएफ में भारत का आरक्षित भंडार भी 10.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.735 अरब डॉलर हो गया। भंडार में यह वृद्धि ऐसे समय में हुई है जब घरेलू और वैश्विक सर्राफा बाजारों में भारी तेजी देखी जा रही है। आरबीआई ने कहा कि 4 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 699.736 अरब डॉलर रहा। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में, कुल मुद्रा भंडार 4.849 अरब डॉलर बढ़कर 702.784 अरब डॉलर हो गया था। सितंबर 2024 के अंत में यह भंडार 704.885 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा आस्तियों (एफसीए) में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। शुक्रवार को भारत में सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई और चांदी की कीमतें सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 24 कैरेट सोने की कीमत 465 रुपए बढ़कर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई, जो एक दिन पहले 97,046 रुपए थी। 22 कैरेट सोने की कीमत बढ़कर 89,320 रुपए प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट सोने की कीमत 73,133 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। इस बीच, आखिरी कारोबारी दिन के पिछले 24 घंटों में चांदी की कीमतों में 2,356 रुपए की बढ़ोतरी हुई।




## वित्त मंत्री ने मेघालय की शीर्ष महिला करदाताओं को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शिलांग में उद्योग हितधारकों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लेने के साथ मेघालय की शीर्ष महिला करदाताओं को सम्मानित किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ऑफिस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लेटेस्ट पोस्ट में इस सेशन की कुछ तस्वीरों को साझा किया गया। पोस्ट में कहा गया कि इंटरेक्टिव सेशन की कुछ झलकियां।

कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने मेघालय की शीर्ष महिला करदाताओं रिमिफुल शेला और वंजोप्लिन नॉनसगटेन को भी सम्मानित किया।

केंद्रीय वित्त मंत्री ने मेघालय के शिलांग में मशरूम डेवलपमेंट सेंटर का भी दौरा किया। एक्स पर शेयर किए गए पोस्ट में बताया गया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मेघालय के शिलांग में मशरूम डेवलपमेंट सेंटर का दौरा किया और वहां के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आईआईएम शिलांग में आईआईसीए नॉर्थ ईस्ट कॉन्क्लेव 2025 में कहा कि हम हमेशा सबका साथ और सबका




■ **वित्त मंत्री ने शिलांग में मशरूम डेवलपमेंट सेंटर का किया दौरा**

विकास के बारे में बात करते हैं और यह पूर्वोत्तर क्षेत्र को शामिल किए बिना पूरा नहीं हो सकता। यह केवल जन धन खाते खोलकर वित्तीय समावेशन के बारे में नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के बारे में भी है। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा पूर्वोत्तर क्षेत्र को अष्ट लक्ष्मी कहते हैं और यहां अच्छे स्वभाव वाले लोग, प्राकृतिक संसाधन, सांस्कृतिक समृद्धि, रणनीतिक स्थान और ऊर्जावान युवा तक हर चीज प्रचुर मात्रा में है। इस कारण से यह क्षेत्र विकसित भारत 2047 विजन में बड़ा योगदान देगा।

वित्त मंत्री सीतारमण ने शिलांग में 1,500 करोड़ रुपए से अधिक की लागत की कई ऐतिहासिक विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

## शहरों में डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स व सस्ते प्रोडक्ट्स की धूम

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स) मार्केट में शहरी और ग्रामीण उपभोक्ताओं की पसंद में साफ अंतर नजर आ रहा है। जहां शहरों में लोग बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स और नए डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स की ओर आकर्षित हो रहे हैं, वहीं ग्रामीण इलाकों में नेस्ले, डाबर और हिंदुस्तान यूनिलीवर जैसे पुराने और लोकप्रिय ब्रांड्स के प्रति वफादारी बढ़ रही है।

हालांकि, ग्रामीण बाजारों में पहले बिना ब्रांड वाले सामान का बोलबाला था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। बड़े ब्रांड्स अपनी मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और ग्रामीण क्षेत्रों में गहरी पैठ के दम पर वहां अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे



हैं। दूसरी ओर, डिजिटल-फर्स्ट ब्रांड्स को इस स्केल तक पहुंचने में अभी कई साल या शायद दशक लग सकते हैं। शहरी उपभोक्ता महंगाई के दबाव और ऑनलाइन प्रोडक्ट खोजने की बढ़ती प्रवृत्ति के चलते बिना ब्रांड वाले सामान की ओर ज्यादा झुक रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में शहरों में बिना ब्रांड वाले प्रोडक्ट्स की वॉल्यूम ग्रोथ 8.4 फीसदी रही, जबकि ग्रामीण भारत में यह सिर्फ 2.3 फीसदी थी। हालांकि, लिस्टेड एफएमसीजी कंपनियों की कुल वॉल्यूम ग्रोथ की बात करें तो ग्रामीण बाजारों ने शहरी बाजारों को पीछे छोड़ दिया।

## भारत के रूस से तेल की खरीद से वैश्विक ऊर्जा कीमतों को मिली मदद : पुरी

■ **रूसी तेल पर कभी नहीं लगे वैश्विक प्रतिबंध**

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत के रूस से कच्चे तेल की खरीद से वैश्विक ऊर्जा कीमतों को स्थिर स्तर पर लाने में मदद मिली है।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि रूस 90 लाख बैरल प्रतिदिन से अधिक उत्पादन के साथ सबसे बड़े कच्चे तेल उत्पादकों में से एक है। कल्पना कीजिए कि अगर यह तेल, जो लगभग 9.7 करोड़ बैरल की वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 10 प्रतिशत है, बाजार से गायब हो जाता, तो क्या होता। इससे दुनिया को अपनी खपत कम करने के लिए मजबूर होना



पड़ता और क्योंकि उपभोक्ता सप्लाई की तलाश में होते, इसलिए कीमतें 120-130 डॉलर से भी ज्यादा हो जातीं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक ऊर्जा मूल्य स्थिरता में शुद्ध सकारात्मक योगदानकर्ता रहा है, साथ ही हमने एनर्जी उपलब्धता, अफोर्डिबिलिटी और सस्टेनेबिलिटी की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने

**भारत दुनिया में सबसे कम कीमतों पर 33 करोड़ घरों को क्लीन कुकिंग गैस उपलब्ध करा रहा है : हरदीप सिंह पुरी**

बताया कि रूसी तेल पर कभी वैश्विक प्रतिबंध नहीं लगे।

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि दुनिया भर के समझदार निर्णयकर्ता ग्लोबल ऑयल सप्लाई चेन की वास्तविकताओं से अवगत थे और वे जानते थे कि भारत जहां से भी संभव हो, एक निश्चित मूल्य सीमा के तहत रियायती तेल खरीदकर वैश्विक बाजारों की मदद कर रहा था।

उन्होंने आगे कहा कि कुछ टिप्पणीकार, जिन्हें ऊर्जा बाजारों की गतिशीलता की समझ नहीं है, हमारी नीतियों पर अनावश्यक निर्णय देते हैं।

### सार संक्षेप

#### अजमेरा रियल्टी ने पहली तिमाही में दर्ज की गिरावट

**मुंबई।** अजमेरा रियल्टी ने वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में अपने बिक्री प्रदर्शन में सालाना और तिमाही दोनों आधार पर भारी गिरावट दर्ज की है। रियल एस्टेट कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी में बताया कि पहली तिमाही में कंपनी का बिक्री मूल्य 108 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 306 करोड़ रुपए की तुलना में 65 प्रतिशत कम है। बेचे गए कार्पेट एरिया के संदर्भ में, अजमेरा रियल्टी ने अप्रैल-जून की अवधि में 63,244 वर्ग फुट की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 1,30,801 वर्ग फुट से 52 प्रतिशत कम है। क्रमिक रूप से, बिक्री मूल्य भी वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 250 करोड़ रुपए से 57 प्रतिशत कम रहा। पिछली तिमाही में बेचे गए 1,85,939 वर्ग फुट कार्पेट एरिया की तुलना में बेचे गए कालीन एरिया में तेजी से 66 प्रतिशत की गिरावट आई।

## टैरिफ की आशंकाओं के बीच बाजार में गिरावट

■ **पहली तिमाही के नतीजों से सेंटीमेंट में सुधार की उम्मीद**

■ **निवेशक मार्जिन व क्षेत्र की गतिशीलता पर बारीकी से कर रहे निगरानी**

**मुंबई,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि ग्लोबल टैरिफ को लेकर बनी अनिश्चितता और आय सत्र की निराशाजनक शुरुआत के दबाव में, सप्ताह के दौरान बाजार में एक प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि पहले तीन सत्रों में बाजार का रुख काफी हद तक स्थिर रहा, लेकिन अंतिम सत्रों में मुनाफावसूली की वजह से सूचकांक लाल निशान में आ गए। अंततः, निफ्टी और सेंसेक्स दोनों अपने साप्ताहिक निचले स्तर क्रमशः 25,149.85 और 82,500.47 के आसपास बंद हुए।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और अन्य प्रमुख साझेदारों पर नए टैरिफ की धमकियों के बाद बढ़े वैश्विक व्यापार तनाव के बीच सेंटीमेंट कमजोर हुआ। उन्होंने कहा कि हालांकि, अमेरिका और भारत के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की उम्मीदें थीं, लेकिन स्पष्टता की कमी ने जोखिम उठाने की क्षमता को नियंत्रित रखा। इसके अलावा,




पहली तिमाही के आय सत्र की कमजोर शुरुआत खासकर आईटी सेक्टर की प्रमुख कंपनी टीसीएस के उम्मीद से कमतर नतीजों के बाद अंतिम सत्र में बाजारों पर दबाव बढ़ा दिया।

शहरी मांग में सुधार और मार्जिन में सुधार के संकेतों से, एफएमसीजी और विवेकाधीन शेयरों जैसे कंजप्शन-ऑरिएंटेड सेक्टर में चुनिंदा खरीदारी देखी गई। मुद्रास्फीति में कमी, ब्याज दरों में गिरावट और अनुकूल मानसून ने समग्र सकारात्मक रुख को बढ़ावा दिया। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि मौजूदा प्रीमियम वैल्यूएशन को बनाए रखने के लिए कैटेलिस्ट की कमी और एक प्रमुख आईटी कंपनी के निराशाजनक परिणामों के कारण व्यापक सूचकांक नकारात्मक क्षेत्र में फिसल गए, जिससे वित्त वर्ष 2026 के आय अनुमानों को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के नतीजे के जारी होने के साथ, निवेशक मार्जिन और क्षेत्र की गतिशीलता पर मार्गदर्शन की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं।

आगे देखते हुए, आय सत्र पर पूरा ध्यान केंद्रित होगा। व्यस्त कैलेंडर में एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, एलएंडटी फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक सहित अन्य कंपनियों के परिणाम शामिल हैं।

मैक्रोइकोनॉमिक फ्रंट पर, पार्टिसिपेंट्स अर्थव्यवस्था पर आगे के संकेतों के लिए 14 जुलाई को निर्धारित थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे। बाजार पर नजर रखने वालों ने कहा कि इसके अलावा, एफआईआई निवेश का रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी व्यापारियों की नजर में रहेंगे।

वैश्विक स्तर पर, बाजार व्यापार वार्ता और टैरिफ से संबंधित किसी भी अपडेट के साथ-साथ अमेरिकी मुद्रास्फीति और अन्य प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे।

मिश्रा ने कहा कि हालिया गिरावट के बाद, हम निकट भविष्य में निफ्टी सूचकांक में नकारात्मक रुझान के साथ एक कंसोलिडेशन फेज की उम्मीद करते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं और उभरते हुए आय सत्र के बीच अस्थिरता बनी रहने की उम्मीद है।

## भारत की लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने संशोधित सरेंडर वैल्यू नियमों, कम क्रेडिट लाइफ सेल्स और ग्रुप सिंगल प्रीमियम के प्रभाव के बीच जून में 41,117.1 करोड़ रुपए के नए बिजनेस प्रीमियम रजिस्टर किए। यह जानकारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में दी गई।

केयरएज रेटिंग्स को उम्मीद है कि लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री अगले तीन से पांच वर्षों में 10-12 प्रतिशत की दर से बढ़ती रहेगी , जो प्रोडक्ट इनोवेशन के साथ-साथ सहायक नियमों, तेज डिजिटलीकरण, प्रभावी वितरण और बेहतर ग्राहक सेवाओं के कारण संभव होगा। जून में, एनुअल प्रीमियम इक्विवेलेंट (एपीई) में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 20.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी वृद्धि दर है।

**उद्योग संचालनालय, छत्तीसगढ़**
**उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 1, तेलीबांधा, रायपुर**
**फ़ोन नंबर (0771) 2583652-54, फ़ैक्स नंबर 2583651**
**Email: dtic-directorate.cg@gov.in**
(छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 20-13/2018/11/6, दिनांक 28.04.2018 के अधीन)
मेसर्स एरीजोन इण्डस्ट्रीज, ग्राम-गोगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व परिवर्तन की अनुमति हेतु
**आम सूचना**
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि
1. मेसर्स एरीजोन इण्डस्ट्रीज, छत्तीसगढ़ में स्थापित है। उक्त उद्योग के संचालन हेतु मूल स्वामी एवं नवीन पार्टनर श्रीमती स्मृति बंसल के मध्य अनुबंध का निष्पादन हुआ है।
2 मेसर्स एरीजोन इण्डस्ट्रीज, आई सी आई बैंक, रायपुर द्वारा वित्त पोषित रही है तथा बैंक द्वारा इकाई के पक्ष में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया गया है।
3. राज्य शासन की औद्योगिक नीति 2019-24 के तहत् प्रदान किये गये अनुदान एवं छूट के संदर्भ में उद्योग संचालनालय के पत्र क्रमांक PROJ-41011/150/2025 दिनांक 11.07.2025 द्वारा मेसर्स एरीजोन इण्डस्ट्रीज, में स्वामित्व परिवर्तन की अनंतिम स्वीकृति दी गई है।
अतः उक्त मेसर्स एरीजोन इण्डस्ट्रीज, ग्राम-गोगांव, जिला-रायपुर (छ.ग.) के उद्योग को स्वामित्व परिवर्तन की अंतिम अनुमति प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, कंपनी, वित्तीय संस्था/बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह सूचना प्रकाशन तिथि से 10 दिवस के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात् किसी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
रायपुर, दिनांक-
**संचालक**

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, RUZAINA KHAN W/O MOHAMMAD ZAKIR KHAN resident of H-1004 10TH FLOOR RAHEJA RESIDENCY AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name RUZAINA KHAN W/O MOHAMMAD ZAKIR KHAN so in future I should be recognized by my new name that is RUZINA SYED W/O MOHAMMAD ZAKIR KHAN in all Government and other documents.
**RUZINA SYED**
H-1004 10TH FLOOR RAHEJA RESIDENCY AVANTI VIHAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, FIROZ AHMED S/O ALANOOR resident of H.NO. 606 INFRONT OF IDGAH GAUTAM NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name FIROZ AHMED S/O ALANOOR so in future I should be recognized by my new name that is FIROZ AHMED KHOKHAR S/O ALANOOR in all Government and other documents.
**FIROZ AHMED KHOKHAR**
H.NO. 606 INFRONT OF IDGAH GAUTAM NAGAR RAIPUR (C.G.)

**आम सूचना**
**नाम परिवर्तन**
मैं शत्रुहन वर्मा उम्र 45 वर्ष पिता श्री प्रभुराम वर्मा निवासी आदर्श नगर, तिरंगा चौक गोंदवारा स्वामी यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 04 रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ का निवासी हूँ। मेरा नाम आधार कार्ड में शत्रुहन वर्मा पिता प्रभुराम वर्मा है, जो कि सही है। जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों व कार्यरत शासकीय रेलवे सेवा संबंधित विभागीय अभिलेखों में मेरा नाम शत्रुहन प्रसाद पिता प्रभुराम दर्ज है।
मैं अपना नाम शत्रुहन प्रसाद पिता प्रभुराम (स्.।ज्ञक्र।ह क्क्ष्ठ स्/ह क्क्क।।क्र्रू) को बदलकर स्थायी रूप से शत्रुहन वर्मा पिता प्रभुराम वर्मा (स्.।ज्ञक्र।ह ङ्क्ष्क्र्रू स्/ह क्क्क।।क्र्रू ङ्क्ष्क्र्रू) करना चाहता हूँ। अब मुझे मेरे नये नाम शत्रुहन वर्मा पिता प्रभुराम वर्मा (स्.।ज्ञक्र।ह ङ्क्ष्क्र्रू स्/ह क्क्क।।क्र्रू ङ्क्ष्क्र्रू) से जाना-पहचाना जाएं। वहीं मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों व मेरे शासकीय रेलवे कर्मचारी के तौर पर कार्यरत पद टेक्निशियन वन, विभाग वेगन रिपेयर्स शॉप, रायपुर छ.ग. से संबंधित शासकीय रेल सर्विस अभिलेखों में दर्ज नाम शत्रुहन प्रसाद पिता प्रभुराम (स्.।ज्ञक्र।ह क्क्ष्ठ स्/ह क्क्क।।क्र्रू) को विलोपित करते हुए शत्रुहन वर्मा पिता प्रभुराम वर्मा (स्.।ज्ञक्र।ह ङ्क्ष्क्र्रू स्/ह क्क्क।।क्र्रू ङ्क्ष्क्र्रू) दर्ज किया जावें। जिससे कि मुझे मेरे नये नाम शत्रुहन वर्मा पिता प्रभुराम वर्मा (स्.।ज्ञक्र।ह ङ्क्ष्क्र्रू स्/ह क्क्क।।क्र्रू ङ्क्ष्क्र्रू) से जाना व पहचाना जाएं।
यह कि उपरोक्त कथन के समर्थन में मैनें संबंधित अधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत किया है।
**प्रार्थी**
**शत्रुहन वर्मा**
**पिता प्रभुराम वर्मा**
**मोबाईल नंबर -9009962578**
**पता-आदर्श नगर, तिरंगा चौक स्वामी यतियतन लाल वार्ड क्र. 04 गोंदवारा रायपुर, छत्तीसगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )**
**सूचना-पत्र**
राजस्व प्र.क्र./202501110200076/अ-12/2024-25
रायपुर, दिनांक 08.07.2025
प्रति,
01. श्री विकास अग्रवाल पिता श्री अशोक अग्रवाल 02. श्री श्रवण कुमार ड्रोलिया पिता स्व. श्री नागरमल ड्रोलिया निवासी अशोका टावर शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)
इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि आवेदिका श्रीमती बबीता मिश्रा पति गौतम मिश्रा निवासी गीतांजली नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-129 छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम शंकर नगर, प.ह.नं. 110/63, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1185/81 रकबा 0.0447 हे. याने 4815 वर्गफुट भूमि का सीमांकन किये जाने का निवेदन किया है। उक्त सीमांकन के संबंध में आप लोगों के द्वारा लिखित आपत्ति प्रस्तुत की गई है। अतएव प्रकरण के निराकरण के लिए आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। प्रकरण में सुनवाई दिनांक 23.07.2025 नियत है।
अतः उक्त प्रकरण की सुनवाई हेतु आप सुनवाई दिनांक 23.07.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे, अन्यथा आपकी मौन सहमति मानी जावेगी एवं प्रकरण में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 08.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**मुहर** **तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र.202506114300025/207
वर्ष 2024-25
नवीनीकरण अ-20 (1)
पेशी दिनांक 14.07.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रजनी देवी चंदनानी पति स्व. गोपीचंद चंदनानी निवासी गली नं. 1 कटोरातालाब रायपुर के अधिवक्ता द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन रायपुर स्थित ब्लॉक नंबर 19 भूखण्ड क्रमांक 6/8, 7/7, 8/8 ऑनलाईन प्लाट नंबर 6/8, 7/7, 8/8 रकबा 2275 वर्गफीट भूमि आवेदिका के नाम पर दर्ज है पट्टे की अवधि समाप्त हो चुकी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदिका द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 14.07.2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
ईश्तहार आज दिनांक 24.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**मुहर** **तहसीलदार नजूल रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 07.07.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका हर्षित साहू पिता रघुनाथ साहू निवासी महावीर नगर रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 140/26 रकबा 0.0827 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र./वाचक/तह./वर्ष 2024-2025 धरसींवा के आदेश दिनांक 17.06.2025 के परिपालन में दिनांक 14.07.2025 को समय 11 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
अतः सूचना जानें।
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-21 रावांभाठा**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 रावांभाठा तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**
**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**
दिनांक 03.07.2025
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका भुपेन्द्र सिंग सलुजा पिता मालिक सिंग सलूजा निवासी केलकर पारा स्टेशन रोड रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम रावांभाठा प.ह.नं. 86 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 रावांभाठा स्थित भूमि खसरा नंबर 344/4, 349/3 रकबा 0.110 हे., 0.1180 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा.क्र./वाचक/तह./वर्ष 2024-2025 धरसींवा के आदेश दिनांक 30.06.2025 के परिपालन में दिनांक 10.07.2025 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक समय तक पटवारी हल्का नंबर 86 के रावांभाठा स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।
अतः सूचना जानें।
**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-21 रावांभाठा**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र./202507111500002/अ-6/2024-2025
ग्राम-खमतराई, प.ह.नं. 38
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 04.07.2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका श्रीमती रसीला बैन पति श्री बिपिन पटेल निवासी कुम्हार पारा फाफाडीह रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 38 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 05, प्लाट नंबर 20, खसरा नंबर 485/4 का भाग, रकबा 935 वर्गफुट भूमि को आवेदिका द्वारा विक्रेता श्रीमती के. कमलावती पति श्री के. श्रीनिवास राव तेलगू निवासी कुम्हार पारा फाफाडीह रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 29.10.2002 को क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेता श्रीमती के. कमलावती पति श्री के. श्रीनिवास राव तेलगू का नाम विलोपित कर आवेदिका द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है।
अतः आवेदिका का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 23/07/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
**मुहर** **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, FAHMIDA D/O MOHD NAYEEM resident of H.NO. 24/790 NALE KE NICHE PANDRITARAI SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) have changed my old name FAHMIDA D/O MOHD NAYEEM so in future I should be recognized by my new name that is FEHMIDA BEGUM D/O MOHD NAYEEM in all Government and other documents.
**FEHMIDA BEGUM**
H.NO. 24/790 NALE KE NICHE PANDRITARAI SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**
It is informed to the general public that I, MAHESH KUMAR KANJAN S/O DOULAT RAM KANJAN resident of H.NO. 499 SAMTA COLONY RAIPUR (C.G.) have changed my old name MAHESH KUMAR KANJAN S/O DOULAT RAM KANJAN so in future I should be recognized by my new name that is MAHESH KANJAN S/O DOULAT RAM KANJAN in all Government and other documents.
**MAHESH KANJAN**
H.NO. 499 SAMTA COLONY RAIPUR (C.G.)

## 'मिट्टी-एक नई पहचान' में नजर आएंगे ईश्वाक सिंह

**मुंबई।** अभिनेता ईश्वाक सिंह इन दिनों अपनी नई वेब सीरीज 'मिट्टी- एक नई पहचान' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और एक ऐसे शहरी प्रोफेशनल की कहानी कहती है जो अपनी जड़ों से फिर से जुड़ता है। इस कहानी की तुलना शाहरुख़ खान की फिल्म स्वदेश से भी की जा रही है, लेकिन ईश्वाक़ का मानना है कि दोनों की भावनात्मक यात्रा अलग है। ईश्वाक ने कहा कि मिट्टी और 'स्वदेश' की शुरुआत भले ही मिलती-जुलती हो, लेकिन उनके किरदारों की भावनात्मक यात्रा एकदम अलग है। स्वदेश एक ऐसे व्यक्ति की कहानी थी जो बदलाव लाने की कोशिश करता है, जबकि 'मिट्टी' एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो खुद को खोजने निकला है।

### वैज्ञानिकों ने पार्किंसंस बीमारी के लिए बनाई नई दवा

# पार्किंसंस मरीजों को रोजाना दवा लेने का बोझ खत्म

- दवा से करीब 80 लाख लोगों की बदलेगी जिंदगी
- पार्किंसंस दवा में मुख्य दवाइयां लेवोडोपा व कार्बिडोपा शामिल

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में एक टीम ने पार्किंसंस बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए एक नई दवा बनाई है। ये दवा हफ्ते में एक बार इंजेक्शन के रूप में लेनी होती है। इस दवा से करीब 80 लाख लोगों की जिंदगी बदल सकती है, क्योंकि इससे मरीजों को रोजाना कई गोलियां लेने से छुटकारा मिल सकता है। बार-बार दवा लेना मुश्किल होता है, खासकर बुजुर्गों के लिए या जिनको दवा निगलने में दिक्कत होती है। ऐसे में दवा सही समय पर न लेने से न सिर्फ दवा का असर कम होता है, बल्कि इसके साइड इफेक्ट्स बढ़ जाते हैं और बीमारी ठीक से कंट्रोल नहीं हो पाती।

इस समस्या को समाधान करने के लिए, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (यूनिसा) की टीम ने एक ऐसी इंजेक्शन वाली दवा बनाई है जो लंबे समय तक काम करती है। इस दवा में पार्किंसंस की दो मुख्य दवाइयां, लेवोडोपा और कार्बिडोपा, शामिल हैं। ये दवा पूरे हफ्ते असर करती है।



ड्रग डिलीवरी एंड ट्रांसलेशनल रिसर्च पत्रिका में प्रकाशित शोध में बताया गया कि यह दवा खास तरह की होती है, इसे बायोडिग्रेडेबल कहते हैं। इस दवा को इंजेक्शन के रूप में लगाया जाता है। यह दवा धीरे-धीरे सात दिनों तक शरीर में असर करती है। यूनिसा के फार्मास्यूटिकल इनोवेशन सेंटर के प्रोफेसर संजय गर्ग ने कहा है कि यह नई इंजेक्शन वाली दवा इलाज के नतीजों को बेहतर बना सकती है। इससे मरीजों के लिए भी दवा लेना आसान हो जाएगा। साथ ही बीमारी ठीक होने में मदद मिलेगी। प्रोफेसर गर्ग ने कहा कि हमारा मकसद ऐसी दवा बनाना था जो इलाज को आसान बनाए। मरीज दवा को सही तरीके से लें, और दवा का असर लगातार बना रहे। यह हफ्ते में एक बार लगने वाला इंजेक्शन पार्किंसंस की देखभाल में बड़ा बदलाव ला सकता है।

## वायु प्रदूषण से बढ़ा ब्रेन ट्यूमर का खतरा

एक नए अध्ययन के अनुसार, वायु प्रदूषण न केवल दिल और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह ब्रेन में एक सामान्य ट्यूमर, मेनिन्जियोमा के खतरे को भी बढ़ा सकता है। मेनिन्जियोमा नामक ट्यूमर, जो आमतौर पर कैंसररहित (नॉन-कैंसरस) होता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को ढकने वाली पतली परत (मेनिन्जेस) में बनता है। यह ट्यूमर ज्यादातर हानिरहित होता है, लेकिन कभी-कभी इसके कारण सिरदर्द, दौरे पड़ते हैं या ये अन्य न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन सकते हैं। न्यूरोलॉजी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रदूषण और मेनिन्जियोमा के बीच एक संभावित संबंध हो सकता है, हालांकि यह साबित नहीं हुआ कि प्रदूषण ही इसका कारण है। अध्ययन में ट्रैफिक से जुड़े प्रदूषकों जैसे नाइट्रोजन डाइऑक्साइड और अल्ट्राफाइन कणों (बारीक कण) का विश्लेषण किया गया, जो शहरी क्षेत्रों में अधिक पाए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों का इन प्रदूषकों के संपर्क में ज्यादा समय बीता, उनमें मेनिन्जियोमा का खतरा अधिक था। डेनमार्क कैंसर इंस्टीट्यूट की शोधकर्ता उल्ला ह्विडटफेल्ड ने बताया, अल्ट्राफाइन कण इतने छोटे होते हैं कि वे रक्त-मस्तिष्क अवरोध को पार कर सकते हैं और मस्तिष्क के ऊतकों को प्रभावित कर सकते हैं।

## टीवी व मोबाइल से पहले, सिनेमा हॉल में देखी फिल्में दिलो दिमाग पर छा जाती थीं : काजोल



**मुंबई,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री काजोल 'बाजीगर', 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे', 'गुप्त', 'इश्क', 'दुश्मन', और 'कुछ कुछ होता है' जैसी यादगार फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। अपनी पुरानी फिल्मों को लेकर उन्होंने कहा कि पहले के जमाने में फिल्मों का असर लोगों पर ज्यादा होता था, क्योंकि सिनेमा हॉल ही एकमात्र जगह होती थी जहां लोग अपने पसंदीदा सितारों को देख सकते थे। उस वक्त टीवी या मोबाइल पर फिल्में आसानी से नहीं मिलती थीं, इसलिए लोग फिल्मों को बहुत खास मानते थे और उनकी यादें भी लंबे समय तक बनी रहती थीं। उन्होंने आगे कहा कि आजकल सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बढ़ते चलन से फिल्मों को लेकर उत्साह और याददाश्त पहले के मुकाबले काफी कम हो गई हैं।जब काजोल से पूछा गया कि आज रिलीज हुई फिल्मों की याददाश्त पहले वाली फिल्मों जैसी क्यों नहीं है, इस पर काजोल ने कहा कि मुझे लगता है कि आज भी कुछ फिल्में अच्छी और याद रखने लायक होती हैं, लेकिन शायद उनकी संख्या कम है। मैं ये नहीं कहूंगी कि आज ऐसी कोई फिल्म नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पहले समय में सिर्फ सिनेमा हॉल ही एकमात्र तरीका था अपने पसंदीदा सितारों को देखने का। अगर किसी को शाहरुख खान को देखना होता था, तो उसे थिएटर जाना पड़ता था। अगर कोई अजय देवगन का फैन होता था, तो वो भी उन्हें देखने सिनेमा हॉल जाता था। अभिनेत्री ने कहा कि उस समय न सोशल मीडिया था, न ओटीटी। कुछ भी नहीं था। अगर किसी को अपने पसंदीदा अभिनेता या अभिनेत्री को देखना होता था, तो उन्हें सिनेमा हॉल जाना होता था। जब किसी चीज को देखने या अनुभव करने का सिर्फ एक ही तरीका होता है, तो वही अनुभव सबसे गहरी याद बन जाता है। उन्होंने कहा कि जब किसी चीज को देखने के लिए 15 अलग-अलग तरीके होते हैं, तो शायद वो उतनी गहराई से आपके दिल में नहीं बसती। वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही कायोज ईरानी की फिल्म 'सरजमीन' में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान डेब्यू कर रहे हैं। वहीं पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में हैं।

यह फिल्म 25 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## राष्ट्रपति के साथ बैठकर 'तन्वी द ग्रेट' देखना सम्मान की बात : करण टैकर

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के लिए 'तन्वी द ग्रेट' फिल्म की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन राष्ट्रपति भवन में किया गया। अनुपम खेर के साथ पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही। फिल्म के एक्टर करण, टैकर ने राष्ट्रपति की प्रशंसा को अपने लिए 'सबसे बड़ी उपलब्धि' बताया। विशेष स्क्रीनिंग शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र (आरबीसीसी) में आयोजित की गई थी। इस दौरान अनुपम खेर, शुभांगी दत्त, करण टैकर और बोमन ईरानी उपस्थित थे। राष्ट्रपति भवन में हुई विशेष स्क्रीनिंग से उत्साहित अभिनेता करण टैकर ने कहा कि अपने देश की राष्ट्रपति के साथ उनके कार्यालय में फिल्म देखना बेहद सम्मानजनक था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे मानना होगा कि वह एक बेहद सरल और विनम्र इंसान हैं, और फिल्म के लिए उनकी तारीफ मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्हें हमारे साथ पूरी फिल्म देखते देखना हमारी पूरी टीम के लिए बहुत ही सम्मानजनक और अभिभूत करने वाला क्षण था जो मेरी यादों में हमेशा के लिए कैद हो गया।<अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसकी कुछ तस्वीरें शेयर कीं और लिखा कि यह बताते हुए मुझे गर्व हो रहा है कि हमारी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदर्शित हुई। पूरी टीम के लिए यह गर्व का क्षण है।



मुझे इस खूबसूरत सफर का हिस्सा बनाने के लिए अनुपमा खेर को धन्यवाद। यह फिल्म 21 वर्षीय ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझ रही लड़की तन्वी रैना पर आधारित है, जो अपनी मां विद्या और दादा कर्नल प्रताप रैना के साथ रहती है। कहानी में तन्वी की प्रेरणा उसके दिवंगत पिता, कैप्टन समर रैना होते हैं, जो भारतीय सेना के अफसर थे और सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगा फहराने का सपना देखते थे। तन्वी ठान लेती है कि वह अपने पिता के कदमों पर चलेगी और सेना में शामिल होकर उनके इस सपने को पूरा करेगी। फिल्म में अनुपम खेर कर्नल प्रताप रैना का किरदार निभा रहे हैं। एक्ट्रेस शुभांगी दत्त फिल्म में तन्वी का रोल कर रही हैं। इनके अलावा, फिल्म में जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी और बोमन ईरानी जैसे सितारे भी हैं। तन्वी द ग्रेट 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## आयुष में एआई समावेश पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट ऐतिहासिक

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों, विशेष रूप से आयुष (आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करने में भारत के अग्रणी प्रयासों को स्वीकार किया है। इसकी जानकारी आयुष मंत्रालय ने दी। डब्ल्यूएचओ ने अपने तकनीकी विवरण 'पारंपरिक चिकित्सा में एआई' में भारत के इन प्रयासों को प्रमुखता से उजागर किया है, जो पारंपरिक चिकित्सा में डिजिटल तकनीकों के उपयोग को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि भारत की ओर से मिले प्रस्ताव के बाद हमारे प्रयासों को सराहा गया है। हमारे प्रस्ताव के परिणामस्वरूप डब्ल्यूएचओ ने पारंपरिक चिकित्सा में एआई के अनुप्रयोग के लिए पहला रोडमैप तैयार किया।

मंत्रालय ने इस मान्यता को 'पारंपरिक चिकित्सा के लिए मजबूत वैज्ञानिक



पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में भारत के नेतृत्व का प्रमाण' करार दिया। केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव ने कहा कि डब्ल्यूएचओ के तकनीकी विवरण में भारत की एआई-आधारित पहल हमारी प्राचीन चिकित्सा प्रणालियों को आधुनिक तकनीक के साथ जोड़ने की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

इसके अंतर्गत आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी, सोवा रिग्पा और होम्योपैथी में एआई-संचालित अनुप्रयोग शामिल हैं, जैसे नाड़ी रीडिंग, जीभ परीक्षण और प्रकृति मूल्यांकन को मशीन लर्निंग और डीप न्यूरल नेटवर्क के साथ जोड़ने वाली निदान सहायता प्रणालियां।

जाधव ने आगे कहा कि एसएएचआई पोर्टल, नमस्ते पोर्टल और आयुष अनुसंधान पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से भारत न केवल अपनी सदियों पुरानी चिकित्सा विरासत को संरक्षित कर रहा है, बल्कि व्यक्तिगत, साक्ष्य-आधारित और वैश्विक स्तर पर सुलभ स्वास्थ्य सेवा के भविष्य को भी आकार दे रहा है। डब्ल्यूएचओ के विवरण में आयुर्जेनोमिक्स पर भी प्रकाश डाला गया है, जो जीनोमिक्स को आयुर्वेदिक सिद्धांतों के साथ जोड़ने वाली एक वैज्ञानिक उपलब्धि है। यह पहल आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के तहत एआई-आधारित विश्लेषण से रोगों के पूर्वानुमानित संकेतों की पहचान कर वैयक्तिक परामर्श प्रदान करती है। इससे आधुनिक रोगों के लिए हर्बल योगों के जीनोमिक और आणविक आधार को समझने के प्रयासों को भी मान्यता मिली है।

## 'सिला' में ओमंग कुमार के विजन को अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं : सादिया खतीब

**मुंबई,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेत्री सादिया खातिब अपकमिंग फिल्म 'सिला' में नजर आएंगी, उन्होंने कहा कि वह फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं और इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हैं। फिल्म निर्माता ने हाल ही में अपकमिंग फिल्म 'सिला' से सादिया का एक पोस्टर शेयर किया था। इसमें सादिया का एक गंभीर अवतार दिखाई दे रहा है।

अपकमिंग फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि मैं इस सफर को लेकर काफी उत्साहित और रोमांचित हूं, साथ ही मैं निर्देशक ओमंग सर को शुक्रिया अदा करना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे फिल्म में 'सिला' की भूमिका निभाने का मौका दिया। मैं उनके विजन को अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती हूं। जॉन अब्राहम के साथ 'द डिप्लोमैट' में आखिरी बार नजर आईं अभिनेत्री ने उम्मीद जताई कि वह फिल्म में अपेक्षाओं से बढ़कर काम करेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद करती हूं कि, मैं फिल्म में निर्देशक की उम्मीदों से बढ़कर प्रदर्शन करूं।

## मैंने 'धुरंधर' जैसी फिल्म पहले कभी नहीं देखी : अर्जुन रामपाल

**मुंबई,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी आने वाली फिल्म 'धुरंधर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की किसी भी फिल्म से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने कहा कि ऐसी फिल्म उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अर्जुन ने कहा कि फिल्म को बनाने से पहले मेकर्स ने काफी रिसर्च किया है। इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया गया है। फिल्म की पूरी टीम ने अपने-अपने काम में पूरी मेहनत की है। फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद मैंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगा लिया। फिल्म में अर्जुन के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी अहम किरदार में हैं। अर्जुन ने इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभाया है।

ग्रे किरदार उन्हें कहते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। उनमें दोनों तरह के गुण शामिल होते हैं।

## थकान, अनिद्रा व तनाव से राहत दिलाने का आसान उपाय है द्रोणपुष्पी



- त्वचा से जुड़ी बीमारियों जैसे दाद, खुजली, घाव में राहत
- सांस की बीमारियों में भी द्रोणपुष्पी की भूमिका अहम

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (एजेंसियां)। हमारे आस-पास बहुत सारे ऐसे पौधे होते हैं जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन उनमें से कुछ औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और हमारी सेहत के लिए वरदान साबित होते हैं। 'द्रोणपुष्पी' भी ऐसा ही एक पौधा है, जो अपनी सादगी और आसानी से मिलने वाले गुणों के कारण आयुर्वेद में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे गुमा के नाम से भी जाना जाता है। यह पूरा पौधा, चाहे वह पत्ते हों, फूल, जड़ या तना... हर हिस्सा किसी न किसी बीमारी के इलाज में उपयोगी होता है।

अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, द्रोणपुष्पी का वानस्पतिक नाम ल्यूकास एस्पेरा है। इस पूरे पौधे में ट्राइटरपेनोइड्स नामक तत्व होता है, जिनमें ओलेनोलीक एसिड, यर्सोलिक एसिड और बीटा-सिटोस्टेरोल शामिल हैं। इसके ऊपर वाले भागों में निकोटिन, स्टेरोल्स और कुछ नए अल्कालॉइड्स पाए गए हैं। साथ ही इसमें शर्करा जैसे गैलैक्टोज और ग्लूकोसाइड भी होते हैं।

पौधे के पत्तों में कई प्रकार के तैलीय और खुशबूदार पदार्थ होते हैं, जिनमें यू-फारनीसीन, एक्स-थुजीन और मेंथोल सबसे ज्यादा होते हैं। फूलों में भी ऐमिल प्रोपियोनेट और आइसोएमिल प्रोपियोनेट जैसे कुछ खास तत्व पाए जाते हैं। इसके बीजों में कई प्रकार के फैटी एसिड होते हैं, जैसे पाल्मिटिक एसिड, स्टीयरिक एसिड, ओलेइक एसिड और लिनोलेइक एसिड। बीजों के तेल में बीटा-सिटोस्टेरोल और सेरिल अल्कोहल भी होते हैं।

पौधे के तनों और जड़ों में ल्यूकोलेक्टोन नामक तत्व होता है। ये सारे तत्व मिलकर द्रोणपुष्पी को औषधीय गुणों से भरपूर बनाते हैं। इस पौधे में एंटीमाइक्रोबियल, एंटीऑक्सिडेंट और कई अन्य औषधीय गुण होते हैं, इसलिए इसका इस्तेमाल दवाइयों के रूप में भी होता है।

यह पौधा बुखार में बहुत फायदेमंद होता है। चाहे सामान्य बुखार हो, मलेरिया, टाइफाइड, या किसी भी तरह की समस्या हो, द्रोणपुष्पी का काढ़ा पीने से बुखार जल्दी कम हो जाता है। इसके पत्तों का रस निकालकर शरीर पर लगाने से भी ठंडक मिलती है और जलन कम होती है। पेट की समस्याओं में भी यह बहुत मददगार है। अगर आपको अपच, गैस, पेट फूलना या दस्त जैसी तकलीफें हों तो द्रोणपुष्पी की सब्जी खाने से या काढ़ा बनाकर पीने से पाचन तंत्र मजबूत होता है और भूख भी बढ़ती है।

बैठक में एचपीसीएल ने बताया कि रायपुर स्थित सेंट्रल जेल के पास उनके पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर की शुरुआत हो चुकी है। और आगामी दिनों में 50 आउटलेट्स में सेंटर स्थापित करने का लक्ष्य है। वहीं जियो पेट्रोलियम ने धमतरी और रायपुर के पंपों में केंद्र प्रारंभ कर दिए हैं तथा इस तिमाही में 6 नए केंद्र खोलने की योजना है। इंडियन ऑयल कंपनी ने जानकारी दी कि रायपुर-बिलासपुर मार्ग स्थित जय-जवान पेट्रोल पंप में पीयूसी सेंटर शुरू किया गया है।

परिवहन आयुक्त ने निर्देश दिए कि पीयूसी सेंटरों की उपलब्धता की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक वाहन मालिक प्रदूषण जांच करवा सकें और पर्यावरण संरक्षण में सहयोग दें। बैठक में उप परिवहन आयुक्त मनोज कुमार ध्रुव, एआरटीओ युगेश्वरी वर्मा तथा तेल कंपनियों के प्रतिनिधि इंडियन ऑयल से विशाल राणा, एचपीसीएल से राकेश जोशी एवं नितिन श्रीवास्तव और जियो पेट्रोलियम से शिखर श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# बिजली दरों के खिलाफ कांग्रेस का 15 से राज्यस्तरीय आंदोलन



**रायपुर, 12 जुलाई (देशबन्धु)।** बिजली दरों में हुई वृद्धि के विरोध में प्रदेश कांग्रेस 15 जुलाई को राज्य व्यापी आंदोलन की घोषणा की है प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकार वार्ता में बताया कि 15-17 जुलाई तक पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे। ब्लॉक स्तर पर जेई, एई दफ्तरों का घेराव और 22 जुलाई को विद्युत कंपनी के जिला स्तरीय कार्यालय घेरे जाएंगे।

बैज ने कहा कि सरकार ने जनता के जेब में डाका डालने का काम किया है। वृद्धि पर बैज ने पूछा कि छत्तीसगढ़ सरप्लस स्टेट है फिर महंगी दरों पर बिजली क्यों? सरकारी विभागों में बिजली का हजारों करोड़ रुपए बकाया है। सरकार वसूल नहीं कर पा रही है, गरीबों की आमदनी पर डाका डाल रही है।

श्री बैज ने डीएपी और नैनो खाद पर जारी सरकारी विज्ञापन मामले में सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एक और पर्याप्त स्टॉक का विज्ञापन जारी हुआ। दूसरी तरफ कल ही खाद खरीदी का टेंडर जारी किया गया। जरूरत अभी है, कब खरीदी होगी, कब किसान को मिलेगी। सभी सहकारी केंद्र में कितना स्टॉक, सरकार आंकड़े जारी करें।

दो वर्षों में हमारी कोशिश रही की हम जनता की लड़ाई लड़े। जनता की तकलीफों की आवाज बनें, हमने एक दर्जन से अधिक न्याय यात्रायें की, आंदोलन किया, विधानसभा घेराव, सीएम हाउस घेराव, धरना प्रदर्शन जैसे तमाम लोकतांत्रिक हथियारों से विपक्ष के धर्म को निभाने का काम किया, हम कितने सफल रहे, यह आंकलन करने का काम आप सब पर छोड़ता हूं। लेकिन हमारा संघर्ष जन सरोकारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता आगे भी जारी रहेगी।

# 'राज्यपाल ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया पौधारोपण



**रायपुर, 12 जुलाई (देशबन्धु)।** राज्यपाल रमेन डेका ने आज अपने कोरबा प्रवास के दौरान जिला पंचायत परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत बादाम के पौधे रोपित किए। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी नागरिकों से अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। साथ ही लगाए गए पौधे को सजीव बनाए रखने की जिम्मेदारी स्वयं उठाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। पेड़ पौधे न केवल पर्यावरण को स्वच्छ बनाता है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक अनमोल उपहार है। इस अवसर पर कलेक्टर अजीत वसंत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार बोलेरो

## मौके पर एक युवक की मौत, दो गंभीर

**रायगढ़, 12 जुलाई (देशबन्धु)।** जिले से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां तमनार थाना क्षेत्र में स्थित जिंदल पावर प्लांट के मुख्य गेट के सामने शुक्रवार शाम को तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।



मृतक की पहचान शिव सिंह, निवासी रिस्दा गांव, मस्तूरी थाना क्षेत्र के रूप में की गई है। घायल व्यक्तियों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो की रफ्तार काफी अधिक थी, और चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। हादसे की सूचना मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# प्रदेश में अब तक 364.1 मि.मी. औसत वर्षा

**रायपुर, 12 जुलाई (देशबन्धु)।** छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 364.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 540.3 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 176.4 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।



राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 275.9 मि.मी., सूरजपुर में 451.7 मि.मी., जशपुर में 474.8 मि.मी., कोरिया में 398.6 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 354.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 343.9 मि.मी., बलौदाबाजार में 348.3 मि.मी., गरियाबंद में 318.1 मि.मी., महासमुंद में 333.7 मि.मी. और धमतरी में 322.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 387.1 मि.मी., मुंगेली में 254.7 मि.मी., रायगढ़ में 519.7 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 363.8 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 491.4 मि.मी., सक्ती में 422.6 मि.मी., कोरबा में 464.8 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 368.0 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। दुर्ग जिले में 303.7 मि.मी., कबीरधाम में 258.0 मि.मी., राजनांदगांव में 298.1 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 484.3 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 245.9 मि.मी., बालोद में 380.4 मि.मी. और बस्तर जिले में 436.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 263.1 मि.मी., कांकेर में 366.8 मि.मी., नारायणपुर में 315.7 मि.मी., दंतेवाड़ा में 397.2 मि.मी., सुकमा में 209.3 मि.मी. और बीजापुर में 444.2 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

**NECC**

| 13.07.2025 | अंडा | मुर्गी | कार्कल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 505 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.50 | 90 | 190 |

डिलीवरी 520 सैकड़ा
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पत्नी - मेरा वेट कैसे कम होगा?
पति- अपनी गर्दन को दाएं बाएं हिलायें ।
पत्नी - किस समय?
पति- जब कोई खाने को पूछे!!!

# रूद्रारम आंगनबाड़ी केंद्र की गिरी सीलिंग

## बाल-बाल बचे बच्चे, शाम के वक्त हुई घटना, अन्यथा हो सकती थी दुर्घटना

**बीजापुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में नौनिहालों को मौत के मुंह में धकेलने का काम किया जा रहा है। ये तो ऊपर वाले की कृपा रही कि कोई जनहानि नहीं हुई और दर्जनों बाल गोपाल बाल बाल बच गए। ऊपर वाले ने तो बच्चों को बचा लिया, मगर अब प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बच्चों की जान की फिक्र करनी पड़ेगी। इस घटना से अधिकारियों ने सबक नहीं लिया, तो कभी भी दुखद खबर सामने आ सकती है। मामला बीजापुर जिले के भोपालपटनम ब्लॉक से सामने आया है। इस ब्लॉक की ग्राम पंचायत रूद्रारम के कोनागुड़ा आंगनबाड़ी केंद्र में एक बड़ा हादसा टल गया। मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई की शाम 5 बजे के आसपास आंगनबाड़ी केंद्र भवन की छत की सीलिंग अचानक गिर पड़ी।सौभाग्यवश उस समय आंगनबाड़ी केंद्र बंद था और बच्चे या स्टाफ वहां मौजूद नहीं थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। यदि यह घटना सुबह के समय जब केंद्र में बच्चों की उपस्थिति रहती है, तब घटित होती, तो एक बड़ी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था। स्थानीय लोगों ने घटना को गंभीरता से लेते हुए शासन-प्रशासन से मांग की है कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों की संरचनात्मक स्थिति का परीक्षण कराएं और जर्जर भवनों की शीघ्र मरम्मत या पुनर्निर्माण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जर्जर आंगनबाड़ी केंद्रों और शालाओं के भवनों को चिन्हितकर वहां आंगनबाड़ी केंद्र एवं शाला संचालन तुरंत बंद करवाए जाने की भी जरूरत है। यह घटना एक चेतावनी है कि समय रहते सुरक्षा उपायों पर ध्यान न दिया गया तो भविष्य में ऐसी लापरवाही भारी पड़ सकती है। ऊपर वाले की कृपा रही कि कोई बड़ी अनहोनी नहीं हो पाई, लेकिन अब नीचे वालों यानि प्रशासन को जगना होगा।



# कर्तव्य से अनुपस्थित 9 शिक्षकों सहित 3 भृत्यों को शो-कॉज नोटिस जारी

**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिले में शैक्षणिक गतिविधियों को नियमित तौर पर सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के तहत जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने शनिवार को सुबह जिले के बास्तानार एवं तोकापाल विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तोकापाल ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मावलीभाटा का औचक निरीक्षण में कर्तव्य से अनुपस्थित 09 शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित 03 भृत्यों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर समाधान कारक जवाब प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत शनिवार सुबह 7.40 बजे हायर सेकंडरी स्कूल मावलीभाटा के निरीक्षण में व्याख्याता नियमित नगेश कुमार दास सहित व्याख्याता एलबी लोकेश कुमार नाग, गेंदकुमारी तिवारी, पूजा ठाकुर, अंशुमाला मिंज और नियमित शिक्षक उग्रेश कुमार सोरी, शिक्षक एलबी राधाकृष्ण ध्रुव, दुतिका कश्यप एवं अनिता ठाकुर तथा भृत्य बुधमनी बघेल, दीपिका सेठिया व चन्द्रकला बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीईओ ने जारी कारण बताओ नोटिस में इन सभी को निर्देशित किया है कि विद्यालय के निरीक्षण के दौरान निर्धारित शाला संचालन समय पर अनुपस्थिति अपने कर्तव्य के प्रति उदासीनता का द्योतक है एवं सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के नियम के सर्वथा विपरित है। अतएव क्यों न इस कृत्य के लिए सम्बंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की प्रक्रिया की जाए। अत: उक्त संबंध में अपना स्पष्टीकरण तीन दिवस के भीतर सम्बंधित स्वयं अधोहस्ताक्षकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण समाधानकारक नहीं होने अथवा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं होने की स्थिति में की जाने वाली अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सम्बंधित स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# पूर्व विधायक रेखचंद ने पटना के कार्यकर्ताओं में भरा जोश



**जगदलपुर**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। अभा कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक जगदलपुर के पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पटना में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक ली। बैठक में उनका स्वागत किया गया। परिचयात्मक बैठक में श्री जैन ने कवि दुष्यंत की चंद लाइनें नजीर की। उन्होने कार्यकर्ताओं में जोश भरा और पार्टी प्रत्याशी को जिताने का आव्हान किया। उन्होने स्थानीय कार्यकर्ताओं से कांग्रेस को मजबूत करने का निवेदन भी किया। विधानसभा क्षेत्र से संबंधित समस्त आवश्यक जानकारी भी प्राप्त की। उनके साथ बस्तर जिला कांग्रेस महासचिव विजय सिंह तथा पटना जिलाध्यक्ष शशि रंजन यादव, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष बीना निषाद, प्रखंड अध्यक्ष राजेश यादव, जय किसन, हेमंत चतुर्वेदी, अभय जायसवाल, शमीम अख्तर, चन्दन कुमार, पूर्व प्रत्याशी राजकुमार राजन, रतन दीप राय, राजीव मेहता, पप्पू त्रिवेदी, सरदार जगजीत सिंह, कमलेश पाण्डेय एवं पटना के अनेकानेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। इससे पूर्व वे पटना के मीडिया विभाग के सहयोगियों से मिले।

# स्वच्छता को सभी बनाएं जीवन का अभिन्न अंग : महापौर





## नगर निगम कार्यालय में स्वच्छता अभियान

**जगदलपुर**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा शनिवार को निगम कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यालय के अंदर व आसपास सफाई की गई। नारे लगाकर संकल्प लिया गया कि प्रत्येक शनिवार को चिन्हित स्थानों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। वहीं रविवार को किसी एक वार्ड में जाकर वार्ड में फैली गंदगी को साफ किया जाएगा। निगम कार्यालय के पिछले हिस्से को अब पार्किंग स्थल के लिए उपयोग किया जाएगा ऐसी योजना बनाई जा रही है। विदित हो कि सप्ताह में एक दिन शनिवार को नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान कुछ समय से चलाया जा रहा है।इसी कड़ी में आज नगर निगम कार्यालय के अंदर सफाई अभियान चलाया गया। महापौर संजय पाण्डे ने कह- स्वच्छता का अर्थ है हमारे आसपास के वातावरण को साफ रखना। यह केवल शारीरिक सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि हमारे आसपास के पर्यावरण को भी साफ रखना स्वच्छता का एक हिस्सा है। एक स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण में स्वच्छता का बहुत बड़ा योगदान होता है। हम अपने आसपास फैली गंदगी को दूर करें, स्वच्छता रखें तो बहुत सी गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। गंदगी से अनेक प्रकार की बीमारियां फैलती हैं। यदि हम स्वयं को और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखते हैं तो हम गंभीर बीमारियो से बच सकते हैं। नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने कहा स्वच्छता से व्यक्ति के व्यक्तित्व में निखार आता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। स्वच्छता केवल सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हम सभी नागरिकों का यह कर्तव्य है कि हम अपने घर, स्कूल, मोहल्ले और शहर को स्वच्छ बनाए रखें। हम अपने घरों का गीला व सूखा कचरा अलग अलग दें यह भी हमारा कर्तव्य है। सफाई अभियान में एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, कलावती कसेर, पार्षद खगेंद्र, पारुल बोथरा, पूनम सिन्हा, आशा साहू, उर्मिला यादव, गायत्री बघेल, झरना महंती, रामनरेश पांडे, विधुशेखर झा, एचवाय कुकड़े, धीरज कश्यप, रितेश सिन्हा, सुलोचना, नवीन बोथरा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित नगर निगम के स्टॉफ मौजूद रहे।

# नक्सल क्षेत्र में विश्वास की बुनियाद रखती सीआरपीएफ

## 159 वीं बटालियन का सिविक एक्शन, बुर्कापाल में बंटी जरूरी सामग्री



**सुकमा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सुकमा जिले के अत्यंत संवेदनशील और नक्सल प्रभावित ग्राम बुर्कापाल में सीआरपीएफ 159 वीं बटालियन द्वारा शुक्रवार को सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडेंट कुमार मयंक के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों के बीच विश्वास बहाली, सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय कमान अधिकारी मनीष कुमार और सहायक कमांडेंट अमित कुमार के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर बुर्कापाल और ताड़मेटला क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा और बच्चे उपस्थित हुए। कार्यक्रम में 60 नग रेडियो सेट वितरित किए गए ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में बसे लोग देश-दुनिया की खबरों और मनोरंजन से जुड़ सकें। यह पहल ग्रामीणों के लिए एक नई दिशा और संवाद का माध्यम बनकर उभरी। ग्रामीणों की स्वास्थ्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों और बीमार लोगों को प्राथमिक चिकित्सा और आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। उपस्थित सभी लोगों के लिए जलपान और चाय की व्यवस्था की गई, जिससे माहौल एक पारिवारिक मेले जैसा हो गया।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए खेलकूद, साफ-सफाई और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा की। लोगों को यह समझाया गया कि कैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और स्वच्छता के प्रति सजग होकर वे अपने जीवन की दिशा बदल सकते हैं।

बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी मनीष कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि च्सीआरपीएफ केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, हम यहां समाज के साथ खड़े रहने, सहयोग करने और विश्वास बहाल करने आए हैं। सिविक एक्शन कार्यक्रम के माध्यम से हम यह संदेश देना चाहते हैं कि यह बल आपके साथ है — आपकी खुशियों, जरूरतों और भविष्य के सपनों में सहभागी बनकर।

# भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती हेतु 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित

**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय वायु सेना में अग्निवीर वायु भर्ती हेतु अविवाहित युवक एवं युवतियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। अग्निवीर वायु भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। अग्निवीर वायु हेतु निर्धारित योग्यता के तहत अविवाहित उम्मीदवार का जन्म 02 जुलाई 2005 और 01 जनवरी 2009 के मध्य हुआ हो। आवश्यक शैक्षणिक योग्यता विज्ञान विषय के आवेदकों हेतु आवेदक केन्द्रीय या केन्द्रशासित अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमिडिएट 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा में गणित, भौतिकी एवं अंग्रेजी विषयों के कुल योग का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। अथवा आवेदक केन्द्रीय या केन्द्रशासित अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स, आटोमोबाईल, कम्प्यूटर साइंस, इन्फोरमेशन टेक्नोलॉजी, इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी आदि विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। अथवा आवेदक केन्द्रीय या केन्द्रशासित अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से द्विवर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। अन्य विषय के आवेदकों हेतु आवेदक केन्द्रीय अथवा केन्द्रशासित या राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से इंटरमिडिएट 10+2 अथवा समकक्ष परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। अथवा आवेदक केन्द्रीय या केन्द्रशासित अथवा राज्य के मान्यता प्राप्त बोर्ड से द्विवर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्ण हो। शारीरिक योग्यता के अंतर्गत ऊंचाई पुरुष आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**जगदलपुर**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने शनिवार को मत्स्य विभाग के ग्राम बालेंगा में स्थित मत्स्य बीज उत्पादन केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बीज उत्पादन केंद्र में उत्पादित मछली सीड का अवलोकन किया। इसके साथ ही मछुआ समिति से मत्स्य पालन और रोजगार के अवसर पर चर्चा किए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, मत्स्य विभाग के अधिकारी मोहन राणा, सीईओ जनपद चुरेन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

# प्रधानमंत्री आवास और महतारी वंदन योजना ने जीवन को बनाया सरल और सुखद

## पीएम आवास योजना बनी इंद्रे के लिए वरदान



**सुकमा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अब समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँच रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में सुकमा जिले के दूरस्थ अंदरुनी क्षेत्रों में भी पीएम आवास योजना के तहत हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ मिल रहा है। सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के ग्राम पंचायत दुब्बाटोटा के एक असहाय वृद्ध इंद्रे की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जहाँ शासन की तीन योजनाओं ने एक साथ उनकी ज़िंदगी को आसान और सुविधाजनक बना दिया है। दुब्बाटोटा निवासी पीएम आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही इंद्रे बताती हैं कि मैं अकेले रहती हूँ और काम करने के लिए सही ढंग से मेरा हाथ पाँव नहीं चलता है। इसलिए मैं कोई रोज़ी मज़दूरी भी नहीं कर पाती। मेरा कोई परिजन भी नहीं है। पहले मैं कच्चे घर में रहती थी। बरसात हो या गर्मी, हमेशा घर में डर बना रहता था। पानी टपकता था, दीवार गिरने का डर और रात में साँप, बिच्छू का डर अलग से। गाँव वालों ने बताया तो मैं भी पीएम आवास योजना के लिए आवेदन कर दी। फिर मुझे पीएम आवास बनाने की स्वीकृति मिल गई। पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से मेरा पीएम आवास बन गया। प्रधानमंत्री आवास योजना से मिला पक्का मकान मेरे लिए एक नई दुनिया जैसा है। अब न डर है, न परेशानी, घर भी साफ-सुथरा है। इसके साथ ही पंचायत विभाग की सहायता से घर में शौचालय योजना से शौचालय भी बना हुआ है। उन्होंने आगे बताया कि, मुझे मुख्यमंत्री महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने 1000 रूपए की राशि मिलती है। उसी से मैं तेल, नमक, साबुन जैसे ज़रूरी सामान खरीद लेती हूँ। महतारी वंदन से मिली राशि से ही मेरा जीवनयापन चलता है। शासकीय योजनाओं का लाभ देने के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बहुत बहुत धन्यवाद देती हूँ।

# रोटरी क्लब एवं नगरनार स्टील प्लांट के संयुक्त तत्वाधान में किया गया रक्तदान





## रक्तदान शिविर में जमा हुआ 200 यूनिट रक्त, युवाओं को दिलाई नियमित रक्तदान की शपथ

**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। रोटरी क्लब ऑफ़ जगदलपुर एवं नगरनार स्टील प्लांट के संयुक्त तत्वाधान पर प्लांट मे स्थित औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र नगरनार मे ईडी एम. एन.वी.एस प्रभाकर एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल जैन के दिशा निर्देश में एवं महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगरनार स्टील प्लांट में काम करने वाले अधिकारी, कर्मचारी गण, वर्कर, रोटरी मेंबरो ने उत्साह पूर्वक भागीदारी निभाई। शिविर में 200 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। महारानी एवं डिमरापाल हॉस्पिटल से आये डॉक्टरगणों की टीम ने रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान के प्रति जागरुक करते हुए उन्हें समय-समय पर रक्तदान करने की शपथ भी दिलाई। इस दौरान उपस्थित युवाओं मे रक्तदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। सभी रक्तदाताओं को रोटरी क्लब ऑफ़ जगदलपुर द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया एवं प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। जगदलपुर महापौर संजय पांडे ने कहा कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल रक्त संग्रहण था बल्कि समाज में निस्वार्थ सेवा भावना और मानवता के प्रति कर्तव्य बोध को भी जागृत करना रहा। विशेष रूप से मैं रोटरी परिवार को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने यह पुनीत कार्य किया। नगरनार स्टील प्लांट के ईडी प्रभाकर ने कहा रक्तदान न केवल जरूरतमंद की जान बचाने का कार्य करता है बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। रोटरी क्लब ऑफ़ जगदलपुर के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा नियमित रक्तदान से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है, हृदय रोग का खतरा कम होता है और रक्त संचार प्रणाली बेहतर बनी रहती है उन्होंने कहा समाज में किसी भी समय रक्त की जरूरत पड़ सकती है ऐसे में प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। मैं नगरनार स्टील प्लांट के सभी जनों का धन्यवाद प्रेषित करना चाहता हूं। जिन्होंने हमारे रोटरी परिवार को यह पुनीत कार्य करने का अवसर प्रदान किया। रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से डॉ.राज किशोर नायक, डॉ.यामिनी सिंह, डॉ.डाकेश रात्रे, डॉ.राजीव जैन सीएमओ, सचिव रो. अमरदीप सोढ़ी, चेयरमेन रो. मनोज थॉमस, कुलजीत, किशोर पारख, सुनील जैन, जीतेन्द्र अहलुवालिया, प्रकाश चावड़ा, कमल शेट्टी, संजय बथवाल, दीपक कपूर, श्रीधर मद्दी, डॉ सरिता थॉमस, विवेक जैन, अमित जैन, संग्राम सिंह राणा, लाइबा चामडिया, ममता राणा, आसिफ, अप्रतिम झा सहित रोटरी सदस्य एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# भालूगुड़ा के स्कूलों में प्रबंधन समिति का गठन



**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 की प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भालूगुड़ा में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। इसका उद्देश्य स्कूल के विकास और प्रबंधन में समुदाय की भागीदारी बढ़ाना है। पूर्व माध्यमिक शाला भालूगुड़ा में विजय मंडावी को अध्यक्ष और बुटलू मंडावी को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, प्राथमिक शाला भालूगुड़ा में फरसू राम कश्यप को अध्यक्ष और साधु कश्यप को उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया। शाला प्रबंधन समिति के गठन से स्कूल के विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगी और स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार होगा। समिति के सदस्य विद्यालय के क्रियाकलापों और कार्यों की निगरानी करेंगे और विद्यालय के विकास के लिए आवश्यक विकास राशि जुटाने पर विचार-विमर्श और निर्णय लेंगे। शाला प्रबंधन समिति के गठन से न केवल स्कूल के विकास में मदद मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों के शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में भी योगदान मिलेगा। समिति के सदस्य विद्यालय की बेहतरी के लिए स्वयं के नियम बनाकर उन पर अमल करेंगे और विद्यालय के विकास में अपनी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# नारायणपुर अंजुमन इस्लामिया कमेटी की अनोखी पहल



## बर्थ डे पार्टी में होने वाली फ़िज़ूल खर्च पर विराम लगाने की मुहिम

**नारायणपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुस्लिम समाज की ओर से अनोखी पहल की जा रही हैं। बर्थ डे में केक काटने की बढ़ती परंपरा से हटकर मुस्लिम समुदाय के लोग अब अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छी आबोहवा देने के लिए पौध रोपण अभियान में सहभागिता निभाने लगे हैं। अंजुमन इस्लामिया कमेटी नारायणपुर के द्वारा जमात के किसी भी शख्स की यौमे पैदाइश के दिन पर एक पौधा लगाने की मुहिम का आगाज़ अंजुमन कमेटी के सदर मोहम्मद इमरान खान के यौमे पैदाइश के दिन यानि शनिवार 12 जुलाई से की गई हैं। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के द्वारा बाकायदा जमात के सभी लोगों को उनके यौमे पैदाइश के दिन फलदार पौधा उपलब्ध कराया जा रहा हैं। पौधा लगाने के लिए कब्रिस्तान, ईदगाह और नए जमात खाना की जमीन को चिन्हांकित किया गया हैं। वहीं अगर कोई अपने घर या बाड़ी में भी पौधे लगाने की इच्छा समाज प्रमुखों के सामने जाहिर करे तो कमेटी उनके यौमे पैदाइश के दिन घर में पौधा लगाने के लिए हर संभव मदद कर एक पौधा उपलब्ध कराएगी। जन्मदिन के उत्सव में होने वाली फिजूल खर्च रोकने की दिशा में मुस्लिम समाज आगे बढ़ रहा हैं। इस अभियान से जहां फ़िज़ूल खर्च में रोक लगाने की पहल की जा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ पौधा का रोपड़ कर पृथ्वी के अंदर बढ़ते दबाव को कुछ हद तक कम करने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा हैं।

**इस्लामी शिक्षाओं में पेड़ लगाने का महत्व**

इस्लाम में पेड़ लगाने को बहुत महत्व दिया गया है, और पैगंबर मुहम्मद साहब ने भी पेड़ लगाने और उनकी देखभाल करने की शिक्षा दी है। हदीस में है कि अगर कोई मुसलमान पेड़ लगाता है, तो उसे उस पेड़ से मिलने वाले हर फायदे का सवाब मिलेगा, चाहे वह फल हो, छाया हो, या किसी भी तरह का फायदा हो। नेकी की नियत रखने वालो के लिए पेड़ लगाने की मुहिम की प्रशंसा सभी लोग कर रहे हैं।

सदका-ए-जारिया़ पेड़ लगाना एक ऐसा दान है जिसका फल निरंतर मिलता रहता है, जब तक कि वह पेड़ जीवित है और उससे दूसरों को फायदा पहुंच रहा है। पेड़ लगाना पर्यावरण को बचाने और हरियाली को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।अंजुमन इस्लामिया कमेटी नारायणपुर की इस पहल का हिस्सा बनने के लिए लोगों से अपील की गई हैं।

**एक पेड़ मां के नाम से मिली प्रेरणा**

नारायणपुर मुस्लिम समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम से प्रेरणा लेते हुए मुस्लिम समाज अपनी सहभागिता निभा रहा हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की चिंता सभी स्तर पर होनी चाहिए। भविष्य के खतरे को देखते हुए पौध रोपण अभियान ही एक बेहतर विकल्प हैं जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को अनुकूल माहौल प्राप्त हो सकेगा।

# ग्रामीण स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में आया सुधार, शिक्षकविहीन स्कूल को मिला शिक्षक

**सुकमा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति का सकारात्मक असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुकमा सुखराम देवांगन ने बताया कि सुकमा विकासखंड में कुल 246 शासकीय विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 181 प्राथमिक शाला, 65 माध्यमिक शाला, 13 हाई स्कूल और 7 हायर सेकेण्डरी स्कूल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण से पूर्व विकासखंड में 1 विद्यालय शिक्षक विहीन था और 42 विद्यालय एकल शिक्षक पर संचालित हो रहे थे। शासन द्वारा शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण की पारदर्शी प्रक्रिया से इन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई, जिससे अब छात्र-छात्राओं को नियमित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल रही है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के बाद विद्यालय में शिक्षकों की संख्या में संतुलन आया है जिससे छात्रों को पढ़ाई के लिए बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन



मिल रहा है। इसके चलते बच्चों की उपस्थिति में भी सुधार देखा गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने बताया कि यह पहल विशेषकर ग्रामीण व पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब छात्र नियमित रूप से कक्षा में सभी विषयों की पढ़ाई कर पा रहे हैं और उन्हें किसी बाहरी सहायता की आवश्यकता नहीं रह गई है।

# सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता

## मैत्री संघ, आड़ावाल और यंग स्टार ने जीते अपने-अपने मैच



**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता में शनिवार को तीन मैच खेले गए। पहले मैच में मैत्री संघ फुटबॉल क्लब ने 2ङ्क 1 से स्पोर्ट्स क्लब नगरनार को पराजित किया। दूसरे मैच में आड़ावाल फुटबॉल क्लब ने 5 ङ्क1 से लोहंडीगुड़ा फुटबॉल क्लब को पराजित किया और आज के तीसरे मैच में यंग स्टार फुटबॉल क्लब ने न्यू स्टार बस्तर फुटबॉल क्लब को 10 ङ्क1 से पराजित किया।

# कलेक्टर ने फरसगांव विकासखंड में स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी और विद्यालयों का किया निरीक्षण

**फरसगांव,** 12 जुलाई 2025/ कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज फरसगांव विकासखंड अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए। कलेक्टर ने बालक आश्रम कोसागांव में स्थापित कल्पना कक्ष का निरीक्षण किया, जहां पांचवी कक्षा के बच्चे प्रताप और डिगेश्वर ने कंप्यूटर में हिंदी में अपना नाम टाइप करके दिखाया। कलेक्टर ने बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार सभी आश्रमों में बच्चों को इसी तरह सुविधाएं और माहौल उपलब्ध कराएं ताकि बच्चे बेहतर ढंग से सीख सकें। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने की बात कही। साथ ही आश्रम परिसर में खेल मैदान एवं उद्यान को विकसित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कोसागांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों को सिखाई जा रही गतिविधियों, पोषण आहार तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को बच्चों को स्वच्छता की आदतें सिखाने तथा उनके लिए ड्रेस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शासकीय हाई स्कूल कबोंगा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय में सुधार हेतु प्रभावी ढंग से पढ़ाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित प्राचार्य को दिए। कलेक्टर ने फरसगांव स्थित शासकीय आदर्श बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया, जहां भवन की जर्जर स्थिति और सीपेज की समस्या का अवलोकन किया। उन्होंने जर्जर स्थिति को देखते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को भवन के पीछे अतिरिक्त भवन निर्माण करने हेतु निर्देशित किया।



## गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं और शिक्षा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

**स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं का लिया जायजा**

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर कबोंगा का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच, प्रसव की स्थिति तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने दो से अधिक संतान होने की स्थिति में परिवार नियोजन की आवश्यकता पर जोर देते हुए स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को परामर्श एवं जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने एएनसी पंजी का अवलोकन करते हुए सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि जन चौपाल आयोजन कर माध्यम से मितानिनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सहायता से परिवार नियोजन, पोषण आहार वितरण और एएनसी पंजीकरण को प्राथमिकता से कराएं। इसके पश्चात कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसव कक्ष में माताओं से चर्चा कर नवजात शिशुओं एवं माताओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बालकों और बालिकाओं में कोई भेदभाव न करें तथा बेटियों की भी उतनी ही अच्छी देखभाल करें। उन्होंने मातृ एवं शिशु देखभाल, स्तनपान के महत्व और आवश्यक नियमों की जानकारी नियमित रूप से देने के निर्देश स्वास्थ्य कर्मियों को दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ आर के चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री कृपेन्द्र तिवारी भी उपस्थित रहे।

# शासकीय हाई स्कूल बालेंगा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**फरसगांव/विश्रामपुरी,** 12 जुलाई, कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित शासकीय हाई स्कूल बालेंगा में 10 जुलाई को शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शाला प्रवेशोत्सव अभियान के तहत नए प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और उन्हें पुस्तकें वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त, कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर उनका सम्मान बढ़ाया गया।

इस दौरान %एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़ेराजपुर जनपद अध्यक्ष सुकमन नेताम, बालेंगा के सरपंच प्रतिनिधि सुकमन नेताम, पूर्व जनपद सदस्य शिवलाल मरकाम, भूतपूर्व सरपंच सुखमन सलाम, सोमलाल नेताम, ग्राम पटेल सगराम मरकाम, जयलाल मरकाम, भूतपूर्व जनपद सदस्य हेमलाल नेताम, छेदीलाल मरकाम सहित समस्त वार्ड पंच, संस्था के शिक्षक, शिक्षिकाएं और अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कलेक्टर देवेश कुमार ने स्वास्थ्य केंद्र और स्कूलों का किया औचक निरीक्षण





## प्रा.शा. गिरलीखुटी में छात्र को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश

**सुकमा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव शुक्रवार को विकासखण्ड छिंदगढ़ में स्थित विकासखंड चिकित्सालय और पीएचसी तोंगपाल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में बरसाती पानी और अन्य स्त्रोतों से जमा गंदे पानी को साफ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उल्टी-दस्त और डेंगू-मलेरिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में कपड़ा सुखाने के लिए हीटर रखने और भर्ती मरीजों के लिए मच्छरदानी का उपयोग करने निर्देशित किया। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र और मैटरनिटी वार्ड में भर्ती मरीजों के खान-पान एवं पौष्टिक आहार में विशेष ध्यान देने कहा।

स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को गर्भवती, शिशुवती और छोटे बच्चों को शत-प्रतिशत टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात वे प्राथमिक शाला चिपुरपाल और गिरलीगुटी पहुंचे। स्कूल में उन्होंने बच्चों को पढ़ाई से संबंधित कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों के लिए पुस्तकें और गणवेश की उपलब्धता की जानकारी ली। छात्रों की उपस्थिति कम होने पर अभिभावकों से मिलकर काउंसिलिंग करने के निर्देश दिए। स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 3 री के छात्र को चर्मरोग से संबंधित समस्या थी। उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को छात्र का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी स्कूलों, आश्रम और छात्रावासों में छात्रों का नियमित स्वास्थ्य जाँच करने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय आईटीआई में प्रवेश , 23 जुलाई तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जगदलपुर में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में संचालित व्यवसाय छमाही व्यवसाय डीसीएम तथा एकवर्षीय व्यवसाय कोपा, स्टेनो हिन्दी, वेल्डर और द्विवर्षीय व्यवसाय विद्युतकार, फिटर, एमएमव्ही में प्रवेश के लिए 16 से 23 जुलाई 2025 तक पुनः आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन पोर्टल cgiti.admissions.nic.in खुला है। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक स्वयं अथवा छत्तीसगढ़ स्थित किसी भी लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से उक्त पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में उपस्थित होकर सम्पर्क किया जा सकता है।

# गवर्नमेंट आईटीआई बस्तर में प्रवेश हेतु 18 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जगदलपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर जिला-बस्तर में व्यवसाय कोपा, फिटर, विद्युतकार, बुडवर्क टेक्निशियन, ड्राफ्ट्समैन (सिविल) ड्रायवर कम मैकेनिक, मशीनिष्ट, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक (मोटर व्हीकल), स्टेनोग्राफर हिन्दी, स्टेनोग्राफर अंग्रेजी, टर्नर, वेल्डर, वायरमैन एवं बैम्बू वर्क के रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 18 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 13 से 18 जुलाई तक विभागीय वेबसाईट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। संस्था की जानकारी विभागीय वेबसाईट में प्रदर्शित की गयी है। अधिक जानकारी हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## प्रादेशिकीय का शेष

### भारतीय वायु सेना में अग्निवीर...

152.5 सेंटीमीटर एवं महिला आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई 152 सेंटीमीटर होना आवश्यक है। वजन आवेदक का वजन ऊंचाई एवं उम्र के अनुरूप होना आवश्यक है। सीना पुरूष आवेदकों हेतु 77 सेंटीमीटर तथा फुलाने पर 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यक है। महिला आवेदकों हेतु शारीरिक बनावट के अनुरूप तथा फुलाने पर 5 सेंटीमीटर का विस्तार आवश्यक है। अग्निवीर वायु हेतु पंजीयन के लिए आवेदक स्वयं या किसी भी च्वाईस सेंटर के माध्यम से https://agnipathvayu.cdac.in पर जाकर पंजीयन करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये वायु सैनिक भर्ती कार्यालय भोपाल से दूरभाष नम्बर 0755-260455 पर संपर्क कर सकते हैं।

### भालूगुड़ा के स्कूलों में प्रबंधन...

भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कुंडगुड़ा मधोता-2 के सरपंच ईस्पर मंडावी, जगरु कश्यप, मनोज कुमार ठाकुर, बालसिंह मौर्य, सुखराम मंडावी, नंदो ठाकुर, तुला पोयाम, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला के प्रधान अध्यापक चैतन भूआर्य, चुम्मन सिंह ठाकुर एवं शिक्षक शिक्षिकाओं सहित पालकगण उपस्थित रहे।

# विश्व जन संख्या दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर

**कोण्डागांव,** 12 जुलाई (देषबन्धु)। शासकीय हाई स्कूल कोकोडी में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर उपस्थित विद्यार्थियों को विधिक जानकारी दी गई।

11 जुलाई 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार में गायत्री साय, व्यवहार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के नेतृत्व में सुरेन्द्र भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता कोण्डागांव द्वारा शासकीय हाई स्कूल कोकोडी के छात्र-छात्राओं में विधिक जागरूकता लाने के उदेश्य से विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को बढ़ती हुई जनसंख्या के बारे में बताते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह पर रोक लगाने, पीड़ितों को राहत देने और इस तरह के विवाह को बढ़ावा देने या इसे बढ़ावा देने वालों के लिए सजा के संबंध में व बाल मजदूरी निषेध




## शास.हाई स्कूल कोकोडी में उपस्थित विद्यार्थियों को दी गई विधिक जानकारी

एवं नियमन/अधिनियम, 1986 के अनुसार 14 वर्ष से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खान में काम में नहीं लगाया जाना चाहिए अथवा अन्य किसी जोखिमपूर्ण रोजगार में नियोक्त नहीं करने एवं बच्चे के सर्वोत्तम हित को सर्वप्रथम ध्यान रखने के संबंध मे आरटीई अधिनियम 2009 के रूप में जाना जाता है जिसका उद्देश्य भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21। के तहत भारत में 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के संबंध में और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, चाईल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098, पीडित क्षतिपूर्ति योजना 2018, मोटर यान अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड अधिनियम, भारतीय संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मौलिख अधिकार एवं उनके कर्तव्यों के बारे मे तथा सालसा द्वारा संचालित पहचान अभियान के संबंध में एवं नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई क्योंकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंछित नहीं रहे। इसके साथी नालसा द्वारा संचालित जागृति, डान, सवांद, आवाज उठाओ एवं मध्यस्थ राष्ट्र के लिए अभियान भारत के सभी तालुका न्यायालय जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में लंबित मामलों को निपटने के लिए 90 दोनों का मध्यस्थ अभियान के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल कोकोडी के प्राचार्य किशन लाल नेताम एवं रंजन कुमार बैध, लोकेश कुमार यादव अधिकार मित्र सहित समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

# दंतेवाड़ा अब संघर्ष व चुनौती नहीं, उद्यमिता का केन्द्र

## राजधानी में लखपति दीदी निकिता ने साझा की सफलता की कहानी

**दंतेवाड़ा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश की राजधानी रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय लखपति दीदी क्षेत्रीय कार्यशाला का समापन उत्साह और उम्मीदों के साथ हुआ। इस कार्यशाला में ग्रामीण भारत में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों, रणनीतियों और सफलताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। भारत सरकार और विभिन्न राज्यों के ग्रामीण आजीविका मिशन की यह अभूतपूर्व पहल देश भर में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

कार्यशाला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव एससीएल दास शामिल हुए। वहीं रायपुर में भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव टीके अनिल, छत्तीसगढ़ शासन की प्रमुख सचिव श्रीमती निहारिका बारिक, संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाती शर्मा, सचिव भीम सिंह और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक श्रीमती जयश्री जैन की उपस्थिति ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। देश के 11 राज्यों से मिशन संचालक आजीविका विशेषज्ञ और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी इस संवाद का हिस्सा बनीं।

कार्यशाला में लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत चल रही पहलों, नवाचारों और सफलता की कहानियों को साझा किया गया। चर्चा का केंद्र बिंदु यह रहा कि कैसे ग्रामीण महिलाओं को एक सशक्त उद्यमी के रूप में विकसित किया जा सकता है, ताकि वे न केवल आत्मनिर्भर बनें, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरक बनें। कार्यशाला के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की 10 लखपति दीदियों ने मंच पर आकर अपनी यात्रा साझा की। इनमें दंतेवाड़ा जिले की निकिता मरकाम दीदी की कहानी विशेष रूप से सबका ध्यान आकर्षित कर गई। निकिता ने बताया कि उन्होंने बिहान योजना से जुड़कर अपने जीवन को बदला। शुरुआत में उन्होंने एक छोटी किराना दुकान खोली और सब्जी उत्पादन शुरू किया। धीरे-धीरे उन्होंने आम और जामुन का व्यवसाय भी शुरू किया।




### कार्यशाला में गूंजा राष्ट्रीय संवाद, निकिता बनीं प्रेरणा की मिसाल 11 राज्यों की महिलाओं के बीच आत्म विश्वास की नई झलक

इस वर्ष केवल सब्जियों से उन्हें दो लाख रुपए और आम-जामुन से एक लाख रुपए की आमदनी हुई है। इसके अलावा वह डीसी किराना दुकान, सिलाई सेंटर और वेल्डिंग की दुकान का संचालन भी खुद कर रही हैं। अब उनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक हो चुकी है। आत्मविश्वास से भरी निकिता कहती हैं, अब मेरा सपना करोड़पति दीदी बनने का है। इस कार्यशाला ने यह साबित कर दिया कि यदि ग्रामीण महिलाओं को सही मार्गदर्शन, संसाधन और अवसर मिले तो वे किसी भी चुनौती को पार कर सकती हैं। दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्र जो कभी संघर्ष और चुनौतियों के लिए जाने जाते थे, अब महिला उद्यमिता के केंद्र बनते जा रहे हैं। लखपति दीदी सिर्फ एक आर्थिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं के आत्मबल, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व क्षमता का उत्सव बन चुका है। रायपुर में आयोजित यह कार्यशाला इसी यात्रा का सशक्त उदाहरण है, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर महिला शक्ति की गूंज को और भी प्रखर कर दिया है।

# अव्यवस्थाओं के कुपोषण से ग्रस्त दंतेवाड़ा आईसीडीएस

## बाबू ही जब विभाग चलाने लगे तो स्थिति सुधरेगी कैसे सहायक ग्रेड 2 के तबादले के बाद रिलीविंग पर संशय

**दंतेवाड़ा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की जिम्मेदारी संभावने वाला महिला एवं बाल विकास विभाग अव्यवस्थाओं के कुपोषण से खुद ग्रस्त है। बेटी बचाओ अभियान सहित विभाग की कई योजनाएं अव्यवस्था की भेंट चढ़ रही है। कर्मचारियों पर विभाग प्रमुख का नियंत्रण नहीं है। बाबू ही खुद विभाग को जब चलाने लग जाएं तो स्थिति क्या होगी, इसकी कल्पना सहज ही की जा सकती है।

सहायक ग्रेड-3 के पद पर काम कर रहे सहायक ग्रेड-2 संतोष झा के दंतेवाड़ा से रायगढ़ के लैलुंगा में तबादले के मामले पर अब तक रिलीविंग को लेकर कोई निर्णय नहीं हो पाया है। राज्य शासन के 25 जून के आदेश में यह तबादला हुआ है। रिलीवर नहीं होने का हवाला देकर संतोष झा को नहीं भेजा जा रहा है। इस बीच बचेली परियोजना से रिलीव होकर आई अभय मेरी खाखा सहायक ग्रेड-2 ने दंतेवाड़ा जिला कार्यालय में ज्वाईनिंग दे दी है। उन्हें पहले रिलीव नहीं किया गया था, लेकिन अचानक रिलीव करने का निर्णय लिया गया।


देशबन्धु
11 Jul 2025 - Page 12

**आनन-फानन में रिलीव हुई आईसीडीएस की बाबू**

**बचेली परियोजना में स्थानांतरण के बाद नहीं हुई थी भारमुक्त**

दंतेवाड़ा, 10 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के महिला एवं बाल विकास विभाग में लंबे समय से जमे सहायक ग्रेड 2 संतोष झा को रिलीव नहीं किये जाने के मामले में अब कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

**सिस्टम पर भारी आईसीडीएस के बाबू तबादले के बाद भी अफसर ने नही छोड़ा**

बचेली से दंतेवाड़ा जिला कार्यालय के लिए स्थानांतरित सहायक ग्रेड 2 अभय मेरी खाखा को आखिरकार 9 जुलाई की तारीख में बचेली परियोजना अधिकारी द्वारा रिलीव करना बताया गया है, जबकि जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश ने 9 जुलाई को ही चर्चा के दौरान यह स्वीकार किया था कि अभय मेरी खाखा को चूंकि परियोजना अधिकारी ने रिलीव नहीं किया है, इसलिए उन्हें दंतेवाड़ा जिला कार्यालय में ज्वाईनिंग नहीं दी गई है। बहरहाल इस आशय की खबर आज प्रकाशित होने के बाद आनन-फानन में अभय मेरी खाखा को रिलीव कर दिया गया। अब यह बड़ा सवाल है कि क्या अभय मेरी खाखा को दंतेवाड़ा जिला कार्यालय में ज्वाईनिंग देकर संतोष झा की जगह प्रभार दिया जाएगा ? उल्लेखनीय है कि संतोष झा का दंतेवाड़ा से रायगढ़ स्थानांतरण हो चुका है, लेकिन रिलीवर नहीं होने के कारण उन्हें रिलीव नहीं किया गया है। अगर बचेली से संबंधित सहायक ग्रेड 2 का स्थानांतरण हुआ, रिलीव भी हो गई तो उन्हें दंतेवाड़ा में श्री झा के बदले चार्ज दिया जाना चाहिए। जानकारी यह भी मिली है कि स्थानांतरण होने के बावजूद संतोष झा दंतेवाड़ा से जाना नहीं चाहते, संभवतः जिला कार्यक्रम अधिकारी की मंशा भी यही है। महिला एवं बाल विकास विभाग में रिलीविंग और ज्वाईनिंग के इस खेल का परिणाम क्या होगा, यह बताने की स्थिति में कोई भी नहीं है।

कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे इस विभाग में कई अजीबो गरीब निर्णय भी हुए हैं। विभाग के दंतेवाड़ा परियोजना की एक कर्मचारी सरोज मरसकोले पिछले साल सितंबर से सी मार्ट में अटैच की गई हैं। उनका संलग्नीकरण भी खत्म नहीं हो रहा है। परियोजना में वैसे भी कर्मचारियों की दिक्कत है, ऐसे में यह संलग्नीकरण अपने आप में हास्यापद है। इधर एक जानकारी यह भी सामने आयी है कि जिस सहायक ग्रेड 2 संतोष झा, जिनको लेकर विवाद हो रहा है, वे सहायक ग्रेड 3 के पद में अगस्त 2012 से कार्यरत हैं। अगर इतने लंबे समय के बाद भी तबादला अगर हुआ है तो उन्हें हटाने में विभाग प्रमुख को समस्या आ रही है। यह भी कदम उठाया जा सकता है कि श्री झा को बचेली परियोजना में भी स्थानांतरित कर दिया जाए, क्योंकि वहां से सहायक ग्रेड 2 अभय मेरी खाखा का दंतेवाड़ा जिला कार्यालय में तबादला हो चुका है। इधर इस पूरे मामले पर विभाग के ओआईसी जिला पंचायत सीईओ आईएएस जयंत नाहटा ने कहा है कि उन्हें इस मामले की जानकारी है और इस बारे में यथोचित निर्णय लिया जाएगा। विभाग की कार्यप्रणाली सुधारने जो भी जरूरी कदम हैं उठायें जायेंगे। श्री नाहटा को संतोष झा प्रकरण की भी जानकारी दी गई। वहीं इस पूरे मुद्दे पर चर्चा के लिए जब महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी वरूण नागेश से उनके मोबाइल नंबर 7000750918 पर आज शाम 4 बजकर 37 मिनट पर कॉल किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। इस वजह से उनका पक्ष सामने नहीं आ सका।

# भाजपा सरकार में शहीदों का अपमान- तुलिका

## कारगिल के शहीदों की स्मृति में बारसूर में हुआ था निर्माण

### सर्वसमत्ति के बिना हटाने की तैयारी, जिपं सदस्य ने जताई आपत्ति, फिर रोका काम

**दंतेवाड़ा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। पुरातन नगरी बारसूर में शहीदों के अपमान का मामला सामने आया है, जिसे लेकर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने आज बारसूर पहुंच कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। मामला शहीद स्मारक को हटाने से जुड़ा हुआ है।



जानकारी देते हुए जिपं सदस्य तुलिका कर्मा ने बताया कि नगर पंचायत बारसूर में कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों की याद में स्मारक का निर्माण कराया गया था। कुछ दिनों से अचानक इसे हटाने के लिए खुदाई की जा रही थी, जिसे लेकर आम लोगों में खासी नाराजगी देखी जा रही थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना किसी सोच विचार कर नगर पंचायत के अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेश पर यह सब कार्य हो रहा है। तुलिका ने कहा कि परिषद में इस मामले को बिना पारित कराए यह कार्य किया जा रहा था। मामला शहीदों के सम्मान से जुड़ा हुआ है, इसमें लापरवाही बिलकुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएमओ के साथ बैठक कर मामले को परिषद में पारित कर सर्व सहमति से रास्ता निकालने को कहा गया है, तब तक कार्य बंद करने की हिदायत दी गई है।

तुलिका ने कहा कि नगर पंचायत बारसूर में भाजपा की सत्ता आने के बाद से ही लगातार गड़बड़ी हो रही है। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने शहीदों के नाम से बनाए गए स्मारक को हटाया जा रहा है, जो सीधे हमारे देश के लिए बलिदान हुए जवानों का अपमान है। बारसूर नगर पंचायत में बिना परिषद में पारित किए कई कार्य भाजपा करवा रही है, जिससे बारसूर में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

# इन्द्रावती में बहे दूसरे ग्रामीण का मिला शव

**दंतेवाड़ा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के बारसूर इलाके में इन्द्रावती में नाव से लौट रहे दो ग्रामीण बह गए थे। बाजार से लौटते वक्त नाव पलट गई और इन्द्रावती नदी तथा गुडरा नाले के बीच संगम में यह हादसा हुआ था। दो दिन पहले हुए इस हादसे के बाद एक ग्रामीण महेश ओयामी को सुरक्षित बचा लिया गया था। आज खोजबीन के दौरान दूसरे लापता ग्रामीण जग्गू लेकामी का शव बरामद हुआ।

### बाजार से लौटते वक्त पलट गयी थी नाव एक ग्रामीण को निकाला था सुरक्षित

दोनों ग्रामीण मंगनार के रहने वाले थे। बाजार से लौटते वक्त नाव पलट गया था। महेश ओयामी नदी के बीच पत्थर में फंसा हुआ था, जबकि जग्गू बह गया था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने बारसूर पुलिस को दी थी। इसके बाद पुलिस, होम गार्ड एवं डीआरजी के जवानों ने मंगनार पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया। ग्रामीण महेश को सफलता पूर्वक सुरक्षित निकाला गया। एक अन्य ग्रामीण जग्गु की तलाश स्थानीय ग्रामीण और पुलिस द्वारा की जा रही थी। आज हादसे के दो दिन बाद पुलिस को स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिली कि घटना स्थल से करीब 4 किलोमीटर आगे की ओर नदी में पत्थर के बीच जग्गू का शव फंसा हुआ है। पुलिस ने मौके पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकाला और अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया।

# बचेली- खदान मजदूर किरंदुल द्वारा नए परियोजना प्रमुख का किया गया आत्मीय स्वागत

**किरंदुल/बचेली,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विश्व की सबसे बड़ी ट्रेड यूनियन भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध खदान मजदूर संघ शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्पलेक्स के नए परियोजना प्रमुख के दायित्व पर कार्यभार ग्रहण करने पर अधिशासी निदेशक रवीन्द्र नारायण एवं मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) के.पी. सिंह का आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया तथा बधाई एवं शुभकामनायें दी गई। श्रमिक संघ द्वारा भारतीय परम्परानुसार पुष्पमाला, शाल एवं श्रीफल से अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेंद्र कुमार के नेतृत्व में राष्ट्हित, उद्योगहित एवं श्रमिक हित के ध्येय वाक्य के साथ सदैव ही तत्पर रहने वाली श्रमिक संघ द्वारा परियोजना हित में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने की बातें कही गई तथा नवीन दायित्व निर्वहन एवं कम्पनी के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु शुभकामनायें दी गई तथा परस्पर सहयोग एवं सामंजस्य से नित नवीन कीर्तिमान स्थापित करने हेतु सदैव ही अग्रणी रहने संबंधी विचारों की अभिव्यक्ति की गई। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारी राजेंद्र यादव, दानेश्वर जोशी, लिशांष सिँह, बसंत कुमार, सुधा, सूरमा, नितेश उपस्थित थे।



# बीटीओए के खिलाफ आज से धरना प्रदर्शन

**दंतेवाड़ा,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन यानि बीटीओए के खिलाफ मूल निवासी आदिवासी युवकों ने धरना प्रदर्शनन की चेतावनी दी है। शनिवार 12 जुलाई से यह अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ होगा। इसकी सूचना एसडीएम को दी गई है।

### मूल निवासी आदिवासी युवाओं ने खोला मोर्चा सदस्यता नहीं मिलने से नाराजगी

बचेली एसडीएम को कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि यहां के स्थानीय आदिवासी युवाओं द्वारा स्वयं के खर्च पर ट्रक वाहन खरीदे गए हैं, लेकिन उन्हें बीटीओए की सदस्यता नहीं दी जा रही है, जिसके चलते लोडिंग का कार्य नहीं मिल रहा है। युवाओं को यूनियन टालमटोल कर जवाब दे रही है, जबकि अन्य जिलों से आए बाहरी वाहन मालिकों को सदस्यता दी जा रही है। इसके चलते स्थानीय युवाओं को अपने ट्रकों की किस्त घर से चुकानी पड़ रही है। कई महीनों से वाहन खड़े हैं, काम नहीं मिल रहा, और अब फाइनेंस कंपनियों द्वारा वाहनों को सीज किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। यूनियन द्वारा उन्हें लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है और जब वे सदस्यता के लिए जाते हैं, तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जाता।

ज्ञापन में आगे कहा गया है कि यदि उन्हें शीघ्र ही सदस्यता नहीं दी गई, तो वे 12 जुलाई शनिवार से बीटीओए कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे और यूनियन की गाड़ियों का संचालन भी रोकेंगे।

# पंचायत उन्नयन सूचकांक पर जनपद स्तरीय कार्यशाला

**चारामा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत चारामा के सभागार मे सर्व सम्बंधित लाईन विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी हेतू 10 जुलाई को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध मे कार्यशाला आयोजित किया गया जिसमे संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारियो को पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध में जनपद स्तरीय श्री हिमांशु सिन्हा ब्लाक कॉर्डिनेटर प्रदान संस्था कांकेर श्री युगल जैन डाटा एंट्री आपरेटर आर जी एस ए चारामा दिलदार मरकाम करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत चारामा के द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।कार्यशाला के दौरान अवगत कराया गया कि सतत विकास लक्ष्यो को 2023 तक प्राप्त करने हेतू भारत सरकार पंचायत राज मंत्रालय द्वारा सतत विकास लक्ष्यो के आंकलन के उद्देश्य से पंचायत उन्नयन सूचकांक (क्क्षु 2.0) का निर्माण किया गया है। क्क्षु एक बहू आयामी मुल्यांकन सूचकांक है। जिसके माध्यम से एल एस बी जी के 09 थीम से संबंधित लोकल इडिटर की गणना करते हुए पंचायतो के सतत विकास लक्ष्यो को प्राप्त करने की प्रगती मापी जा सकती है। उक्त कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियो को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोपाल सिंह कंवर द्वारा पंचायत उन्नयन सूचकांक के संबंध मे उपस्थित अधिकरियो को चरणबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से आवश्यक कार्रवाई समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया।



# हितग्राहियों के खाते में पहुंची पेंशन समाज कल्याण विभाग की पहल

**दंतेवाड़ा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सहायता कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं — जैसे वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सुखद सहारा पेंशन एवं मुख्यमंत्री पेंशन योजना — के अंतर्गत लाभार्थियों को माह जून 2025 तक की पेंशन राशि का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से कर दिया गया है।

जिला प्रशासन द्वारा सभी लाभार्थियों को सूचित किया गया है कि यदि पेंशन भुगतान से संबंधित किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो वे अपने संबंधित जनपद पंचायत, नगर पालिका या नगर पंचायत की पेंशन शाखा में संपर्क कर सकते हैं। साथ ही, आवश्यकतानुसार जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग, दंतेवाड़ा की पेंशन शाखा से भी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन ने पेंशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता व सुविधा सुनिश्चित करने के लिए डीबीटी प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू किया है, जिससे पेंशन राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में पहुंच रही है।

# बड़े राजपुर में जनपद स्तरीय कृषि स्थाई समिति की बैठक

**फरसगांव/बड़ेराजपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखण्ड बड़े राजपुर में गठित कृषि स्थाई समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य पालन एवं वन विभाग में संचालित केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं को और अधिक प्रभावशाली ढंग से जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करना था। समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुषमा तिवारी ने सभी विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की और उन्हें निर्देशित किया कि वे योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ किसानों तक पहुँचाना सुनिश्चित करें। बैठक के उपरांत किसानों के मध्य बीजों का वितरण किया गया एवं पौधारोपण का कार्य भी सम्पन्न हुआ। इस बैठक में कृषि स्थाई समिति के सदस्य श्रीमती सरिता नेताम, श्री अंजोरी राम नेताम, श्री राय सिंह सलाम सहित गठित समिति में सम्मिलित विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पशु चिकित्सकों द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को कुत्ते के काटने, रेबीज बीमारी एवं पॉलीथीन प्रदूषण के प्रति किया गया जागरूक

**कोण्डागांव,** 12 जुलाई (देषबन्धु)। विश्व रेबीज दिवस 28 सितम्बर के उपलक्ष्य में पशु चिकित्सा विभाग कोण्डागांव द्वारा प्राथमिक एवं हाई स्कूल नवागांव, मर्दापाल में विद्यार्थियों के बीच एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को रेबीज रोग, कुत्ते के काटने की स्थिति में प्राथमिक उपचार, पॉलीथीन प्रदूषण एवं पशुपालन में कैरियर की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम का संचालन डॉ.एम.बी.सिंह उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं कोण्डागांव के निर्देशानुसार किया गया।

रेबीज रोग पर विस्तृत जानकारी पशु शल्य चिकित्सक डॉ.ढालेश्वरी ने बच्चों को रेबीज रोग के बारे में मानव एवं पशु दोनों संदर्भों में गहराई से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेबीज एक जानलेवा वायरस जनित रोग है जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली या जंगली जानवर के काटने से फैलता है।बच्चों को यह भी बताया गया कि यदि किसी को कुत्ता काट ले तो घाव को तुरंत साबुन और पानी से धोकर, बिना देरी के पास के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर एंटी-रेबीज टीका लगवाना चाहिए। साथ ही पालतू कुत्तों का समय-समय पर टीकाकरण कराना अत्यंत आवश्यक है।



### विश्व रेबीज दिवस 28 सितंबर के उपलक्ष्य में विशेष अभियान प्रारंभ

पॉलीथीन प्रदूषण पर जागरूकता: प्रभारी, मोबाइल वेटरिनरी यूनिट डॉ.दीपिका सिदार ने विद्यार्थियों को बताया कि पॉलीथीन पशुओं के लिए मृत्युतुल्य खतरा बन चुका है। मवेशी कचरे में फेंके गए पॉलीथीन को खा जाते हैं, जिससे उनकी आंतों में रुकावट, अपच, संक्रमण एवं मृत्यु तक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। उन्होंने बच्चों को अपने परिवेश को पॉलीथीन मुक्त रखने और इसके जैविक विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कैरियर मार्गदर्शन वेटरिनरी असिस्टेंट सर्जन, प्रभारी पशु चिकित्सालय मर्दापाल डॉ. कोर्राम ने विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा विज्ञान में कैरियर के अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पशुपालन, डेयरी, वेटरिनरी साइंस, फिशरीज आदि क्षेत्र ग्रामीण युवाओं के लिए रोज़गार एवं स्व रोजगार के व्यापक अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने पशुपालन को आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त साधन बताया।

पशु चिकित्सा सेवाए उपसंचालक डॉ.एम.बी.सिंह ने बताया कि 28 सितम्बर, विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर कोण्डागांव ज़िले में निःशुल्क कुत्तों में एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सभी पालतू एवं आवारा कुत्तों को वैक्सीन लगाई जाएगी ताकि ज़िले को रेबीज मुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं विभागीय टीम के सदस्य डॉ.चंदना (पशु चिकित्सक, एमवीयू) एवं खेमराज (एवीएफओ, एमवीयू) भी उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम टोप्पो ने इस आयोजन की सराहना की और इस प्रकार की गतिविधियों को बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक और जीवनोपयोगी बताया।यह जागरूकता कार्यक्रम न केवल पशुओं के स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर था, बल्कि यह जनस्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरणीय चेतना से भी जुड़ा महत्वपूर्ण कदम था। पशुपालन विभाग द्वारा सभी नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि 28 सितम्बर को निकटतम पशु चिकित्सालय में जाकर अपने पालतू कुत्तों को निःशुल्क रेबीज टीका अवश्य लगवाएँ और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

उल्टा पुल्टा

पति ने पत्नी से बड़े ही प्यार से कहा - काश तुम शक्कर होती, कभी तो मीठा बोलती...
पत्नी- काश तुम अदरक होते, कसम से... जी भर के कूटती...!!!
पत्नी का जवाब सुनकर पति बेहोश!

# सिडको की तरह काम करेगा एससीआर प्राधिकरण

## मुख्यमंत्री या विभागीय मंत्री होंगे चेयरमैन

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सरकार रायपुर, नवा रायपुर और भिलाई-दुर्ग के विकास के लिए एससीआर (स्टेट कैपिटल रीजन) का गठन करने जा रही है। इसके लिए बकायदा प्राधिकरण बनाया जा रहा है। यह प्राधिकरण कुछ हद तक मुंबई के सिडको की तरह कार्य करेगा। बताया गया कि प्राधिकरण के मुखिया सीएम, या आवास पर्यावरण मंत्री रहेंगे। सीईओ के पद पर सचिव स्तर के अफसर रहेंगे। खास बात ये है कि तीनों शहरों के बड़े हाउसिंग और अन्य प्रोजेक्ट के लिए प्राधिकरण की मंजूरी जरूरी होगी।

कैबिनेट ने शुक्रवार को छत्तीसगढ़ राजधानी क्षेत्र (स्टेट कैपिटल रीजन) के गठन का फैसला लिया है। इसके लिए विधानसभा के मानसून सत्र में विधेयक लाया जा रहा है। इस विधेयक के प्रारूप को मंजूरी दी गई। एससीआर के गठन के लिए राज्य बजट में प्रावधान भी किया गया था। अब विधिवत प्राधिकरण के गठन की तैयारी चल रही है।



**नवा रायपुर और भिलाई-दुर्ग के बड़े प्रोजेक्ट्स के लिए प्राधिकरण की अनुमति जरूरी**

बताया गया कि एससीआर प्राधिकरण कुछ हद तक नवी मुंबई के सिडको की तरह काम करेगा। महाराष्ट्र सरकार की संस्था सिडको ने ही नवी मुंबई को विकसित किया है। सिडको नवा रायपुर के लिए भी सलाहकार एजेंसी के रूप में काम करती रही है। सूत्रों के मुताबिक एससीआर प्राधिकरण में विशेषज्ञों की सेवाएं ली जाएंगी। रायपुर, नवा रायपुर, और भिलाई-दुर्ग के हाउसिंग-इंडस्ट्रीयल प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन के लिए एससीआर प्राधिकरण की अनुमति जरूरी होगी।

एससीआर के गठन के पीछे तर्क दिया जा रहा है कि भविष्य में मेट्रो ट्रेन भी चलाने की योजना है। वर्ष-2031 तक इस क्षेत्र में 50 लाख से अधिक लोग रहेंगे। ऐसे में इस क्षेत्र के सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण बनाया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक विधानसभा से विधेयक पारित होने के बाद प्राधिकरण अगले दो महीने में अस्तित्व में आ जाएगा।

# बिजली बिल की प्रतियां जलाकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## बिजली दर में वृद्धि वापस नहीं लेने पर आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बिजली बिल में की गई बढ़ोत्तरी के विरोध में आज शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राजधानी रायपुर के बुढ़ापारा चौक स्थित बिजली विभाग कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने प्रतीकात्मक रूप से बिजली बिल की प्रतियां जलाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अपना आक्रोश प्रकट किया।

शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय सहित कार्यकर्ताओं ने पूर्व में छत्तीसगढ़ विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित जनसुनवाई में स्पष्ट रूप से बिजली दरों में बढ़ोत्तरी न करने की मांग रखी थी। बावजूद इसके, भाजपा सरकार ने जनता की आवाज को अनसुना करते हुए एक बार फिर आम उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ थोप दिया है। महज 18 माह की भाजपा सरकार के कार्यकाल में यह तीसरी बार है जब बिजली बिल में वृद्धि की गई है। इससे प्रदेश की आम जनता, विशेषकर मध्यम वर्ग और निम्न आयवर्ग के लोग अत्यंत परेशान हैं।

उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि भाजपा सरकार बिजली बिल की इस अनुचित बढ़ोत्तरी को वापस नहीं लेती है, तो कांग्रेस जन चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर शिव सिंह ठाकुर, ममता राय प्रशांत ठेगड़ी, दीपा बग्गा देव कुमार साहू दिनेश ठाकुर राकेश धोतरे, अशोक शिवहरे, सुन्दर जोगी, बंशी कन्नौजे प्रवीण चंद्राकर, मुन्ना मिश्रा, सत्यनारयण नायक, प्रदीप देवांगन, नट्टू भींसारा, आवेश खान, गवेश साहू, प्रीती सोनी, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### बिजली दरों में बढ़ोतरी का किसानों और गरीबों पर नहीं पड़ेगा प्रभाव : मुख्यमंत्री

प्रदेश में बिजली दर में बढ़ोतरी को लेकर सियासत तेज हो गई है।बिजली दर में वृद्धि को लेकर कांग्रेस ने चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान किया है। वहीं इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बिजली दर में बढ़ोतरी का किसानों और गरीबों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।गरीबों को हॉफ बिजली का लाभ देते हैं।घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसा प्रति यूनिट बढ़ा है। किसानों के लिए बिजली बिल में 50 पैसे बढ़ाए गए हैं, लेकिन सरकार 3 एचपी में 3 हजार यूनिट फ्री दे रही है।सरकार वह पैसा बिजली विभाग देती है।

प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद पहली बार है, जब बिजली की दरों में बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले कांग्रेस सरकार में दो बार बिजली के दामों में बढ़ोतरी की गई थी। कांग्रेस सरकार के दौरान 22-23 में 2.50 प्रतिशत और 24-25 में 4.88 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इस तरह से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 7.38 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी।

# प्रदेश के 16 हजार एनएचएम कर्मी दो दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 16हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने 16 और 17 जुलाई को दो दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। इस दौरान डॉक्टर, नर्स, फार्मासिस्ट, लैब व एक्स-रे टेक्नीशियन, एएनएम, कार्यालयीन कर्मचारी और सफाई कर्मी कार्य बहिष्कार करेंगे।जिससे प्रदेश भर की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होंगी।

**जिलेवार धरना के बाद करेंगे विस का घेराव**

10 से 15 जुलाई तक कर्मचारी विरोधस्वरूप काली पट्टी पहनकर कार्य कर रहे हैं।

16 जुलाई को जिला मुख्यालयों में धरना और कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।17 जुलाई को रायपुर में विधानसभा घेराव का आयोजन होगा।

**स्वास्थ्य सेवाओं पर गहरा असर पड़ेगा**

हड़ताल के चलते प्रदेश में टीबी, कुष्ठ, मलेरिया नियंत्रण, टीकाकरण, नवजात शिशु देखभाल, पोषण पुनर्वास केंद्र, स्कूल-आंगनबाड़ी परीक्षण, व आयुष्मान केंद्रों की ओपीडी सेवाएं बुरी तरह प्रभावित होंगी।

स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी प्रदेश के कुल स्वास्थ्य अमले का

**16=17 को स्वास्थ्य सेवा होगी प्रभावित**

35फीसदी हैं, जिससे स्पष्ट है कि इस हड़ताल का गंभीर असर ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा।

**20 वर्षों से सेवा में, फिर भी नहीं मिले बुनियादी अधिकार**

छग एनएचएम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी ने कहा कि मिशन को चले 20 साल हो गए, फिर भी कर्मचारियों को बेहतर वेतन, अनुकंपा नियुक्ति, जॉब सुरक्षा, नई पेंशन स्कीम और दुर्घटना बीमा जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई।उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में यह सुविधाएं दी जाती हैं, पर छत्तीसगढ़ में कर्मचारियों की हालत जस की तस बनी हुई है।

**तीन सरकारें आईं, पर कर्मियों मांगें अनसुनी रहीं**

महासचिव कौशलेश तिवारी ने कहा कि 2017 में भाजपा शासनकाल में आंदोलन हुआ। फिर 2020 में कांग्रेस सरकार के समय भी वादों के बावजूद कोई हल नहीं निकला. अब च्मोदी की गारंटीज्ञ वाले घोषणापत्र के बावजूद भाजपा सरकार ने भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया।

**आंदोलन के लिए जनता से खेद, सरकार को ठहराया जिम्मेदार**

प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मिरी ने जनता से असुविधा के लिए खेद जताते हुए, इसके लिए राज्य शासन और प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अब भी मांगें नहीं मानी गईं, तो एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को विवश होंगे।

# निगम ने लक्ष्मी नगर वीआईपी चौक के पास 4 अवैध दुकानों के निर्माण को तोड़ा

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आज रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर पालिक निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा जोन 6 जोन कमिश्नर हितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में नगर निगम जोन 6 क्षेत्र अंतर्गत संतोषी नगर लक्ष्मीनगर वीआईपी चौक के पास योगेश वर्मा द्वारा किये जा रहे 4 दुकानों के अवैध निर्माण को नोटिस देने के बाद भी सम्बंधित द्वारा निर्माण कार्य बंद नहीं किये जाने एवं निर्माण कार्य लगातार जारी रखे जाने पर अभियान चलाकर कार्यवाही करते हुए नगर निगम जोन क्रमांक 6 नगर निवेश विभाग की टीम द्वारा 4 दुकानों के अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही नगर निवेश सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उप अभियंता सागर ठाकुर की उपस्थिति में स्थल पर की गयी।



# व्यापारियों का 10 साल पुराना बकाया वैट होगा माफ

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में छोटे व्यापारियों को अपना व्यवसाय आसानी से करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार छोटे व्यापारियों के 10 साल से अधिक लंबित पुराने मामलों में 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने जा रही है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत जीएसटी प्रावधानों में भी कई संशोधन किए जाएंगे।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक और छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान संशोधन विधेयक 2025 के प्रारूप का अनुमोदन कर दिया गया है। इन दोनों विधेयकों को विधानसभा के मानसून सत्र में पटल पर रखा जाएगा। 10 साल से अधिक पुराने 25 हजार रुपये तक की वैट देनदारियों को खत्म करने से राज्य के लगभग 40 हजार से अधिक व्यापारियों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही 62 हजार से अधिक मुकदमों के मामले भी कम हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री साय की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ माल एवं सेवा कर संशोधन विधेयक के प्रारूप का भी अनुमोदन किया गया। इस प्रारूप में जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं। किए गए प्रस्ताव

**चालीसा हजार से अधिक व्यापारियों को मिलेगा लाभ**

**मानसून सत्र में सरकार विधेयक पेश करेगी**



के अनुसार इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा आईजीएसटी में लिए गए आरसीएम का वितरण भी अब अपने ब्रांच ऑफिस में किया जा सकेगा। इससे जीएसटी अधिनियम में विसंगति को दूर करने में मदद मिलेगी और व्यापारियों को इज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत कारोबार करने में आसानी होगी।

एक अन्य संशोधन प्रस्ताव अनुसार, ऐसे पेनाल्टी की राशि जिनमें टैक्स की डिमांड सम्मिलित नहीं होती है, उन प्रकरणों में अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक पूर्व डिपॉजिट 20 प्रतिशत राशि को घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। यह निर्णय व्यापार जगत को सहूलियत देने वाला साबित होगा।

जीएसटी प्रणाली में वाउचर पर करदेयता के संबंध में स्थिति स्पष्ट करते हुए 'टाइम ऑफ सप्लाई' के प्रावधान को विलोपित किया गया है। इस संबंध में विभिन्न एडवांस रूलिंग अथॉरिटी में मतभिन्नता थी, अत: एकरूपता के प्रयोजन से यह संशोधन लाया गया।

कैपेसिटी बेस्ड टैक्सेशन एवं स्पेशल कंपोजिशन लेवी विषय पर गठित मंत्री समूह की अनुशंसा के आधार पर डिमेरिट गुड्स जैसे तंबाकू उत्पाद के लिए ट्रेस एंड ट्रैक मैकेनिज्म लागू किया गया है, जिसके द्वारा इन उत्पादों का निर्माण से अंतिम उपभोक्ता तक विक्रय के समूचे सप्लाई चेन की कारगर निगरानी की जा सकेगी।

विशेष आर्थिक क्षेत्रों के वेयरहाउस में रखे गए वस्तुओं, जिनके फिजिकल मूवमेंट के बिना कई बार क्रय-विक्रय संव्यवहार किया जाता है, ऐसे मामलों में ऐसे संव्यवहारों को जीएसटी की परिधि से बाहर रखने के लिए संशोधन लाया गया है, जिससे विशेष आर्थिक क्षेत्रों को और अधिक बढ़ावा दिया जा सके।

# विष्णुदेव साय सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस नीति सराहनीय : पेंशनर्स महासंघ

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति का तारीफ किया है। इससे प्रदेश में शासकीय काम काज निपटाने के नाम पर आम लोगों से लेनदेन प्रक्रिया अपनाने पर जरूर लगाम लगेगी। एसीबी, सीबीआई और ईडी और इसी तरह के अन्य एजेंसी को काम करने हेतु सरकार द्वारा दी गई खुली छूट से घूसखोरी में लगे लोग हतोत्साहित हो रहे हैं।

प्रदेश में भाजपा सरकार आने के पहले तक घूसखोरी - घोटाला में छुटपुट छोटे कर्मचारी ही पकड़े जाते थे और बड़े अधिकारी को बचा लिया जाता था परंतु अब बड़े अधिकारी आईएएस अफसर स्तर के लोग भी घोटाले के मामले में जेल की हवा खा रहे है। भूपेश सरकार के कार्यकाल में हुए शराब घोटाला में एक साथ आबकारी विभाग के 22बड़े अधिकारियों पर निलंबन की कार्यवाही करना भी साहस का काम है।

विष्णुदेव सरकार ने जो हिम्मत दिखाया है ऐसा कही सुनने को भी नहीं मिला है। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पूरे मंत्रिमंडल के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है और कहा है कि इससे प्रदेश में आम जनता को बिना लेन देन के काम निपटाने में मदद मिलेगी और सरकार की आम जनता में विश्वसनीयता बढ़ेगी। जारी विज्ञप्ति में विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी के गारंटी में किए गए वायदा को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती द्रौपदी यादव, राष्ट्रीय मंत्री पूरनसिंह पटेल, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष जे पी मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अनिल गोल्हानी, कोषाध्यक्ष बी एस दसमेर, सेवानिवृत केंद्रीय कर्मचारी अधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेश मिश्रा, सेवानिवृत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनिल पाठक, संभागीय अध्यक्ष क्रमशः बी के वर्मा दुर्ग, आर एन टाटी जगदलपुर, प्रवीण कुमार त्रिवेदी रायपुर, राजेन्द्र कश्यप बिलासपुर, गुरुचरण सिंह अंबिकापुर तथा जिला अध्यक्ष क्रमशः आर जी बोहरे रायपुर, खोड़सराम कश्यप बलौदाबाजार, लखनलाल साहू गरियाबंद, रिखीराम साहू महासमुंद, आई सी श्रीवास्तव राजनांदगांव, डी आर गजेन्द्र बालोद, राकेश जैन बिलासपुर, परमेश्वर स्वर्णकार जांजगीर चांपा, रमेश नंदे जशपुर, अभय शंकर गौराहा रायगढ़, देवनारायण साहू सारंगढ़, एम एल यादव कोरबा ओ पी भट्ट कांकेर, आर डी झाड़ी बीजापुर, एस के देहारी नारायणपुर, एस के धातोड़े कोंडागांव, पी एन उड़कुड़े दंतेवाड़ा, कासिमुद्दीन सुकमा, प्रेमचंद गुप्ता कोरिया, माणिक चंद्र अंबिकापुर, महावीर राम बैकुंठपुर, संतोष ठाकुर सूरजपुर, आर ए शर्मा गौरेला पेंड्रा, भैया लाल परिहार मुंगेली, यवन कुमार डिंडोरे बेमेतरा, डी के पाठक धमतरी, पुरषोत्तम उपाध्याय सक्ती, गोपाल यादव मोहला, सतीश उपाध्याय मनेंद्रगढ़ आदि ने कर्मचारियों, पेंशनरों और परिवार पेंशनरों को डीए डीआर देने का निर्णय लेने का अनुरोध किया है। इसमें विलंब करने से राज्य सरकार के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विश्वसनीयता पर असर पड़ रहा है।




मुख्यमंत्री साय से मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ डॉ. अंजली पवार ने मुलाकात की। श्री साय ने डॉ. अंजली पवार को छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद उपस्थित थे।

# रोजगार मेला का दपूमरे के तीनों मंडलों में आयोजन



**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। रोजगार मेला के 16वें चरण के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में रोजगार मेलों का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में चयनित कुल 407 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के लगभग 51,000 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित किया एवं उन्हें नई भूमिका हेतु शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

बिलासपुर में नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट ऑडिटोरियम में किया गया, जहाँ 185 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इसमें 173 अभ्यर्थी रेलवे विभाग से तथा 12 अभ्यर्थी अन्य विभागों (सीआईएसएफ एवं डाक विभाग) से थे। मुख्य अतिथि के रूप में माननीय तोखन साहू, केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री, भारत सरकार, उपस्थित रहे। उन्होंने प्रारंभिक 30 नियुक्ति पत्र प्रदान किए। शेष नियुक्ति पत्र विभागीय अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर श्रीमती पूजा विधानी, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, रेल अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

रायपुर रेल मंडल में यह आयोजन कम्युनिटी हॉल, डब्लूआरएस कॉलोनी में किया गया। यहां 73 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए, जिनमें से 57 अभ्यर्थी फिजिकली उपस्थित रहे। इसमें रेलवे विभाग के 45, पोस्टल विभाग के 4, गृह मंत्रालय के 2, स्वास्थ्य मंत्रालय के 5 एवं संस्कृति मंत्रालय के 1 अभ्यर्थी शामिल थे। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गादास उइके, केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री उपस्थित रहे। साथ ही सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, अपर मंडल रेल प्रबंधक बजरंग अग्रवाल सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नागपुर में 149 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।




CMYK

# विद्युत मंडल छत्तीसगढ़ की जनता को गन्ना जैसे चूस रही, प्रतिवर्ष घरेलू बिजली दरों में वृद्धि निंदनीय

## तत्काल बिजली दर वापस ले अन्यथा पुनः आंदोलन होगा: विजय झा

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, छत्तीसगढ़ की जनता को गन्ना जैसे चूस रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में सर प्लस बिजली होने के बाद भी 18 महीने में तीसरी बार घरेलू बिजली प्रति यूनिट 20 पैसे पिछली तिथि 1 जुलाई से लागू करने का निर्देश दिया गया है।

आम आदमी पार्टी के कर्मचारी विंग प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार झा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में सर प्लस बिजली होने के बाद भी प्रतिवर्ष बिजली दरों में वृद्धि कर कहीं न कहीं महतारी बंदन के ?1000 के वसूली की योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही की जा रही है। बेशर्मी तब समझ में आती है जब विद्युत मंडल के जिम्मेदार अधिकारी स्वीकार कर रहे हैं कि गत वर्ष की तुलना में केवल 1.89त्र की ही वृद्धि की गई है। इसके पूर्व सुरक्षा निधि के नाम पर जनता से चुनाव के बाद राशि वसूली गई। विद्युत मंडल का निजीकरण कुछ लोगों के लिए व्यवसायीकरण बन गया है।




श्री झा ने कहा है कि विद्युत मंडल दूध देने वाली गाय है। एमडी राजीव रंजन जोगी सरकार में करोड़ों रुपए भ्रष्टाचार कर बिहार जाकर चुनाव लड़े तथा विधायक भी बने थे। पूरे प्रदेश में विद्युत मंडल कार्यालय में आम आदमी पार्टी द्वारा विगत दिनों प्रदर्शन किया गया था। इसी प्रकार परिवहन विभाग में नए नंबर एवं हेलमेट चालान के नाम पर वसूली जारी है। परिवहन विभाग के बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार कर छत्तीसगढ़ में विधायक बने हैं, जिसमें आर के राय एवं अनूप नाग पूर्व विधायक शामिल है। इसके भी प्रमाण है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ संदीप पाठक, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन मंत्री जसबीर सिंह, प्रदेश महासचिव वदूद आलम, प्रमुख प्रवक्ता सूरज उपाध्याय, प्रियंका शुक्ला,देवलाल नरेटी, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन कुमार सिंह, दुर्गा झा, लोकसभा अध्यक्ष अजीम खान, एम एम हैदरी, संतोष कुशवाहा, आर एस ठाकुर, शिव शर्मा, इमरान खान, आदि ने तत्काल बिजली दरों में वृद्धि को वापस लेने की मांग मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से की है। अन्यथा पुनः पूरे प्रदेश में महंगी बिजली, वाहनों में नए नंबर

# किसानों की समृद्धि कांग्रेस को बर्दाश्त नहीं हो रही : भाजपा

## प्रदेश प्रवक्ता व किसान नेता संदीप शर्मा का बैज के कथन पर करारा पलटवार

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता, वरिष्ठ किसान नेता संदीप शर्मा ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज प्रेस कॉन्फ्रेंस में खाद-बीज नहीं मिलने का सफेद झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को बरगलाने और अराजकता फैलाने के अघोषित कांग्रेसी एजेंडे को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी खाद-बीज के लिए किसानों को परेशान नहीं होने देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार संकल्पित है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से लेकर बड़े नेता और पदाधिकारी कदम-कदम पर झूठ बोलने की आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। यूरिया और डीएपी खाद को लेकर कांग्रेस बिना वजह मिथ्या प्रलाप कर रही है जबकि अभी प्रदेशभर में नैनो यूरिया ,एनपीके, सुपर फास्फेट, ग्रोमोर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किसानों को 6 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज और मांग अनुसार नगदी कृषि ऋण का वितरण किया जा रहा है। इन सब का उपयोग से प्रदेश के किसान कृषि-कार्य को रफ्तार दे रहे हैं। लेकिन कांग्रेसी यह चाहते हैं कि किसानो में भ्रम फैले, किसानों में आशंकाओं के चलते अकारण दहशत और अफरा-तफरी मचे और फिर उस आड़ में कांग्रेसी अराजकता फैलाकर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाएँ। श्री शर्मा ने कहा कि अपने शासनकाल में तो कांग्रेसियों ने किसानों का सुकून छीन ही रखा था, अब सत्ता से उखाड़ फेंक दिए जाने के बाद भी कांग्रेसी किसानों की खुशी और उनका हित नहीं चाहते हैं और बेवजह

# अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ ने किया श्री दूधाधारी मठ का दर्शन

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ के पदाधिकारीयों ने श्री दूधाधारी मठ रायपुर पहुंचकर भगवान श्री रघुनाथ जी, श्री स्वामी बालाजी भगवान एवं श्री संकट मोचन हनुमान जी महाराज का दर्शन पूजन किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने उन्हें स्थान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का परिचय कराया। अपने आशीर्वचन संदेश में राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- *श्री दूधाधारी मठ के महान परंपराओं के संवाहक होने का उत्तरदायित्व मुझे प्राप्त हुआ है, यह भगवान श्री बालाजी एवं इस मठ के सभी पूर्वाचार्यों की कृपा है। उनके आशीर्वाद से जो भी सेवा कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है उसे पूर्ण करने का हर संभव प्रयत्न करता हूं।* इस अवसर पर छुईखदान राजपरिवार से लाल जी के वैष्णव ने कहा कि - *राजनांदगांव एवं डोंगरगांव क्षेत्र के अनेक वैष्णव परिवार के कार्यक्रम में मुझे जाने का अवसर मिलता है मैंने वहां देखा है कि लोग भगवान की पूजा के स्थान में राजेश्री महन्त जी महाराज का भी फोटो रखे हुए हैं मैंने उनसे पूछा भी की आप लोग उन्हें जानते हैं ? तब उन लोगों ने कहा कि - *हमने केवल उनका नाम सुना है, उनके प्रति श्रद्धा का भाव मन में है, उन्हें हम अपना गुरु मानकर उनकी पूजा करते हैं।* इस अवसर पर विशेष रूप से विष्णुदत्त शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष



अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ, यू के स्वामी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष,

पी एल बैरागी महासचिव,राकेश दास प्रदेश अध्यक्ष ,राघवेन्द्र दास, प्रज्ञा निर्वाणी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, दिनेश बैरागी ,विद्या वैष्णव , मनोहर दास,सुमन शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी तथा मुख्तियार सुखराम दास जी, रामछबि दास जी, निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सौरभ निर्वाणी ने किया, दर्शन पूजन के उपरांत सभी आगंतुक अतिथियों ने मठ में भोजन प्रसाद प्राप्त किया।

# रोटरी का 70 वां स्थापना दिवस उत्तम गर्ग बने अध्यक्ष एवं राकेश पांडे बने सचिव

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। खचाखच भरे वृंदावन हाल में रोटरी डिस्ट्रिक गवर्नर रोटे अमित जायसवाल ने रोटरी क्लब रायपुर के 70 वे अध्यक्ष रोटे उत्तम गर्ग , उपाध्यक्ष नवीन आहूजा , सचिव डॉ राकेश पांडे , कोषाध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत सहित छै डायरेक्टरों को शपथ दिलाई । अध्यक्ष रोटे उत्तम गर्ग , ने अपने आगामी एक वर्ष के कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी प्राथमिकता समाज के जरूरतमंद लोगों तक शिक्षा , स्वास्थ एवं सेवा को पहुंचाना है । वहीं शालेय स्तर से ही छात्रों को रोटरी के इंटरेक्ट और रोटरेक्ट क्लब के सदस्य बनाकर भविष्य के कर्मठ रोटेरियन बनाना हमारी प्राथमिकता रहेगी । हम इस वर्ष पांच पांच इंटरेक्ट और रोटरेक्ट क्लब खोलने जा रहे हैं । आज के शपथ ग्रहण समारोह में दस नए सदस्यों को भी सदस्यता प्रदान की गई । रोटरी सहायक प्रांतपाल विनय अग्रवाल ने कहा कि हमें ऐसे कार्य करने चाहिए जो स्थायी और दूसरों के लिए उपयोगी हो । रोटरी प्रांतपाल अमित जायसवाल ने कहा कि हम सब अगर मित्रवत संगठित होकर




काम करेंगे तो कोई भी काम असंभव नहीं होगा । हमें अपने कार्यों के साथ नई सोच लेकर नए साथियों को आगे बढ़ाना है तभी वे क्लब से जुड़कर स्थायी सदस्य बने रहेंगे । सचिव डॉ राकेश पांडे ने धन्यवाद देते हुए प्रांतपाल को आश्वस्त किया कि हम टीम अमित के सदस्य हैं और क्लब कैलेंडर के अनुसार काम कर छत्तीसगढ़ के इस सबसे प्राचीन क्लब को एक नई ऊंचाई पर ले जाएंगे । कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज शेखर रावसाहेब अमीन थे । कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीता लाल ने किया । इस अवसर पर रायपुर के सभी रोटरी क्लब से रोटेरियंस उपस्थित थे कार्यक्रम की व्यवस्था बनाए रखने में भरत डागा , नवीन आहूजा , विकास अग्रवाल सहित सभी सदस्यों ने अपना योगदान प्रदान किया ।

# पार्षद नीतू रावते का आकस्मिक निधन, नगरवासियों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**कुम्हारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 11 की पूर्व पार्षद नीतू रावते (52 वर्ष) का शनिवार सुबह दुखद निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रही थीं और रायपुर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। नीतू रावते कॉंग्रेस से लगातार चार बार की पार्षद थी वो जीत के लिए जानी जाती थीं, जिन्होंने बीस वर्षों तक पार्षद के रूप में कुम्हारी के विभिन्न वार्डों का प्रतिनिधित्व किया। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि वे जिस भी वार्ड से चुनाव लड़ती थीं, उनकी जीत तय मानी जाती थी। उनके आकस्मिक निधन से कुम्हारी नगर और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त है। शनिवार को नगरवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुगदा के मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक स्वयं पहुंचे थे इसके अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी और कॉंग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



**विधायक भूपेश बघेल ने जताया शोक**

# गुरु पूर्णिमा पर सिहावा अंचल के सुप्रसिद्ध संगीतकारों की सांकरा में मनमोहक प्रस्तुति

**नगरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिहावा नगरी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संगीतकारो द्वारा गुरु पूर्णिमा पूजन कर संगीतमय मानस गान का आयोजन महावीर पारा सांकरा के मंच पर भक्तिमय भजन प्रस्तुत कर आयोजन को सफल बनाया यह अपने आप में एक अनोखा पहल है जिसमें विभिन्न स्थानों के कलाकार एक साथ एक मंच पर भक्तिमय प्रस्तुति दी हो सभी संगीतकारों द्वारा भविष्य में भी एक साथ ऐसे आयोजन करने पर सहमति जताई जिससे आपस में भावनात्मक लगाव एवं एक दुसरे से सीखने को मिलता है



इस अवसर पर राजेश गोसाईं वन सभापति जनपद पंचायत नगरी सुप्रसिद्ध गायक राजेश पटेल सिहावा शिवकुमार नेताम सांकरा दानवीर साहु सांकरा लिलेश साहु सांकरा कमल किशोर साहु रानीगांव प्रसिद्ध आर्गन मास्टर फलेश साहु सांकरा गोपेन्द्र निषाद रानीगांव हितेंद्र निर्मलकर सांकरा बैजो मास्टर भोलु देवदास नवागांव तीरथ श्रीमाली रामनगर तबला वादक अरुण नेताम नवागांव फलेन्द्र पटेल सांकरा दीपचंद साहु सांकरा गोलु तारक हिन्छापुर करण विश्वकर्मा नगरी बुलंद दास मानिकपुरी पैड वादक खेमचंद निषाद संजु पटेल ईशु साहु होमन साहु मानस टीकाकार श्री जितेन्द्र कुमार साहू शिक्षक लव कुमार साहू एवं साउंड सिस्टम गोलु डी जे महावीर पारा सांकरा एवं आयोजन में विशेष सहयोग हुलेश्वर साहु दीपक तारक पिंकु साहु सौरभ सिन्हा अन्नु सिन्हा गुलशन साहु का विशेष योगदान रहा।

### इंटरनेंट स्लो होने से ग्रामींण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को हो रही हैं परेशानियां

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अर्जुनी ग्राम के आसपास के क्षेत्र में इंटरनेट डाटा स्लो होने के कारण कई जरूरी काम प्रभावित हो रहा है। जैसे फोन पे पर पेमेंट करना, एसबीआई यूनो का उपयोग करना, ऑनलाइन पर्ची काटना जैसे विभिन्न कार्य रूकना पडता है। इस क्षेत्र के ग्रामींण नेट कंपनी जैसे जिओ, आइडिया, एयरटेल एवं बीएसएनल सभी कंपनी का इंटरनेट बहुत स्लो होने के कारण कई जरूरी कार्यो के लिए संबंधित लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आज नेट से पढ़ाई करने वाले बच्चे डाटा स्लो धीमी होने होने के कारण नेट से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं तथा ऑनलाइन पर्ची काटने वाला जैसे गैस एजेंसी आदि में सही समय पर ऑनलाइन पर्ची नहीं कट पा रहा हैं। ग्रामीणों ने इंटरनेट ठीक करने की मांग शासन प्रशासन से किया है। आज सभी के पास स्मार्ट मोबाइल, मोबाइल कीबोर्ड मोबाइल आदि है लेकिन नेट स्लो होने के कारण 10, 11 एवं 12 जुलाई को सभी उपभोक्ता बहुत परेशान हैं।

# मैंनपुर के जिडार में हुआ वृक्षारोपण

**मैंनपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम जिडार में शनिवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधा रोपण किया।कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम सहित सैकड़ों लोगों ने एक साथ पौधे रोपे। इस दौरान कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रतीकात्मक कार्य नहीं, यह भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध वायु, हरियाली और जीवन देने की दिशा में हमारा उत्तरदायित्व है। सिर्फ पौधा रोपण ही नहीं, इसका संरक्षण और संवर्धन भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने फलदार पौधों की उपयोगिता और पर्यावरणीय लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। सीईओ मरकाम ने बताया कि 30 एकड़ भूमि में वृक्षारोपण किया गया है, जिसमें प्रत्येक एकड़ की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई है। जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।



कार्यक्रम में सरपंच जिड़ार मुकेश कपिल, जनपद सदस्य प्रताप सिंह, कुमारीबाई पटेल, वरिष्ठ नागरिक संतोष यादव , नंदनी नेताम, तहसीलदार रमेश कुमार मेहता, जनपद सीईओ सुश्री श्वेता वर्मा, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा केजुराम कोर्चे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच, मितानिनें, युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। संचालन यशवंत बघेल ने किया।

# मनुष्य का जीवन पाना दुर्लभ, उससे कहीं ज्यादा कठिन है गुणों की प्राप्ति-साध्वी हंसकीर्ति श्रीजी



**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु) ।दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान शनिवार को परम पूज्य श्री हंसकीर्ति श्रीजी म.सा. ने कहा कि मनुष्य का शरीर पाना बहुत ही दुर्लभ बात है। लेकिन उससे भी ज़्यादा कठिन है ङ्क अच्छे धर्म और सच्चे गुणों को पाना। जैसे चिंतामणि नाम का चमत्कारी रत्न मिलना बहुत मुश्किल होता है, वैसे ही इंसान के जीवन में अच्छे संस्कार और अच्छे गुण मिलना भी बहुत मुश्किल होता है।

आजकल लोग बिना सोचे-समझे किसी के भी सामने झुक जाते हैं। अब सवाल उठता है कि झुकना सही है या गलत ? असल बात यह है कि अगर आप अपने मन में विनम्रता रखते हुए किसी के सामने झुकते हैं, तो यह कोई गलत बात नहीं है। यह दिखाता है कि आप सामने वाले को मान-सम्मान दे रहे हैं। लेकिन अगर आप किसी स्वार्थ या डर की वजह से हर किसी के सामने झुकते हैं, तो यह ठीक नहीं है। और अगर आप घमंड में रहेंगे और कभी किसी के सामने नहीं झुकेंगे, तो एक दिन टूट ज़रूर जाएंगे। इसलिए समझदारी इसी में है कि जहाँ ज़रूरी हो, वहाँ झुकें। मगर बिना बात और अपने सम्मान को गिराकर नहीं।

# कोड़े नवागांव में निकाली गई सांई की पालकी यात्रा

**खैरागढ़,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम कोड़ेनवागांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुवार को ग्रामवासियों के सहयोग से सांई बाबा की पालकी यात्रा निकली गई। सांई बाबा की पालकी यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और भगवान सांई बाबा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पांडादाह भाजपा मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी गोरेलाल वर्मा, पवन मारकंडे व अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# कृषि साख सहकारी समिति सिमगा में पौंधारोपण

**सिमगा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत सिमगा सोसायटी परिसर में आज कृषि साख सहकारी समिति के अध्यक्ष छोटेलाल यदु सहित समस्त कर्मचारियों ने करण शीशम कटहल जामुन जाम गुलमोहर मेहंदी आदि विभिन्न प्रकार के 70 पौंधा रोपण किया गया । पौंधा रोपण में समिति प्रभारी मंजूला शर्मा सोहन साहू रामस्नेही यादव नीलकमल निषाद लखन यदु अवध यादव रेशमी भट्ट अमित भट्ट विष्णु प्रसाद बंजारे राजकुमार कोसले नारायणी शर्मा उपस्थित थे ।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**आरंग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आरंग के वार्ड क्रमांक 02 नहर पार में बहुप्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आरंग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष एवं पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा, वार्ड पार्षद उमाकांत यादव , दिनेश चंद्राकर, यशपाल लोधी, आशा वैष्णव, टिक्कू लोधी ,योगेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।आपको बता दे कि लंबे समय से इस सड़क की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा की जा रही थी। अब सरकार की योजनाओं के तहत यह सीसी रोड बनाया जा रहा जिससे क्षेत्रवासियों को गड्ढों और कीचड़ से निजात मिलेगी तथा आवागमन में सुगमता आएगी। आरंग नगर पालिका के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा



# शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं-विधायक संदीप साहू

**पलारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु) पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गबौद स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पवर्षा व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया



मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। शिक्षा ही व्यक्ति को सही दिशा देती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जिम्मेदारी हम सभी की है—शिक्षक पालक और समाज तीनों को मिलकर वातावरण तैयार करना होगा जिससे बच्चे न सिर्फ विद्यालय आएंबल्कि आनंदपूर्वक सीखें भी श्री साहू ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें और हर बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर दें कार्यक्रम के दौरान शाला की ओर से विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी गई और पालकों को शाला के विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर संकुल समन्वयक गांव के वरिष्ठ नागरिक व अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानपाठक द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# राजनीति नहीं, सेवा करने आया हूं : राजेश मूणत

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर पश्चिम के विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत ने शनिवार को वीर शिवाजी वार्ड (क्रमांक 16) और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड (क्रमांक 40) में जन चौपाल का आयोजन कर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी असली ताकत है।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। जन चौपाल के दौरान बिजली, जल, नाली, सड़क, सफाई, स्कूल भवन, शौचालय, पेंशन, राशन जैसी अनेक समस्याएं सामने आईं, जिन पर विधायक ने त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा।



विधायक मूणत ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड भी जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि रायपुर पश्चिम क्षेत्र में डबल इंजन सरकार की नीति और भाजपा के सुशासन मॉडल के अंतर्गत करोड़ों रुपये के कार्यों को या तो पूर्ण किया जा चुका है या वे प्रगति पर हैं।

**जन चौपाल में जनता को भरोसा दिलाया**

उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में नाम या पद के लिए नहीं आया हूं। मेरी प्राथमिकता सिर्फ सेवा है। आप मेरे परिवार के सदस्य हैं, आपके हर काम में मेरी भागीदारी है। मैं 24 घंटे उपलब्ध हूं, मेरा दरवाज़ा हर नागरिक के लिए हमेशा खुला है। किसी का भी काम अटकेगा नहीं।

विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार जनता के विश्वास पर बनी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में यह सरकार लोगों की सरकार है। राज्य और केंद्र में डबल इंजन की ताकत से विकास को नई रफ्तार मिली है। यह गति अब और तेज़ होगी।

उन्होंने जनता से भी अपील की कि यदि कहीं भी घटिया या अधूरा कार्य दिखाई दे, तो उसका वीडियो बनाकर उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि तत्काल जांच करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की निगरानी आपकी जिम्मेदारी है और पारदर्शिता हमारी।

वीर शिवाजी वार्ड खमतराई में मांगलिक कार्यक्रमों के लिए विधायक ने एक करोड़ रुपये की घोषणा भी की। उन्होंने पटवारी को निर्देश दिया कि एक एकड़ भूमि जल्द से जल्द चिह्नित की जाए ताकि मांगलिक भवन का निर्माण प्रारंभ हो सके। उन्होंने कहा कि यह भवन समाज के सभी वर्गों के उपयोग के लिए होगा।

# आरंग विधायक खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पथराव

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आयी है। रायपुर के आरंग विधानसभा सीट से विधायक खुशवंत साहेब की गाड़ी पर पथराव किया गया है। इस घटना में भाजपा विधायक बाल बाल बचे हैं लेकिन उनकी कार से शीशे टूट गए हैं।मिली जानकारी के अनुसार यह घटना भोईनभाठा चौक के पास हुई है। अज्ञात लोगों ने विधायक की गाड़ी पर पथराव किया है।



- कार के शीशे टूटे, अंदर बैठे थे विधायक
- नवागढ़ से रायपुर जा रहे थे

बताया जा रहा है कि विधायक खुशवंत साहेब नवागढ़ से रायपुर जा रहे थे तभी रास्ते में यह घटना हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद विधायक गुरु खुशवंत बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के निवास पहुंचे थे, जहां बेमेतरा एसपी रामकृष्ण साहू से बातचीत कर रहे थे। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि हमला किसने और किन कारणों से किया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इस घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है वहीं सतनामी समाज के लोगों में भी आक्रोश देखा जा रहा है।

# सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिली लापता युवक की लाश



**इलाके में फैली सनसनी जांच में जुटी पुलिस**

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अभनपुर के ग्राम सातपारा में आज सड़क किनारे संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने अभनपुर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले की जांच में जुट गई है। मृतक की पहचान मुकेश टंडन के रूप में हुई है जो मूलतः अभनपुर का ही निवासी था। परिजनों के अनुसार मुकेश बुधवार को घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। आज सुबह गांव के पास सड़क किनारे उसका शव देखा गया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी है। गांव में युवक की मौत को लेकर मातम पसरा है और लोग घटना की सच्चाई जानने को लेकर चिंतित हैं।

# दो पक्षों में विवाद, एक परिवार को हिस्ट्रीशीटर ने पीटा

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के भावना नगर में पड़ोसियों के बीच हुई मारपीट की एक घटना हिंदू मुस्लिम विवाद में बदल गयी है। हालात ये हैं कि पुलिस को घटना स्थल पर चौबीसो घंटे के लिए पुलिस बल की तैनाती रखनी पड़ रही है। दो परिवार के बीच की इस घटना में बजरंग दल शामिल हो गया। इसके बाद तो मामला और भी संवेदनशील हो गया है। क्या हुआ था और क्यों ये घटना बदलकर हिंदू मुस्लिम विवाद में तब्दील हो गई रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के भावना नगर में रहने वाला संजय चौधरी का परिवार अपने घर का बचा खाना बाहर जानवारों को खाने के लिए फेंक दिया करता था। इसका कई दिनों से विरोध पड़ोस में रहने वाला राजेश तिवारी कर रहा था। 7 जुलाई की रात इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली गलौच और धक्का मुक्की हो गई। इसमें बीचबचाव करने संजय चौधरी का ठीक पड़ोसी यासीन शेख उर्फसोनी जो शहर का पुराना हिस्ट्रीशीटर रहा है वो भी इस विवाद में कूद पड़ा।

**पुराने हिस्ट्रीशीटर ने दोस्तों को बुलाकर एक परिवार पर किया हमला :** इस बीच हाथापाई में उसके साथ भी मारपीट हो गई तो उसने फोन कर राजातालाब से अपने कई पुराने साथियों को बुला लिया। फिर 40.50 बदमाशों का झुंड राजेश तिवारी परिवार पर टूट पड़ा। रॉड कुल्हाड़ी लाठी डंडे और चाकू से उसके घर के गेट पर हमला बोला। राजेश तिवारी उसके बेटे और बेटे के दोस्तों को बेरहमी से मारा गया। किसी का सिर फूटाए किसी का मुंहए किसी की अंगुलीए पीठए गर्दनए पैर पर चोट के गहरे जख्म थे।

**पुलिस के सामने अस्पताल में भी पीड़ित परिवार से मारपीट :** मारपीट करने आए लोग यही नहीं रुके। जब पुलिस तिवारी परिवार के सदस्यों का मुलाहिजा कराने अस्पताल ले गई तो वहां भी पहुंच गए और अस्पताल में भी उनके साथ मारपीट कर दी। वो भी पुलिस के सामने।मुलाहिजा कराने पहुंचा पीड़ित शख्स अस्पताल में छुप कर अपनी जान बचाता रहा। इसका गवाहए अस्पताल में बनाया उसका एक वीडियो है। इस घटना के बाद पुलिस ने राजेश तिवारी की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर आरोपी संजय चौधरी उसका पड़ोसी यासीन शेख आरोपी यासीन शेख के बुलावे पर मारपीट करने आए इरफान सिद्दकी अनस आतीफऔर राघव अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इन सब पर जानलेवा हमला करन दंगा करने जैसी गंभीर धाराए लगाई गई हैं। सीसीटीवी फुटेज और घटना की तस्वीरों के आधार पर आधा दर्जन अन्य आरोपियों की लाश की जा रही है।

**घटना की जानकारी के बाद भड़का बजरंग दल :** पड़ोसियों के बीच विवाद की ये वारदात अब हिंदू मुस्लिम का मुद्दा बन गया है। पुलिस इस केस को संवेदनशील मानते हुए एफआईआर को पब्लिक प्लेटफॉर्म से छिपा चुकी है। थाने से लेकर सीएसपी तक के अधिकारियों को मीडिया में बयान देने पर रोक लगा दी गई है और इसके पीछे है बजरंग दल की एंट्री। घटना के तीन दिन बाद जरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ना सिर्फथाने का घेराव कर दिया बल्कि यासीन शेख के घर के सामने प्रदर्शन कर चेतावनी दे दी है। बजरंग दल के प्रदर्शन के बाद यासीन का परिवार घर छोड़कर शहर में कहीं और चला गया है।

**यासीन शेख के परिवार ने मानी गलती :** कई घंटे बाद परिवार के लोग अपने पड़ोसियों के साथ रायपुर कलेक्ट्रेट पहुंचे। बातचीत में उन्होंने माना कि लोगों को बुलाकर मारपीट करना उनके परिवार की गलती है लेकिन घटना के हिंदू मुस्लिम रंग देने से निराश हैं।

घटना के 5 दिन बाद भी घटना स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात है। बजरंग दल प्रशासन को चुनौती दे रहा है कि इरादे और साजिश के साथ हिंदू परिवार पर जानलेवा हमला करने आए हर शख्स की गिरफ्तारी नहीं होती है तो शहर में और बड़ा आंदोलन होगा बहरहाल देखना होगा कि आगे यह मामला अभी कितना बढ़ेगा।

मामले को लेकर टी आई खम्हारडीह का कहना है घटना की शिकायत मिलने के बाद अपराध पंजीबद्ध कर लिया है जिसमें कुछ लोग हिरासत में ले लिए गए है अन्य की तलाश जारी है

# ई–वे बिल आदेश वापस लेने की मांग

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड सदस्य (भारत सरकार) अमर पारवानी के नेतृत्व में कैट का प्रतिनिधी मंडल वित्त मंत्र ओ.पी. चौधरी से मुलाकात कर ई–वे बिल संबंधित आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने मांग की है।



वित्त मंत्री को श्री पारवानी ने बताया कि 11 जुलाई को राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत राज्य में ई–वे बिल की जांच की प्रक्रिया को सघन एवं कठोर कर दिया गया है जिसके कारण राज्य के व्यापारी समुदाय में गहरी चिंता है। इस आदेश का व्यापार, लॉजिस्टिक्स और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। यह निर्णय व्यवहारिक दृष्टि से व्यापार के हित में नहीं है और इससे व्यापक स्तर पर व्यापार में व्यवधान हो रहा है।

उन्होंने बताया कि जारी आदेश के तहत व्यापारियों को आ रही कुछ वास्तविक और महत्वपूर्ण समस्याएँ हैं जो निम्नानुसार है।

**वित्त मंत्री से मिलकर कैट ने किया आग्रह**

वर्तमान में राखी, गणेशोत्सव और आगामी त्योहारी सीजन के कारण व्यवसाय की चरमगति विधि का समय है। इस समय ऐसे सख्त प्रावधान लागू करना न केवल व्यापार की वृद्धि को रोकता है, बल्कि रोजगार पर भी प्रभाव डालता है। जाँच के दौरान जांच अधिकारियों द्वारा विवेकाधीन शक्ति का दुरुपयोग कर निर्दोष व्यापारियों को परेशान करने की घटनाएँ सामने आ सकती हैं, जिससे व्यापारी वर्ग भयभीत है और व्यापार करने का वातावरण बाधित हो रहा है। मालवाहनों की लंबी कतारें और चेकिंग में लगने वाला समय सप्लाई चेन में अत्यधिक देरी होंगी, जिससे व्यापारिक अनुबंध प्रभावित होंगे और आर्थिक नुकसान होंगे।सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि अधिकारियों को वाहन डिटेंशन के लिए 'लक्ष्य' दिए गए हैं। वाहन रोकने का कार्य कभी भी लक्ष्य आधारित नहीं हो सकता। इसका उद्देश्य केवल कानून अनुपालन सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को परेशान करना।

व्यापारी वर्ग के बीच इस आदेश के कारण असंतोष बढ़ने से कर अनुपालन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, जो राज्य के राजस्व संग्रह को भी प्रभावित करेगा।

उन्होंने कहा केवल वास्तविक, संदेहास्पद मामलों में ही जांच की जाए, ताकि ईमानदार व्यापारियों को बेवजह परेशान न किया जाए।व्यापारी संगठनों से संवाद कर एक संयमित, व्यवहारिक व पारदर्शी नीति तैयार की जाए जिससे व्यापार भी सुरक्षित रहे और विधिसम्मत जांच भी सुनिश्चित हो सके।

वित्तमंत्री से मुलाकात में एवं अमर पारवानी, परमानन्द जैन, मुकेश मोटवानी, प्रीतपाल सिंह बग्गा, मोहन वर्ल्यानी, नवीन शर्मा, श्रवण विश्नोई, संजय भारद्वाज, देवीलाल शर्मा नागेन्द्र तिवारी, भरत भूषण गुप्ता, हरसुख पटेल, शैलेन्द्र शुक्ला एवं मोहित रामानी शामिल थे।

# ग्रीन आर्मी ने निगम के साथ वृक्षारोपण अभियान चलाया

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, ग्रीन आर्मी संस्था ने आज नगर निगम रायपुर के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान चलाया। हिमालय हाइट्स, देवपुरी के सामने 1500 पौधे लगाकर एक सघन च्डेंस फॉरेस्टज् (घना जंगल) की नींव रखी गई है। इस वन की पूरी देखरेख की जिम्मेदारी ग्रीन आर्मी को सौंपी गई है।

**विधायक मोतीलाल साहू की मौजूदगी में बनाया डेंस पोफॉरेस्ट**

इस अवसर पर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू ने इस महाअभियान की प्रशंसा की। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री की च्एक पेड़ मां के नामज् की अपील का स्मरण कराते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियाँ पौधों और पेड़ों के अभाव में ही उत्पन्न हुई हैं।

विधायक साहू ने ग्रीन आर्मी के कार्यों की सराहना करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वे स्वयं ग्रीन आर्मी के वृक्षारोपण और विभिन्न जागरूकता अभियानों में कई बार शामिल हुए हैं, और संस्था का कार्य वास्तव में अनुकरणीय है। उन्होंने पॉलीथिन के विरोध में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की भी विशेष रूप से सराहना की।

जोन कमिश्नर जोन 10, श् विवेकानंद दुबे ने इस अवसर पर कहा, च्वृक्षारोपण से बढ़कर कोई पावन पर्व नहीं हो सकता।ज्उन्होंने ग्रीन आर्मी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल रायपुर में, बल्कि पूरे प्रदेश में वृक्षारोपण के माध्यम से लोगों को नवजीवन प्रदान कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक अमिताभ दुबे ने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा–भरा भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# इंटरनेशनल पावरलिफ्टिंग में स्वर्ण पदक विजेता ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में एसबीकेएफइंटरनेशनल गेम्स 2024 में स्वर्ण पदक विजेता पावरलिफ्टर प्रेम राजन रौतिया ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें इस विशिष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवा आज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उल्लेखनीय है कि प्रेम राजन रौतिया महासमुंद जिले के पिथौरा के निवासी हैं। उन्होंने 31 अगस्त से 4 सितंबर 2024 तक नेपाल के पोखरा में आयोजित एसबीकेएफ इंटरनेशनल गेम्स में अंडर.30 कैटेगरी में भाग लेते हुए 735 किलोग्राम भार उठाकर शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर और मजबूत उपस्थिति दिलाई है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा खेमराज बाकरे सहित मेहर रविदास समाज के अनेक प्रतिनिधि उपस्थित थेए जिन्होंने रौतिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# जीवन की दशा बदलती है राम कथा : शंभू शरण

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण महीने के पावन पर्व पर भगवान राम नाम का संकीर्तन और श्री राम कथा का आयोजन रायपुर के मैक कॉलेज ऑडिटोरियम समता कॉलोनी रायपुर में शनिवार से शुरु हुई। अंतरराष्ट्रीय संत शंभू शरण लाटा जी महाराज के श्री मुख से भक्तों को श्री रामचरितमानस रूपी गंगा का रसपान करने का पहला दिन रहा पहले दिन आचार्य श्री ने श्री राम कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि धर्म के क्षेत्र में किए जाने वाले धार्मिक अनुष्ठान में जिसमें भगवान राम की कथा सुनने वालो को और कहने वाले को और कथा में साथ देने वालों को बराबर कथा का फल मिलता है। और जहां भी भगवान श्री राम की कथा होती है वहां पर सर्वप्रथम हनुमान जी पहुंचते हैं हनुमान जी को निमंत्रण देने की आवश्यकता नहीं होती आचार्य श्री ने कहा कि वैसे भी 2025 का मौसम खराब चल रहा है कई संतों और भविष्य बताने वाले विद्वानों ने भी 2025 को अच्छा नहीं बताया है इसलिए हम सभी को भगवान की भक्ति और भगवान नाम का संकीर्तन करते रहना चाहिए।

संत ने कथा में आगे बताया कि हमारी भक्ति में श्रद्धा और विश्वास का होना बहुत ही जरूरी है रामचरितमानस में संत गोस्वामी तुलसीदास जी ने हमारी श्रद्धा को शक्ति और विश्वास को शंकर बताया है इसलिए हम सभी को हमारे खुद की श्रद्धा पर विश्वास होना चाहिए हम यह प्रयास करें कि किसी और की श्रद्धा बाधक न बने क्योंकि यहां अलग–अलग देवी देवताओं को मानने वाले श्रद्धालु है इसलिए हमें खुद की श्रद्धा पर विश्वास होना चाहिए।



**कलयुग में राम नाम का संकीर्तन ही सुख देने वाला :** कथा में आगे महाराज श्री ने भक्तों को बताया कि च्ज्कलयुग केवल नाम अधाराज्ज् कलयुग में केवल भगवान का नाम ही एक आधार है जिससे हम इस भवसागर से पार हो सकेंगे। भगवान राम के नाम लेने से श्री गणेश जी प्रथम पूज्य बने वही भगवान भोलेनाथ ने भगवान राम का नाम लेकर जहर का पान किया इसके साथ ही मीराबाई भी प्रत्यक्ष उदाहरण है जिन्होंने भगवान नाम का संकीर्तन करते हुए जहर पी लिया। कलयुग में श्री रामचरितमानस कल्पवृक्ष के समान है जिसके नीचे बैठकर भगवान राम की कथा अमृत पान करने से अंतर्मन से दुख दूर होता है और मन मे शांति और संतुष्टि मिलती है। माता पार्वती ने एक बार भगवान राम के नाम का जाप किया तो स्वयं भोलेनाथ ने माता पार्वती को अपने आधा अंग प्रदान किया और भगवान अर्धनारीश्वर कहलाने लगे।

**सभी ग्रंथों का रस है राम कथा :** संत शंभू शरण लाटा ने रामचरितमानस की महिमा का बखान करते हुए कहा कि सभी ग की कथा में श्री रामचरितमानस की कथा का वर्णन किया जाता है। सभी संत महंत श्री रामचरितमानस की कथाओं का ग्रंथो में उपयोग करते हैं अलग–अलग महापुराण में उपयोग करते हैं इससे साफ है कि सभी ग्रंथो रस श्री राम कथा में है और इस रस राम नाम रूपी रस का अमृत पान हम सभी को करना चाहिए ।

# विद्युत कर्मियों के लिए निशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा डंगनिया स्थित ऑफिसर्स क्लब में निशुल्क कैंसर की प्राथमिक जॉच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसका लाभ 118 कर्मियों ने लिया। कर्मियों मे 91 महिलाए और 27 पुरूष की जांच की गई। परीक्षण में 27 मेमोग्राफी ,23 पैपस्मीयर टेस्ट और 5 संदिग्ध मरीजों को अस्पताल में इलाज का परामर्श दिया गया।





इस अवसर पर मानव संसाधन ट्रांसमिशन के मुख्य अभियंता ए.एम.परियल, अति मुख्य अभियंता विनोद अग्रवाल और केशलेश की पूरी टीम ने शिविर का जायजा लिया। श्री अग्रवाल ने बताया कि मानव संसाधन विभाग ने द्वारा अभिनव पहल करते हुए विशेषकर महिलाओं संबंधी कैंसर के लिए बालको मेडिकल सेंटर से मोबाइल जांच वाहन की व्यवस्था की गई। शिविर का उद्देश्य विद्युत कर्मियों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के साथ भ्रान्ति का निराकरण और समुचित इलाज की जानकारी देने है।

शिविर में बालको से कैंसर विशेषज्ञ (ओंको सर्जन) डॉ पलक अग्रवाल एवं ओंको टीम से डॉ हेमलता, सिद्धार्थ सक्सेना,एक तकनीशियन, दो नर्सिंग स्टाफ के साथ 10 लोगों की टीम ने परीक्षण एवं परामर्श की सेवाएं दी।डॉ पलक ने बताया कि आज शिविर मे कर्मियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, शुगर परीक्षण , गठान संबंधी जांच एवं कैंसर के लक्षण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। महिलाओं के लिए विशेष स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर और मुख कैंसर की शुरूआती अवस्था की जॉच करने के लिए मेमोग्राफी मशीन, थर्मल स्कैनिंग,पेप स्मीयर एवं ब्रश साइटोलॉजी की सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराया गया।

मानव संसाधन विभाग द्वारा कर्मियों के लिए आनलाइन एवं आन स्पाट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध कराया गया।जिसका लाभ उठाते हुए विद्युत कर्मियों ने शिविर में हिस्सा लिए।इस अवसर पर श्रीमती स्नेहा सिंह, गीतेश देवांगन, रजनीश चैबे, कन्हैया देवांगन एवं स्वाति दुबे उपस्थित थे।

# मीटर में छेडछाड़ कर बिजली की चोरी

**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बिजली चोरी करने वाले को विद्युत विभाग की टीम ने पकड़ा है। बिजली चोरी के मामले में आरोपी के खिलाफविद्युत अधिनियम की धारा 135ए 138 का अपराध दर्ज किया गया। उपभोक्ता आलोक शर्मा निवासी ब्राम्हणपारा पर आरोपी हैए कि उन्होंने अपने मकान में लगे बिजली मीटर में छेड़ छाड़ कर कुल 87 349 रूपए की बिजली चोरी की।

**अपराध पंजीबद्ध**

आजाद चौक पुलिस के मुताबिक गुलाव सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सीउसपीडीसीएल लाखे नगर जोन में सहायक यंत्री के पद पर है। उपभोक्ता आलीक शर्मा पता ब्राम्हणपारा निवासी ने अपने घर में लगे बिजली मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी किया था। सूचना मिलने पर विद्युत विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। आलोक शर्मा के खिलाफअधिनियम 2003,2005 की धारा 135 138 का अपराध घटित होना पाए जाने अपराध दर्ज किया है। विद्युत कनेक्शन की जाच के दौरान आलोक शर्मा पता ईशा किचन के बाजु ब्राम्हण पारा रायपुर के परिसर की जांच की गई जिसमे जांच दल को उपभोक्ता के परिसर में लगे हुए मीटर की बॉडी केक पायी गई। शक होने पर मीटर को जप्त कर केन्द्रीय प्रयोगशाला भिलाई में जांच के लिए भेजा गया। जिसमें पाया गया कि उपभोक्ता ने मीटर के दोनों बॉक्स सील एवं अन्य लगे सीलों को तोडका छेड़खानी की गई। इस प्रकार उपभोक्ता ने टेम्पर्ड मीटर से विद्युत का अनाधिकृत उपयोग किया। जितसे विद्युत वितरण कंपनी को रू 87349 00 की हानि हुई है।

पति ने पत्नी से बड़े ही प्यार से कहा - काश तुम शक्कर होती, कभी तो मीठा बोलती...
पत्नी- काश तुम अदरक होते, कसम से... जी भर के कूटती...!!!
पत्नी का जवाब सुनकर पति बेहोश!



# कृषि विभाग की जिले के 20 खाद-बीज विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर दबिश, 9 के खिलाफ नोटिस जारी



**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के कृषकों हेतु उच्च गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा- उर्वरक एवं बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सघन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उर्वरकों की सतत् आपूर्ति हेतु जिले के विक्रय प्रतिष्ठानों का 11 जुलाई को उर्वरक निरीक्षकों द्वारा विकासखण्ड दुर्ग के 8 विक्रय प्रतिष्ठानों, पाटन के 4 विक्रय प्रतिष्ठानों तथा धमधा के 8 विक्रय प्रतिष्ठानों कुल 20 विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज.स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का पीओएस मशीन से मिलान कर अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड दुर्ग के ओम कृषि केन्द्र अंजोरा (ख), सिन्हा ट्रेडर्स अंजोरा (ख), चंद्राकर ट्रेडर्स मचांदुर एवं विकासखण्ड धमधा के बुरहानी एग्रो इण्डस्ट्रीज खपरी में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर कुल 4 विक्रय प्रतिष्ठानों में जब्ती की कार्यवाही की गई तथा विकासखण्ड दुर्ग के 5 विक्रय प्रतिष्ठानों, पाटन के 1 विक्रय प्रतिष्ठानों तथा धमधा के 3 विक्रय प्रतिष्ठानों कुल 9 विक्रय प्रतिष्ठानों में उर्वरक (नियंत्रण) आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी कर समाधानकारक जवाब 3 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिया गया है।

# महापौर ने उपमुख्यमंत्री साव की उपस्थिति में प्रशिक्षण के अनुभवों को किया साझा




**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। इंदौर व गुरूग्राम में स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर महापौर दुर्ग अलका बाघमार गत दिवस रायपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल होकर अपने अनुभवों को साझा किया।

महापौर श्रीमती बाघमार ने कहा कि इंदौर भ्रमण के दौरान श्रेष्ठ स्वच्छता प्रथाओं व कचरा प्रबंधन को लेकर जो आधुनिक तकनीकी सिखाई गई है उसका लाभ दुर्ग नगर निगम को दिया जा सकता है। वे इस दिशा में लगातार प्रयास करेंगी। इस कार्यक्रम में नागरिकों की सहभागिता कैसे हो सकती है इसका भी प्रशिक्षण इंदौर व गुरूग्राम के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बताया गया है।

उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा आयोजित इस समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ की विभिन्न नगर निगमों के महापौरों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किये तथा इन अनुभवों के किस तरह अपने अपने नगरीय निकाय क्षेत्र में लागू कर सकते है इसकी भी जानकारी दी।

इस बैठक में महापौर दुर्ग अलका बाघमार उक्त दोनों इंदौर व गुरूग्राम में आयोजित प्रशिक्षण शाला में नगरों की बेहतर साफ सफाई कचरा का प्रबंधन व इसमें नागरिकों की सहभागिता को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त टिप्स के आधार पर वे दुर्ग शहर को कचरामुक्त शहर बनाने की दिशा में कार्य करेंगी। श्रीमती बाघमार ने उन्हें उक्त प्रशिक्षण लेने के लिये इंदौर व गुरूग्राम भेजने के लिये उपमुख्यमंत्री अरूण साव एवं शासन का आभार व्यक्त किया।

# विधायक यादव पहुंचे इंदिरा मार्केट व्यापारियों ने बताई समस्याएं

गांधी चौक स्थित ट्रांसफारमर हटाने विधायक ने दिया भरोसा



**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव ने आज इंदिरा मार्केट पहुंचकर व्यवसाइयों से भेंट कर समस्याएं सुनी तथा समाधान का आश्वासन दिया। व्यवसाइयों ने उन्हें गांधी चौक स्थित ट्रांसफारमर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को अवगत कराया। इस पर विधायक श्री यादव ने व्यापारियों को उक्त ट्रांसफारमर का किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरण का आश्वासन दिया। उन्होंने व्यवसाइयों को प्रधानमंत्री योजना एवं पीएम मुद्रा योजना की जानकारी देते हुए फुटकर व्यापारियों से इन योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

विधायक श्री यादव ने अपने इंदिरा मार्केट भ्रमण के दौरान अनाज लाईन, फल सब्जी लाईन पहुंचे और व्यापारियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी।

उन्होंने गांधी चौक पहुंचकर वहां पर लगे ट्रांसफारमर का भी निरीक्षण किया। व्यापारियों ने उनसे ट्रांसफारमर हटवाने की मांग की। इस पर विधायक श्री यादव ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर उनसे इस बारे में चर्चा की। साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा के लिये हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिये। इस मौके पर विधायक श्री यादव के साथ सभापति नगर निगम श्याम शर्मा एवं व्यापारी संघ के प्रतिनिधिगण भी थे।

# शीतला मंदिर में कल आध्यात्मिक सत्संग

**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। ओम फाउण्डेशन दुर्ग द्वारा प्रथम सावन सोमवार 14 जुलाई को सतरूपा शीतला मंदिर सिविल लाईन में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक किया जायेगा।

इस सत्संग कार्यक्रम में स्वामी ऋषिमानंद द्वारा श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया जायेगा। ओम फाउण्डेशन एवं शीतला सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही है।

उक्त कार्यक्रम की तैयारियां शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिवसागर सिंह, सचिव प्रदीप देशमुख, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, तथा ओम फाउण्डेशन के सदस्य अर्जुन वर्मा, टोमन साहू, पंचराम निषाद एवं अन्य सदस्यगण जुटे हुए है।

# छग कर्मचारी अधिकारी का 16 को विशाल धरना प्रदर्शन

**दुर्ग**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन द्वारा अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 16 जुलाई को जेआरडी स्कूल के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। फेडरेशन की मांग प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता लंबित एरियर्स की राशि के भुगतान सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों के त्वरित निराकरण की है। यह जानकारी देते हुए फेडरेशन के मीडिया पर्सन अनुरूप साहू ने बताया कि संगठन की यह भी मांग है सरकार मोदी की गारंटी के तहत किये गये वादों को पूरा करें।

यह निर्णय गत दिवस फेडरेशन की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा ने की। 9 सूत्रीय मांगों में प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनरों को केन्द्र के समान भत्ता देय तिथि से दिया जाये। जुलाई 19 से समय समय पर देय महंगाई भत्ता एवं लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाये।

वेतन विसंगति एवं अन्य मुद्दों के लिये गठित पिंजुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाये। चार स्तरीय पदोन्नत वेतनमान को निर्धारित सेवा अवधि पूर्ण करते ही लागू किया जाये। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी को तृतीय समयमान वेतनमान स्वीकृत किया जाये। कर्मचारियों को केशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाये। अनुकंपा नियुक्ति को लेकर स्थाई आदेश जारी किया जाये।

# छग इंजीनियर्स संघ के अध्यक्ष पांच दिनों के लिये बस्तर प्रवास पर

**दुर्ग**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ युवा इंजीनियर्स संघ के प्रदेश अध्यक्ष ब्रम्हा तिवारी तीन सूत्रीय मुद्दों को लेकर 14 से 18 जुलाई तक बस्तर संभाग के सभी जिलों का प्रवास कर वहां के इंजीनियरों से मिलकर विभिन्न विषयों पर चर्चा करेगें। संघ के बस्तर संभाग अध्यक्ष संदीप सहारे ने दी।

श्री तिवारी अपने इस प्रवास को लेकर बताया कि वे इन दिनों में बस्तर संभाग के विभिन्न जिला मुख्यालयों में जाकर वहां युवा डिप्लोमा एवं बीटेक इंजीनियरों से मिलेगें। वहां पर इंजीनियरों किस तरह काम मिल रहा है या नहीं मिल रहा है इसकी जानकारी लेगें। वे प्रयास करेगें कि वहां के विभिन्न विभागों द्वारा निकाले जा रहे टेंडर इन इंजीनियरों को मिले और वे लोग स्वरोजगार से जुड़ सके। इन इंजीनियरों के लिये तकनीकी ज्ञान की व्यवस्था तथा इनके द्वारा किये जा रहे कार्यो को सकारात्मक प्रोत्साहन देने का कार्य करेगें।

# जिले में आपदा जोखिम से बचाव हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जाएंगे

**दुर्ग**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्राकृतिक आपदाओं जैसे आकाशीय बिजली, आंधी.तूफान, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, लू एवं शीत लहर से होने वाले नुकसान की रोकथाम एवं न्यूनिकरण के उद्देश्य से जिले में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) के अंतर्गत केपेसिटी बिल्डिंग ट्रेनिंग एवं स्कूल सेफ्टी पॉलिसी के तहत स्कूल आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में जिले के प्रत्येक विकासखंड में 25.25 शासकीय अधिकारी/कर्मचारी को प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक ब्लॉक के 250-250 स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को दो बैचों में स्कूल स्तर पर वर्कशॉप के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया देना, बचाव के उपायों को समझना और समुदाय में जागरूकता फैलाना है, जिससे आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। स्कूली बच्चों को विशेष रूप से आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए जाएंगे ताकि वे न केवल स्वयं की सुरक्षा कर सकेंए बल्कि दूसरों को भी जागरूक कर सकें। जिले के विकासखंडों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण (डीआरआर) प्रशिक्षण और जागरूकता के अंतर्गत शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों एवं शिक्षकों बच्चों की सूची बनाकर प्रारूप अ एवं प्रारूप.ब में प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध कराना होगा।

# डिजिटल फसल : सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रति खसरा 10 रूपये की दर से होगा भुगतान

**दुर्ग**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण विभाग द्वारा राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गत डिजिटल फसल सर्वेक्षण 2025.2026 के तहत् जिले के 337 ग्राम में खरीफवर्ष 2025.26 में लगाये गए फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाना है। सर्वेक्षण कार्य हेतु प्रत्येक ग्राम में 20 सर्वेक्षणकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी तथा सर्वेक्षण कार्य किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत वर्ष डिजिटल फसल सर्वेक्षण 2024.25 अंतर्गत रबी एवं खरीफफसलों का सर्वेक्षण किया गया। जिसमें ग्राम से ही सर्वेक्षणकर्ताओं की नियुक्ति की गई थी। इस कार्य हेतु सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रति खसरा 10 रूपये की दर से भुगतान किया गया। डिजिटल फसल सर्वेक्षण रबी 2025 के तहत् तहसील धमधा के अंतर्गत 61 ग्राम के कुल 68687 खसरों के डिजिटल सर्वे हेतु 6,86,870 रूपयें की राशि का आबंटन किया गया।

इसी क्रम में इस वर्ष जिले के 5 तहसीलों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए चयनित सर्वेक्षणकर्ताओं को तहसील अंतर्गत निरीक्षण मण्डल स्तर पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रत्येक दिवस 25 खसरा सौंपा जाएगा। कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता के आधार पर अगले दिन के लिए नवीन खसरा आबंटित किया जायेगा। सर्वेक्षण कार्य की कुशलता को देखते हुए किसी दिवस विशेष में बार.बार भी खसरा आबंटित किया जा सकेगा। इसके लिए सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रति खसरा 10 रूपये की दर से संबद्ध बैंक खातों के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। ज्ञात हो कि सर्वेक्षणकर्ता द्वारा डिजिटल फसल सर्वेक्षण के अंर्तगत की गई प्रविष्टियों का सत्यापन संबंधित राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रविष्टि के दो दिन के भीतर किया जाना अनिवार्य होगा एवं सर्वेक्षण अंतर्गत किये गए कार्य की जॉच शीघ्र अतिशीघ्र संबंधित तहसीलदार/नायब तहसीलदार द्वारा की जाएगी।

# छग उर्दू अकादमी का अध्यक्ष उर्दू भाषा के जानकार को ही बनाना चाहिए : जमाल



**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश के गठन तथा उर्दू अकादमी की स्थापना को 23 वर्ष हो गये मगर आज तक उर्दू अकादमी के अध्यक्ष पद पर उर्दू भाषा के किसी विद्वान की नियुक्ति न किये जाने से प्रदेश में उर्दू भाषा के उन्नयन की दिशा में कोई ठोस काम नहीं हो पाया है। यह जानकारी देते हुए सुपरिचित उर्दू एवं फारसी साहित्यकार रौनक जमाल ने कहा है कि उर्दू अकादमी के अध्यक्ष पद पर उर्दू फारसी के आधिकारिक विद्वान की नियुक्ति की जानी चाहिए। उर्दू फारसी की सेवा में लगे कवियों, शायरों एवं लेखकों की पुस्तकों का प्रकाशन कर उन्हें आर्थिक सहायता पहुंचाकर जीवन स्तर सुधारने में मदद की जाए। जमाल ने कहा है कि इस पद पर राजनीति से हटकर भी किसी विद्वान की नियुक्ति की जा सकती है।

श्री जमाल ने बताया कि अब तक उर्दू अकादमी के जितने भी अध्यक्ष बनें है उन्हें उर्दू व उर्दू साहित्य का कोई ज्ञान नहीं रहा। वे युवा वर्ग से थे। इनमें अनुभव की भी कमी थी। इसलिए ये लोग उर्दू भाषा अथवा उर्दू सेवी साहित्यकारों के लिये कोई ठोस काम नहीं कर सके। उन्होंने आरोप लगाया कि जितने लोग अकादमी के अध्यक्ष बने है उनका सरोकार केवल वेतन भत्ते व सुविधाओं तक ही सीमित रहा है। उन्होंने कहा कि उर्दू अकादमी के सचिव पद भी उर्दू जानने वाले व्यक्ति की नियुक्ति होते रही।

उन्होंने कहा कि उर्दू अकादमी में अधिकारी, कर्मचारियों की संख्या ज्यादा है मगर वे सुबह दस से पांच बजे तक कार्यालय में बैठते है और सिर्फ खाना पूर्ति की जा रही है। श्री जमाल ने कहा है कि राज्य में अकादमी द्वारा उर्दू के लिये कोचिंग सेंटर खोलने, उर्दू के लिये सेमीनार, काव्यपाठ इत्यादि की कार्यक्रम कराकर उर्दू को राज्य में स्थापित करने का काम किया जाये, उर्दू के लेखकों, शायरों के संकलनों की पुस्तकें प्रकाशित की जाये। उन्होंने हसन अली जाला सम्मान को फिर से प्रारंभ करने के साथ ही शापिख रायपुरी को यह सम्मान दिया जाना चाहिए।

# कलेक्टर ने मत्स्य प्रक्षेत्र देवरी का किया निरीक्षण



**दुर्ग**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिले के धमधा विकासखण्ड अंतर्गत स्थित मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में मत्स्य बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना अंतर्गत मत्स्य पालन विभाग को प्राप्त कार्य क्रमशः मत्स्य बीज प्रक्षेत्र देवरी में समुदाय के लिए जल संचय तालाब का नवीनीकरण एवं स्टोन पीचिंग कार्य, समुदाय के लिए डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण कार्य तथा समुदाय के लिए संघ भवन निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर मत्स्य पालन विभाग के उप संचालक सीमा चन्द्रवंशी एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रक्षेत्र प्रभारी सहायक मत्स्य अधिकारी गिरिश कुमार वर्मा ने अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को स्पॉन उत्पादन हेतु 400 लाख का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य पूर्ति हेतु कार्य जारी है। वर्तमान में जिले में 110 मत्स्य सहकारी समितियां कार्यरत् है। मछुआ सहकारी समितिए मछुवा समूह एवं निजी मत्स्य कृषकों को माह जुलाई अग्रिम पाक्षिक माह से 50 प्रतिशत अनुदान में प्राई एवं फिंगररिन मत्स्य बीज का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह को उप संचालक मत्स्य श्रीमती चन्द्रवंशी ने मत्स्य बीज उत्पादन हैचरी, इन्क्यूबेशन पूल, स्पॉनिंग फूल, संवर्धन पोखर एवं प्रजनक पोखर में मछली पालन से संबंधित कार्य के विषय में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना के तहत् पंचायत के तालाबों मत्स्य बीज स्पॉन संवर्धन योजना अंतर्गत किसानों को मत्स्य बीज 100 प्रतिशत अनुदान पर लाभान्वित तथा हितार्थ किया जाता है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने विभाग द्वारा मछुवारों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनाएं क्रियान्वयन की जा रही है। इसका लाभ मछुआ समूह एवं निजी मत्स्य कृषकों को मिलने लगा है।

# आर्ट ऑफ लिविंग दुर्ग परिवार ने मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव




**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आर्ट ऑफलिविंग दुर्ग परिवार द्वारा गुजराती धर्मशाला में आध्यात्मिक गुरु श्री ी रविशंकर के साधकों ने गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। दुर्ग भिलाई के साधक एवं प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

आरंभ में गुरु पूजा पंडितों ने सामूहिक रूप से गुरु पूजा कर अपने सद्गुरू श्रीश्री रविशंकर की आराधना की। उसके पश्चात महासत्संग में शैलजा चंद्राकर, लता वेणुगोपाल, अमन बेलचंदन, घनश्याम बेलचंदन, वैशाली बढ़े, जागृति खोडियार, आरके गजेन्द्र, हरजीत भाई एवं हरि भाई के भजनों से मंत्र मुग्ध होकर सभी उपस्थित साधक देर तक झूमते रहे।

सभी उपस्थित आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षकों का उनके सिखाए हुए साधकों ने शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अपेक्स के सदस्य नरेंद्र राठी का भी समारोह में सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ में पिछले कई सालों से सेवा करने के बाद अब केरल शिफ्ट हो रहे प्रशिक्षक ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# साइंस कालेज में रूसा टीम ने प्रयोगशालाओं, विभागों व रूसा निर्मित कक्षों का किया निरीक्षण

**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आज रूसा अर्थात् राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान जिसका वर्तमान में नाम परिवर्तित होकर पीएम उषा हो गया है के विशेषज्ञ टीम ने आज भौतिक रूप से निरीक्षण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि प्रातः 11 बजे टीम के महाविद्यालय के पहुंचने के तत्काल पश्चात् रूसा की टीम ने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा प्रयोगशालाओं एवं रूसा निर्मित कक्षों का भौतिक रूप से अवलोकन किया। डॉ. सिंह ने बताया कि दिल्ली एवं रायपुर से



रूसा के निरीक्षण दल में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अंडर सेक्रेटरी धनश्याम, अनन्या पटनायक, दृष्टि गुप्ता, रूसा कार्यालय, रायपुर से संयुक्त संचालक, डॉ. अंजली अवधिया तथा सहायक संचालक डॉ. वेणु गोपाल एवं अपर संचालक उच्चशिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेष पाण्डेय उपस्थित थे।

निरीक्षण दल के समक्ष प्रस्तुतिकरण हेतु साईंस कालेज के प्राध्यापकों द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण तैयार किया गया था। निरीक्षण दल ने महाविद्यालय के भौतिक, रसायन, माइक्रोबायलॉजी तथा इतिहास विभाग का भौतिक रूप से विजिट कर विद्यार्थियों हेतु रूसा मद से क्रय किये गये विभिन्न उपकरणों, विस्तार गतिविधियों तथा आयोजित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# ज्ञानी वहीं जो अपने ज्ञान को आचरण में लाए : साध्वी आज्ञायशा

**दुर्ग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा में चल रही चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत साध्वी श्री आज्ञायशाजी ने कहा कि ज्ञान वही सार्थक है, जो आचरण में उतरे। उन्होंने श्रमण भगवान श्री महावीर स्वामी के वचनामृत का उल्लेख करते हुए कहा कि जैन आगम परमात्मा की वाणी का संग्रह है, जो समवसरण में उपस्थित सभी को उनकी भाषा में सुनाई देती थी।

साध्वी श्री ने कहा कि प्ररूपणा का सार आचरण है और आचरण का सार मोक्ष है। शाश्वत सुख के लिए मोक्ष प्राप्ति ही एकमात्र लक्ष्य है। ज्ञानी होना बड़ी बात नहीं है, ज्ञानी वही है जो अपने ज्ञान को आचरण में लाए। उन्होंने चातुर्मास आराधकों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर स्वामी ने स्पष्ट कहा है कि जीव के प्रत्येक सुख.दुख उसके अपने कर्मों का ही परिणाम हैं।



परंतु मनुष्य अपने कर्मों को भूलकर दुख का कारण दूसरों को मानता है। वास्तव में भौतिक जगत में सुख क्षणभंगुर व अस्थायी है। मानव जीवन की सार्थकता परमात्मा की आज्ञा को शिरोधार्य कर उसका पालन करने में है।

साध्वी श्री ने कहा कि सम्यक दर्शन अर्थात सच्ची श्रद्धा से ही आचरण में उत्तमता आती है। मिथ्या ज्ञान को दूर कर सम्यक ज्ञान प्राप्त करने की पहली सी ?ी श्रद्धा है। श्रद्धा के बिना न तो ज्ञान संभव है और न ही चारित्र का विकास, जिसके बिना मोक्ष की प्राप्ति नहीं हो सकती।

इस अवसर पर श्री आचारांग सूत्र का स्वर्ण-रजत-अक्षत से श्राविका निमिशा बेन संजयभाई शाह (भरूच) ने मांगलिक स्तोत्रों के साथ ज्ञान पूजा की। वहीं नागपुर के सुश्रावकवर्य जगदीश भाई सार्व?या ने प्रतिक्रमण से परिणति विषय पर विशेष व्याख्यान देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 14 से 28 तक

**भिलाईनगर।** परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिलाई–1 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मुरूमखदान व वृन्दानगर 1 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए आवेदन 14 से 28 जुलाई तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय भिलाई–1 जुनवानी चिखली मुख्य मार्ग जुनवानी में सीधे अथवा पंजीकृत डॉक द्वारा कार्यालयीन समय 10 से 5.30 बजे तक जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नही किए जाएंगे। बाल विकास परियोजना के अनुसार आवेदन किये जाने हेतु शासन द्वारा निर्धारित आवश्यक गाईडलाईन के तहत आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होनी चाहिए एक वर्ष या अधिक सेवा का अनुभव रखने वाली कार्यकर्ता, सहायिका, सह सहायिका, संगठिका को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी।

# क्षतिग्रस्त पाइप का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। पिछले दिनो हुई मूसलाधार बारिश के बाद हुए नुकसान की जानकारी मिलने के बाद निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय तत्काल उन क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति को सामान्य बनाने का कार्य कर रहे है। पिछले दिनों तेज बारिश के बाद जुनवानी रोड़ पर स्थित बड़े नाले के उपर से जा रही पानी की बड़ी पाईप लाईन सप्लाई क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे लोगों को पानी की समस्या उत्पन्न हुई। आयुक्त ने आज उक्त स्थल का निरीक्षण करके क्षतिग्रस्त बड़ी पाईप लाईन को ठीक करने के कार्य का निरीक्षण किया। ताकि लोगों को पानी की समस्या से शीघ्र निजाद मिल सके। जुनवानी रोड स्थित एम जे कॉलेज समीपस्थ नाला में टूटे सप्लाई लाइन सहित नालों में चल रहे सफाई कार्य का निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ निरीक्षण किए। जूनवानी रोड नाला निरीक्षण के दौरान स्थल पर मौजूद जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना को निर्देशित किए हैं कि सभी बड़े नालों सहित छोटे नालों का विशेष अभियान चलाकर सफाई कराया जाए। 3 दिवस पूर्व भारी बारिश के कारण नाला में टूटे सप्लाई लाइन का तत्काल सुधार हेतु सहायक अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा को निगम आयुक्त ने निर्देशित किये हैं। पाइपलाइन सुधार कार्य में 2 दिन लगने की संभावना है। जिससे कोहका स्थित हाउसिंग बोर्ड के सभी घरों में समयानुसार पानी मिलने लगेगी। पाइपलाइन टूटने के पश्चात तात्कालिक व्यवस्था के रूप में टैंकर से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। इंदु आई टी स्कूल के सामने नाला, शांति नगर नाला में सफाई गैंग लगाकर कार्य कराया जा रहा है। सुपेला गदा चौक नाला एवं पुल चौड़ाई बढ़ाने हेतु किए गए कार्य का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान पार्षद मनोज अग्रवाल, नोहर वर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, किस्टोफर पॉल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# दो नाबालिग बालिका नागपुर से बरामद

## बस स्टैण्ड में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया

**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)।11 जुलाई को प्रार्थी थाना भिलाई भट्ठी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी नाबालिक पुत्री 10 जुलाई के शाम 4 बजे घर से अपने सहेली के साथ ट्यूशन पढ़ने निकली थी जो घर वापस नहीं आयी। जिसे पास पड़ोस, मोहल्ला एवं रिश्तेदारों में पता तलाश करने पर कहीं नहीं मिल रही है। रिपोर्ट पर थाना भिलाई भट्ठी में गुम इंसान क्रमांक 08/2025 एवं 09/2025 कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया। चूंकि दोनों लड़की नाबालिक होने से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर ले जाने की अंदेशा होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 91/2025 धारा 137(2) बीएनएस के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरत को देखते अपहृता नाबालिक बालिकाओं की पता तलाश में तत्काल टीम गठित की गई प्रकरण की विवेचना दौरान टीम का मानीटरिंग नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्य प्रकाश तिवारी एवं क्राईम डी.एस.पी अजय सिंह द्वारा की जा रही थी। टीम द्वारा पॉवर हाउस, दुर्ग एवं रायपुर रेल्वे स्टेशन तथा बस स्टैण्ड में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने सीसी कैमरा में देखा कि रायपुर रेल्वे स्टेशन में दोनों नाबालिग अपहृता को प्लेट फार्म में देखा गया। टिकट काउंटर के पास कैमरा में दोनों नाबालिग लड़की टिकट लेते हुए दिखाई दिये। आर.पी.एफ. एवं जी.आर.पी. को नाबालिग लड़कियों के पता तलाश हेतु सूचना देकर सहयोग लिया गया। जिस पर समता एक्सप्रेस को आर.पी.एफ. की सहयोग से चेक कराया गया। आर.पी.एफ. द्वारा नागपुर रेल्वे स्टेशन का सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर दोनों नाबालिग लड़की प्लेट फार्म पर दिखाई दिये। टीम द्वारा दोनों नाबालिक लड़की को नागपुर रेल्वे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया। प्रकरण की विवेचना एवं पुछताछ में दोनों नाबालिग लड़कियों द्वारा स्वयं से घर से घूमने जाना एवं किसी भी प्रकार का अपराध घटित नहीं होना बताया गया है जिन्हें बरामदगी एवं सम्पूर्ण कार्यवाही पश्चात उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उत्तर कार्यवाही में थाना प्रभारी भिलाई भट्ठी निरीक्षक राजेश कुमार साहू, सहायक उप निरीक्षक पुनित राम वर्मा, प्रधान आरक्षक परस राम साहू, आरक्षक राकेश प्रजापति, विश्वजीत सिंह, युगल देवांगन, महिला आरक्षक गीतेश्वरी शर्मा तथा एसीसीयू के सहयाक उप निरीक्षक भरत यादव, प्रधान आरक्षक धनंजय वर्मा, आरक्षक जुगनू सिंह एवं अजीत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

## भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा डॉ आम्बेडकर भवन वर्षावास का प्रारंभ



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में डॉ आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर–6 में भंतेजी शीलरत्न के सानिध्य में आषाढ पूर्णिमा (गुरू पूर्णिमा) के अवसर पर वर्षावास का प्रारंभ हुआ। सर्व प्रथम भंतेजी ने भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और बाबासाहेब डॉ आम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रजल्वित किया। संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम, उपाध्यक्ष विनोद वासनिक, महासचिव रामराव ढोक और पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों ने भंतेजी का पुष्पगुच्छे देकर स्वागत किया गया। भंत ने परित्राणाय पाठ, सुत्त पठन किया और धम्मदेशना (प्रवचन) दी और कहाँ भगवान बुद्ध के बताये मार्ग पर चलकर अपना जीवन सुखी बनाये। भगवान बुद्ध अपने जीवन काल में वर्षावास के दौरान अपने शिष्य को धम्म की शिक्षा देकर शिक्षित किया करते थे और बौद्ध धम्म का प्रचार प्रसार के लिए सभी दिशाओं में भेजा करते थे। इसी प्रकार यहाँ पर भी वर्षावास तीन महीने तक निरंतर आषाढ पूर्णिमा से अश्विन पूर्णिमा तक चलता रहेगा। इस अवसर पर संस्था के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, महिलाएं, सामान्य सदस्य उपस्थित थे।

## बिजली बिल की दरों में वृद्धि से लोग परेशान



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता जावेद खान ने छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा घरेलू बिजली की दरे बढ़ाने पर रोष प्रकट करते हुए कहा है की आखिर क्या कारण है कि सरकार बिजली की दरें बढा रही है। राज्य सरकार जब की बिजली की स्थिति शहरो मे बेहाल है। ग्रामीण क्षेत्रों मे तो बहुत बुरा हाल है घंटो बिजली गुल रहती है। वही स्मार्ट मीटर लग जाने से लोग अलग परेशान हो रहे है। बहुत तेजी से लोगो की जेब कट रही है। इतना सब होने के बावजूद भी राज्य सरकार ने बिजली की दरो मे वृद्धि कर दी है यह कहते हुए की केवल बीस पैसे प्रति यूनिट ही बड़ा है। जब की वास्तविकता यह है की गरीब की झोपड़ी मे भी 100 युनीट से ज्यादा बिजली का बिल आता है। वह भी जब की आप निर्बाध गति से बिजली नही उपलब्ध करवा पा रहे हो संधारण के अभाव मे घंटो बिजली नही रहती है और ऐसे समय मे साय सरकार ने बिजली की दरें बढाया है जब की खेती किसानी का समय चल रहा है। बढ़ी हुई दरे कृषको पर भी लागू होगी। सरकार का कहना है कि एक जुलाई से बढी हुई दरे लागू होगी और अगस्त माह मे बढा हुआ बिल आएगा लेकिन सभी घरेलू उपभोक्ताओं के घर की बिजली की रिडिंग माह की दस तारीख को होती है। जुलाई दस तारीख को रिडिंग ली गई है।

# विधायक ने कार्यकर्ताओं से की टिफिन पर चर्चा



'**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधानसभा में रिकेश सेन ने भिलाई भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ आज सुपेला में टिफिन पर चर्चा कर कनिष्ठ कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। टिफिन पर चर्चा में विधायक ने पार्टी के संबंध में जानकारी देते हुए अनुशासन, क्षेत्र में जनता से सम्पर्क और सरकार की योजनाओं को घर–घर तक पहुंचाने की बात कही। श्री सेन ने बताया कि अप्रैल महीने से प्रारंभ स्कूटी से वार्ड तक पहुंचने के अभियान में अब संबंधित वार्ड के भाजपा कार्यकर्ता भी शामिल हों तथा इस दौरान वार्ड के लोगों को भी टिफिन के साथ आमंत्रित कर सामूहिक चर्चा करते हुए क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेकर उनके समाधान हेतु प्रयास करेंगे। विधायक श्री सेन ने कहा कि हम सभी को गर्व है कि हम विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सिपाही हैं तथा हमारी पार्टी भाजपा में अनुशासन का बड़ा महत्व है। भाजपा का लक्ष्य सदैव देश के कोने में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का रहा है। इस पार्टी में हम सभी अपने आपको एक बड़े परिवार का सदस्य मानते हैं। इसलिए यही पारिवारिक फिलिंग हमें अपने क्षेत्र के हर व्यक्ति तक पहुंचानी है। वार्ड स्तर पर टिफिन पर चर्चा के आयोजनों से संबंधित क्षेत्र के लोग पारिवारिक सदस्य की तरह शामिल होकर अपना सुख दुरूख एक दूसरे से शेयर कर सकेंगे। वैशाली नगर विधानसभा में सुपेला, कैम्प, वैशाली नगर तथा कोहका सहित कुल 4 मंडल हैं जिनमें टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम वार्ड स्तर तक आयोजित कर हमें सभी के बीच पहुंचना है जिसमें कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने भाजपा की रीति नीति और संगठन गतिविधियों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिस तरह विधायक श्री सेन ने प्रशिक्षण के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिले दिशा निर्देश को सभी के बीच शेयर किया उसी तरह मंडल स्तर पर बैठक कर कनिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ताओं तक टिफिन पर चर्चा कार्यक्रम की रूपरेखा पहुंचानी है। इस अवसपर पर त्रिलोचन सिंह, मनोज तिवारी, विजय शुक्ला, शशि भगत, तरूण सिंह, गोपाल साहू, मुखविंदर सिंह, नंदकिशोर टंडन, मनीष सिंह, वेणुगोपाल, मोहनलाल कुकरेजा, दिनेश साहू, पवन सिंह, सूर्रकांत बघेल, आलोक जैन, दिनेश चुरहे, मुरलीधर गुलहने, अंकुर शर्मा, दविंदर सिंह, विनय सेन, अवतार सिंह, सतबीर सिंह, अर्पित तिवारी, संजय सिंह राठौर, कुबेर शर्मा, शिवम चौहान, रवि राजपूत, गुंजन देवांगन, गुरमीत सिंह गिल, राजवीर सिंह, आसिफ हर्षित चौकस, रमाकांत गुप्ता, हरविंदर सिंह, जसकेतन तांडी, संजय साहू, गुरचरण बग्गा, सुरेश सिंह, अखिलेश सिंह, विवेकानंद सेन मौजूद रहे।

# विधायक ललित ने मकान बनाने 90 को सौंपा अनुमति पत्र



**भिलाईनगर,**12 जुलाई (देशबन्धु)। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रिसाली निगम क्षेत्र के मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत 90 लोगों को मकान बनाने अनुमति पत्र सौंपा। वही 33 लोगों ने विधायक और महापौर शशि सिन्हा की उपस्थिति में लॉटरी निकाल कर प्रधानमंत्री आवास को अपने नाम किया। खास बात यह है कि प्रधानमंत्री आवास लेने कई हितग्राहियों ने पिता, पत्नी, बेटे–बेटी के हाथों लॉटरी पर्ची निकलवाया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि आवास योजना को पूरी तरह पारदर्शी रखा गया है। प्रत्येक व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान की आवश्यकता है। हर इंसान को खुद के घर का सपना होता है। प्रदेश की साय सरकार सपना को पूरा करने कटिबद्ध है। देश के प्रधानमंत्री स्वयं को प्रधान सेवक मानते दृढ़ संकल्प लिया है कि नागरिक कच्चे मकान में नहीं बल्कि खुद के मकान में रहेंगे। प्रधानमंत्री के संकल्प और आप सभी को घर की सुविधा देने योजना को पूर्णरूप से पारदर्शी रखा गया है। उन्होंने आवास के नाम पर अधिकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने पर तत्काल सूचना देने भी कहा। महापौर शशि सिन्हा और नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने भी हितग्राहियों को आवास मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर एमआईसी अनिल देशमुख, रंजीता बुनुआ, रोहित धनकर, पार्षद रमा साहू, राजू जंघेल, अनुपम साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन चन्द्रपाल हरमुख ने किया। उल्लेखनीय है कि प्रदिसी नगर में कुल 348 और लक्ष्मीनगर में 36 मकान निर्माणाधीन है। इसमें से क्रमश: 72 और 17 आवास का आवंटन किया जा चुका है। प्रदिप्ति नगर के 27 और लक्ष्मीनगर में 6 आवास का आवंटन किया गया।

# सेक्टर–9 अस्पताल में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु) ।संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय सेक्टर.9 में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस सुनियोजित अभिभावकत्व के लिए गर्भधारण के समय और अंतराल का स्वस्थ निर्धारण थीम पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक डॉ. एम. रविंद्रनाथ एवं विशिष्ट अतिथिगण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डा. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉय सौरभ मुखर्जी एवं डॉ, उदय कुमार द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। डॉ.एम. रविंद्रनाथ ने पोस्टर एवं स्लोगन प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जनसंख्या वृद्धि से संबंधित जागरूकता पर आधारित एक विशेष पैम्फ्लेट का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में पी.जी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग, शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग तथा अपोलो कॉलेज ऑफ नर्सिंग के छात्र.छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इन पोस्टरों में जनसंख्या नियंत्रण से जुड़े तथ्यए समाधान और सामाजिक संदेशों को कलात्मक शैली में प्रस्तुत किया गया था। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ.रविंद्रनाथ ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि देश और विश्व के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुकी है। जब तक हम मुद्दे पर जागरूक नहीं होंगे, तब तक कोई भी नीति प्रभावशाली रूप से क्रियान्वित नही हो पाएगी।

### संतोष बने श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन संघ अध्यक्ष

**भिलाईनगर।** वैशाली नगर में श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन श्री संघ वैशाली नगर भिलाई का पदाधिकारी का सर्व सहमति से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी पदाधिकारी का मनोनीत किये गये है। जिसमें अध्यक्ष संतोष बोहरा, उपाध्यक्ष अशोक संखला, कोषाध्यक्ष अश्विन रतन बोहरा, सचिव जितेंद पारख, विहार सेवा नरेन्द्र चोरड़िया, झुमरलाल, नीरज बोथरा, सचिन भंसाली, पियूष बोथरा, कार्यकारणी सदस्य संतोष चोपड़ा, राकेश पटवा, नीरज बोहरा, पियूष ढेलाडिया (राजा), कोमल बढिया, अंकुश श्री माल, संरक्षक देविचंद बाढ़िया, पन्नालाल बोथरा, धोकलचंद बांदिढा, सज्जन राज सांखला, मिलाप चंद बोथरा, रविन्द्र जैन, जिनेश बोथरा, टीकम चंद है। सभी पदाधिकारी का चयन सर्व सहमति से तीन वर्ष हेतु मनोनीत किये गये है। यह जानकारी ललित बोधरा ने दी है।

# सासंद ने इंदिरा गांधी में गुरुजनों का किया सम्मान



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शैक्षणिक संस्था आदर्श शिक्षा समिति के तत्वधान में विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का प्रतिष्ठा एवं विद्यालय परिसर में वैशाली नगर की पूर्व विधायक स्व. विधा रतन भसीन की निधि से निर्मित भव्य सांस्कृतिक मंच एवं छात्रों के लिए 6 कमरों का लोकार्पण दुर्ग सांसद विजय बघेल एवं पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन की पुत्री दिव्या मक्कड़ भसीन, राकेश पाण्डेय खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष के द्वारा किया गया। उस आशय जानकारी आयोजन समिति के सदस्य मनोज ठाकरे ने बताया इंदिरा गांधी विद्यालय वैशाली नगर विधानसभा की सबसे पुरानी प्रथम विद्यालय के रूप में 1972 को स्थापित किया गया था आज 53 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय परिसर में मां सरस्वती की प्रतिमा का अनावरण गायत्री मंत्र उपचार के मध्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय परिसर में नवनिर्मित सांस्कृतिक मंच का एवं शौचालय हम कंप्यूटर रुम लोकार्पण अतिथि द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के गुरुजनों को अतिथि द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यालय के छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। आज विशेषकर इस विद्यालय के निर्माण से अब तक तन.मन धन से जिन्होंनेने सहयोग किया है उनका सम्मान भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक स्व विद्यारतन भसीन की पुत्री ने कहा मुझे गर्व है मेरे पिता पर जिन्होंने वैशाली नगर विधानसभा में जो विद्यालय विगत 50 वर्ष पूर्ण कर चुका ऐसे सबसे पुरानी विद्यालय की विकास के लिए आगे बढ़कर सांस्कृतिक मंच यह साथ साथ बेटियों की लिए शौचालय निर्माण किया और मैंने अपने हाथों से लोक अर्पित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे ने अपने का आज गुरु को याद करने का दिन है आज अवसर पर मैं सभी गुरुजनों को आदर करते हुए उनके कार्यों के प्रति उन्हें नमन करता हूं इस अवसर पर विद्वान आचार्य शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया अवसर पर आदर्श शिक्षा समिति के वरिष्ठ सचिव काशीनाथ वर्मा ने कहा मैं सबका आभारी हूं जिन्होंने 50 वर्षों में इस विद्यालय को आगे बढ़ाने निर्माण करने के लिए सहयोग किया। सांसद कहा आज बहुत ही पवित्र दिन है हम गुरु को याद करते हैं। आज गुरु पूर्णिमा अवसर पर आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा पूर्णिमा की रोशनी में हम अपने अन्य गुरुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा गुरुओं की प्रेरणा शक्ति हमारी शिक्षा का आधार रही है। इस अवसर पर हम अपनी अनंत कृतज्ञता गुरुओं के प्रति व्यक्त करें इस अवसर पर मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई जिला भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, पार्षद संतोष मौर्य, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा एवं सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने भी संबोधित किया और गुरुजनों का सम्मान किया। आयोजन का संचालन सुश्री वर्मा एवं आभार श्रीमती सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भगत राम सोनी के अलावा विद्यालय के शिक्षक एवं आदर्श शिक्षा समिति के सचिन काशीनाथ वर्मा, अजय वर्मा, मनोज ठाकरे, वीर सिंह, प्रधान पाठक धुर्वे, अरविंद सिंह, सहायक शिक्षक संतोष लहरी, कृष्णा, प्रशांत क्षीरसागर, छोटू चावला, किशोर कनोजे, राहुल परिहार, रणजीत सिंह ठाकुर, अब्दुल नासिर के साथ.सा द सभी वर्ग के प्राथमिक मिडिल एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र.छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे

# विशेष बैठक के बाद सफाई युद्ध स्तर पर जारी



**भिलाईनगर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विशेष बैठक आयोजित कर दिए गए निर्देशानुसार निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे है। शहर के बड़े नालो का विशेष अभियान चलाकर चैन माउंटेन, जे.सी.बी.एवं सफाई गैंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा है। आयुक्त पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना की उपस्थिति में कोसा नाला में निर्माणाधीन पुल के नीचे निर्माण सामग्री को एजेंसी से ही हटवाया गया। इसी प्रकार खुर्सीपार के तेल्हा नाला, बापू नगर, गौतम नगर आदि सभी नालो के पुल एवं सकरे जगहो पर जे.सी.बी. एवं सफाई कर्मी लगाकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बारिश के पानी का निकासी निरंतर हो सके और जलभराव जैसी स्थिति निर्मित न हो। दो दिन पहले लगातार मूसलाधार बारिश के बाद भिलाई में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। जिस पर निगम प्रशासन ने आपात बैठक बुलाकर इस स्थिति ने नपटने के लिये योजना तैयार की थी। जिस पर आज से अमल शुरु हो गया।

# यूथ सिख सेवा समिति ने निभाई सच्ची सेवा



**भिलाईनगर,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। विगत 9 जुलाई को संस्था के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना प्राप्त हुई कि 32 एकड़ क्षेत्र में रहने वाल बलबीर सिंह का निधन हो गया है। उनके परिवार की ओर से समिति से अंतिम संस्कार की संपूर्ण व्यवस्था एवं दाह संस्कार के बाद लंगर सेवा के लिए मदद का आग्रह किया गया। समिति के सदस्य उसी रात से ही आवश्यक तैयारियों में जुट गए थे। 10 जुलाई को रामनगर मुक्तिधाम में सिख मर्यादा के अनुसार पूरी विधिपूर्वक अंतिम संस्कार सम्पन्न कराया गया। इस दुखद अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह स्वयं मुक्तिधाम में मौजूद रहे और अंतिम क्षणों तक सेवा में लगे रहे। इस पूरी जानकारी की पुष्टि संस्था के कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह द्वारा की गई। हालांकि यूथ सिख सेवा समिति भिलाई को बने कुछ ही महीने हुए हैं, फिर भी संस्था ने इतने कम समय में समाज सेवा के अनेक महत्वपूर्ण कार्य कर यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची सेवा भावना समय की मोहताज नहीं होती। संस्था के पाँच प्रमुख उद्देश्य हैं, जिन पर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया जा रहा है यदि कोई बच्चा अपनी स्कूल की फीस भरने में असमर्थ है, तो उसकी पूरी व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है। कोई बच्चा खेलकूद में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाता है, तो उसके आवागमन व आवश्यक खर्चों की जिम्मेदारी संस्था उठाती है। परिवार में मृत्यु की स्थिति में, मृतक का संपूर्ण अंतिम संस्कार संस्था द्वारा किया जाता है। जरूरतमंद बेटियों के विवाह की समस्त व्यवस्था संस्था द्वारा की जाती है। जिससे उन्हें आत्मसम्मान और एक सुरक्षित भविष्य मिल सके। यदि कोई व्यक्ति नशे की लत छोड़ना चाहता है, तो उसके पुनर्वास व मार्गदर्शन के लिए संस्था आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संस्था ने एक हेल्पलाइन नंबर 9755212855 भी जारी किया है। भिलाई में निवासरत कोई भी सिख परिवार यदि उपरोक्त किसी भी समस्या से जूझ रहा हो, तो इस नंबर पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकता है। समस्या की जानकारी मिलते ही संस्था की कोर टीम सक्रिय होती है। अध्यक्ष इंदरजीत सिंह के मार्गदर्शन में विशेष समितियाँ गठित की गई हैं। शिक्षा समितिए खेल समिति, विवाह समिति, इत्यादि। इसके अलावा, हर गुरुद्वारे में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जो स्थानीय स्तर पर सत्यापन करके समिति को सही जानकारी देते हैं। सत्यापन के पश्चात ही सहायता प्रक्रिया प्रारंभ की जाती है। जिससे कि वास्तव में जरूरतमंद व्यक्ति तक सहयोग पहुँच सके। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई न केवल सेवा कर रही है, बल्कि समाज को जोड़ने, जागरूक करने और सशक्त बनाने का कार्य भी कर रही है। यह संस्था आज एक मिशन बन चुकी है हर जरूरतमंद तक सम्मान और सहायता पहुँचाना। इंद्रजीत सिंह ने बताया कि उनकी समिति के सभी सदस्य व पदाधिकारी पुरी निष्ठा के साथ समाज की सेवा का कार्य कर रहे है। इसलिय कम समय में समिति ने काफी ख्याति हासिल की है।

## जिले में अब तक 176.4

**बेमेतरा**, 12 जुलाई (देशबन्धु)। चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 12 जुलाई 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 176.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 247.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 83 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है।

# डाकेश साहू बने सरपंच संघ के अध्यक्ष

## डाकेश साहू को 47 वोट मिले



**गुरुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जनपद पंचायत गुरुर के सपक्ष में शनिवार को नवनिर्वाचित सरपंच संघ की आवश्यक बैठक संपन्न हुई, जिसमें सरपंच संघ चुनाव संबंधी चर्चा किया गया, इस दौरान सरपंच संघ के लिए ग्राम पंचायत भानपुरी के सरपंच डाकेश साहू एवं ग्राम पंचायत डंडेसरा के सरपंच टोमन साहू चुनावी मैदान में थे।

**72 सरपंच शामिल हुए चुनाव में**

गुरुर ब्लॉक में यह पहला ऐतिहासिक सरपंच अध्यक्ष चुनाव रहा, जिसमें 77 पंचायत में से 72 पंचायत सरपंच उपस्थित रहे। चुनाव के दौरान डाकेश साहू को 47 वोट तथा टोमन साहू को 25 वोट मिले, इस तरह डाकेश साहू गुरुर ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। 32 वर्षीय सरपंच डाकेश साहू क्षेत्र का युवा सरपंच है, उन्होंने कृषि में बीएससी किए हुए हैं जो शुरू से ही गांव की हर छोटी बड़ी एक्टिविटी में भाग लेकर आगे रहते हैं। सरपंच संघ अध्यक्ष ने कहा कि मैं सभी सरपंचों के छोटी बड़ी समस्या में उनके साथ खड़ा रहूंगा।

**राजेंद्र साहू को मिला सचिव की जिम्मेदारी**

सरपंच संघ अध्यक्ष के अलावा अन्य पदों का भी चुनाव किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष हेमलता साहू, दिनेश्वरी सिंहा, धनेंद्र साहू को बनाया गया। इसी तरह सचिव में राजेंद्र साहू, सह सचिव कोमल साहू, कोषाध्यक्ष डोमन साहू, धर्मेंद्र साहू, मंत्री गोकुल राम ध्रुव को बनाया गया।

संरक्षक मे बालचंद टंडन, त्रिलोकी राम, खेमलाल देवांगन, भगवान दास, उतरा मरकाम शामिल है। कार्यकारिणी सदस्य में खोमन सिंहा, शतरूपा निषाद, लक्ष्मी पटेल, रुद्राणी नेताम, दिगेश्वर नाथ ठाकुर, प्रीतिबाला, अनीता साहू, निलेश्वरी साहू, खुमान साहू, संतोषी निर्मलकर, बनवाली राम, लता कामदे, चुन्नी साहू, पंचशीला धनराज साहू, चंद्रलता साहू, तेजराम, सीमा साहू, तीरथ यादव, विशाल दीवान, तेजराम साहू, मिथलेश साहू, शिरोमणि, जागृति साहू, पूजा ठाकुर, हेमलता चोरमार शामिल है।

# राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में समाज कल्याण विभाग ने किया सामाजिक सहायता कार्यक्रम



**खैरागढ,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। संचालक समाज कल्याण संचालनालय छ.ग. समाज कल्याण परिसर माना कैम्प रायपुर एवं कलेक्टर केसीजी के निर्देशानुसार राज्यपाल के गोद ग्राम सोनपुरी में 9 जुलाई 2025 को समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सोनपुरी में सामाजिक सहायता कार्यक्रम चलाया गया जहां पेंशन योजनाओं के हितग्राहीयो का वार्षिक सत्यापन के लिए आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन बेनी बेनिफिशरी सत्यापन ऐप के माध्यम से हितग्राहियों का सत्यापन करने ग्राम पंचायत सोनपुरी में वरिष्ठ नागरिको जो समाज कल्याण से संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है उनका आधार आधारित मोबाइल एप्लीकेशन कैम्प लगाया गया। इस दौरान 7 हितग्राही उपस्थित हुए जिनका मोबाइल एप के द्वारा सत्यापन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत के 17 वृध्दजनों के द्वारा वृध्दावस्था पेंशन की मांग की गई जिसके लिए निर्धारित प्रक्रिया अनुसार सभी का आवेदन भराया गया तथा 5 दिव्यांगजन भी उपस्थित हुए जिसका दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। पेंशन के लिए जो नया आवेदन प्राप्त हुए है उनकी स्वीकृति के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत खैरागढ को प्राप्त आवेदन को भेजा जायेगा। उक्त कार्यक्रम के लिए सुमन राज संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत सोनपुरी विशेष कैम्प लगाया गया। इस अवसर पर सीमा वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत सोनपुरी, पुनीता साहू सचिव, खिलेश्वरी जंघेल रोजगार सहायक, रामअवतार साहू लिपिक, हेमंत टंडन, राकेश कुमार साहू कम्प्युटर ऑपरेटर व नवीन ठाकुर उपस्थित रहे।

**पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का हुआ वार्षिक सत्यापन**

# कृषि उन्नति योजना में पंजीयन प्रारंभ, अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक

**खैरागढ़-गंडई-पंडरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। खरीफ वर्ष 2025 से लागू की गई छत्तीसगढ़ शासन की कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को प्रति एकड़ 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाएगी वहीं जो किसान फसल परिवर्तन करते हैं उन्हें 11 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से सहायता प्राप्त होगी।

इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को एकीकृत किसान पोर्टल और फार्मर रजिस्ट्री में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। पंजीयन की प्रक्रिया 01 जुलाई से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। इस दौरान किसान सेवा सहकारी समिति के माध्यम से नया पंजीयन करा सकते हैं या पूर्व पंजीयन में सुधार भी कर सकते हैं। रकबा, खसरा एवं फसल विवरण में परिवर्तन की सुविधा भी इस अवधि में उपलब्ध है। धान, दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास जैसी फसलों की खेती करने वाले किसानों को योजना का सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से वे किसान जिन्होंने गत वर्ष धान की खेती की थी और इस वर्ष फसल परिवर्तन कर रहे हैं उन्हें अतिरिक्त सहायता मिलेगी।फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसान लोक सेवा केन्द्र, स्वयं के मोबाइल या किसी अन्य माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं परंतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन या संशोधन केवल सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से ही होगा। जो किसान अभी पंजीकृत नहीं हैं उन्हें शीघ्र अपनी निकटतम सेवा सहकारी समिति में जाकर पंजीयन कराना चाहिए ताकि वे योजना से वंचित न रहें। पंजीयन के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 है, इसके बाद किए गए पंजीयन पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

# जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू ने स्कूल का किया निरीक्षण



**स्कूल स्टाप व विद्यार्थियों से ली शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी**

**कवर्धा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरुपूर्णिमा पर जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू द्वारा ग्राम सोनपुरी गुढ़ा में संचालित शासकीय मिडिल स्कूल में शिक्षक एवं विद्यार्थियों से भेंट मुलाकात की तथा स्कूल में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेते हुए शासकीय योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान डॉ. वीरेन्द्र साहू ने स्कूल के शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को गुरूपूर्णिमा की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों का आदर करें और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं। श्री साहू ने मौके पर मौजूद शिक्षकों से स्कूल की वर्तमान स्थिति और समस्याओं की जानकारी ली। शिक्षकों द्वारा रखी गई समस्याओं के त्वरित समाधान के लिएउन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा की गुणवत्ता और स्कूल की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से सरपंच रामेश्वर साहू, जनपद सदस्य रूपेन्द्र सिंह, तामेश्वर साहू, चतुर साहू, कृष्ण साहू, भिखम सिन्हा, नीलू धुर्वे, रामचंद्र साहू

# कोड़े नवागांव में निकाली गई सांई की पालकी यात्रा



**खैरागढ़,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम कोड़ेनवागांव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुवार को ग्रामवासियों के सहयोग से सांई बाबा की पालकी यात्रा निकली गई। सांई बाबा की पालकी यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और भगवान सांई बाबा की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पांडादाह भाजपा मंडल अध्यक्ष व समाजसेवी गोरेलाल वर्मा, पवन मारकंडे व अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# गंडई भाजपा ने मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व, डॉक्टर व शिक्षकों का किया सम्मान

**गंडई पंडरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गंडई भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर एवं महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंजली देवांगन के संयुक्त तत्वावधान में गंडई में 10 जुलाई गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के पर चिकित्सा, शिक्षक, एवं प्रबुद्धजनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल गंडई के नेतृत्व में नगर के पीएमश्री गंडई में पदस्थ प्राचार्य पवन कुमार ददरया, गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी प्रशांत सोनी एवं प्रबुद्धजन में डॉक्टर मूलचंद अग्रवाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक राजनांदगांव से आए प्रशांत सोनी का श्रीफल व शॉल से सम्मान किया। वहीं भाजपा महिला मोर्चा ने नगर के वार्ड 6 स्थित प्रजापति ब्रह्माकुमारी सेवा गंडई की बहन दामिनी दीदी को प्रतीक चिन्ह और श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खमहन ताम्रकार, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, अजा जिलाध्यक्ष जीवनदास रात्रे, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण शर्मा, मंगलचंद जैन, मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी, दिनेश भट्ट, भानु प्रताप साहू, अशोक देवांगन, तसील पटेल, लेखराम साहू, रजेलाल पटेल, रतन खांडेकर, पार्षद सावत देवांगन, अशोक पटेल, अनुसूचित जाति गंडई मंडल अध्यक्ष राकेश टंडन, वही महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजलि देवांगन, उमा चौबे, राधिका यदु, भारती तिवारी, शैला त्रिपाठी सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।




# नि:शुल्क नवोदय/प्रयास कोचिंग गंडई के तत्वाधान में कक्षा पांचवीं के विद्यार्थियों के लिए प्री टेस्ट का आयोजन

**गंडई पंडरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के मार्गदर्शन व विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमेन्द्र डड़सेना, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी एस सुधाकर, बीआरसी डी. के. शर्मा व नवोदय - प्रयास प्रभारी पितांबर सिंह राजपूत के सहयोग से व गंडई नगर के आसपास के शिक्षकों के प्रयास से निःशुल्क नवोदय , सैनिक विद्यालय प्रवेश , एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष विद्यालय परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। जिसका उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों को उचित मार्गदर्शन देकर उत्कृष्ट विद्यालयों में छात्र छात्राओं को चयन में सहायता करना है। कोचिंग के लिए प्रधानपाठिका यांत्री पड़वार, कौशल सिंह राजपूत, भागचंद साहू, उज्वल नामदेव, दीपक मिश्रा, पूर्णेश वैष्णव, मयाराम राठौर, पूर्णेश्वर देवांगन, महेश वर्मा, खेमलाल जंघेल ने योजना बनाई जिसके लिए आसपास के शालाओं में कक्षा 5वीं एवं 8वीं में अध्ययनरत बच्चों का कोचिंग के लिए चयन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए प्री-टेस्ट का आयोजन आज दिनांक 12/07/2025 दिन शनिवार को शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला गंडई में किया गया। जिसमें कुल 300 बच्चें पंजीयन कराये जिसमें से 285 बच्चें टेस्ट में शामिल हुए। जिसका परिणाम एक सप्ताह तक जारी किया जाएगा। जिसमें से प्रविण्य सूची से 70 बच्चों का चयन कोचिंग हेतु किया जायेगा। जिन्हें प्रतिदिन सुबह 2 घंटे व शनिवार - रविवार 4-4 घंटे कोचिंग दिया जायेगा। नवोदय परीक्षा हेतु ली जा रही पूर्व ज्ञान आकलन का जानकारी होने पर नगर पंचायत गंडई अध्यक्ष श्री टारकेश्वर शाह खुसरो भी अपनी टीम के साथ परीक्षा स्थल पर पहुंचकर शिक्षकों की इस सराहनीय पहल के लिए तारीफ करते हुए बच्चों को भी प्रोत्साहित किया साथ ही साथ कहा ऐसी पहल से प्रतिभावान बच्चे आगे आते हैं जिससे नगर और समाज दोनों के विकास को बहुत गति मिलती है।



प्री टेस्ट में संयोजक संकुल समन्वयक गंडई कौशल राजपूत, उपसंयोजक राजेश श्रीवास्तव संकुल समन्वयक कंटगी, मुकेश कश्यप संकुल समन्वयक लिमो, योगेन्द्र कश्यप संकुल समन्वयक टाबा, शिक्षकगण भागचंद साहू, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, महेश कुमार वर्मा, पुनेश्वर देवांगन, गांधीराम साहू, शेखकलीम, लोमश पटेल, लालाराम मेंरावी, चैतराम वर्मा, खेमलाल जंघेल, मायाराम राठौर, टोपकुमार जंघेल, रामदत्त साहू, सीता साहू, टार्जन नेताम, शिव श्रीवास्तव, भिखेन्द्र जंघेल का सराहनीय योगदान रहा।

# पार्षद नीतू रावते का आकस्मिक निधन, नगरवासियों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई



**विधायक भूपेश बघेल ने जताया शोक**

**कुम्हारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 11 की पूर्व पार्षद नीतू रावते (52 वर्ष) का शनिवार सुबह दुखद निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रही थीं और रायपुर के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। नीतू रावते काँग्रेस से लगातार चार बार की पार्षद थी वो जीत के लिए जानी जाती थीं, जिन्होंने बीस वर्षों तक पार्षद के रूप में कुम्हारी के विभिन्न वार्डों का प्रतिनिधित्व किया। उनकी लोकप्रियता इतनी थी कि वे जिस भी वार्ड से चुनाव लड़ती थीं, उनकी जीत तय मानी जाती थी। उनके आकस्मिक निधन से कुम्हारी नगर और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गहरा शोक व्याप्त है। शनिवार को नगरवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुगदा के मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन विधायक स्वयं पहुंचे थे इसके अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी और काँग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## प्रादेशिकीय का शेष

**आर्ट ऑफलिविंग दुर्ग ...**

रमेश नायर का भी शिक्षकों ने अभिनंदन किया। सभी उपस्थितजनों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। समारोह को सफल बनाने में सन्मुख पटेल, सुभाष ढोके, घनश्याम साहू, भागवत गोस्वामीए प्रदीप दुबे, श्रवण लेखवानी, दुष्यंत एवं बारापत्रे का सक्रिय योगदान रहा।

**साइंस कालेज में ...**

की विस्तार से जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय के रूसा प्रभारी प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय तथा डॉ. एस.डी. देशमुख ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इतिहास विभाग में रूसा मद से आयोजित बस्तर लौह शिल्प कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह की विशेषज्ञ दल के सदस्यों ने सराहना की तथा विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु कुछ स्मृति चिन्ह को क्रय भी किया। उन्होंने कहा कि रूसा मद में प्राप्त राषि का तत्काल पूर्ण रूप से उपयोग कर उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का महाविद्यालय प्रयास करें, जिससे 2026 में रूसा के तृतीय चरण के आरंभ होने पर महाविद्यालय को उसकी आवश्यकता एवं नये पाठ्यक्रम हेतु और राशि प्रदान की जा सके। भ्रमण के पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को विद्यार्थियों द्वारा निर्मित स्मृति चिन्ह भेंट किया।

बस्तर शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के आईक्यूएसी कक्ष में विश्वविद्यालय को रूसा मद से प्राप्त राषि के उपयोग से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। प्रस्तुतिकरण के दौरान दिल्ली से आए विशेषज्ञ रूसा अधिकारियों ने अनेक प्रष्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। बस्तर विश्वविद्यालय का प्रस्तुतिकरण देने वालों में डॉ. शरद नेमा, डॉ. समीर ठाकुर, डॉ. संजय डोंगरे, डी.पी. देवांगन, के.आर. ठाकुर शामिल थे। बस्तर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, ऑनलाईन रूप से पूरे प्रस्तुतिकरण के दौरान जुड़े हुए थे। साईंस कालेज, दुर्ग में निरीक्षण दल के भ्रमण के दौरान प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. सुनीता मैथ्यू, डॉ. अनिल पाण्डेय, डॉ. एस.डी. देशमुख, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापक उपस्थित थे।

# बैगाओं के लिए वरदान साबित हो रहा पीएम जनमन महाअभियान

## अंजोरी ने राजमिस्त्री बन बनाया अपना आशियाना, गांव में ही मिल रहा रोजगार



**गंडई पंडरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री जनमन महाभियान जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसा हम इसीलिए कह रहे है चूंकि पीएम जनमन महाभियान के तहत विकासखंड छुईखदान के ग्रामीण क्षेत्रो में बैगा जनजाति समुदाय के लोगो को चिन्हांकित कर प्राथमिकता से शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

ऐसे ही एक कहानी ग्राम पंचायत सिंगारपुर के ग्राम तुमड़ादाह क्षेत्र से निकलकर सामने आ रही है। जहां वर्षो से शासन की योजनाओं से वंचित पंचायत के विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय बैगा वर्ग के हितग्राहियों के लिए खुद के पक्के आशियाने का सपना साकार हुआ है। इससे अब वे स्थायी तौर पर एक जगह निवास कर रहे हैं। साथ ही बैगा जनजाति के अंजोरी राम जैसे ग्रामीणों के लिए गांव में ही आजीविका के अवसर भी खुल रहे हैं।

अपनी खुशी जाहिर करते हुए अंजोरी राम ने बताया कि पीएम जनमन महाभियान के आने से उनके परिवार की दशा और दिशा ही बदल गई है। पहले वो और उनका परिवार मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। आर्थिक स्थिति के चलते उनका परिवार कच्चे झोपड़ीनुमा घर में निवास करने मजबूर था। पीएम जनमन महाभियान के तहत वर्ष 2023-24 में उन्हें आवास की स्वीकृति मिली। उन्होंने सोचा भी नहीं था कि सरकार घर बनाने के लिए पैसा देती है। घर बनाने के लिए मनरेगा इंजीनियर ने बताया कि वे तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने आवास को बनाते हुए भी राज मिस्त्री बन सकते हैं, काम का उन्हें भुगतान भी मिलेगा। महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत कार्यरत जनपद के तकनीकी अमलो के द्वारा उन्हे गांव में ही पीएम जनमन महाभियान के तहत बन रहे आवासो में राज मिस्त्री का विस्तृत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण में ईंट जोड़ाई, लेवलिंग, प्लास्टर जैसी तकनीकी दक्षता सिखाया गया, साथ ही फील्ड पर बन रहे आवासो में व्यावहारिक अनुभव भी दिया गया। जिसके बाद उन्होनें अपने खुद के घर को बनाने में सहयोग किया। राज मिस्त्री का प्रशिक्षण पाकर अपने घर को बनाने में राशि की बचत तो हुई, साथ ही उन्हें इस गांव के अन्य आवास को बनाने के लिए भी लोग संपर्क किए है। इससे उन्हें ग्राम स्तर पर ही अतिरिक्त आय के स्त्रोत मिल गए। इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी बल्कि उनके सामाजिक जीवन में भी सुधार आएगा । आवास बनाने पर उन्हें अब तक तीन किश्त मे कुल 1.80 लाख रूपये प्राप्त हो चुके है, साथ ही घर बनाने पर मनरेगा योजना के तहत् उन्हें 90 दिनो की मजदूरी राशि का भी भुगतान किया गया।

**मनरेगा के तकनीकी अमलो द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण**

## निधन

### दीपक कुमार शर्मा



**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अनुज दीपक कुमार शर्मा का निधन दिनांक 10 जुलाई दिन गुरूवार को हो गया। दीपक शर्मा स्वर्गीय मुरली प्रसाद शर्मा के सबसे छोटे सुपुत्र और राजेश, कैलाश, अखिलेश शर्मा के छोटे भाई थे। दीपक अपने पीछे अपना भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया

### नीतू रावते



**कुम्हारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। चार बार की लोकप्रिय पार्षद नीतू रावते (52 वर्ष) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार कुगदा के मुक्तिधाम में संम्पन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

# जिले में खाद-बीज की नहीं है कोई कमी, किसानों को मिल रही समय पर मदद, शून्य प्रतिशत ब्याज पर मिल रहा उर्वरक और बीज

**बेमेतरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाएं अब धरातल पर स्पष्ट रूप से नजर आने लगी हैं। बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम शुकुलपारा के कृषक श्री थूकेल सोनकर की कहानी इसका जीवंत उदाहरण है, जो बताती है कि योजनाओं का लाभ सही समय पर मिलना किसान की खेती को कितना सरल बना देता है। श्री थूकेल सोनकर, जिनके पास 4 एकड़ कृषि भूमि है, इस वर्ष धान की खेती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें सेवा सहकारी समिति नवागढ़ से बिना किसी ब्याज के 10 बोरी यूरिया, 5 बोरी सुपर फास्फेट, 5 बोरी डीएपी, 2 बोरी पोटाश तथा पहले से 4 बोरी धान बीज समय पर प्राप्त हो चुके हैं। यह सारा अनुदान शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया गया, जिससे किसानों पर आर्थिक दबाव भी नहीं पड़ा।



श्री सोनकर ने बताया कि अब गांव के सभी किसान समय पर खाद-बीज प्राप्त कर रहे हैं, जबकि पहले उन्हें खाद के लिए भटकना पड़ता था और खेती की शुरुआत में ही अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने कहा अब समिति में सभी प्रकार की खाद डीएपी, एनपीके, पोटाश तथा कीटनाशक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। इस व्यवस्था से खेती का कार्य समय पर शुरू हो पाया है।

**जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भंडारण सुनिश्चित**-कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा के निर्देशन मे एवं कृषि विभाग द्वारा जिले की सभी सेवा सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज का भंडारण किया गया है। विशेषकर नवागढ़ विकासखंड की सेवा सहकारी समिति से जुड़े 16 गांवों के सैकड़ों किसान लाभांवित हो रहे हैं। यह सुनिश्चित किया गया है कि हर कृषक को खेती के लिए जरूरी सामग्री बिना किसी परेशानी के उपलब्ध हो सके।

**मुख्यमंत्री को किसानों का धन्यवाद**- श्री सोनकर सहित अन्य किसानों ने छत्तीसगढ़ सरकार विशेषकर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि, हमारे जैसे छोटे किसानों को बिना ब्याज खाद और बीज मिलना किसी वरदान से कम नहीं है। अब समय पर खेत में बुवाई हो रही है और उत्पादन बेहतर होने की आशा है। जिले में कृषि को लेकर राज्य शासन की सक्रियता और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन से खेती अब अधिक सुविधाजनक और लाभकारी होती जा रही है। खाद, बीज और कीटनाशकों की समय पर आपूर्ति से किसानों में संतोष और आत्मविश्वास बढ़ा है। आने वाले समय में इन प्रयासों से जिले की कृषि उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है।

# मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग ने कॉम्बेक्ट टीम किया गठित

■ आमजन विशेष सतर्कता बरते,दिया सलाह



**बेमेतरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा सीएमएचओ डॉ अमृत लाल रोहडेलकर ने जानकारी देते हुए कहा कि बरसात का मौसम प्रारम्भ होते ही मौसमी बीमारियों एवं महामारी का खतरा बढ़ जाता है। इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देश पर जिले में व्यापक तैयारी की गई है। इसके तहत जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम्बेक्ट टीम का गठन किया गया है। इन टीमों के दल प्रभारी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियो से बचाव के लिए असुरक्षित जलस्त्रोत कुआ, ढोढ़ी, तालाब, नदी, नाला आदि का पानी पीने से बचें, पीने के पानी को हमेशा उबालकर ही उपयोग करें ,जलस्त्रोतों का नियमित रूप से शुद्धीकरण कराएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें और जमीन पर न सोये, बासी खाना, सड़े गले भोज्य पदार्थों का सेवन ना करें ,खेतों पर काम पर जाते समय घर से स्वच्छ पानी लेकर जायें, अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें और बाहर का खाना खाने से परहेज करें। इसके साथ ही सीएमएचओ ने लोगों से अपील की है यदि कोई भी ग्राम, पारा या मोहल्ला में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने के लक्षण दिखें तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में दें, जिससे समय रहते बीमारीयों को रोका जा सके।

**बीमारियों से निपटने स्वास्थ्य अमला की पूरी है तैयारी**- जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने बताया कि महामारी की परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्व वर्षों में अनुभवों के आधार पर महामारी संभावित ग्रामों एवं पहुंचविहीन ग्रामों की पहचान कर स्वास्थ्य कार्यकताओं को जानकारी रख कर वहां पूर्व से स्वास्थ्य सेवा दुरुस्त करना सुनिश्चित करने कहा गया है। बीमारियों से बचाव हेतु विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये गये है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु कुंआ, हैण्डपम्प, नलजल एवं ढोढ़ी की पहचान कर, इन जलस्त्रोतों की नियमित जलशुद्धीकरण करने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की बीमारियों के बढ़ने से रोकने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण सुनिश्चित करने एवं जिले के सभी मितानिनों और सभी डिपोहोल्डर के पास भी पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# स्कूल में बाल संसद का गठन, हाथों को दायित्वों के निर्वहन की दिलाई शपथ

**बेमेतरा/थान खम्हरिया** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक / पूर्व माध्य. शाला कन्हेरा में आज दिनांक 12/07/2025 को बाल संमद का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से शाला के बच्चों के द्वारा दुर्गेश्वरी साहू कक्षा आठवीं की छात्रा को प्रधानमंत्री पद के लिए चुना गया इसी प्रकार उपप्रधानमंत्री रमा शर्मा (उपप्रधान मंत्री), गीता साहू (शिक्षा मंत्री), देवयादव (स्वास्थ्यमंत्री), तुमेश्वर (वित्तमंत्री) , लुकेश्वर (खेल मंत्री) अदिति मिर्जे (गृहमंत्री) सागरदास (खाद् ?यमंत्री) पुरुषोतम (जलसंसाधन मंत्री) सावित्री (महिला एवं बाल। विकास मंत्री) वंदना (सांस्कृतिक मंत्री) ,पायल (स्वच्छता मंत्री) दीपिका (अनुशासन मंत्री) चुना गया इसी कड़ी में कक्षा प्रभार- कक्षा आठवीं से हिमांगी (कप्तान), श्वेता (उपकप्तान), कक्षा सातवी से समर (कप्तान) भारती (उपकप्तान), कक्षा छठवीं के कु. नव्या (कप्तान) च्कोमल (उपकप्तान) कक्षा-पाँचवी से कु .निशा (कप्तान) यश (उपकप्तान) ,कक्षा चौथी कु. पूर्वी (कप्तान), तुलेश उपकप्तान कक्षा तीसरी से पूनम (कप्तान) अनिष (उपकप्तान) ,कथा-दुसरी से तिलक (कप्तान) , कक्षा पहली से यशवंत कप्तान सर्वसम्मति से बनाया गया एवं शपथ ग्रहण कराया गया कार्यक्रम में समस्त क्कस ,द्व/ह्य समस्त शिक्षक/ शिक्षिका श्री चौवन सिंह वर्मा, श्रीमती,आरती पांडे (प्रधान पाठक प्राथमिक शाला), श्रीमति पुष्पा साहू,श्री प्रवीण कुमार वर्मा, श्रीमती रेखा साहू,श्री टोपलाल गेंद्रे, श्रीमती अहिमन सिन्हा, श्रीमती उषा मानिकपुरी उपस्थित थे। तथा एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी शिक्षक एवं छात्र वृक्षारोपण किया गया।



# नगर में श्रीमद् भागवत कथा एवं रुद्राभिषेक का आयोजन



**थानखम्हरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर में श्रावण मास के शुभ अवसर पर नगर में श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति व नगर वासियों के सहयोग से नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ, स्थान राधा कृष्ण जमात मंदिर समय दोपहर 2:00 से 6:00 बजे आयोजित है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे जी द्वारा भागवत पुराण की कथा सुनाई जायेगी। इस दौरान नगरवासी एवं क्षेत्रवासी धार्मिक लाभ उठाएंगे। और भक्तिमय वातावरण में शामिल होंगे। 14 जुलाई सुबह 10:00 बजे शोभायात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण पश्चात कपिल नारायण उपाख्यान, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, श्री राम जन्म एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव, बाल चरित्र, माखन लीला, रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष वह अंतिम दिवस गीता प्रवचन तुलसी वर्षा भोजन प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम आयोजित है। कथा वाचक सुश्री विद्या दुबे ने भेट वार्ता के दौरान बताया। कलयुग में भागवत श्री हरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का हल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं। और मानव दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रावण लाभ प्राप्त होता है। श्रीमद् भागवत कथा के श्रावण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। श्रीमद् भागवत हमें भक्ति ज्ञान वैराग्य और जीवन जीने की कला सिखाती है। यह हमें भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण का मार्ग दिखाती है।

# सिंघौरी स्कूल में बस्ता मुक्त दिवस पर हुआ कार्यक्रम

## गुरु पूर्णिमा के महत्व पर शिक्षकों द्वारा प्रकाश डाला गया

**बेमेतरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में बस्ता मुक्त दिवस पर गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया ।इस कार्यक्रम में गुरु की महत्व को उपस्थित शिक्षकों द्वारा विस्तार से बताया गया। इसी कड़ी में नुतेश्वर चंद्राकर ने गुरु को परिभाषित करते हुए बताया कि गुरु दो अक्षर से मिल कर बना है गु+रु। गु का अर्थ होता है अंधकार और रु अर्थ होता है प्रकाश ।इस प्रकार हमारे जीवन में जितने भी अंधकार रूपी समस्याएं हैं उन समस्याओं को दूर करने का जो ज्ञान एंव मार्ग बताता है वही गुरु कहलाता है ।चंद्राकर द्वारा हमारे जीवन का प्रथम गुरु मां को बताया गया ।संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने अपने शिक्षकीय जीवन की वास्तविक घटनाओं को गंभीरता से बताया ।सरस्वती साहू के द्वारा बहुत ही सुंदर गुरू की महिमा पर सस्वर गीत गायन कर सभी को मनमुग्ध कर दिये ।स्कूली बच्चों ने भी गुरुपूर्णिमा पर्व पर अपने विचार व्यक्त किये। मीनाक्षी शर्मा द्वारा स्वयं के व्यय पर नव प्रवेशी बच्चों को टाई और बेल्ट प्रदान किए गए। मंच संचालन प्रतिज्ञा साहू शाला नायक एंव ललिता साहू द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम के दौरान शशिकला यादव, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक, देवेंद्र साहू,प्रशांत बघेल,साजन वर्मा,किरण खरे एंव पूनम साहू उपस्थित रहे।



# मारवाड़ी सेवा मंच कावरियों के लिए लगाया शिविर

## राम नाम की महिमा से बड़ा राम का नामः श्रद्धेय संतोषी लाल पाराशर

**थानखम्हरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। महाराणा प्रताप भवन में महादेव शिव भक्ति के महापर्व सावन माह में थान खम्हरिया से होकर भोरमदेव पदयात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शुद्ध, सात्विक भोजन, स्वल्पाहार एवं विश्राम की व्यवस्था कल 12 जुलाई से परम श्रद्धेय संतोषी लाल पाराशर के सानिध्य में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव बिंदल, अनिल सिंघानिया, शिवेंद बिंदल व गणमान्य लोगों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित, पूजा अर्चना कर भगवान शिव महाराजा अग्रसेन जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पश्चात पं. संतोषी लाल पाराशर जी को साल, श्रीफल, पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। यह आयोजन का तीसरा वर्ष है। मारवाड़ी सेवा मंच का सामाजिक, धार्मिक कार्यों में हमेशा सहभागिता रहती है। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल ने कहा सावन मास पर सेवा करने का सौभाग्य शिव भक्तों के लिए यह प्रयास किया गया है। और हम सब का सौभाग्य है, कि इस पुण्य कार्य में सहयोग सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ। परम श्रद्धेय पं. संतोषी लाल पाराशर ने अपने आशीर्वचन में कहा, सावन महोत्सव जिसे श्रावण महोत्सव भी कहा जाता है। एक महत्वपूर्ण हिंदू त्यौहार है जो भगवान शिव को समर्पित है। भगवान शिव की पूजा करने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए मनाया जाता है। सावन माह के दौरान सोमवार का दिन शुभ होता है। और ऐसा माना जाता है, कि यदि भक्त समर्पण के साथ अगर शिव की पूजा करें तो शिव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। आगे पाराशर महाराज ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए, बताया राम नाम की महिमा अपरंपार है। इसे वेदों का प्राण माना जाता है। राम नाम का जाप करने से मन को शांति मिलती है, पापों का नाश होता है। और मोक्ष की प्राप्ति होती है। राम नाम की महिमा राम से बड़ा राम का नाम है। भगवान राम के जन्म से पूर्व इस नाम का उपयोग ईश्वर के लिए होता था।



# समन एवं हाईकोर्ट पोर्टल जवाब/दावा प्रक्रिया पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बालोद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। 12 जुलाई को पुलिस कार्यालय बालोद में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री योगेश कुमार पटेल निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमति मोनिका ठाकुर के मार्गदर्शन में एसडीओपी श्री देवांश सिंह राठौर के तत्वावधान में द्व-समन प्रणाली तथा हाईकोर्ट के जवाब/दावा पोर्टल के उपयोग एवं संचालन को लेकर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न्यायिक प्रक्रिया में तकनीकी दक्षता एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सीएसपी राजहरा डॉ. चित्रा वर्मा, डीएसपी श्री बोनिफास एक्का तथा रक्षित निरीक्षक श्रीमति रेवती वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहें।

प्रशिक्षण में जिले के समस्त थानों से संबंधित निम्न पुलिसकर्मी उपस्थित रहे- समन वारंट आरक्षक, कोर्ट मोहर्रिर, कोर्ट आरक्षक

कार्यक्रम में द्व-समन प्रणाली के माध्यम से समन व वारंट की डिजिटल प्रक्रिया, त्वरित डिलीवरी एवं न्यायालयीन कार्यों की निगरानी हेतु ष्टष्टस्रू पोर्टल की भूमिका, तथा हाईकोर्ट पोर्टल के माध्यम से जवाब व दावा भेजने की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।



प्रशिक्षकों द्वारा मुख्य रूप से निम्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया- समन प्रणाली का परिचय एवं महत्त्व, पोर्टल पर केस मॉनिटरिंग की विधि, हाईकोर्ट पोर्टल के माध्यम से जवाब/दावा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, डिजिटल दस्तावेज अपलोड करने के तकनीकी पहलू, न्यायिक समयसीमा का पालन एवं उत्तरदायित्व

प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी संबंधित पुलिसकर्मियों को डिजिटल न्यायिक प्रक्रियाओं के प्रति प्रशिक्षित करना, तकनीकी दक्षता बढ़ाना और न्यायालयीन कार्यों में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना था।

बालोद पुलिस द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जो आने वाले समय में न्यायिक प्रक्रिया में सुगमता एवं गति लाने में सहायक सिद्ध होगा।

# सब्जी बाजार में उपजा मामूली विवाद पहुंचा थाने, एफआईआर दर्ज

**खैरागढ़,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक के ग्राम चिचोला स्थित सब्जी बाजार में उपजा मामूली विवाद थाने तक पहुंच गया और मामले में एफआईआर तक हो गई है। जानकारी अनुसार चिचोला निवासी नोहर रजक रोजी-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन करता है। गुरुवार 10 जुलाई की शाम करीब 5.30 बजे वह गांव के बाजार में सब्जी खरीदने गया था जहां महिला समूह के ठेकेदार सब्जी वालों से रसीद काटकर पैसे की मांग कर रहा था। इसी बीच गांव का ही राजेन्द्र वर्मा वहां खड़ा होकर सब्जी वालों का पक्ष लेने लगा। नोहर ने जब इस पर आपत्ति जताई और कहा कि आप बाहर रहते हो क्यों बीच में बोल रहे हो तो राजेन्द्र वर्मा ने गुस्से में आकर बाजार में ही नोहर को दो-तीन थप्पड़ जड़ दिए। घटना के बाद नोहर डर के मारे घर लौट आया। थोड़ी देर बाद राजेन्द्र वर्मा नोहर रजक के घर तक पहुँच गया और उसने घर में घुसते ही मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए कहा कि आज तुझे जान से मार डालूंगा। इसके बाद हाथ-मुक्कों से मारपीट करते हुए धक्का दे दिया जिससे नोहर गिर गया और उसके दाहिने हाथ में चोट लग गई। नोहर के बयान अनुसार उसके दाहिने कंधे और दोनों गालों पर भी चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने गई नोहर की पत्नी गीता रजक को भी आरोपी ने नहीं बख्शा। गीता के गाल पर थप्पड़ मारते हुए उसकी नाक में पहनी फुल्ली और बाएं कान का खिनवा कहीं फेंक दिया। घटना के दौरान ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर बीच-बचाव किया और हालात को काबू में किया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 333(4), 351(3) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है।




# कथित आंदोलन को सफल बनाने विश्वविद्यालय के वातावरण को दूषित कर रहा गैर शिक्षक कर्मचारी संघ

खैरागढ़, 12 जुलाई (देशबन्धु)। देश-विदेश में अपनी एक अलग ही पहचान रखने वाले इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की गरिमा को क्षति पहुंचाने तथा अपने स्वार्थ सिद्धी के लिये गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के कुछ कर्मचारी कथित आंदोलन करने पर तुले हुये हैं। गैर शिक्षक कर्मचारी संघ द्वारा किया जा रहा यह आंदोलन औचित्यहीन है जिसका समर्थन उनके ही संघ के कर्मचारी नहीं कर रहे हैं, ऐसे में अपने कथित आंदोलन को सफल बनाने संघ के कुछ कर्मचारी नियमित तथा दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को डरा-धमकाकर आंदोलन में शामिल कर रहे हैं। जो कर्मचारी इनका समर्थन करने से मना कर रहे हैं ऐसे कर्मचारियों को पृथक से मिलकर डराया धमकाया जा रहा है जिससे वें इस आंदोलन में शामिल होने को मजबूर हो सके और विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने में इनका साथ दे सके।



■ नियमित व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को डरा-धमकाकर आंदोलन में कर रहे शामिल

■ अपने स्वार्थ सिद्धी के चलते संघ के कुछ कर्मचारी विश्वविद्यालय की गरिमा को क्षति पहुंचा रहे

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा कुलपति के पद पर पदभार ग्रहण करने के बाद विश्वविद्यालय निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। नवाचार तथा नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य के लिए कुलपति के द्वारा विभिन्न कार्य कराया जा रहा है जिसके कारण विश्वविद्यालय की कीर्ति निरंतर बढ़ती जा रही है और स्थानीय लोगों सहित दूर-दराज के लोग भी इस विश्वविद्यालय से अवगत होने यहां पहुंच रहे हैं परंतु विकास की ओर अग्रसर इस विश्वविद्यालय में अवरोध उत्पन्न करने गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के कुछ कर्मचारी अपने ही लोगों को डरा-धमकाकर कथित आंदोलन को सफल बनाने में तुले हैं। आंदोलन को लेकर कुलपति का कहना है कि गैर शिक्षक कर्मचारी संघ का यह आंदोलन विश्वविद्यालय के सौहार्द्रपूर्ण वातावरण को दूषित करने का प्रयास मात्र है। इनका आंदोलन औचित्यहीन है इसलिये विश्वविद्यालय का कोई भी कर्मचारी इनके समर्थन में नहीं है। इस आंदोलन से न सिर्फ विश्वविद्यालय की गरिमा को ठेस पहुंच रही है बल्कि यहां के अधिकारी-कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों में नकारात्मक असर डालने का प्रयास किया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि हम इस विश्वविद्यालय की गरिमा को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिये प्रतिबद्ध है और विश्वविद्यालय की कीर्ति को आगे बढ़ाने के लिए हम निरंतर कार्य करेंगे। किसी भी प्रकार की बाधा हमें हमारे लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने से नहीं रोक सकेगी। कुलपति ने स्पष्ट किया है कि विश्वविद्यालय के हित में कर्मचारियों की आवश्यकता को देखते हुए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को पुनः काम पर रखा गया है न कि संघ की मांग के कारण। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी इनके संघ में शामिल नहीं है परंतु भीड़ बढ़ाने के लिए उन्हें भी डरा धमकाकर शामिल किया जा रहा है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

# कीटनाशक सेवन से 24 वर्षीय युवक की मौत

## कारण अज्ञात, युवक के मौत पर संदेह

**खैरागढ़,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। खैरागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झीकादाह में बीती रात 24 वर्षीय युवक ने कीटनाशक का सेवन कर अपनी ईहलीला समाप्त कर ली। जानकारी अनुसार झीकादाह निवास रत्नेश पिता भुखन साहू उम्र लगभग 24 वर्ष रात को खाना खाने के बाद गांव के बाहर रोड किनारे स्थित अपने मकान में सोने के लिए गया था। सुबह जब घर का दरवाजा खुला देखा तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। अंदर जाकर देखा तो रत्नेश बेसुध पड़ा हुआ था और कीटनाशक दवा की गंध आ रही थी। आननफ़ानन में परिजनों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे सिविल अस्पताल खैरागढ़ पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल युवक ने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। दूसरी ओर युवक की मौत पर संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि अगर युवक ने जहर सेवन किया है तो दरवाजा खुला क्यों छोड़ दिया था या फिर अज्ञात व्यक्ति ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।



# नवागढ़ के ग्राम घोरहा में मनाया जाएगा जिला स्तरीय गुरु पूर्णिमा मानस महोत्सव

**थानखम्हरिया,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के अनेक परिकल्पनाओं को साकार करते हुए तहसील नवागढ़ के तत्वावधान में ग्राम घोरहा में गुरु पूर्णिमा मानस महोत्सव का आयोजन दिनांक 13.07.2025 रविवार को किया जा है जिसमें जिले के प्रतिष्ठित मानस मंडली श्री राम सेवा सत्संग समिति पिपरभट्ठा बेमेतरा, अनुराग सरोवर मानस मंडली बेतर साजा ,आदर्श मानस मंडली भरचट्टी बेरला, स्वरागिनी मानस परिवार नवागांव करंजिया बेमेतरा, वैदेही मानस मंडली गोपालभैना नवागढ़ की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम का प्रारंभ सुबह 11बजे स्थानीय मानस मंडली ग्राम घोरहा के द्वारा होगी। उक्त कार्यक्रम में मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा के जिला एवं तहसील स्तर के पदाधिकारी, जिलाअध्यक्ष, संरक्षक, मार्गदर्शक व मानस मंडलियों का आगमन होगा। ग्राम-घोरहा में लगभग 50वर्षों से मानस मंडली एवं राम लीला का मंचन किया जा रहा है जो की संस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही सराहनीय हैँ ग्रामीण स्तर मे आयोजन को लेकर बहुत ही उत्साह देखने को मिल रहा हैँ कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के सदस्य मनेजर धरमू राम राजपूत, ईश्वर राजपूत (कथा ब्यास),पवन सिंह राजपूत, धनसाय राजपूत, खेमलाल विश्कर्मा, सतानंद राजपूत, रामश्वरूप राजपूत, भिखा राम राजपूत एवं समस्त ग्रामवासी घोरहा द्वारा तैयारी मे लगे हुए हैँ यह जानकारी अदालत वर्मा द्वारा प्राप्त हूवा।

# पुलिस अधीक्षक सहित नक्सलियों से लोहा लेने वाले 29 शहीद जवानों को दी गई सोलहवीं बरसी पर श्रद्धांजली









**राजनांदगांव,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। 12 जुलाई का काला दिन जब नक्सलियों ने एम्बुश लगा कर सर्चिंग पार्टी पर हमला बोल दिया था, कोरकोट्टी थाना-मानपुर, तत्कालीन राजनांदगांव जिला जो अब वर्तमान में जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी का क्षेत्र है,छत्तीसगढ़ की माटी के लिए नक्सलियों से लोहा लेते हुए 29 पुलिस जवान पुलिस अधीक्षक के साथ शहीद हो गए। उस घटना की याद में प्रतिवर्ष शहीद जवानों को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

कोरीकोट्टी में शहीद हुए जवानों की 16वीं बरसी पर 29 शहीद जवानों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। इनमें स्वर्गीय एसपी वी के चौबे और उनके 29 जवान भी शामिल थे, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। इस समारोह में स्थानीय लोगों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों ने भी शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, भारतीय जनता पार्टी राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष कमल सिंह राजपूत, और शहर के कई प्रमुख लोग शामिल हुए। समारोह में शहीद बी.के. चौबे की पत्नी भी मौजूद थीं, जिन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

मदनवाड़ा के कोरीकोट्टी में हुए शहादत को लेकर आयोजित इस श्रद्धांजलि समारोह ने एक बार फिर उन 29 वीर जवानों के बलिदान को याद करने का अवसर प्रदान किया, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान की। 16 साल पहले हुई इस दुखद घटना में एसपी स्वर्गीय वी के चौबे और समेत 29 जवान भी शहीद हुए थे। यह सम्मान उनके पति के बलिदान और उनके परिवार के धैर्य को श्रद्धांजलि देने का एक प्रयास था। इस दौरान सभी 29 शहीद जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनकी वीरता को याद किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने जवानों के साहस और देशभक्ति की भावना की सराहना की। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह स्मारक न केवल शहीदों की यादों को संजोए रखता है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी देश सेवा के लिए प्रेरित करता है।इस आयोजन में शामिल लोगों ने शहीदों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और सरकार से उनके कल्याण के लिए और अधिक प्रयास करने की मांग की। कई लोगों ने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन शहीदों के बलिदान को सम्मान देने के साथ-साथ समाज में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं।

यह समारोह न केवल शहीदों के प्रति सम्मान का प्रतीक था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि मदनवाड़ा की जनता अपने वीर सपूतों के बलिदान को हमेशा याद रखेगी। शहीदों के परिवारों ने भी इस आयोजन को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और समाज के समर्थन के लिए आभार जताया। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन और समाज मिलकर शहीदों के परिवारों के लिए और बेहतर कदम उठाएंगे, ताकि उनके बलिदान का सम्मान और अधिक मजबूती से हो सके।12 जुलाई 2009 को मानपुर के ग्राम कोरकोट्टी में नक्सलियों से अदम्य साहस व वीरता के साथ लोहा लेते हुए तत्कालीन पुलिस अधीक्षक शहीद विनोद कुमार चौबे, निरी. शहीद विनोद ध्रुव, उनि. शहीद कोमल साहू, उनि. शहीद धनेश साहू, प्रआर. शहीद सुन्दर लाल चौधरी, प्रआर. शहीद दुष्यंत सिंह, आर. शहीद प्रेमचंद पासवान, आर. शहीद अरविन्द शर्मा, प्रआर. शहीद गीता भंडारी, प्रआर. शहीद जखरियस खल्खो, प्रआर. शहीद संजय यादव, आरक्षक शहीद प्रकाश वर्मा, आर. शहीद बेदूराम सुर्यवंशी, आर. शहीद सुभाष कु.बेहरा, आर. शहीद टिकेश्वर देशमूख, आर. शहीद सुर्यपाल वट्टी, आर. शहीद अजय कु.भारद्वाज, आर. शहीद मनोज वर्मा, आर. शहीद लोकेश छेदइया, आर. शहीद श्यामलाल भोई, आर. शहीद मिथलेश कु. साहू, आर. शहीद रजनिकान्त, आर. शहीद निकेश यादव, आर. शहीद संतराम साहू, आर. शहीद झाडूराम वर्मा, आर. शहीद अमित नायक, आर. शहीद वेदप्रकाश यादव, आर. शहीद रितेश कु.वैष्णव, आर. शहीद लालबहादुर नाग के शहादत को नमन करते हुए उनकी शहादत दिवस पर प्रतिवर्ष की तरह आज दिनांक 12.07.2025 को जिले के रक्षित केन्द्र एवं समस्त थाना/चौकी/कैम्प में श्रद्धांजली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रात: 09:00 बजे शहीद श्री विनोद चौबे जी के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात प्रात: 09:20 बजे रक्षित केन्द्र राजनांदगांव के शहीदों के स्मारक एवं मंगल भवन में वीर सपूतों की तस्वीरों पर श्रद्धाशुमन चढ़ा कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। तत्पश्चात् मंगल भवन प्रांगण में डी.जे. राजनंदगांव श्रीमती सुषमा सावंत, पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा वृक्षारोपण किया गया उसके बाद मंगल भवन में उपस्थित श्रीमती रंजना चौबे सहित शहीद परिवार सभी सदस्यों को शाल, श्रीफल भेंट किया गया और उनकी समस्या पूछकर त्वरित निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर सांसद राजनांदगांव संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल नीलू शर्मा, सचिन बघेल, कुलबीर छाबड़ा एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद कार्यक्रम में उपस्थित होकर शहीदों को श्रद्धांजली दिया गया। आई.जी. श्री अभिषेक शांडिल्य एवं एस.पी. श्री मोहित गर्ग एवं जिले के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा रक्तदान करके शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजली दी गई।

उक्त कार्यक्रम में डीजे राजनंदगांव श्रीमती सुषमा सावंत पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज श्री अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर राजनांदगांव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, आयुक्त नगर निगम अतुल विश्वकर्मा, ए.डी.एम. सी.एल.मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोहला-मानपुर-अं.चौकी चिराग गुप्ता (भा.पु.से), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स राजनांदगांव मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, आईटीबीपी डीसी जीत जेम्स, डी.एस.पी. श्रीमती तनुप्रिया ठाकुर, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर एवं जिला राजनांदगांव के अधिकारी/कर्मचारीगण, शहीद परिवार के सदस्यगण व गणमान्य नागरिकगण एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

## शहीदों की याद में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया




**राजनांगांव,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम-कोरकोट्टी, थाना-मानपुर, तत्कालीन जिला-राजनांदगांव वर्तमान जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी में छत्तीसगढ़ की माटी के लिए नक्सलियों से लोहा लेने वाले शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर रक्षित केन्द्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सिविर एवं रक्त दान सिविर का आयोजन किया गय जिसमें मेडिकल चेकअप के लिए आयुष्मान हॉस्पिटल से सर्जन डॉ. हरेश तलरेजा, ईएनटी चेकअप के लिए डॉ. अश्विनी शेट्टी, डेंटल चेकअप के लिए रॉयल डेंटकेयर क्लिनिक से डॉ. रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर (ऑर्थोडॉन्टिस्ट) और डॉ. नीतू सिंह ठाकुर, ऑर्थोपिडिक चेकअप के लिए डॉ. श्री राधेश्याम ऑर्थोकेयर से डॉ. योगेश सोनी, फिजियोथेरेपी के लिए डॉ. रोमा मखीजा और डॉ. चंचल रानी जंघेल, आई चेकअप के लिए उदयाचल नेत्र अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा उपस्थित पुलिस परिवार एवं अधिकारी व कर्मचारियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 95 लोगों का नेत्र जांच, 90 लोगों का बी0पी0 शूगर जांच, 48 लोगों का नाक/कान जांच, 62 लोगों का हड्डी से संबंधित जांच, 75 लोगों का फिजियो थेरेपी, 70 लोगों का दॉत जांच किया गया साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री अभिषेक शांडिल्य एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग सहित 30 पुलिस के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा रक्त दान कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस स्वास्थ्य सिविर में पुलिस विभाग को नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा जरूरत के अनुसार उपचार हेतु मार्गदर्शन व दवाइयों का भी नि:शुल्क वितरण किया गया।

## पुलिस ने दस लाख के 89 गुम मोबाइल ढूंढ कर मोबाइल धारको को लौटाया

- पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा 89 नग गुम मोबाइल कीमती लगभग 10 लाख रूपये को वितरण किया गया
- जिले के समस्त थाना/चौकी द्वारा ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल के माध्यम से खोजा गया गुम मोबाइल
- जिला एवं राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से किया गया मोबाइल बरामद



**राजनांगांव,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को गुम मोबाईल बरामद करने हेतु निर्देश दिये गये थे। जिसके तहत विगत 02 माह में थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में सर्वधिक 30 नग गुम मोबाईल बरामद किया गया है। इसके अतिरिक्त थाना कोतवाली द्वारा 25 नग, थाना सोमनी द्वारा 04 नग, थाना घुमका द्वारा 02 नग, थाना डोंगरगढ़ द्वारा 04 नग, थाना बागनदी द्वारा 03 नग, थाना छुरिया द्वारा 05 नग, थाना डोंगरगांव द्वारा 06 नग, थाना गैंदाटोला द्वारा 05 नग एवं सायबर सेल द्वारा 05 नग गुम मोबाईल कुल 89 नग गुम मोबाईल कीमती लगभग 10 लाख रूपये को जिले एवं जिले से बाहर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों से बरामद कर मोबाईल स्वामी को लौटाया गया।

आज दिनांक 12.07.2025 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा मोबाईल धारकों को उनके गुम मोबाईल का वितरण किया गया और कहा गया कि आज के समय में मोबाईल मात्र संचार का साधन ही नही है बल्कि मोबाईल में लोगों के महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक एकाउण्ट, फोटो, विडियो, बिजनेश के साफ्टवेयर आदि कीमती डाटा संकलित कर रखे हुए रहतें हैं। मोबाईल दूसरे के हाथों में आने पर उससे वे उनका गलत इस्तेमाल भी कर सकते हैं अत: मोबाईल गुम होने पर तत्काल सिम बंद करवायें। मोबाईल में सेफ्टी फिचर्स होते हैं जिसे चालू रखें, फाईण्ड माई डिवास जैसे साफ्टवेयर डाउनलोड कर रखें जिससे मोबाईल गुमने पर तत्काल स्वत: ढूंढ सके साथ ही उसके डाटा का डीलीट कर सके। अपने मोबाईल में पासवर्ड डाल कर रखें, अपना मोबाईल किसी अंजान व्यक्ति को उपयोग करने ना देवे। गुम मोबाईल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों को जब पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा अपने हाथों से गुम मोबाईल लौटाया गया तब गुम मोबाईल पाकर लोगों का चेहरा खुशी से खिल गया। गुम मोबाईल मिलने पर मोबाईल धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को गुम मोबाईल ढूंढवा कर वापस दिलाने के अभियान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अभियान में सभी थाना प्रभारी के साथ आरक्षक भवानी थानापति व कुश बघेल थाना बसंतपुर की भूमिका महत्वपूर्ण रही.

### आम जनता से अपील

दूसरों का प्राप्त मोबाईल प्रयोग करना अपराध की श्रेणी में आता है। गुम मोबाइल प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही से बचने हेतु उसे नजदीकी थाना या साइबर सेल राजनांदगांव में जमा करें। भारत सरकार द्वारा सीईआईआर पोर्टल लांच किया गया है यदि आपका मोबाइल गुम या चोरी हो जाने पर तत्काल आप अपने नजदीकी थाना जाकर गुम मोबाइल का शिकायत ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल में दर्ज कराये। गुम मोबाईल का आवेदन, आधार कार्ड और मोबाईल के बिल सीईआईआर पोर्टल पर स्वंय भी सबमिट कर ब्लॉक कर सकते है।

## प्रशासन का अतिक्रमण हटाओं अभियान जारी



**राजनांदगांव** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम, जिला प्रशासन व यातायात की टीम शहर को व्यवस्थित एवं अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चला रही है। अभियान के तहत् आज प्रशासन की अतिक्रमण हटाओं टीम फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए। कार्यवाही के दौरान निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा उपस्थित रहकर टीम का उत्साहवर्धन कर ठेला खोमचा वालों को स्वयं हटाने समझाईस दिए।

शहर में सुगम आवागमन एवं अतिक्रमण मुक्त करने प्रशासन की टीम जिलाधीश डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देश पर बाजार क्षेत्र के दुकानों का सामान बाहर रखने पर उसे दुकान के अंदर रखने तथा दुकान के बाहर लगे शेड हटाने समझाईस दिए थे। समझाईस उपरांत गुड़ाखु लाईन, जूनी हटरी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई और आज फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक दुकान तथा ठेला खोमचा हटाया गया। उक्त स्थल से अतिक्रमण हटाने पूर्व में भी समझाईस उपरांत कार्यवाही की गई थी। किन्तु पुन: अतिक्रमण होने पर आज निगम प्रशासन तथा यातायात की टीम अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। कुछ दुकानदारों के द्वारा निगम की बिना अनुमति के 8 विद्युत मीटर लगाया गया था, जिसे जप्त की गई। साथ ही फ्लाई ओव्हर में बेतरतीब खड़े वाहन को भी यातायात की टीम ने हटाने की कार्यवाही की। इसी प्रकार फ्लाई ओव्हर के नीचे निवासरत् परिवारों को पुराना रेस्ट हाऊस रोड स्थित रैन बसेरा में रहने समझाईस दी गई। रैन बसेरा में रहने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त कर ली गई है।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बताया कि फ्लाई ओव्हर को साफ सुथरा व व्यवस्थित रखने तथा सुनियोजित पार्किंग के लिये अनाधिकृत खडे वाहन तथा ठेला आदि हटाने अपील की गयी थी तथा हटाने की कार्यवाही भी की गई थी। पुन: अतिक्रमण होने पर आज नगर निगम एवं यातायात की संयुक्त टीम गाडी एवं ठेला आदि हटाने की कार्यवाही किये। उन्होंने बताया कि आज प्रथम दिन पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक हटाया गया, सोमवार को भगत सिंह चौक से आगे हटाने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने अपील करते हुये कहा है कि जिन लोगों की वाहने फ्लाई ओव्हर के नीचे खडी है और जिनके द्वारा अनाधिकृत रूप से ठेला खोमचा व अन्य समान रखा गया है, वे कृपया स्वयं हटा लेवे, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे साफ सुथरा तथा व्यवस्थित रखकर पार्किंग एवं अन्य सुविधा दी जा सके।

## सूखा प्रभावित गांवों को लमती फीडर की संजीवनी मिलने पर डॉ रमन सिंह को धन्यवाद देने सैकड़ों ग्रामीण रायपुर पहुंचे



- विकास की गंगा को लाने का भागीरथ प्रयास डॉ रमन सिंह ने किया : कोमल सिंह राजपूत

**राजनांदगांव,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विधानसभा के इस 41 गांव जो कि विगत लंबे समय से सूखे से प्रभावित थे जहां पानी की लगातार कमी के कारण फसल चक्र प्रभावित होती थी और सूखे की मार के कारण इन गांवों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी और वर्षों से चली आ रही समस्या के कारण गांव वालों ने इसे नियति मान लिया थाए डॉ रमन सिंह के अथक प्रयासों के कारण अब लमती फीडर डैम परियोजना के कारण इन गांव में पानी आने से खुशहाली लौट आई है जिसके चलते अब गांव वालों की आने वाले समय में स्थिति सुधारने लगेगी ।इसलिए गांव वालों ने डॉ रमन सिंह के इस माह प्रयासों को ईश्वर तुल्य मानते हुए उन्हें धन्यवाद देने की मानसिकता से सभी गांव से सैकड़ों लोग शंकर नगर स्थित स्पीकर हाउस रायपुर पहुंच कर डॉ रमन सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और ग्रामीणों ने कहा कि गांव के बुर्जुगों ने इस हेतु वर्षों पहले बहुत प्रयास किया था परंतु शासन प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं मिलने से उन्होंने ऐसे नियति मानते हुए सभी प्रयास बंद कर दिए परंतु डॉक्टर रमन सिंह जैसे संवेदनशील विधायक ने माह पूर्व समस्या की ओर स्वस्फूर्त ध्यान दिया और समस्या से मुक्ति दिलाये ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या के निजात दिलाने की वजह से वे सभी डॉ रमन सिंह के जीवन भर आभारी रहेंगे।

जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि लमती फीडर परियोजना न केवल जल संसाधन प्रबंधन में एक बड़ा कदम है बल्कि समृद्ध गांव सशक्त किसान के संकल्प की दिशा में एक मजबूत आधारशिला है श्री राजपूत ने बताया कि पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने इस दिशा में कठिन प्रयास किया और लगातार इस योजना को मूर्त रूप देने में डटे रहे उन्होंने कई बैठकें की और लगातार प्रयास से यह कठिन कार्य संभव हो सका। राजपूत ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और संतोष पांडे को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।श्री राजपूत ने कहा कि 41 में 10 गांव अत्यंत सूखा क्षेत्र घोषित थेए जिनमें से प्रमुख रूप से बम्हनीए धनगांवए सुकुलदेहानए गातापारएबागतराईए डीलापहरीए धर्मापुरए ढाबा बारगाही और लिटिया शामिल है।

इस दौरान पूर्व सांसद अभिषेक सिंह जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत महामंत्री सौरभ कोठारी मंडल अध्यक्ष मनोज साहूए खिलेश्वर साहूए रोहित चंद्राकर जनपद अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर अशोक देवांगन विवेक साहू जनपद उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा टिकेंद्र सिन्हा रमेश चंद्राकर आकाश चोपड़ा कृष्णा साहूए बलराम निर्मलकर जिला पंचायत सदस्य देवी कुमारी साहूए मोतीराम देवांगन पुष्पा गायकवाड पुष्पा उइके हरिशंकर देशमुख हेम दीप साहूए हीरालाल वर्मा अजय लता सिन्हा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण वर्मा अनिल सिंह जनपद सदस्य पूर्णिमा साहूए रामकृष्ण साहू गोपाल साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## श्रावणमास पर पार्षद रेखा चौहान के सहयोग से वार्ड 4 में शिवलिंग की स्थापना

- महादेव भोलेनाथ की महाआरती पूजन में वार्ड 4,5,नगरिक शामिल हो कर स्तुति वंदन किये



**डौण्डी,**12 जुलाई (देशबन्धु) ।नगर पंचायत डौण्डी क्षेत्र के वार्ड क्र0 5. की पार्षद रेखा चौहान व भाजपा नेता अजय चौहान सहित वार्डवासियों की सहयोग से वार्ड 4 में गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पंडित के व्दारा विधि विधान से पूर्जा अर्चना कर भगवान शिव व नंदी महाराज को स्थापित किया गया। इस अवसर पर पंडित जी ने भगवान शिव जी की कथा का वर्णन करते हुऐ कहा की सात दीप नौ खंड में तीन लोक में पाताल लोक स्वर्ग लोक मृत्यु लोक सब किसी न किसी रूप में भगवान शिव का ही शरणगति लेते हैं,मानव देवता यश किन्नर नाग सभी शिव की कृपा से सदगति प्राप्त करते हैं,जो व्यक्ति मानव काम क्रोध लोभ मोह पाखंड चोरी हिंसा बैर त्याग कर भोलेनाथ के शरण में जाता है, उनको भी सदगति प्राप्त हो जाता है ।उन्हें भी शिवलोक कैलाश वास में निवास मिल जाता है। इस अवसर पर पार्षद रेखा चौहान व भाजपा नेता अजय चौहान ने वार्ड वासियों को गुरू पूर्णिमा व वार्ड में भगवान शिव लिंग व नदी महाराज के वार्ड में विधि विधान से स्थापित होने की शुभकामनाएं दी। और कहा की यह कार्य श्रावन मास के शुभ अवसर पर हुआ है। जो हम सब के लिऐ परम सौभाग्य की बात है ।इस अवसर पर पार्षद रेखा चौहान ने कहा की नगर पंचायत डौण्डी के वार्ड 4 के वार्ड वासियों ने आज मुझे इस लायक बनाया है की में इनके आशीर्वाद से आज में धार्मिक कार्य के साथ अन्य कार्य को पूर्ण करने का प्रायस करती हूं। अंत में भगवान भोलेनाथ की महाआरती की गई जिसमें समस्त वार्डवासी आरती पूजन में सम्मिलित होकर स्तुति वंदन में उपस्थित हुऐ। इस अवसर पर पार्षद रेखा चौहान भाजपा नेता अजय चौहान चन्द्र भान गुप्ता,गंगा बाई निर्मलकर,देवकी सोनी चांदनी निषाद,मिथिला सोनी,,रेवती कुंभकार,आशो बाई साहू,सोई निषाद,खिल्लू निर्मलकर सोनू गुप्ता,सहित समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

CMYK

# राजिम में 34 करोड़ की फोरलेन सड़क निर्माण, त्रिवेणी संगम पर बैराज व नौका बिहार हेतु डीपीआर तैयार करने के दिये निर्देश





**विधायक रोहित साहू ने इंटेक वेल लक्ष्मण झूला से चौबेबंधा पुल तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण**

**राजिम,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यटन महत्व के केंद्र छत्तीसगढ़ के प्रयाग राजिम त्रिवेणी संगम क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विधायक रोहित साहू द्वारा एक के बाद एक ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में उन्होंने आज इंटेक वेल लक्ष्मण झूला से चौबेबंधा पुल तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग ?34 करोड़ की लागत से बनने वाली यह सड़क नदी किनारे होते हुए नवीन मेला स्थल तक जाएगी, जिससे क्षेत्र की यातायात सुविधा और पर्यटन कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा।

निरीक्षण से पूर्व राजिम विश्राम गृह में आयोजित समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग एवं नगर पंचायत के अधिकारियों ने प्रस्तावित सड़क की रूपरेखा, भूमि उपयोग, जल निकासी व्यवस्था और अन्य तकनीकी बिंदुओं पर जानकारी दी।

**संगम में इन चीजों का होगा निर्माण:** विधायक श्री साहू ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगा आरती घाट एवं नवीन मेला स्थल पर दोनों छोर पर भव्य प्रवेश द्वार, हाई मास्क लाइट, रेलिंग वाल, वृक्षारोपण, डिवाइडर सहित सभी सौंदर्यीकरण और सुरक्षा मानकों के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जाए तथा टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण की जाए।

**पर्यटन विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल:** बैठक के दौरान विधायक श्रीसाहू ने यह भी निर्देशित किया कि छत्तीसगढ़ के प्रयागराज माने जाने वाले राजिम त्रिवेणी संगम में, एनीकट के नीचे बैराज निर्माण कर मुरुम से पट चुके नदी तल की सफाई की जाए, जिससे वर्षभर जल भराव बना रहे। इस पहल से नौका बिहार (बोटिंग) जैसी पर्यटक सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने जल संसाधन विभाग को इस परियोजना के लिए शीघ्र डीपीआर (विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन) तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**स्थलीय निरीक्षण के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी रहे उपस्थित:** स्थलीय निरीक्षण के दौरान अनेक जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ मनीष साहू, माधोसिंग देवांगन, नवीन श्रीवास्तव, मनीष साहू, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, एसडीओ एस.के. चंदेल, सलाहकार सरफराज, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, आरआई व पटवारी, नगर पंचायत के सीएमओ मनीष गायकवाड़, तथा पार्षदगण कृ उत्तम निषाद, भारत यादव, सूरज पटेल, तुमेश साहू, सरपंच संग अध्यक्ष हरीश साहू, लोकनाथ साहू, किशोर साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# मुरुम तालाब का सौन्दर्यीकरण सहित बढ़ाई जाएगी जनसुविधाएं



- फूड वेंडिंग जोन, गार्डन एवं प्ले एरिया होगा विकसित
- कलेक्टर–एसपी व नगर पालिका अध्यक्ष ने लिया जायजा

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बलौदाबाजार नगर के प्रमुख एवं प्राइम लोकेशन पर स्थित मुरुम तालाब का सौन्दर्यीकरण के साथ ही वहां पर अनेक जनसुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। ठेलो व गुमटी संचालन को व्यवस्थित करनें के लिए यहां फूड वेंडिंग जोन बनाये जयेंगे। इसके साथ ही बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया व गार्डन भी विकसित किये जाएंगे। कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन नें शनिवार को मुरुम तालाब का भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान तालाब के साउंड्रीकर, जनसुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा सहित अन्य विषयो पर विचार विमर्श कर कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। चौपाटी एवं तालाब परिसर के अंदर सुरक्षा एवं शरारती तत्वों पर निगरानी रखने के लिए पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने एवं सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये गए। इसीतरह शहर में ऑटो पार्किंग एवं वेंडिंग जोन निर्धारित करनें, तालाब के चारों ओर लाइटिंग व्यवस्था पर भी चर्चा की गई।

बताया गया कि पूर्व में यहां चौपाटी विकसित करने लगभग 12 दुकान का निर्माण किया गया है। दुकान संचालन हेतु नीलामी भी हो गई है। आवंटित दुकानदारों को शीघ्र संचालन हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही रोड किनारे के दुकानों को भी इसी परिसर में संचालित करनें प्रेरित किया जा रहा है। चौपाटी में गार्डन विकसित किया जाएगा। कॉर्नर में सेल्फी जोन बनाने की भी योजना है। तालाब के चारो ओर लगभग डेढ़ किलोमीटर का पाथ वे बनाया गया है जिसमें सुबह शाम वाकिंग किया जा सकता है। वर्तमान में तालाब में सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसमें घास की सफाई व प्लास्टिक वेस्ट का संग्रहण व छोटे मरम्मत कार्य भी किये जा रहे है। वर्ष 2022–23 में मुरुम तालाब में 44.46 लाख रुपये का लैंड स्केपिंग कार्य कराया गया है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षदगण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, सीएमओ आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद थे।

# कुर्मीपारा प्राथमिक शाला का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण



**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्षा निखिलकांत साहू ने कुर्मीपारा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का निरीक्षण किया। श्री साहू को स्कूल में जल भराव होने से बच्चों को अध्ययन में परेशानी तथा असामाजिक तत्वों द्वारा स्कूल के शौचालय को क्षति पहुंचाने की सूचना मिली थी। जिस पर श्री साहू ने स्कूल पहुंचकर स्थिति देखी। तथा स्कूली बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए समस्या का शीघ्र समाधान करने पालिका की टीम को मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था बनाने निर्देशित किया।

# अभिभावक की तरह बच्चों की देखभाल कर बेहतर शिक्षा दें : कलेक्टर

- बाहरी व्यक्ति व रिश्तेदारों को छात्रावास परिसर में प्रवेश पर प्रतिबन्ध सख्ती से लागू करने के निर्देश
- आश्रम–छात्रावास के नोडल व अधीक्षकों की बैठक संपन्न



**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी नें शनिवार को नोडल व अधीक्षकों की बैठक लेकर आश्रम छात्रावास में व्यवस्था एवं बच्चों की शिक्षा की समीक्षा की। उन्होंने छात्रावास में बच्चों की देखभाल संवेदनशीलतापूर्वक और एक अभिभावक की तरह सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर नें आश्रम छात्रावास के बच्चों का विगत वर्ष कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए जानकारी ली। उन्होंने 10 वीं व 12 वीं में जिन छात्रावास में शत प्रतिशत परिणाम थे उनके अधीक्षकों की सराहना करते हुए शेष अधीक्षकों को उनसे प्रेरणा लेने कहा। उन्होंने आगामी शैक्षणिक सत्र में सभी आश्रम–छात्रावास के बच्चों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाने अभी से जरुरी कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होने कहा कि अधीक्षक बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान दें। बच्चों के व्यवहार परिवर्तन, तनाव, अवसाद को समझकर उचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर नें छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, विश्राम कक्ष, रसोई एवं बाथरूम, पानी, बिजली जैसे बुनियादी जरूरतों को को दुरुस्त रखने में निर्देश दिये। उन्होने जिन छात्रावासों को मरम्मत की आवश्यकता है उनकी शीघ्र मरम्मत कराने, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधीक्षक अपने मुख्यालय में ही निवास करें, किसी भी रेश्तेदार या दोस्त को न आने दें। बैठक में छात्रावास भवनों की लघु मरम्मत, खाद्यान्न की उपलब्धता, कर्मचारी सेट अप, सामग्री मांग एवं रख–रखाव, मानदेय भुगतान आदि की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरजदास मानिकपुरी सहित मण्डल संयोजक, नोडल अधीक्षक व अधीक्षक उपस्थित थे।

# बिजली की कटौती और दाम में बढ़ोत्तरी जनता पर अत्याचार : हितेन्द्र ठाकुर



**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस बलौदाबाजार के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नही दे पा रही है, ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी कर दिया। घरेलू बिजली में 10 से 20 पैसे तथा गैर घरेलू बिजली में 25 पैसे की, कृषि पंप में 50 पैसे प्रति यूनिट की बढ़ोतरी किया है, इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया था। यह जनता पर अत्याचार है। अभी तक सरकार ने डेढ़ साल में 19.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिये है।

श्री ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई की जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना हैं। पिछले डेढ़ साल से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। पहले स्मार्ट मीटर लगा कर बिजली बिल में अनाप–शनाप बढ़ा दिया गया है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। श्री ठाकुर ने यह भी कहा कि कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। उद्योगों के बिजली के दाम सरकार पहले ही बढ़ा चुकी है। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि पिछले डेढ़ साल में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो–चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है।

पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवी फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में डेढ़ साल में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है।

# सनातन धर्म में गुरु का स्थान देवताओं से ऊपर : येतराम



**गुरु पूर्णिमा पर नगर पुरोहित समेत गुरुओं का हुआ सम्मान**

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा पर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के नेतृत्व में नगर पुरोहित पंकज तिवारी तथा गायत्री शक्ति पीठ के वेदाचार्यों पंडित प्रभात उपाध्याय एवं पंडित श्याम दुबे के घर जाकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा श्रीफल व अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। देवी देवता भी अपने गुरु का सम्मान करते हैं। कोई भी व्यक्ति गुरु के बिना आगे नहीं बढ़ सकता। हर क्षेत्र में प्रगति के लिए गुरु का होना आवश्यक है, बिना गुरु के ज्ञान की कल्पना नहीं की जा सकती है गुरुओं से आशीर्वाद लिया एवं सदैव जन सेवा के लिए एवं जनकल्याण के लिए मार्ग दर्शन देने का आग्रह किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिका, भाजपा नेता >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# युवा तैराकों की टीम को दिया रुद्री बैराज में प्रशिक्षण



**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर नरहरा जल प्रपात समिति से चयनित युवा तैराकों की टीम को रुद्री बैराज में प्रशिक्षण दिया गया। जिला सेनानी शोभा ठाकुर के मार्गदर्शन में बाढ़ बचाव टीम नगर सेना द्वारा सभी बचाव उपकरणों, डूबते हुए व्यक्ति को कैसे बचाना है, बचाव के समय अपनाई जाने वाली सावधानियां, बचाव करते समय स्वयं की सुरक्षा आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही टीम द्वारा रुद्री बैराज में डेमो करके भी बताया गया। गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोट्र्स एसोसिएशन की टीम को भी संयुक्त रूप से प्रशिक्षण देने के लिए जिला सेनानी द्वारा बुलवाया गया था। उक्त एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सतवंत कुमार एवं टीम द्वारा नवीन उपकरणों के साथ–साथ बेसिक चीजों द्वारा रेस्क्यू करना सिखाया गया। एसोसिएशन के रेस्क्यू सदस्य डॉग जैक आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा, जिसने एक डूबे हुए व्यक्ति को पानी से बाहर सुरक्षित बाहर >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ई-वे बिल प्रावधानों में लापरवाही न बरतें, व्यापारियों और उद्यमियों सावधानी बरतें सरकार की सख्ती शुरू, वर्ना भरना होगा जुर्माना और जब्ती तय : नगर चेम्बर्स अध्यक्ष



**नवापारा राजिम,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। क्या है सरकार का नया आदेश ? राज्य कर विभाग द्वारा जारी आदेश क्रमांक 3261/ई–कॉमर्स/आदेश/2025 दिनांक 11.जुलाई.2025 के अनुसार, 11 जुलाई से राज्य भर में प्रत्येक जिले में ई–वे बिल की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान विशेष रूप से गोदामों, ट्रांसपोर्ट नगरों, बॉर्डर प्वाइंट्स एवं होलसेल व्यापार क्षेत्रों में सघन रूप से लागू किया जाएगा। उक्त जानकारी नगर चेम्बर्स आफ कामर्स के अध्यक्ष जवाहर जीवनानी ने शासन के आदेश की कापी दिखाते हुए कही।

श्रीजीवनानी ने आगे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यदि व्यापारियों ने लापरवाही की तो उन्हें गंभीर परिणाम परिणाम भुगतने होंगे जिसमें प्रमुख रूप से बिना वैध ई–वे बिल के माल जब्त किया जाएगा।, भारी पेनाल्टी दृ कर के बराबर जुर्माना वसूला जाएगा। वाहन जब्त किया जा सकता है, और जुर्माना चुकाए बिना नहीं छोड़ा जाएगा, पिछली खरीद–बिक्री का विस्तृत विवरण मांगा जाएगा, जिससे कर चोरी की जांच होगी।व्यापारियों और उद्यमियों को अपनानी चाहिए ये जरूरी सावधानियाँ

**जीवनानी ने इससे बचने के उपाय भी बतलाये:** हर माल के साथ वैध ई–वे बिल अनिवार्य रूप से बनाएं।,. ई–वे बिल पर वाहन नंबर, प्रेषण तिथि, भ्ैछ कोड ठीक से भरें।, हर ट्रांजैक्शन में ळैज्प्छ नंबर मिलान कर जांच लें।, ट्रांसपोर्टर से भी ई–वे बिल कॉपी तुरंत मांगें और संग्रहित रखें।अपने स्टाफको भी ई–वे बिल नियमों का प्रशिक्षण दें।रिटर्न्स और रजिस्टर अपडेट रखें ताकि कभी भी जांच हो तो जवाब दे सकें।,

**सरकार की मंशा क्या है ?:** श्री जीवनानी ने सरकार द्वारा किए जा रहे जांच में सरकार की मंशा उजागर करते हुए बताया कि यह आदेश सिर्फकर वसूली के लिए नहीं, बल्कि राज्य के राजस्व की सुरक्षा और करदाताओं में अनुशासन लाने के लिए है। विभाग का उद्देश्य है कि ईमानदार व्यापारी सुरक्षित रहें और कर चोरों पर सख्ती हो। सरकार अब डिजिटल ट्रैकिंग और गहन जांच के माध्यम >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# सावन के साथ ही शिवालयों में बढ़ने लगी शिव भक्तों की भीड़

**गंधेश्वर और बम्हनेश्वर महादेव में हो रही प्रतिदिन विशेष श्रावणी पूजा**





**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सावन लगते ही अंचल के शिवालयों में चहल–पहल बढ़ गई है। अधिकांश स्थलों पर रूद्राभिषेक समेत विशेष पूजन की जा रही है। बम्हनी के बम्हनेश्वर नाथ महादेव और सिरपुर के गंधेश्वर महादेव समेत कनेकेरा, दलदली व अन्य प्रसिद्ध शिव मंदिरों में विशेष श्रावणी पूजा की जा रही है। बम्हनी मंदिर के सर्वराकार डा. संतोष अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन यहां श्रावणी पूजा की जा रही है। मुख्य जजमान होरीलाल पाण्डेय के अलावा प्रतिदिन अन्य जजमान भी पूजन विधान में शामिल हो रहे है। इसी तरह सिरपुर मंदिर के पुजारी धर्मेन्द्र अमनगिरि गोस्वामी ने बताया कि सावन के प्रथम दिन से ही श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंच रहे है। दोपहर में रूद्राभिषेक के बाद गंधेश्वर बाबा का दिव्य आरती में श्रद्धालु प्रतिदिन शामिल हो रहे है। प्रथम दिन बम्हनी से जल लाकर 8 कांवरियों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। प्रथम सावन सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। प्रथम सावन सोमवार को कांवरियों की भीड़ कम रहेगी बहरहाल 55 कांवरियों की टोली नयापारा राजिम के त्रिवेणी संगम से जल लेकर सिरपुर के लिए रवाना हुए है। जो रविवार को सिरपुर पहुंचेगे और सोमवार को जल अर्पण कर अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। बोलबम समिति के संजय पाण्डे ने बताया कि भोजन संबंधी व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया गया है। प्रथम रविवार को सिरपुर पहुंचने वाले कांवरियों की भोजना व्यवस्था सुंदर साहू परिवार द्वारा की गई है। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# गुरु पूर्णिमा पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने योगवर्धन सागर मुनि से लिया आशीर्वाद

**शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं गुरु : रंजना साहू**



**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूर्व विधायक रंजना साहू ने धमतरी के पार्श्वनाथ जिनवालय में चातुर्मास पर पधारे पूज्य गुरु योगवर्धन सागर म.सा. से मिलकर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन लिया, उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश गोलछा एवं नीरज नाहर उपस्थित रहे, इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमति साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का विशेष स्थान है। गुरु पूर्णिमा गुरु के महत्व को प्रतिपादित करने का विशेष अवसर है। गुरु शिष्य की परंपरा के अनेकों उदाहरण भारतीय संस्कृति व इतिहास में मिलते हैं। शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हैं गुरु। भारत की सनातन परंपरा में गुरु–शिष्य परंपरा अत्यंत महत्वपूर्ण रही है. यह संस्कृति ही हमारे समाज का मूल आधार है. >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में अव्यवस्था का आलम

■ बालेश्वर वैष्णव ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत प्रतिनिधि बालेश्वर वैष्णव ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 10 जुलाई गुरुवार को क्षेत्रांतर्गत के स्कूलों का दौरा कर बच्चों की पढ़ाई लिखाई शिक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान विकासखंड कसडोल समीप के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिसीद में स्कूली बच्चों से शिक्षा संबंधित विषयों पर रूबरू होते हुए जरूरत मंद बच्चों को आर्थिक सहायता कर छात्रा छात्राओं को खूब मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य प्रहलाद जायसवाल व शिक्षक गण मौजूद रहे। इसी दौरा क्रम में ग्राम सेल में संचालित आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल में अव्यवस्था का आलम देखने को मिला। जहां रोजाना की भांति प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन स्कूल में नदारद मिले।

इन स्कूल में अध्ययनरत छात्रा छात्राओं ने बताया कि यहां ठीक से साफसफाई नहीं की जाती है वाशरूमों से बदबू आता है, छत से पानी टपकता है, समय पर शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचते हैं। यहां का स्कूल दो शिफ्टों में लगता है, विषयानुसार पर्याप्त शिक्षक नहीं है, अभी तक विषयवार टाइम टेबल नहीं बना है, जिससे हम लोगों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस स्कूल के प्राचार्य जितेंद्र कुमार देवांगन रोजाना दोपहर 12 से 1 बजे के बीच हमेशा स्कूल छोड़कर चला जाता है ऐसे ही अनेकों प्रकार की असुविधा के बारे में जिला पंचायत प्रतिनिधि बालेश्वर वैष्णव को स्कूली बच्चों ने बताया।जहां जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बालेश्वर वैष्णव ने मौके से स्कूल में हमेशा नदारद रहने वाले शिक्षक और प्राचार्य के ऊपर कार्रवाई कराने व स्कूल में पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था की मांग को लेकर कलेक्टर को पत्र लिखा है।साथ ही स्कूल की अव्यवस्था को सुधारने प्राचार्य की जगह मौखिक रूप से चार्ज संभाले लेक्चरर शिक्षक चूड़ामणी साहू को निर्देशित किया। वही स्कूल की छत को मरम्मत करने ग्राम पंचायत सेल सरपंच को कहा। वही इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव को जानकारी के लिए फोन किया तो फोन की घंटी बजती रही लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। बहरहाल बच्चों की शिक्षा व्यवस्था के लिए सुधार व जरूरतों पर सरकार, शासन प्रशासन सजग नहीं हो रहे हैं जिसके चलते इस प्रकार की जमीनी हकीकते की सच्चाई बयां कर रही है।

# स्थानांतरित हुए शिक्षक शिक्षिकाओं का किया गया विदाई ससम्मान समारोह



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचांयत कोट के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में युक्ति युक्त करण के तहत स्थानांतरित हुए शिक्षक शिक्षिकाओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान विदाई दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। तत्पश्चात युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित हुए सविता कैवर्त्य, उमा साहू एवं शास प्राथमिक शाला से पदोन्नत हुए शत्रुघन मानिकपुरी आदि अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा उद्बोधन में स्थानांतरित हुए शिक्षकों के कार्यकाल को याद किया गया। वही अंत में उपहार एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान सहित विदाई दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक मुरारी लाल देवांगन, भुवन लाल कैवर्त्य, ज्योति पटेल, रश्मि जायसवाल, आरती विश्वकर्मा, सरोज साहू, अंजली तिवारी, श्रीमती खिलावन साहू, रामकुमार साहू, पीरीत लाल, लखन वर्मा, गोपी चंद साहू, साजन यादव, राहिन, नंदनी, मीना ध्रुव एवं फूल बाई यादव सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रीमती खिलावन साहू ने किया।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफसीजन 2025 अंतर्गत बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले के कृषकों से निर्धारित तिथि तक अपने फसलों का बीमा कराने की अपील की है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के फसल के बाधित रोपाई, रोपण जोखिम, स्थानीय आपदाओं (ओलावृष्टि, बादल का फटना, प्राकृतिक आकाशीय बिजली), फसल कटाई के उपरान्त होने वाले नुकसान से फसल को होने वाली क्षति के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। किसान नजदीकी बैंक, वित्तीय संस्थान, ग्राहक सेवा केंद्र (सीएससी) सेंटर में जाकर बीमा करा सकते है।खरीफ वर्ष 2025 में मुख्य फसल धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टेयर 60000 रूपये और धान असिंचित फसल के लिए 45000 रूपये प्रति हेक्टेयर की क्षतिपूर्ति राशि निर्धारित की गई है, जिसकी प्रीमियम राशि 2 प्रतिशत कृषक अंश के रूप में धान सिंचित के लिए 1200 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं धान असिंचित के लिए 900 रुपये प्रति हेक्टेयर होगी।शेष प्रीमियम राशि केन्द्र एवं राज्य सरकार के द्वारा देय होगा। जिले में धान सिंचित, असिंचित के अलावा फसल सोयाबीन, मक्का, अरहर, उड़द एवं कोदो भी अधिसूचना में शामिल है, जिसका भी कृषक बीमा करा सकते है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक ने इस संबंध में बताया कि विगत वर्ष खरीफ 2024 में बलौदाबाजार भाटापारा जिले अंतर्गत स्थानीयकृत आपदा एवं उपज की कमी वाले ग्रामों के 173 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत कुल 3,80,729 रुपये का फसल बीमा मुआवजा प्राप्त किया था, जो किसानों को होने वाले लाभ का स्पष्ट प्रमाण है। फसल बीमा हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे- आधार कार्ड की कॉपी, भूमि प्रमाण पत्र (बी-1,पी-2), बैंक पासबुक, फसल बुवाई प्रमाण पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का घोषणा पत्र, किसान का वैध मोबाईल नम्बर एवं बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र अनिवार्य है। किसान अपना आधार कार्ड खरीफ 2025-26 के लिए 31 जुलाई 2025 के पूर्व बैंक में अपडेट करा लें। फसल बीमा पोर्टल पर बिना आधार प्रमाणीकरण के बीमा नहीं होगा।

# राशन वितरण की तिथि बढ़ने से गरीब परिवारों को मिली राहत: भाऊराम

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश सहित महासमुंद जिले के हितग्राहियों को 3 माह का एकमुश्त राशन प्रदान करने की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाए जाने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे सरकार द्वारा लिया गया एक गरीब हितैषी ऐतिहासिक कदम बताया है। श्री साहू ने कहा कि तिथि आगे बढ़ने से कोई भी हितग्राही राशन से वंचित नहीं होगा। यह निर्णय भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी सोच और गरीबों के प्रति संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में अक्सर तकनीकी कारणों या अन्य परिस्थितियों में हितग्राहियों को निर्धारित समय पर राशन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन समस्याओं को देखते हुए सरकार ने गरीब हितग्राहियों को एकमुश्त 3 माह का राशन देने का निर्णय लिया था। जिसकी तिथि 30 जून तक निर्धारित था। लेकिन तकनीकी समस्याओं के चलते 30 जून राशन वितरण नहीं हो पाने के कारण सरकार ने 31 जुलाई तक तिथि आगे बढ़ाकर गरीब कल्याण की दिशा में संवेदनशीलता का परिचय दिया है। समय सीमा बढ़ाए जाने से हर पात्र व्यक्ति को उसका हक समय पर मिलेगा और कोई भी परिवार राशन से वंचित नहीं रहेगा। श्री साहू ने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए राहत लेकर आया है। उन्होंने सभी उचित मूल्य दुकानों के संचालकों से अपील की कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से वितरण कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें और किसी भी हितग्राही को परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।



# उपभोक्ता आयोग ने अस्वस्थ खरगोश देने पर उपभोक्ता को दिलाया क्षतिपूर्ति राशि

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। खरगोश पालन हेतु अस्वस्थ खरगोश दिये जाने संबंधी मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने विक्रेता शिओम एग्रो फार्म को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए क्रय किये गये खरगोशों की मुल्य राशि का 70 प्रतिशत राशि 21,350 एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपभोक्ता विवेक निराला ने विक्रेता शिओम एग्रो फार्म द्वारा विज्ञापन को पढ़कर संपर्क किया।विक्रेता व्यवसायी द्वारा खरगोशो पर निःशुल्क बीमा तथा सारे खरगोश मर जाने पर लागत का 70 प्रतिशत वापस किये जाने के संबंध में बताया जिससे प्रभावित होकर आवेदक ने कुल 19 नग खरगोश क्रय किया। बाद में ज्ञात हुआ कि खरगोश अस्वस्थ थे। विक्रेता को जानकारी देने के बाद कोई कार्यवाही नही की गई। कुछ समय पश्चात समस्त खरगोश मर गये परंतु व्यवसायी द्वारा लागत का कोई पैसा उपभोक्ता को वापस नहीं किया गया। उपभोक्ता द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल व सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला एवं श्रीमती शारदा सोनी ने उभयपक्ष की सुनवाई एवं दस्तावेजों का सुक्ष्म परिशीलन पश्चात् मामले में निष्कर्ष दिया कि ब्रोसर में उल्लेखित नियमावली के अनुसार मृत्यु पर 70 प्रतिशत राशि वापस किये जाने का उल्लेख है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बीमारी से ग्रस्त अस्वस्थ खरगोश उपभोक्ता को दिया गया जिनकी मृत्यु हो चुकी है।ऐसी दशा में विक्रेता शिओम एग्रो फार्म ग्राम देवदा, आरंग को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता को क्रय किये गये खरगोशों की मुल्य राशि का 70 प्रतिशत राशि 21,350 एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 5000, वाद द व्यय के रूप में 2,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बलौदाबाजार,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) के तहत बलौदाबाजार परियोजना के ग्राम शुक्लाभांठा में विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं के अंतर्गत विश्व जनसंख्या जागरूकता दिवस, विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं एक पेड़ बेटी के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, काउंसलर स्वास्थ्य विभाग सुश्री बरखा वेसलियन, पर्यवेक्षक गिरजा वर्मा, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ नम्रता साहू, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# स्टाफनर्स के रूप में निःशुल्क सेवा दे रही मोहिनी का नपाध्यक्ष ने किया सम्मान

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं में वृद्धि, भौतिक संसाधनों की उपलब्धता और सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी कर्मचारी ने स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाले स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी। तथा आने वाले समय में सेवाओं में सुधार होने की बात कही। अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि शहर की सबसे बड़ी आबादी नयापारा क्षेत्र के लोगों के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र अत्यंत उपयोगी है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी अच्छी स्वास्थ्य सुविधा की उम्मीद लेकर यहां उपचार के लिए आते हैं। ऐसे में मरीजों के लिए संपूर्ण सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो इसका विशेष ध्यान रखें। श्री साहू ने स्वास्थ्य केंद्र परिसर का निरीक्षण करते हुए साफसफाई की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी गण उपस्थित थे। जीवन दीप समिति की बैठक के दौरान नपाध्यक्ष श्री साहू को यह जानकारी मिली कि यहां स्टाफनर्स के रूप में मोहिनी यादव द्वारा निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है। जिस पर उन्होंने पुष्प गुच्छ भेंटकर मोहिनी का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि श्रीमती मोहिनी द्वारा दी जा रही निःशुल्क रूप से निस्वार्थ सेवा अत्यंत प्रेरणास्पद है। उनके समर्पण व मरीजों के प्रति सेवा भाव को हम प्रणाम करते हैं। ऐसे सेवा भावी व्यक्तित्व से समाज में परिवर्तन आता है।



# बिजली दर में वृद्धि कर जनता को लूटने की तैयारी कर रही साय सरकार: पूर्व विधायक

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में प्रदेश की जनता को बिजली बिल हाफयोजना के तहत 200 यूनिट बिजली मुफ्त प्रदान की जाती थी। उक्त योजना को भाजपा की साय सरकार द्वारा पहले ही बंद कर दिया गया है। अब बिजली की दरों में वृद्धि कर जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने की कवायद यह सरकार कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि सरकार व बिजली नियामक आयोग ने प्रदेश में बिजली दरों में 15 से 20 पैसे की बढ़ोतरी कर दी है। अब घरेलू और कमर्शियल उपभोक्ताओं को बिजली बिल भरने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने होंगे। बिजली कंपनियों को 4550 करोड़ रूपए का घाटा बताते हुए इसकी भरपाई जनता से करने की तैयारी सरकार कर रही है। प्रदेश वासियों को महंगाई कम करने का वादा कर सत्ता में आई भाजपा ने महंगाई और बढ़ा दिया। सरकारी कार्यालयों का 1750 करोड़ रु बिजली बकाया है, लेकिन इन कार्यालयों से बिल की वसूली नहीं किया जा रहा। इसके विपरीत आम जनता का 500 रु भी बाकी हो तो बिजली विभाग के कर्मचारी लाइन काटने पहुँच जाते हैं। बिजली दरों में वृद्धि के लिए की गई जनसुनवाई भी छोरी.छुपे कर ली गई। जबकि सरकार ने पहले ही बिजली बिल में वृद्धि करने की मंशा बना ली थी। बिजली दर बढ़ने से प्रदेश के 65 लाख उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बढ़ेगा। पूर्व के भूपेश सरकार में इन सभी उपभोक्ताओं को बिजली बिल हाफयोजना का लाभ प्रदान किया जा रहा था। जो बंद किया जा चुका है। और अब पुनः बिजली दर में वृद्धि कर जनता को लूटने की तैयारी भाजपा की सरकार कर चुकी है। यह बढ़ी हुई बिल अगस्त महीने से आना शुरू हो जाएगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि 4500 करोड़ घाटे की याचिका की पूर्ति छत्तीसगढ़ की जनता से करने की तैयारी है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने मई के बिल में 7.15 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क बढ़ाकर जनता को लूटने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि विद्युत संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाला कोयला, देश के आधे हिस्से को छत्तीसगढ़ से आपूर्ति किया जाता है। लेकिन प्रदेश में आए दिन बिजली कटौती, लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। इसके अतिरिक्त बिजली दरों में वृद्धि किया जाना जनता के साथ विश्वासघात है। पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान लोगों को सस्ती बिजली उपलब्ध कराई जा रही थी लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के तुरंत बाद बिजली की दरें बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आम जनता के साथ अन्याय कर रही है। महंगाई कम करने के वादानुसार भाजपा सरकार को तत्काल बिजली दरों में वृद्धि रोक कर पूर्ववर्ती सरकार की बिजली बिल हाफ योजना को बहाल किया जाना चाहिए।

■ बिजली बिल हाफ योजना को बंद कर भाजपा ने किया जनता के साथ अन्याय

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया धरना-प्रदर्शन



**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने बताया कि युक्तियुक्तकरण के खिलाफ आम आदमी पार्टी द्वारा 11 जुलाई को सभी जिलों में जिला शिक्षा अधिकारी,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार शिक्षा नीति के मोर्चे पर विफल रही है। युक्तियुक्तकरण के नाम पर हज़ारों स्कूलों को बंद कर देने के बाद कई स्कूल शिक्षक विहीन हो गए हैं। 63 हजार शिक्षकों के पदों को भरने में नाकाम रही है, सरकार नाकामी छुपाने 10 हजार स्कूल बंद कर दिया गया ताकि छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी नहीं देना पड़े इसलिए युक्तियुक्तकरण किया गया है। श्री झाबक ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूलों को आपस में मिलाया गया, शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया और कई छोटे स्कूलों को बंद किया गया। लेकिन वास्तविकता में इसके नतीजे कई जगहों पर नकारात्मक साबित हुए। युक्तियुक्तकरण के तहत जब दो स्कूलों को मिलाया गया तो कई छात्रों को अब 3.5 किमी दूर स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे खासकर बालिकाओं की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ा है। जहाँ एक ओर शिक्षकों का स्थानांतरण किया गया, वहीं कई स्कूल ऐसे रह गए जहाँ विषय विशेषज्ञ शिक्षक ही नहीं हैं। बच्चों को बिना गणित या विज्ञान शिक्षक के पढ़ाई करनी पड़ रही है। कई स्थानों पर बिना स्थानीय स्थिति को समझे स्कूलों का विलय किया गया। इससे सामाजिक, भौगोलिक और आर्थिक बाधाएँ सामने आईं। जो स्कूल बंद कर दिए गएए उनके भवन जर्जर हो रहे हैं, और कई जगहों पर सरकारी संसाधन व्यर्थ जा रहे हैं। श्री झाबक ने कहा कि धरसींवा विकासखंड में परसतराई में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है जो की 1962 से संचालित है, वर्तमान सरकार के युक्तियुक्तकरण से स्कूल शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रहा है, विडंबना देखिए की 3 कक्षाओं के लिए एकमात्र अंग्रेजी का शिक्षक है और वही शिक्षक विज्ञान की क्लास भी लेते हैं। आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार से मांग करती है कि इस युक्तियुक्तकरण को सरकार तुरंत रद्द करे और यदि निर्धारित समय सीमा में शिक्षा में सुधार नहीं होता है तो पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावित जनता के साथ मिलकर इससे भी बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

# शिक्षक पदस्थापना से शा. हाई स्कूल मोहगांव में ग्रामीणों व विद्यार्थियों में उत्साह

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड बागबाहरा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मोहगांव की स्थापना वर्ष 2022 में विद्यार्थियों को माध्यमिक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। किंतु विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति न होने के कारण प्रारंभ से ही यह संस्था शिक्षकविहीन स्थिति में संचालित हो रही थी, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अभिभावकों की चिंता और बच्चों की शैक्षणिक प्रगति में बाधा को लेकर ग्रामीणजनों में निराशा व्याप्त थी। शिक्षा विभाग द्वारा इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए शासन के निर्देशानुसार युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के माध्यम से हाल ही में तीन व्याख्याता अंग्रेजी, गणित एवं कला विषय के लिए इस विद्यालय में पदस्थ किए गए हैं। इन विषयों की अत्यधिक आवश्यकता थी क्योंकि ये विद्यार्थी के समग्र बौद्धिक और रचनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माने जाते हैं। देवेंद्र चंद्राकर, शैलेन्द्र ठाकुर, रामसिंह नाग व विज्ञान सहायक भूपेंद्र जसपाल शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियाँ पुनः गति पकड़ने लगी हैं। अब नियमित रूप से कक्षाएँ संचालित हो रही हैं और विद्यार्थी पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ अध्ययन में भाग ले रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। विद्यालय में व्याख्याताओं की उपलब्धता से न केवल बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से प्रारंभ हुई है, बल्कि ग्राम मोहगांव सहित आस.पास के क्षेत्रों के पालकों एवं ग्रामीणजनों में भी प्रसन्नता की लहर है। बच्चों के भविष्य को लेकर अब उनमें आश्वस्ति का भाव है। ग्राम के नागरिकों ने शासन एवं शिक्षा विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह निर्णय दूरस्थ ग्रामीण अंचल में शिक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने अपेक्षा जताई कि इसी तरह अन्य आवश्यक सुविधाएँ भी विद्यालय में शीघ्र उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। क्षेत्र के जनपद सदस्य भूपेंद्र मोंटू दीवान, सरपंच नरेन्द्र दीवान व एसएमसी अध्यक्ष डॉ चेतन साहू ने प्रसनता व्यक्त करते कहा कि शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा सबके लिए के उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी बच्चे को केवल संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न होना पड़े।



# गुरुपूर्णिमा पर योगभवन में हुआ चरण पादुका पूजन

**महासमुंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय स्वामी शिवानन्द योगभवन में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उत्सव मनाया गया। दिव्य जीवन संघ द्वारा गुरु पूजन का कार्यक्रम रखा गया था। सभी ने गुरु स्वामी शिवानन्द और स्वामी चिदानन्द का फूल माला अर्पित किया गया। दिव्य जीवन संघ के अध्यक्ष दौलत चन्द्राकर ने कहा कि प्राचीन काल से ही भारत गुरुओं का देश रहा है। यहां अनेक गुरुओं ने अपने तन, मन, धन देकर समाज के भविष्य को गढ़ा है एवं भारत माता के चरणों में एक सुदृढ़ समाज को रखने के लिए अपना सर्वस्व दिया है। इसलिए गुरुओं का सम्मान करने की संस्कृति हमारे देश में रही है। अनेक गुरुओं ने अपने तन, मन, धन से भारत माता की सेवा की। महर्षि वेदव्यास जिन्होंने वेदों की रचना की। उन्होंने वेदों के रूप में ज्ञान के पुंज को पूरे विश्व को दिया। इसलिए आज उनकी जन्म जयंती हम सभी गुरु पूर्णिमा के रूप में मना रहे आगे कहा कि गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देव महेश्वर अर्थात गुरु में ही ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास है। दिनभर कार्यक्रम चलता रहा हैं प्रातः 6 बजे से सर्वदेव वन्दना, प्रार्थना, गुरुस्त्रोत्तम, शांति मन्त्र , प्रातः स्मरण , स्वामी शिवानंद सरस्वती जी का संदेश ध्यान, योगासन, प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, योग निन्द्रा पादुका पूजन विष्णुसहस्त्रनाम स्त्रोत्तम,स्वामी शिवानंद जी का पुस्तक वाचन व्यक्तिगत ध्यान आदि मंत्रलेखन एवं मंत्र जप शाम संकीर्तन शाम,भजन कीर्तन तत्पश्चात शांति पाठ आरती रात्री साढ़े 8 तक दिव्य जीवन संघ के द्वारा किया गया। जिसमें धर्म योग से जुड़े महिला पुरुष शामिल हुए।



# प्रयास विद्यालय में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 15 जुलाई से

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सत्र 2025-26 में प्रयास आवासीय विद्यालय की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्रतिक्षा सूची के विद्यार्थियों को काउंसलिंग के लिए तिथि व समय निर्धारित कर दिया गया है। काउंसलिंग प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में होगा।

अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालक हेतु 15 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बालिका हेतु 16 जुलाई 2025 को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका हेतु 17 जुलाई 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग बालक एवं बालिका हेतु 18 जुलाई 2025 प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। काउंसिलिंग में अपने साथ प्रवेश पत्र, जाति-निवास प्रमाण पत्र, 8वीं उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र, मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, सिकल सेल जांच प्रमाण पत्र, 2 पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित हैं तो इस आशय का सम्बधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र लाना होगा।

**फेडरेशन की आज बैठक**

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा बलौदाबाजार का रैली प्रदर्शन 16 जुलाई 25 को गार्डन चौक से कलेक्टर ऑफिस तक रहेगा। जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा।



# डबल इंजन वाली भाजपा सरकार में आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की स्थिति बेहालः भूपेन्द्र ठाकुर

## भाजपा सरकार की नीयत गरीबों के बच्चों को शिक्षित करने की नहीं



**बागबाहरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की दुर्दशा को लेकर बागबाहरा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने भाजपा सरकार पर करारा हमला बोला है। ठाकुर ने कहा कि महासमुंद जिले में आत्मानंद स्कूलों की स्थिति काफी चिंताजनक एवं हाल बेहाल है। पिछले दो वर्षों से इन स्कूलों में संविदा शिक्षकों की भर्ती नहीं हुई है। जिससे कई विषयों के शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में शिक्षकों की भर्ती हो चुकी है। ऐसे में महासमुंद जिले के साथ की गई यह खुली उपेक्षा घोर निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

**पीएम श्री शब्द जोड़कर दिखाया गया था सपना-सपने हुए चूर चूर**

श्री ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की भाजपा सरकार ने आत्मानंद स्कूलों के नाम में पीएम श्री जोड़कर जनता को गुमराह किया। और सपने दिखाये थे कि ये स्कूल अब और बेहतर होंगे। केंद्र से आर्थिक मदद मिलेगी। और इन्हें हाईटेक बनाया जाएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भी इसे मंजूरी दी। लेकिन हकीकत यह है कि इन स्कूलों की स्थिति पहले से बदतर हो गई है। न ही नई सुविधाएं मिलीं, ना बजट आया और ना ही स्टाफ की बहाली हुई। और पालकों तथा उनके बच्चों के सपने टूट कर चूर-चूर हो गए ।

**भूपेश सरकार की ऐतिहासिक पहल को मिटाने की साजिश**

श्री ठाकुर ने कहा कि आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल कांग्रेस सरकार की गरीब हितैषी और दूरदर्शी योजना थी। जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा उपलब्ध कराना था। भूपेश बघेल के नेतृत्व में जब ये स्कूल खुले थे, तब उनमें दाखिले के लिए अभिभावक कतारों में खड़े रहते थे। इन स्कूलों के छात्रों ने 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ बोर्ड की मेरिट लिस्ट में जगह बनाई थी। आईएएस अधिकारियों से लेकर गांव के किसान तक ङ्क सबके बच्चे आत्मानंद स्कूलों में पढ़ते थे। लेकिन आज की स्थिति यह है कि शिक्षकों की भारी कमी, सुविधाओं के अभाव और अनदेखी के कारण पालक अपने बच्चों की टीसी निकलवा रहे हैं और दूसरे स्कूलों में दाखिला दिला रहे हैं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर और संचालन व्यवस्था चरमराई**

श्री ठाकुर ने कहा कि जब भूपेश बघेल सरकार थी तब इन स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब, खेल मैदान, पुस्तकालय आदि की बेहतरीन व्यवस्था थी। लेकिन भाजपा सरकार के आते ही इन व्यवस्थाओं पर ग्रहण लग गया है। आज स्थिति यह है कि विद्यालयों में संचालन के लिए आवश्यक बजट तक नहीं मिल रहा है, जिससे साफ झलकता है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार की नीयत गरीबों की शिक्षा के प्रति साफ नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के अमीर नेताओं और उद्योगपतियों के बच्चे तो विदेशों और प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा पा रहे हैं, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शुरू की गई आत्मानंद स्कूल योजना को धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रची जा रही है।

**आत्मानंद की आवाज उठेगी विधानसभा में**

भूपेंद्र ठाकुर ने कहा कि महासमुंद जिले के पालक, विद्यार्थी और विद्यालय प्रबंधन समिति कई बार शिक्षकों की मांग कर चुके हैं, लेकिन डबल इंजन सरकार गरीबों की आवाज सुनने को तैयार नहीं है। यह जनता के साथ अन्याय है और शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि खल्लारी विधायक और छत्तीसगढ़ शासन में पूर्व स्कूल शिक्षा विभाग के संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव को इस गंभीर स्थिति से अवगत करा दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि आगामी विधानसभा सत्र में इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाया जाएगा।

**कांग्रेस का ऐलान - गरीबों के स्कूल बंद नहीं होने देंगे**

श्री ठाकुर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि कांग्रेस पार्टी गरीबों के बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि शीघ्र ही शिक्षकों की भर्ती, बजट की आपूर्ति और संचालन व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी और भाजपा सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता को बेनकाब करेगी।

# कलेक्टर ने आरंग में किया सघन निरीक्षण, आंगनबाड़ी, स्कूल और धान संग्रहण केंद्रों का लिया जायजा



**आरंग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज आरंग ब्लॉक का सघन निरीक्षण करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों, शासकीय विद्यालयों और धान संग्रहण केंद्रों का दौरा किया।कलेक्टर डॉ सिंह ने सर्वप्रथम आरंग स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 और 2 पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं, पोषण आहार और अन्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और आवश्यक निर्देश दिए।इसके पश्चात डॉ. सिंह ग्राम बकतरा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे। वहां उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत किया तथा शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधन को आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर खाद्य संग्रहण केंद्र बकतरा भी पहुंचे। वहां संग्रहित धान को सुरक्षित ढंग से ढका हुआ पाया गया। कलेक्टर ने संग्रहण केंद्र तक पहुंच मार्ग (एप्रोच रोड) निर्माण के निर्देश दिए तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु सघन वृक्षारोपण के लिए निर्देशित किया।इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन, एसडीएम श्री पुष्पेंद्र शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर सिहावा अंचल के सुप्रसिद्ध संगीतकारो की सांकरा में मनमोहक प्रस्तुति



**नगरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिहावा नगरी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध संगीतकारो द्वारा गुरु पूर्णिमा पूजन कर संगीतमय मानस गान का आयोजन महावीर पारा सांकरा के मंच पर भक्तिमय भजन प्रस्तुत कर आयोजन को सफल बनाया यह अपने आप में एक अनोखा पहल है जिसमें विभिन्न स्थानों के कलाकार एक साथ एक मंच पर भक्तिमय प्रस्तुति दी हो सभी संगीतकारों द्वारा भविष्य में भी एक साथ ऐसे आयोजन करने पर सहमति जताई जिससे आपस में भावनात्मक लगाव एवं एक दुसरे से सीखने को मिलता है

इस अवसर पर राजेश गोसाईं वन सभापति जनपद पंचायत नगरी सुप्रसिद्ध गायक राजेश पटेल सिहावा शिवकुमार नेताम सांकरा दानवीर साहु सांकरा लिलेश साहु सांकरा कमल किशोर साहु रानीगांव प्रसिद्ध आर्गन मास्टर फलेश साहु सांकरा गोपेन्द्र निषाद रानीगांव हितेंद्र निर्मलकर सांकरा बैजो मास्टर भोलु देवदास नवागांव तीरथ श्रीमाली रामनगर तबला वादक अरुण नेताम नवागांव फलेन्द्र पटेल सांकरा दीपचंद साहु सांकरा गोलु तारक हिन्छापुर करण विश्वकर्मा नगरी बुलंद दास मानिकपुरी पैड वादक खेमचंद निषाद संजु पटेल ईशु साहु होमन साहु मानस टीकाकार श्री जितेन्द्र कुमार साहू शिक्षक लव कुमार साहू एवं साउंड सिस्टम गोलु डी जे महावीर पारा सांकरा एवं आयोजन में विशेष सहयोग हुलेश्वर साहु दीपक तारक पिंकु साहु सौरभ सिन्हा अन्नु सिन्हा गुलशन साहु का विशेष योगदान रहा।

## इंटरनेंट स्लो होने से ग्रामींण क्षेत्र में उपभोक्ताओं को हो रही हैं परेशानियां

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अर्जुनी ग्राम के आसपास के क्षेत्र में इंटरनेट डाटा स्लो होने के कारण कई जरूरी काम प्रभावित हो रहा है। जैसे फेन पे पर पेमेंट करना, एसबीआई यूनो का उपयोग करना, ऑनलाइन पर्ची काटना जैसे विभिन्न कार्य रूकना पडता है। इस क्षेत्र के ग्रामींण नेट कंपनी जैसे जिओ, आइडिया, एयरटेल एवं बीएसएनल सभी कंपनी का इंटरनेट बहुत स्लो होने के कारण कई जरूरी कार्यो के लिए संबंधित लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

आज नेट से पढ़ाई करने वाले बच्चे डाटा स्लो धीमी होने होने के कारण नेट से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं तथा ऑनलाइन पर्ची काटने वाला जैसे गैस एजेंसी आदि में सही समय पर ऑनलाइन पर्ची नहीं कट पा रहा हैं। ग्रामीणों ने इंटरनेट ठीक करने की मांग शासन प्रशासन से किया है। आज सभी के पास स्मार्ट मोबाइल, मोबाइल कीबोर्ड मोबाइल आदि है लेकिन नेट स्लो होने के कारण 10, 11 एवं 12 जुलाई को सभी उपभोक्ता बहुत परेशान हैं।

# मैंनपुर के जिडार में हुआ वृक्षारोपण



**मैंनपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के मैनपुर विकासखंड के ग्राम जिडार में शनिवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण किया।कलेक्टर बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम सहित सैकड़ों लोगों ने एक साथ पौधे रोपे। इस दौरान कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रतीकात्मक कार्य नहीं, यह भविष्य की पीढ़ियों को शुद्ध वायु, हरियाली और जीवन देने की दिशा में हमारा उत्तरदायित्व है। सिर्फ पौधा रोपण ही नहीं, इसका संरक्षण और संवर्धन भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने फलदार पौधों की उपयोगिता और पर्यावरणीय लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की। सीईओ मरकाम ने बताया कि 30 एकड़ भूमि में वृक्षारोपण किया गया है, जिसमें प्रत्येक एकड़ की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को सौंपी गई है। जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, संजय नेताम व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और सामूहिक भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में सरपंच जिड़ार मुकेश कपिल, जनपद सदस्य प्रताप सिंह, कुमारीबाई पटेल, वरिष्ठ नागरिक संतोष यादव , नंदनी नेताम, तहसीलदार रमेश कुमार मेहता, जनपद सीईओ सुश्री श्वेता वर्मा, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, वन परिक्षेत्र अधिकारी तौरेंगा केजुराम कोर्चे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, सरपंच, मितानिनें, युवा और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। संचालन यशवंत बघेल ने किया।

# कृषि साख सहकारी समिति सिमगा में पौंधारोपण



**सिमगा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। एक पेड़ मां के नाम योजना के अंतर्गत सिमगा सोसायटी परिसर में आज कृषि साख सहकारी समिति के अध्यक्ष छोटेलाल यदु सहित समस्त कर्मचारियों ने करण शीशम कटहल जामुन जाम गुलमोहर मेहंदी आदि विभिन्न प्रकार के 70 पौंधा रोपण किया गया । पौंधा रोपण में समिति प्रभारी मंजूला शर्मा सोहन साहू रामस्नेही यादव नीलकमल निषाद लखन यदु अवध यादव रेशमी भट्ट अमित भट्ट विष्णु प्रसाद बंजारे राजकुमार कोसले नारायणी

# हर्षोल्लास से मनाया गुरु पूर्णिमा



**नगरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आदर्श विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में गुरु पूर्णिमा का त्योहार बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया साथ ही इस पावन दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पवित्र पीपल का पौधा रोपण किया गया सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि अपने-अपने गांव के चौक चौराहा और तालाब के किनारे लगाकर सुरक्षित बड़ा करने का शपथ लिए इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एम खान ने कहा कि यह पौधा हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा प्राण वायु का शुद्ध होना सभी के जीवन के लिए लाभकारी है, आगे कहा की माता-पिता गुरु से ही ज्ञान मिलता है इस अवसर पर राजेश पटेल, मोईन जाफर, जीवन नाहटा, छाया साहू, आरती नायक, ऐश्वर्या साहू, हेमलता साहू, काजल देवांगन, पूर्णिमा, प्रीति विश्वकर्मा, तनवीर फातमा, लीना साहू, खेमेश्वरी साहू, आरती चंदेल, गरिमा साहू, कीर्ति कश्यप, पूर्णिमा निर्मलकर उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



**आरंग,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। आरंग के वार्ड क्रमांक 02 नहर पार में बहुप्रतीक्षित सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधिवत संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से आरंग नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन, चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष एवं पार्षद ध्रुव कुमार मिर्धा, वार्ड पार्षद उमाकांत यादव , दिनेश चंद्राकर, यशपाल लोधी, आशा वैष्णव, टिक्कू लोधी ,योगेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।आपको बता दे कि लंबे समय से इस सड़क की मांग स्थानीय निवासियों द्वारा की जा रही थी। अब सरकार की योजनाओं के तहत यह सीसी रोड बनाया जा रहा जिससे क्षेत्रवासियों को गड्ढों और कीचड़ से निजात मिलेगी तथा आवागमन में सुगमता आएगी। आरंग नगर पालिका के अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा

# शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं-विधायक संदीप साहू



**पलारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु) पलारी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम गबौद स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संदीप साहू शामिल हुए कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ की गई। नवप्रवेशी बच्चों का तिलक, पुष्पवर्षा व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया

मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। शिक्षा ही व्यक्ति को सही दिशा देती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की जिम्मेदारी हम सभी की है—शिक्षक पालक और समाज तीनों को मिलकर वातावरण तैयार करना होगा जिससे बच्चे न सिर्फ विद्यालय आएंबल्कि आनंदपूर्वक सीखें भी श्री साहू ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें और हर बच्चे को आगे बढ़ने का अवसर दें कार्यक्रम के दौरान शाला की ओर से विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी गई और पालकों को शाला के विकास में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर संकुल समन्वयक गांव के वरिष्ठ नागरिक व अभिभावकगण भी उपस्थित रहे। अंत में प्रधानपाठक द्वारा सभी अतिथियों का

## निधन

### दीपक कुमार शर्मा



**रायपुर,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे अनुज दीपक कुमार शर्मा का निधन दिनांक 10 जुलाई दिन गुरूवार को हो गया। दीपक शर्मा स्वर्गीय मुरली प्रसाद शर्मा के सबसे छोटे सुपुत्र और राजेश, कैलाश, अखिलेश शर्मा के छोटे भाई थे। दीपक अपने पीछे अपना भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं जिनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया

### नीतू रावते



**कुम्हारी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। चार बार की लोकप्रिय पार्षद नीतू रावते (52 वर्ष) का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका अंतिम संस्कार कुगदा के मुक्तिधाम में संम्पन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

**सनातन धर्म में गुरु का...**

राहुल चंद्राकर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू, वरिष्ठ नेत्री मीना वर्मा, आनंद साहू,लिलेश साहू राकेश सचदेव, श्रीमती कल्पना सूर्यवंशी, राकेश पटवा, शरद राव ,कुंदन साहू ,गौरव राठी आदि भाजपा जन उपस्थित थे।

**युवा तैराकों की टीम...**

निकाला। प्रशिक्षण के दौरान मां भारती फिजिकल ट्रेनिंग अकादमी के डायरेक्टर पीताम्बर नंदेश्वर, को-डायरेक्टर पी.एल. साहू एवं अकैडमी के स्टूडेंट्स एवं स्कूल के छात्र एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे।

उक्त प्रशिक्षण के साथ-साथ नगर सेना की टीम द्वारा कार्यालय में उपलब्ध सीटर एल्यूमीनियम मोटर बोट को भी चालन करके देखा गया। बाढ़-बचाव टीम के सदस्य नगर सैनिक कलीराम ध्रुव, शंभूराम ध्रुव, दुष्यंत नेताम, चंद्रकांत चंद्राकर, हरीश चंद्राकर, अनिल नेताम, विष्णु कोडोपि, सुंदर लाल, कृष्णा ध्रुव, जितेंद्र कोरे आदि के द्वारा यह प्रशिक्षण दिया गया।

**ई-वे बिल प्रावधानों में लापरवाही न बरतें...**

से कर चोरी पर लगाम लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।, डरें नहीं, सतर्क रहें, आज की सावधानी, कल की सुरक्षा : श्रीजीवनानी ने आगे कहा कि व्यापारी डरें नहीं सतर्क रहें आज की सावधानी, कल की सुरक्षा भी है । अगर आप एक जिम्मेदार व्यापारी या उद्यमी हैं, तो यह समय है अपने सिस्टम, दस्तावेज़ और माल यातायात प्रक्रिया को पारदर्शी और वैध बनाए रखने का।

**सावन के साथ ही शिवालयों...**

द्वितीय रविवार 20 जुलाई को अमर अरूण चंद्राकर परिवार, 27 जुलाई को जोगेंद्र, निरंजन सिंह, लक्ष्मण पटेल तथा 3 अगस्त को महासमुंद के महामाया ग्रुप द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी। कांवर यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है और श्रद्धालुओं द्वारा कांवरियों की स्वागत को लेकर तैयारियां की जा रही है।

**गुरु पूर्णिमा पर पूर्व विधायक...**

उन्होंने कहा कि देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति का व्यापक रूप से जागरण हो रहा है. उन्होंने कहा कि गुरुपूर्णिमा का पर्व आत्मिक शुद्धि और आस्था का पर्व है. इस मौके पर समाज में धर्म और संस्कारों को लेकर जागरूकता फैलाना भी उतना ही आवश्यक है।

# बोल बम समिति ने यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

## एसडीओपी अजीत ओगरे ने श्रद्धालुओं के लिए बाईं ओर सेवा व्यवस्था करने दिए निर्देश



**पिथौरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। श्रावण मास के अवसर पर निकलने वाली पवित्र बोल बम यात्रा की तैयारियों को लेकर बोल बम समिति एवं प्रशासन सतर्क है। आगामी 19 जुलाई से देवधारा से सिरपुर तक आयोजित होने वाली भव्य पैदल कांवर यात्रा को लेकर यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया गया।

इसी क्रम में आज बोल बम समिति के अध्यक्ष आकाश अग्रवाल, संरक्षक ठाकुर अनंत सिंह वर्मा, संरक्षक लक्ष्मीकांत बबलू सोनी, संरक्षक मनमीत रिक्की छाबड़ा एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन से अनुविभागीय अधिकारी अजीत ओगरे, पिथौरा पुलिस निरीक्षक उमेश वर्मा एवं पटेवा थाने की संयुक्त टीम ने पैदल यात्रा रूट का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कसहीबहरा, झलप, चिरको एवं पटेवा में पैदल यात्रा मार्ग की स्थिति देखी गई और इन स्थानों पर श्रद्धालुओं को सेवा देने वाले स्थानीय समूहों के साथ बैठक कर यात्रा प्रबंधन पर चर्चा की गई। सभी सेवा समूहों ने संयम, सहयोग और अनुशासन के साथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा करने का आश्वासन दिया।

ढांक स्थित एनएचएआई टोल प्लाजा में अधिकारियों के साथ बैठक की गई। जहां टोल प्रबंधन के अधिकारियों ने यात्रा के दौरान पूर्ण रूप से सहयोग देने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की बात कही।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर आवश्यक सुरक्षा, पेयजल, प्राथमिक उपचार, साफ-सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए।

पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सेवा करने वालों से अपील की है कि श्रद्धालु इस बार रोड़ के बाईं ओर चलेंगे, ताकि आम यातायात प्रभावित न हो और कोई दुर्घटना न हो। साथ ही सभी यात्रियों से अपील भी किया गया है कि वे प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्गों का पालन करें और अनुशासन बनाए रखें। बोल बम समिति ने बताया कि इस वर्ष हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिसे देखते हुए प्रशासन और समिति मिलकर व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विश्राम स्थल, जल वितरण केंद्र और प्राथमिक चिकित्सा शिविर भी विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे हैं। प्रशासन एवं समिति ने श्रद्धालुओं से यह भी आग्रह किया है कि वे यात्रा के दौरान साफ-सफाई बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह से दूर रहे।

# पत्रकारिता और रोजगार की संभावना के अंतर्गत इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स पर व्याख्यानमाला जारी

## कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में दी जा रही हैं छात्रों को जानकारियां

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में पत्रकारिता और रोजगार की संभावना के अंतर्गत इंटर्नशिप समतुल्य कोर्स के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा के मार्गदर्शन में हिन्दी विभाग द्वारा प्रति दिन विभिन्न क्षेत्रों से संबधित पत्रकार उद्घोषक एवं भाषा विदों के व्याख्यानों का छात्र निरंतर लाभ ले रहे हैं।



इस कोर्स के चतुर्थ दिवस 10 जुलाई 2025 को प्रथम सत्र में सहायक संचालक जनसंपर्क कलेक्ट्रेट बलौदाबाजार से आमना खातून ने अपने व्याख्यान में च्सोशल मीडियाज्ज के घटक इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सअप, यूटयूब, ट्वीटर, वेब पब्लिशिंग आदि के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। सोशल मीडिया की प्रभाव शीलता को विभिन्न उदाहरण देकर समझाया। साथ ही अनेक उदाहरणों के माध्यम से सोशल मीडिया के गुण दोष के बारे मे भी जानकारी साझा की। शासन की विभिन्न योजनाओं के साथ साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के विषय में भी छात्राओं से प्रश्न पुछकर उनका उत्साह वर्धन किया। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता त्यागी ने जनसम्पर्क विभाग से जुड़े विभिन्न पहलुओं को छात्रों के समक्ष रखा।

इंटरशिप कोर्स के पंचम दिवस के प्रथम सत्र में आकाश वाणी पत्रकार गणेश शंकर साहू ने पत्रकारिता के क्षेत्र में चुनौतीयों पत्रकार की सजगता निर्भीकता आदि गुणों की चर्चा की साथ ही उन्होंने बताया की आकाश वाणी पत्रकारिता में ध्वनि उच्चारण व स्वरों के उतार चढ़ाओ की कितनी महत्व पूर्ण भूमिका है।

पंचम दिवस के द्वितीय सत्र मे अंग्रेजी व्याख्याता संदीप पांडे के द्वारा च्पत्रकारिता के क्षेत्र मे भाषायी दक्षता की भूमिकाज्ज विषय पर अपने अनुभवों के द्वारा छात्रों को रोचक उदाहरण देकर विषय को समझाया एक सफ्ल पत्रकार के लिए भाषा पर पकड़ होना उसके सूक्ष्मता से परिचित होना शब्द युग्मों के अंतर को समझना भाषा के व्याकरणिक ज्ञान का होना क्यों जरूरी है पत्रकार का भाषायी ज्ञान में उथलापन अर्थ को अनर्थ कर सकता है अतिथि वक्ताओं से प्रश्न पूछकर छत्रों ने अपनी संकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर डी. के. महाविद्यालय से डॉ. रीता यादव डॉ. राजेन्द्र वर्मा, मिनीमाता से डॉ. मंजु अग्रवाल, कु. पूजा बंधे एवं दोनों महाविद्यालय के एम. ए. द्वितीय सेमेस्टर के छात्र उपस्थित थे।

# इतवारी राम यादव विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स कैंप के लखौली रायपुर प्रस्थान

**भाटापारा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। इतवारी राम यादव शास बहु उच्च माध्यमिक विद्यालय के द्वितीय वर्ष के 22एन सी सी कैडेट्स एफ ओ पी आर मांझी के नेतृत्व में 12जुलाई 2025 को सी ए टी सी कैंप में सम्मिलित होने लखौली रायपुर के लिए रवाना हुए। यह कैंप 12जुलाई 2025 से 21जुलाई2025 तक चलेगा।इस कैंप में एन सी सी कैडेट्स को विभिन्न प्रशिक्षण दिया जायेगा। रवानगी के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने एन सी सी एफ ओ पी आर मांझी एवं कैडेट्स को शुभकामना देते हुए कहा आप सभी कैंप में दिए जाने वाले सभी प्रशिक्षण पूरे मनोयोग से पूर्ण करें। और आयोजित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करें।एन सी सी कैंप में सम्मिलित होने वाले कैडेट्स रोहन ध्रुव, टेकेश्वर,गीतेश कुर्रे, सागर साहू,कृष्णा साहू,लक्ष्य मानिकपुर, आयुष मनहरे, आशीष कुशवाह, लक्की साहु,कुशल कुर्रे, विमल जांगडे, झील सिंह भट्ट, साहिल,प्रतिक कुमार सिंह, राहुल भारती,भेखराम, प्रणव,नीरज,भुवनेश्वर, किशन सोनवानी, प्रतीक नामदेव, विनय यादव शामिल हैं।



## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा नगर में गुरु पूर्णिमा उत्सव

**नवापारा राजिम,** 12 जुलाई (देशबन्धु)।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नवापारा नगर श्री गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम आज 13 जुलाई रविवार को समय दोपहर 3रू30 बजे स्थान रिखीदास वैष्णव भवन तर्री रोड नवापारा में रखा गया है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर पूणेनदू सक्सेना क्षेत्र संघचाल उपस्थित रहेंगे।उक्त जानकारी नगर संघ चालक सनत चौधरी एवं एवं नगर कार्यवाह आकाश जैन ने दी।विदित हो कि स्वयंसेवक अपने परम पवित्र भगवा ध्वज को अपना गुरू मानकर राष्ट्र कार्य करते हैं उक्त भाव से वर्ष में एक बार अपने गुरू पवित्र भगवा ध्वज का पूजन एवं समर्पण करके अपने संकल्प को सार्थक करते हैं।इसी उपलक्ष्य में अपने नवापारा नगर में श्री गुरू पूजन उत्सव एवं समर्पण का कार्यक्रम रखा गया है।

# अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** 12 जुलाई (देशबन्धु)।अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी बिक्री करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। मई माह में बलौदाबाजार लवन रोड स्थित अमेजन कार्यालय में एक सील बंद कार्टून में अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया था। गिरफ्तार आरोपी द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीदी-बिक्री किया जाता था।

13 मई 2025 को बलौदाबाजार लवन रोड स्थित लक्की परिसर स्थित अमेजन कार्यालय में एक सील बंद कार्टून संदिग्ध अवस्था में रखे होने की सूचना प्राप्त हुआ।उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा जांच कार्यवाही किया गया, जिसमें अमेजॉन ऑफिस में एक सील बंद कार्टून मिला जिसमें शीप टू लिखा होकर प्राप्तकर्ता का पता दर्ज था। कार्टून के अंदर दो सील बंद पैकेट मिले जिन्हें खोलकर देखने पर गांजा जैसा मादक पदार्थ होना पाया गया।उक्त प्रकरण में अवैध मादक पदार्थ गांजा होने की पुष्टि होने पर विधिवत जप्ती कार्यवाही कर प्रकरण में अपराध क्रमांक 489/2025 धारा 20बी, 29 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना के दौरान अमेजॉन शिपमेंट इन्फो की जानकारी कान्ट्री मैनेजर अमेजॉन ऑफइंडिया वेस्ट बंगलोर कर्नाटक से प्राप्त किया गया।जिसमें डिलीवरी डिटेल प्राप्तकर्ता का पता बलौदाबाजार लवन एवं एक मोबाइल नंबर दर्ज होना लेख पाया गया। उक्त मोबाइल नंबर का तकनीकी विश्लेषण पर आरोपी मोबाइल नंबर धारक राकेश साहू की पतासाजी करते हुए उसे हिरासत में लिया गया।आरोपी से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें उसके द्वारा अपने एक अन्य आरोपी सांथी के साथ मिलकर अवैध मादक पदार्थ गांजा खरीदना तथा गांजा खरीदी बिक्री करने हेतु अपने मोबाइल नंबर का उपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। उक्त मोबाइल नंबर को आरोपी राकेश साहू से जप्त किया गया है। प्रकरण में आरोपी को 12 जुलाई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

# कुरूद भाजपा ने किया गुरुओं का सम्मान

**कुरूद** 12 जुलाई (देशबन्धु) गुरुपूर्णिमा पर्व में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के निर्देशानुसार कुरूद मण्डल में कुहकुहा में मनाया गुरु पूजन,सम्मान का कार्यक्रम रखा गया।सर्वप्रथम भारतमाता, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी,पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें मण्डल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु पूर्णिमा हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से भरपूर पर्व है, जिसे गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है।यह त्योहार हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को आता है और इसे महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है।पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन वेदव्यास जी का जन्म हुआ था, जिन्होंने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग दिखाया।इस महान कार्य के कारण वे च्आदि गुरुज्ज के रूप में पूजे जाते हैं, और उनके सम्मान में ही इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है।गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का भी अवसर होता है।इस दिन साधु-संत, योगी और साधक विशेष तप और ध्यान करते हैं, वहीं गृहस्थ लोग अपने माता-पिता, शिक्षक या जीवन में मार्गदर्शन देने वाले किसी भी व्यक्ति को गुरु मानकर उनका सम्मान करते हैं। यह परंपरा गुरु और शिष्य के बीच विश्वास और समर्पण के अटूट बंधन को दर्शाता है।इस प्रकार, गुरु पूर्णिमा केवल वेदव्यास जी का जन्मदिन नहीं, बल्कि जीवन में गुरु की भूमिका को समझने और उनका आभार व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण दिन है, जो हर किसी को ज्ञान, अनुशासन और आत्मिक प्रगति की ओर प्रेरित करता है।वरिष्ठ भाजपा जिला मंत्री तिलोकचंद जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म में गुरु को भगवान से बड़ा बताया गया है। जिस परंपरा का आज हम सब निर्वहन कर रहे हैं। जिसके कारण से हमारा देश विश्वगुरु के नाम से जाना जाता है। कार्यक्रम के पहले पड़ाव में गुरुजनों एवं वरिष्ठ जनों का श्री फल एवं शाल भेंटकर शिक्षक गोविंद साहू, सालिक राम साहू, वरिष्ठजन रामचरण साहू, फिरंता यादव, ओसाराम साहू का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में जनपद सभापति श्रीमती शकुन्तला देवांगन, सोसायटी अध्यक्ष थानेश्वर साहू, रूपचंद देवांगन,पोषण साहू,नरेंद्रसाहू,तरुणसाहू,सोम साहू,हरि विश्वकर्मा, ईश्वर,विनायक निषाद ,अनुराधा साहू,सुरेखा चंद्राकर,भूमिका सिन्हा, वर्षा निर्मलकार,ढलेंद्र साहू,शैलेन्द्र साहू जनक राम साहू, सुशील साहू ,प्रखर साहू ,ईश्वर निषाद श्रीमति मीना साहू पंच,श्रीमती कंचन साहू, श्रीमती ललिता साहू की उपस्थिति रही ।कार्यक्रम का संचालन मण्डल महामंत्री हरिनारायण साहू ने किया

# तिल्दा-नेवरा में आरएसएस ने मनाया गुरू पूर्णिमा उत्सव



**तिल्दा-नेवरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। तिल्दा-नेवरा के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा गुरू पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में हीरानंद वाधवा समाज सेवी, प्रदीप वर्मा पूर्व आर्मी और मुख्य वक्ता के रुप घनश्याम सोनी सह प्रान्त कार्यवाह उपस्थित थे।

मुख्य वक्ता घनश्याम सोनी ने अपने सबोधन में कहा कि हमारा संघ स्वावलंबी है,जो खर्चा करना पड़ता है वो हम ही जुटाते हैं। हम संघ का काम चलाने के लिए एक पाई भी बाहर से नहीं लेते।किसी ने लाकर दी तो हम लौटा देते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ स्वयंसेवकों की गुरुदक्षिणा पर चलता है। उन्होंने कहा कि साल में एक बार भगवा ध्वज को गुरु मानकर उसकी पूजा में दक्षिणा समर्पित करते हैं। भगवा ध्वज गुरु क्यों, क्योंकि वह अपनी तब से आज तक की परम्परा का चिह्न है। जब-जब हमारे इतिहास का विषय आता है, ये भगवा झंडा कहीं न कहीं रहता।

**चिरकाल से भगवा ध्वज 'त्याग, तपस्या ,शौर्य और ज्ञान' जैसे शाश्वत मूल्यों का प्रतीक है: घनश्याम सोनी**

डॉ. हेडगेवार ने जब संघ के संचालन के लिए आदर्श और प्रतीक चुने तो व्यक्ति को नहीं बल्कि विचारों को चुना ।इसके लिए उन्होंने भारत के स्वर्णिम अतीत को आत्मसात करने का दिग्दर्शन प्रस्तुत किया। उन्होंने भारतीय संस्कृति के शाश्वत प्रतीक द्वय — 'भगवा ध्वज' और 'भारत माता की जय' के घोष को केन्द्र में रखा और संघ कार्य प्रारम्भ किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-स्वर्णिम भारत के दिशा सूत्र' में लिखते हैं — स्थायित्व, सुनिश्चितता तथा उन्नति व अवनति के समय में दरारों से बचने के लिए डॉक्टर जी ने दो प्रतिष्ठित व पवित्र प्रतीकों को प्रतिष्ठापित किया— 'भगवा ध्वज' और 'भारत माता की जय' का घोष। चिरकाल से भगवा ध्वज, त्याग, तपस्या, शौर्य और ज्ञान जैसे शाश्वत मूल्यों का पर्याय रहा है। महाराणा प्रताप से लेकर शिवाजी तक सभी महान् योद्धाओं ने इसकी छत्रछाया में ही युद्ध लड़े हैं, मनीषियों ने इसकी प्रतिष्ठा में गीत गाए हैं, तपस्वियों ने इसकी आराधना की है।'भारत माता की जय' का घोष भारत को माता के रूप में प्रतिष्ठापित करता है। इन दो शाश्वत प्रेरणास्त्रोतों के साथ स्वयंसेवकों ने बहुत छोटे रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को स्थापित किया और उद्यमपूर्वक इसका विकास किया है।

इस दौरान नगर संघ चालक गोपाल वर्मा मंत्री टंक राम वर्मा, भाजपा जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल , राम पंजवानी,चंद्रकला खुमान वर्मा, विजय ठाकुर, ईश्वर यदु,मनोज निषाद, नरसिंह वर्मा, विकाश सुखवानी, सुरेश लखवानी, आशीष अग्रवाल,टीकम भारद्वाज आदर्श वर्मा, भारत वर्मा, चरण जांगड़े,दमन साहू एवम नगर वाशी उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास के लिए भवन अनुज्ञा एवं नक्शा का वितरण

**नवापारा राजिम,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा द्वारा प्रधानमत्री शहरी आवास योजना 2.0 के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृत भवनों के भवन अनुज्ञा एवं नक्शा का वितरण किया गया। ऋषिदास वैष्णव सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी एवं पार्षदगण के हाथों 131 पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण हेतु भवन अनुज्ञा एवं नक्शा का वितरण किया गया।बता दे कि नवापारा नगर के कुल 21 वार्डो में 131 गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत भवन निर्माण एवं कुल राशि 327.5 लाख की स्वीकृति मिली थी।इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने बताया की मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की जनता ने भरोसा किया। उसी का परिणाम है कि गरीबों के पक्के मकान के सपने पूरे हो रहे है। मोदी की गारंटी पर सबको भरोसा है। विष्णुदेव साय की सरकार प्रदेश में सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है। छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने,जनता की खुशहाली एवं मोदी की गारंटी पूरा करने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।



**मोदी की गारंटी पर सबको भरोसा , गरीबों को पक्का मकान, मोदी की गारंटी का परिणाम : विधायक इंद्रकुमार**

नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने सभी हितग्राहियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।उन्होंने कहा कि 131 प्रधानमंत्री आवास के बाद 161 और नए प्रधानमत्री आवास की सौगात मिलेगी।जिसकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। ट्रिपल इंजन की सरकार का फायदा गरीबों को हो रहा है। कार्यक्रम में सभापति..सचिन सचदेव रवि साहू सहदेव कंसारी जग्गू यादव पूजा कंसारी केकती सोनवानी निर्मला धीरज साहू ...... पार्षदगण ....भारत सोनकर नम्मु ध्रुव जीना निषाद लोमेश्वरी साहू. मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री लवकेश कुमार पैकरा इंजीनियर शिव कुमार गर्ग एवं पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन पाम ऑयल, 5 जिलों में पाम की खेती

**भाटापारा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। च्राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-पाम ऑयलज्ज के तहत् अब छत्तीसगढ़ में भी पाम ऑयल की खेती की जाएगी।प्रारंभिक सर्वेक्षण में प्रदेश के पांच जिलों को उपयुक्त पाया गया है।

छत्तीसगढ़ में पाम ऑयल की खेती निश्चित रूप से आय और रोजगार के नए द्वार खोलेगी लेकिन कुछ ऐसे पर्यावरणीय एवं सामाजिक मुद्दे हैं, जिनका निदान समय रहते आवश्यक माना जा रहा है। योजना का स्वागत कर रहे वानिकी वैज्ञानिकों का मानना है कि पाम तेल की खेती सतत कृषि सिध्दांतों के अनुरूप की जानी चाहिए।जिसमें वन सुरक्षा, जल प्रबंधन, स्थानीय समुदाय की भागीदारी और दीर्घकालिक दृष्टिकोण शामिल हो। संतुलित एवं समावेशी रणनीति ही इस योजना को सफल बना सकती है।

**यहपांच उपयुक्त:** प्रदेश के बस्तर, सुकमा, बीजापुर, कांकेर और कोरबा जैसे पांच जिलों को प्रारंभिक सर्वेक्षण में पाम ऑयल की खेती के लिए उपयुक्त माना गया है। यह इसलिए क्योंकि इन जिलों की जलवायु 1500 से 2000 मिली मीटर बारिश और तापमान 25 से 35 डिग्री सेल्सियस सालाना रहता है। यह स्थिति पाम ऑयल की खेती का मानक है। इसके अलावा यह क्षेत्र सिंचाई साधन से संपन्न है।



**पारिस्थितिकी और आजीविका के बीच संतुलन आवश्यक**

**संभावना बेहतर की:** पाम- ट्री लगाने के बाद 30 से 35 वर्ष तक उपज देता है, जिससे किसान को स्थिर आय प्राप्त हो सकती है। तैयार उपज के लिए प्रोसेसिंग यूनिट, तेल मिल और पैकेजिंग यूनिट की स्थापना होगी। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा इसका कृषि क्षेत्र भी रोजगार देगा। योजना के अनुसार पाम तेल से बायोडीजल उत्पादन की संभावना की तलाश की जाएगी। इस तरह यहाँ भी रोजगार का सृजन संभव है।

**यह चार चिंता:** पाम की खेती के लिए बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई से जैव-विविधता को खतरा। पाम की फसल को बहुत अधिक सिंचाई की जरूरत होती है। यह जल संकट की वजह बन सकती है। एक ही फसल के लिए दीर्घकालिक दोहन, मिट्टी की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। पाम की फसल तैयार होने में काफी समय लगता है। इससे छोटे किसानों को हतोत्साहित होने की आशंका अपनी जगह मजबूती के साथ मौजूद है।

**पारिस्थितिकी और आजीविका के बीच संतुलन आवश्यक:** पाम ऑयल की खेती को अपनाते समय हमें वन संरक्षण, जल प्रबंधन और समुदाय की सहभागिता को प्राथमिकता देनी होगी। यह खेती तभी लाभदायक सिद्ध होगी जब यह पारिस्थितिकी और आजीविका के बीच संतुलन बनाए रखे। विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ वन क्षेत्र संवेदनशील हैं, वहाँ पाम ऑयल की जगह बहुवर्षीय स्थानीय प्रजातियों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। योजनाएं तभी सफल होंगी जब वे सतत और समावेशी हों। तभी छत्तीसगढ़ में यह पहल वास्तव में फलदायक साबित हो सकेगी।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# गांजर को मिली सौगात— कीचड़ और धूल से मिलेगी मुक्ति, होगा सीसी रोड का निर्माण

**बागबाहरा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत गांजर के निवासियों के लिए राहत भरी खुशखभरी खबर है।वर्षो से कीचड़ और धूलभरे रास्तों से जूझ रहे ग्रामीणों को अब पक्के सीसी रोड की सुविधा मिलने जा रही है। ग्राम में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा बागबाहरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू उपस्थित थे।



इस अवसर पर ग्राम पंचायत गांजर के सरपंच डॉ. गोयल चंद्राकर, वरिष्ठ ग्रामीणजन टुकेश्वर चंद्राकर, नेतराम साहू, संदीप चंद्राकर, भोला चंद्राकर, खम्हनलाल चंद्राकर सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के गांव-गांव तक विकास पहुंचाने में जुटी है। ग्राम गांजर में सीसी रोड निर्माण

कार्य इसी संकल्प की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। पिछली सरकारों की उपेक्षा के चलते जो गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे, उन्हें अब प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

**ग्रामवासियों में खुशी की लहर:** इस भूमि पूजन कार्यक्रम से ग्रामवासियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बारिश के दिनों में कीचड़ से परेशान रहना पड़ता था और गर्मी में उड़ती धूल ने जीवन मुश्किल कर रखा था। अब सीसी रोड बनने से आवागमन आसान होगा और स्वास्थ्य समस्याओं में भी कमी आएगी।

**भविष्य में और भी योजनाओं का वादा:** कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में ग्राम गांजर में और भी विकास योजनाएं लाई जाएंगी। ग्रामीणों को सड़क, नाली, जल-निकासी, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाएं चरणबद्ध ढंग से मुहैया कराई जाएंगी। यह पहल केवल एक सड़क नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# रक्तदान समिति ने किया सेमिनार एवं चिकित्सकों का सम्मान



**पलारी** 12 जुलाई (देशबन्धु) नगर पंचायत पलारी स्थित तहसील साहू संघ के भवन के सभागार में सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के संयोजन में स्वास्थ्य सेमिनार एवं चिकित्सक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि डॉ रामकुमार साहू अध्यक्षता डॉ.गोवर्धन साहू विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमन मित्तल, डॉ.यामिनी शुक्ला, डॉ. अंबर गर्ग, व डॉ.जसवंत जैन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व धन्वंतरि देव की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया , तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत-सम्मान शाल श्रीफल व फूलों का गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस अवसर पर सिद्धेश्वर रक्तदान समिति द्वारा अंचल के बहुत ही अनुभवी एवं वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान अतिथियों के हाथों से शाल श्रीफल भेंट कर किया गया । कार्यक्रम के संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ रामकुमार साहू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा सबसे बड़ी सेवा है । स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों को सेवा, समर्पण और पुरी जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए, इस कार्य को अपना परम धरम करम समझना चाहिए । स्वास्थ्य सेमिनार कार्यक्रम के तहत विशिष्ट अतिथि डॉ.सुमन मित्तल सह निर्देशक मित्तल हास्पिटल रायपुर ने कैंसर के संभावित लक्षण, निदान एवं सुरक्षा के उपाय पर विस्तृत चर्चा किया। रेडिएशन स्पेशलिस्ट डॉ. यामिनी शुक्ला ने कैंसर के निदान पर रेडिएशन थैरेपी के बारे बताया, रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ. अम्बर गर्ग ने रक्त रोग के परीक्षण एवं बीमारी के कारण पर प्रकाश डाला। कैंसर सर्जन विशेषज्ञ डॉ. जशवंत जैन ने सर्जरी की आवश्यकता, उसकी जटिलता एवं कॉस्मेटिक सर्जरी की सुलभता पर विस्तार से बताया। इसके अलावा जिज्ञासुओं से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनका शंका समाधान किया गया। इस अवसर पर सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के सदस्य कृपाराम साहू, हमेंद्र साहू, हेमंत साहू, कौशल कुमार यादव, पंचराम कैवर्त्य, चिंताराम बंजारे, गुरुचरण साहू द्वय, बिसंभर साहू, पोषण रजक, टिकेश्वर साहू, गोवर्धन धीवर, रामेश्वर वर्मा, शिवलाल कनौजे, हरिचंद साहू, फुलसिंग साहू, कौशल चंद्राकर, परमानन्द साहू, नन्द साहू, यू. आर.पांडेय, रमाकांत मिश्रा, ओ.पी. धुरंधर, टेकराम साहू, प्रीतम साहू, राजेंद्र साहू, तामेश्वर साहू, सुरेश साहू, मनहरण साहू, सूर्यकान्त साहू, एस.के.शुक्ला, खिलेंद्र साहू, परमेश्वर साहू, सेवक वर्मा, रूपेश वर्मा व अन्य सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धेश्वर रक्तदान समिति के संयोजक जितेन्द्र साहू व आभार प्रकट डॉ.कृपाराम साहू ने किया

*सम्मानित होने वालों में डॉ.केजुराम साहू, डॉ. टी.सी. हलधर, डॉ.आर.आर.जाल, डॉ. डी.डी.बरतामसी, डॉ. पुषराम साहू, डॉ. टी.आर. साहू, डॉ.उमाशंकर कनौजे, रक्तवीर भूपेंद्र कुमार साहू व नीट उत्तीर्ण रितेश सेन आदि शामिल रहे।

# भाजपा मंडल पलारी ने किया वृक्षारोपण



**पलारी** 12 जुलाई (देशबन्धु) भारतीय जनता पार्टी मंडल पलारी ने एक पेड़ माँ के नाम पर आज दतान स्कूल में वृक्षारोपण किया मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में आज सिसम नीम आँवला नीबू कटहल गुरमोहर सीताफल आम जैसे फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया एवं कार्यक्रम पर आज एक पेड़ माँ के नाम पर सम्बोधित करते हुए जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री देश मे हो रहे पेड़ो की कटाई एवं ऑक्सीजन की कमी जैसे विभिन्न कारणों को लेकर सभी नागरिक बन्धुओ से निवेदन किया है कि सभी को एक पेड़ अपनी माँ के नाम पर लगाते हुए उनकी संरक्षण एवं उस पौधे को पेड़ बनाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने पेड़ की महत्व को बताया

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव ने कहा कि आज पूरे भारत वर्ष में 5 करोड़ पेड़ की आवश्यकता है। और हम सिर्फ एक ही पेड़ लगाये तो भारत की जनसंख्या के हिसाब से एक सौ तीस करोड़ से ज्यादा की संख्या में वृक्षारोपण होगा , वरिष्ठ भाजपा नेता विपिन बिहारी वर्मा ने अपनी बात बच्चों के बीच रखते हुए कहा कि आज जो वृक्षारोपण का कार्य होने जा रहा है इस पौधे को प्रत्येक विद्यार्थियों को एक एक पेड़ की जिम्मेदारी लेते हुए पालन पोषण करना है सभी को पालक के रूप में रह कर इनकी सेवा करनी है निश्चित ही पौधा बड़ा होकर आप लोगो को ही फल फूल छाया प्रदान करेगा, मुख्यातिथि पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी मर्यादित केंद्रीय बैंक रायपुर योगेश चन्द्राकर ने अपना उद्बोधन पर कहा कि एक पेड़ माँ के नाम पर हम सभी को लगाना है पेड़ ही शुद्ध वायु ऑक्सीजन फल फूल एवं मिट्टी को भी उनके पत्तो से जब सड़ गल जाते है तो खाद के रूप में काम करता है हम सब ने देखा है कि कैसे हमारे अपने कोरोना काल मे ऑक्सीजन की कमी से अपनी जान गवाई है हम सब मिलकर प्रतिज्ञा करे कि अपने जीवन काल मे कम से कम 5 पेड़ लगाए तो आगामी समय मे पेड़ो की कमी नही होगी एवं शुद्ध हवा फल फूल हमे और हमारे आने वाली पीढ़ी को मिलेगा और आज तो बहुत ही अच्छा दिन है गुरु पूर्णिमा का आइये सब अपने गुरुजनों को सम्मान करते है और उन्हें नमन करते है। कार्यक्रम के अंत मे गुरू पूर्णिमा के शुभावसर पर दतान प के सभी शिक्षक गणों मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में श्रीफल एवं पेन देकर सम्मानित किया गया। एक पेड़ माँ के नाम के कार्यक्रम में आज प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयूमो खुश्बू बंजारे, प्रदेश मछुवारा प्रकोष्ठ सदस्य रमेश धीवर, उपाध्यक्ष लेखराम वर्मा तुलसीराम डहरिया,मंडल मंत्री विश्राम पटेल, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी मनोज आडिल, कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, जनपद सभापति जामवंती नीलकमल साहू, अध्यक्ष शाला विकास समिती साधराम बारले, प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति दतान कृष्ण कुमार वर्मा, कार्यलय सह प्रभारी देवप्रसाद साहू, मंडल कार्यकारिणी सदस्य केशरी वर्मा, मंत्री भाजयूमो राहुल चंद्राकर,मीडिया प्रभारी भाजयुमो योगेश वर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीमलाल यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि नीलकमल साहू, भाजपा नेता कुँवर रजक बिसाहू राम साहू हेमलाल साहू कुलदीपक वर्मा, कार्यसमिति सदस्य मंडल दुलारी सेन, हेमन वर्मा बल्ला यादव रामसिंह साहू एवं प्रचार्य शिक्षकगण एवं स्कूल छात्र छात्राऐ उपस्थित रहे।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू, गरियाबंद में विधायक को सौंपा गया ज्ञापन




**गरियाबंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के 16,000 से अधिक संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने 10 जुलाई से चरणबद्ध विरोध-प्रदर्शन की शुरुआत कर दी है। वर्षों से लंबित 10 सूत्रीय मांगों के निराकरण नहीं होने से नाराज कर्मियों ने यह आंदोलन छेड़ा है। इसी क्रम में शुक्रवार को एनएचएम कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने गरियाबंद में राजिम विधायक रोहित साहू और भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें नियमितीकरण, 27त्न वेतन वृद्धि, ग्रेड-पे निर्धारण, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों में सुधार व अन्य विभागों के समकक्ष सुविधाए प्रदान करने की मांग की गई। साथ ही मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री व स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर समाधान कराने का अनुरोध किया।

इस दौरान संघ के पदाधिकारी डॉ. अमित मिरी, अमृत राव भोंसले, भूपेश साहू व भूपेंद्र सिन्हा ने कहा कि पिछले दो वर्षों से शासन से संवाद के कई प्रयास किए गए, पर ठोस निर्णय नहीं हुआ। जिला प्रवक्ता संदीप वर्मा ने कहा कि संविदा कर्मियों की उपेक्षा असंवेदनशील शासन व्यवस्था को दर्शाती है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी जनआंदोलन का रूप लेगा। उन्होंने बताया कि चरणबद्ध आंदोलन के अगले कड़ी में 12 से 16 जुलाई काली पट्टी बांधकर कार्य किया जाएगा। 16 जुलाई विशेष ज्ञापन दिवस और 17 जुलाई को रायपुर चलो अभियान के तहत राजधानी में एकजुट होकर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर लंबोदर महतो, दीपेश टांडी, टिकेश बांसकर, योगेश साहू, कमलेश्वर ढीढी, भारत ठाकुर, तुमित श्रीवास, लीला साहू, यूनिकेशकांत सिन्हा, एन. कुमार साहू, संजय साहू, लेखन साहू, लिलेश निषाद, कान्हा गोस्वामी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग समीक्षा बैठक संपन्न

- मानसून के मद्देनजर वनांचल क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी को सक्रिय रहने और मौसमी बीमारियों की रोकथाम किए दवाइयों के उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश



**गरियाबंद,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर बी.एस. उइके की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम, संस्थागत प्रसव बढ़ाने, अधोसंरचना सुधारने, दवा भंडारण, टीकाकरण और पोषण जैसे प्रमुख विषयों पर अधिकारियों को निर्देश दिए। मानसून के मद्देनजर सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बिजली, पानी, सड़क और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मानसून के दौरान डायरिया, मलेरिया और सर्पदंश जैसी मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु स्वास्थ्य अमले को सतर्क रहने और आवश्यक दवाओं जैसे ओआरएस, जिंक टैबलेट आदि का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा फील्ड में जाकर सतत मॉनिटरिंग करने तथा लोगों को बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक करें। विशेष रूप से वनांचल क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी सक्रियता बढ़ाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सक और मरीज के बीच विश्वास का संबंध होना चाहिए, ताकि मरीज खुलकर अपनी समस्याएं साझा कर सकें।

बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने पर जोर दिया और किसी भी लाभार्थी को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रखने के निर्देश दिए। साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए वय वंदना कार्ड बनाने विशेष शिविर लगाने की योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कुपोषण की स्थिति में सुधार हेतु गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कर उन्हें गर्म भोजन व विशेष पोषण आहार देने की बात कही। चिरायु दल द्वारा आंगनबाड़ी और स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने और ज़रूरतमंद बच्चों को इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बैठक में अपर कलेक्टर नवीन भगत, सीएमएचओ डॉ. यू.एस. नवरत्न, डीपीएम, बीएमओ, बीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# बनसांकरा सरपंच ने अवैध शराब बिक्री बंद कराने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**सिमगा,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। सिमगा समीपस्थ ग्राम पंचायत बनसांकरा के सरपंच राहुल ठाकुर ने आज अपने साथियों सहित पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता बलौदाबाजार को मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है जिसमें ग्राम पंचायत बनसांकरा में कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा लंबे समय से अवैध रूप से शराब बिक्री कर गांव के शांतिपूर्ण वातावरण को खराब करने का कार्य किया जा रहा है । जिसके चलते युवा वर्ग नशें के चुंगल में फंसते जा रहे हैं । तथा छात्र छात्राओं महिलाओं एवं बड़े बुजुर्गो को असुविधा का सामना करना पड़ता है । गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शराब बिक्री बंद कराने की गुहार लगाया है ।



इस अवसर पर सरपंच राहुल ठाकुर के साथ उपसरपंच फत्तेलाल साहू नरेंद्र यदु खिलेश्वर यादव केवल साहू लीलाधर साहू नरेश साहू मनहरण यादव भागवत यादव सीताराम यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सम्बन्धी बैठक का आयोजन

**बिलाईगढ़** 12 जुलाई(देशबंधु)। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 हेतू विकासखंड स्रोत भवन (बीआरसी) बिलाईगढ़ में बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिव्य प्रकाश सोनी, राजेश कुमार भोई एवं नवोदय विद्यालय से नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका, जेएनवीएसटी प्रभारी सत्येंद्र कुमार पाण्डेय मौजूद रहें उन्होंने बताया कि नवोदय विद्यालय केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा के लिए एक ब्रांड है, इस बार यूपी एस सी परीक्षा में नवोदय विद्यालयों से पासआउट 85 बच्चे चयनित हुए। हमारे विद्यालय में पिछले दो वर्षो में शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम प्रथम श्रेणी के साथ रहा और एक बच्चा आई आई टी तथा एक बच्चा नीट परीक्षा के माध्यम से एमबीबीएस के लिए चयनित हुआ। पाण्डेय जी नें सभी संकुल समन्वयकों से अनुरोध किया कि वे अधिक से अधिक बच्चों का फार्म भरवाएँ ताकि ग्रामीण बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर प्राप्त हो सके। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा प्रभारी राजेंद्र सिका जी नें बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी समन्वयकों को फार्म भरने कि बारीकीयों को बताया और ये भी बताया कि पिछले वर्षों कि तुलना में इस बार फार्म भरने कि प्रक्रिया को और आसान कर दिया गया है। सभी समन्वयकों नें राजेंद्र सिका जी से फार्म भरने सम्बंधित आ रही दिक्कतों कि भी चर्चा की जिसका इन्होने बारीकी से समाधान किया। बैठक में नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों को शामिल किये जाने पर चर्चा कि गई। यह विदित है कि आवासीय नवोदय विद्यालय में पढ़ाई करना प्रत्येक विद्यार्थी की चाह होती है, इसे ध्यान में रखते हुए उनको अवसर उपलब्ध करना शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षक एवं पालकगणों का दायित्व है। चयन परीक्षा हेतू आवेदन फार्म की ऑफलाइन हार्ड कॉपी की आवश्यकता नहीं है सब कुछ ऑनलाइन उपलब्ध है, इसके लिए विद्यार्थी का नवीनतम फोटो, आधार कार्ड, लिंक मोबाइल नंबर, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी, साथ ही ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 है। नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसंबर 2025 को किया जाना है। इस बैठक में नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा हेतू परीक्षा केंद्र, परीक्षा प्रभारी, सहायक कर्मचारियों एवं दस्तावेज के सम्बन्ध में चर्चा की गई साथ ही कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नें अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस चयन परीक्षा में शामिल होने का अवसर उपलब्ध करने संबधित संकुल समन्वयकों दिशानिर्देश दिए गए। इस बैठक में बिलाईगढ़ शिक्षा विभाग से लगभग 50 संकुल समन्वय उपस्थित थे।



# संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने किया बिहान की गतिविधियों का अवलोकन

## महिलाओं को आजीविका गतिविधियों, ई-कॉमर्स और प्रशिक्षण से जोड़ने के दिए निर्देश

**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा आज कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा पहुंचीं। जहां उन्होंने बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित आजीविका गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और महिलाओं से सीधे संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। समूह की महिला एनु चंद्राकर ने बताया कि वह महिलाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण देती हैं और साथ ही मनरेगा, सिलाई, इलेक्ट्रीशियन, खेती तथा घरेलू कार्यों से जुड़ी हुई हैं, जिससे उन्हें प्रतिमाह लगभग 10-12 हजार रुपये की आय प्राप्त होती है। संयुक्त सचिव ने इस प्रयास को एक अनोखा और प्रेरणादायक प्रयोग बताया।



इसके उपरांत श्रीमती शर्मा ग्राम नारी की समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गई साड़ी, टॉवेल, बैग आदि का अवलोकन किया। समूह की महिलाओं ने बताया कि वे साड़ियों में जिले का लोगो और गंगरेल की डिज़ाइन को शामिल कर विशेष पहचान देने का प्रयास कर रही हैं। इस पर श्रीमती शर्मा ने उत्पादों को सही बाजार और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने के निर्देश दिए, जिससे प्रत्यक्ष बिक्री के माध्यम से महिलाओं को अधिक लाभ हो सके। उन्होंने कलस्टर निर्माण कर बुनकर महिलाओं को बड़े स्तर पर काम दिलाने, जैम पोर्टल और बड़े सरकारी कार्यालयों से जोड़ने की संभावनाओं पर भी जोर दिया। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने झाड़ू निर्माण, बांस उत्पाद, मिट्टी के बर्तन आदि बनाने वाली महिलाओं से भी चर्चा की। उन्होंने कच्चे माल की उपलब्धता, विक्रय बाजार और आय की जानकारी ली तथा सुझाव दिया कि इन महिलाओं को एक्सपर्ट्स द्वारा 15-15 दिन के विशेष प्रशिक्षण दिए जाएं, ताकि वे बाजार की मांग के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्पाद तैयार कर सकें। भारती साहू से उन्होंने आचार निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी ली और [illegible] मार्क लेने के निर्देश दिए, ताकि उत्पाद की गुणवत्ता प्रमाणित हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने मसाला, साबुन, बड़ी, पापड़ आदि निर्माण में लगी महिलाओं से भी चर्चा कर उनके कार्यों और समस्याओं को समझा। संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने समूह की महिलाओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण देने पर भी बल दिया और अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक महिलाओं को बिहान योजना और आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाए, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो सके।

# गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी मैं गुरु पूर्णिमा मनाया गया

**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी जिला धमतरी में 10 जुलाई गुरूवार को गुरु पूर्णिमा का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक भारत लाल साहू ने अनेक उदाहरणों से गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। शिक्षिका झामीन साहू ने कहा की गुरुजनों से ही हमें सच्चा ज्ञान प्राप्त होता है। शिक्षक केशर सिन्हा ने बताया कि महर्षि वेदव्यास जी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया जाता है। शिक्षिका ज्ञानेश्वरी साहू ने बताया कि जन्म देने वाली मां, पिता, धरती माता, विद्यालय के शिक्षक एवं आध्यात्मिक गुरु हमारे जीवन में पांच प्रमुख गुरु होते हैं। शिक्षिका खोमेश्वरी साहू, शिक्षक मनीष साहू, शिक्षिका टामेश्वरी कंवर, आया मां गुणिता साहू आदि सब ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



बालक-बालिकाओं में कुमारी निशा, कुमारी रितिका, कुमारी भावना, कुमारी गुनगुन, धैर्य कुमार, संजय कुमार, कुमारी लिसा, कुमारी भूमिका, कुमारी लावण्या, कुमारी आराध्या, फलेंद्र कुमार, मोक्ष कुमार ने भाषण एवं कविता पठन में भाग लिया।

विद्यालय के शालानायक हेमंत गजेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी कुमारी भार्गवी शांडिल्य एवं कुमारी कुमुद साहू ने शानदार मंच संचालन किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। कुमारी निशा कुमारी, रितिका कुमारी, भावना के साथ सभी बच्चों ने सरस्वती वंदना गायन किया। छात्र परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को गुलाल एवं पुष्प गुच्छ द्वारा सम्मानित किया गया। सब ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# बाला कॉन्सेप्ट के तहत पीपराहीभर्री में बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण



**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने आज वनांचल नगरी के पीपराहीभर्री में बाला कॉन्सेप्ट के तहत बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाओं को देखा और बच्चों से आत्मीय बातचीत भी की। साथ ही श्रीमती शर्मा ने बच्चों को अपने हाथों से मिठाई भी खिलाई। संयुक्त सचिव श्रीमती शर्मा ने बच्चों से दीवार पर बने रंग-बिरंगे चित्र, गिनती, फल-फूलों के नाम आदि पूछे, जिसका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया। गौरतलब है कि बाला कॉन्सेप्ट के तहत यह आंगनबाड़ी भवन 11.69 लाख रूपये की लागत से बनाया गया है। श्रीमती शर्मा ने आंगनबाड़ी के बच्चों को गरम पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने, बच्चों की कुपोषण स्तर जांचने, स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने पीपराहीभर्री से मेनरोड तक बन रहे पक्के सड़क का निरीक्षण किया और अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्य को समय सीमा में गुणवत्तापूर्णबनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस सड़क के बन जाने से कमार बसाहट में रहने वालों को आने-जाने की बेहतर सुविधा मिल पाएगी। इस अवसर पर कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# रूद्री पुलिस ने गंगरेल मंदिर परिसर में दुकानदारों को किया गया जागरूक

**धमतरी,** 12 जुलाई (देशबन्धु)। थाना रुद्री पुलिस द्वारा गंगरेल मंदिर परिसर स्थित समस्त दुकानदारों की एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में थाना प्रभारी रुद्री द्वारा की गई, जिसमें क्षेत्र में बढ़ती साइबर अपराधों एवं संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही को लेकर जागरूकता प्रदान की गई। बैठक में थाना प्रभारी द्वारा दुकानदारों को यह निर्देशित किया गया कि वे किसी भी अनजान अथवा संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखें और यदि कोई व्यक्ति संदिग्ध रूप से परिसर में घूमते पाया जाए या साइबर ठगी जैसा कोई संदेहजनक व्यवहार दिखे, तो उसकी तत्काल सूचना नजदीकी पुलिस थाना अथवा डायल-112 पर दें।

थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में दुकानदारों सहित आम नागरिकों को सतर्क एवं सजग रहना आवश्यक है। साथ ही दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की उपयोगिता व निगरानी की भी अहमियत बताई गई।

इस अवसर पर पुलिस स्टाफ एवं गंगरेल मंदिर परिसर के समस्त दुकानदारगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दुकानदारों ने भी अपने अनुभव साझा किए एवं पुलिस के इस जागरूकता अभियान की सराहना की।



# विद्यार्थियों ने अपने गुरूओं के चरण धोकर तिलक-चंदन लगाकर आरती की



**धमतरी,** 11 जुलाई (देशबन्धु)। ज्ञान अमृत इंग्लिश स्कूल धमतरी में गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम आयोजित की गई। इस अवसर पंडित निशांत शर्मा ने छात्र-छात्राओं द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य भगवान एवं महर्षि वेदव्यास जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का पैर धोकर, तिलक, चंदन लगाकर आरती की गई एवं शिक्षकों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। सभी छात्रों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य विनोद कुमार पांडेय ने छात्र छात्राओं को गुरुपूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य के पवित्र संबंध का प्रतीक है आज का दिन शिष्य को अपने गुरु के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए है। हिंदू धर्म में आषाढ़ मास के शुक्ला पक्ष की पूर्णिमा तिथि को गुरु पूर्णिमा मनाया जाता है गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं का आदर सम्मान करने से जीवन में सकारात्मक बदलाव आते है। गुरु की कृपा से ही शिष्य अज्ञान से आत्मबोध, अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होता है। शिष्य के व्यक्तित्व को संस्कार, सेवा और सत्य की भावना से गढ़ते हुए उसे जीवन के उच्चतम आदर्शों से जोड़ने वाले महान गुरु ही होते है। इस अवसर पर छात्र छात्राओं के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।